www.facebook.com\rashtriyasahara https://twitter.com/SaharaRashtriya www..rashtriyasahara.com

संडे

राष्ट्रीय सहारा

गोरखपुर
21 दिसम्बर • 2025

14 पृष्ठ, मूल्य ₹ 6.00 राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण ■ गोरखपुर ■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ पटना ■ कानपुर ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित

युवा खिलाड़ियों को परखेगी महिला टीम भारत और श्रीलंका के बीच टी-20 सीरीज आज से
पेज-14

SIR की समय सीमा खत्म होने से पहले राजनीतिक दलों ने झोंकी ताकत
पेज-02

संक्षिप्त खबरें

बांग्लादेश : हत्या मामले में सात लोग गिरफ्तार

ढाका/नई दिल्ली। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने शनिवार को कहा कि हिंदू व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मैमेनसिंह शहर में बृहस्पतिवार को कथित ईशनिंदा को लेकर भीड़ ने दीपू चंद्र दास (25) की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी और शव को आग के हवाले कर दिया था। मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने 'एक्स' पर लिखा कि रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) ने मामले में संदिग्ध के तौर पर सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

यात्री से मारपीट मामले में पायलट को ड्यूटी से हटाया

नई दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक पायलट द्वारा एक यात्री के साथ मारपीट का मामला समाने आया है, जिस पर एयरलाइन ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे ड्यूटी से हटा दिया है। अंकित देवन नाम के पीड़ित यात्री ने बताया कि घटना दिल्ली हवाई अड्डे टर्मिनल-1 की है। वह शुक्रवार को अपने परिवार के साथ कहीं जा रहे थे। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने घटना पर खेद जताते हुए शनिवार को एक्स पर लिखा कि संबंधित पायलट को तत्काल प्रभाव से ड्यूटी से हटा दिया गया।

ईडी ने अनिल अंबानी के बेटे से दूसरे दिन भी की पूछताछ

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में उद्योगपति अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल अंबानी से शनिवार को लगातार दूसरे दिन पूछताछ की। 34 वर्षीय अनमोल अंबानी के बयान धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत शुक्रवार को पहली बार दर्ज किए गए थे और शनिवार को भी पूछताछ जारी रही।

इमरान खान व बुशरा को 17-17 साल की कैद

इस्लामाबाद। पाक की जवाबदेही अदालत ने जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना-2 भ्रष्टाचार मामले में शनिवार को 17-17 साल के कारावास की सजा सुनाई। यह मामला 2021 में खान और बीबी को सऊदी सरकार से मिले सरकारी उपहारों में हुई कथित धोखाधड़ी से जुड़ा है। विशेष अदालत के न्यायाधीश शाहरुख अर्जुमंद ने रावलपिंडी में स्थित उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में इस मामले में फैसला सुनाया। खान और बुशरा को पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 409 (आपराधिक विश्वासघात) के तहत 10-10 साल और भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत सात-सात साल कैद की सजा सुनाई गई।

आखिरकार

माधव

पश्चिम बंगाल में टीएमसी के महाजंगलराज को करेंगे खत्म

■ **कोलकाता (भाषा)।**

पीएम मोदी ने कोलकाता में फोन से ताहिरपुर जनसभा में किया दावा



- ■ बोले, तृणमूल कांग्रेस दे रही प्रदेश की जनता को कष्ट
- ■ भ्रष्टाचार,परिवारवाद और तुष्टीकरण विकास में बाधा
- ■ विधानसभा चुनाव में 'डबल इंजन' की सरकार बनाएं
- ■ पीएम का हेलीकॉप्टर ताहिरपुर में नहीं उतर सका

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर जमकर हमला बोला और राज्य की मौजूदा स्थिति को ''महाजंगलराज'' करार देते हुए आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण राज्य के विकास में बाधा बन चुके हैं। कोलकाता से फोन के जरिये नदिया जिले के ताहिरपुर में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने लोगों से अपील की कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को एक मौका देकर ''डबल इंजन'' की सरकार बनाएं।

रैली स्थल पर घने कोहरे के कारण प्रधानमंत्री का हेलीकॉप्टर वहां बने अस्थायी हेलीपैड पर नहीं उतर सका, जिसके बाद उन्हें कोलकाता हवाई अड्डे वापस लौटना पड़ा। मोदी ने परिवर्तन संकल्प सभा में कहा,''तृणमूल कांग्रेस चाहे जितना विरोध करे,लेकिन वह लोगों को बंधक नहीं बना सकती, उन्हें कष्ट नहीं दे सकती और बंगाल के विकास को नहीं रोक सकती।'' परिवर्तन संकल्प सभा इस वर्ष बंगाल में ऐसी चौथी सभा है। पीएम ने कहा कि उनकी सरकार का उद्देश्य पिछड़ेपन से जूझ रहे बंगाल के दूर-दराज के इलाकों तक आधुनिक संपर्क सुविधाएं सुनिश्चित करना है। मोदी ने दावा किया,''हम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का 'महाजंगलराज' खत्म कर देंगे, जहां भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण की राजनीति हावी है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी राज्य में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध कर रही है ताकि ''घुसपैठियों को पहचानने से बचाया जा सके।''

देश के भविष्य का नया सूर्योदय पूर्वोत्तर से होगा : मोदी

पीएम ने नये टर्मिनल भवन का किया उद्घाटन

गुवाहाटी (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को गुवाहाटी हवाई अड्डे के नये टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया और कहा कि देश के भविष्य का नया सूरज पूर्वोत्तर से निकलेगा जिसका नेतृत्व असम करेगा। मोदी ने कांग्रेस पार्टी पर पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र को जानबूझकर विकास से दूर रखने का आरोप लगाते हुए कहा कि उसने (कांग्रेस) मजहबी तुष्टिकरण के लिए असम में घुसपैठियों को खुली छूट दी।लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के दूसरे टर्मिनल भवन का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन विकास के उत्सव का दिवस है। आधुनिक हवाई अड्डे की सुविधा, संपर्क के नये साधन किसी राज्य के लिए नये अवसरों के गौरव होते हैं।

असम में ट्रेन की चपेट में आकर 7 हाथियों की मौत

नगांव/गुवाहाटी (भाषा)। असम के होजाई जिले में शुक्रवार देर रात हाथियों का एक झुंड सायरंग-नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया जिससे सात हाथियों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। वन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन के पांच डिब्बे और इंजन भी पटरी से उतर गए। शुरू में सभी आठ हाथियों के मारे जाने की सूचना मिली थी, हालांकि बाद में कहा गया कि उनमें से एक घायल पाया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में कोई यात्री घायल नहीं हुआ है। ट्रेन देर रात दो बजकर 17 मिनट पर दुर्घटना का शिकार हुई। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने वन विभाग को विस्तृत जांच करने और वन्यजीव गलियारों को सुरक्षित करने का निर्देश दिया है, जबकि कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने दुर्घटना के लिए ''वर्तमान सरकार के तहत अनियोजित और खराब तरीके से विनियमित विकास'' को जिम्मेदार ठहराया है।

इस दुर्घटना के बाद कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है, ट्रेनों को विभिन्न स्थानों पर रोका गया या यात्रा गंतव्य से पहले ही समाप्त कर दी गई है। नगांव के संभागीय वन अधिकारी ने बताया कि यह घटना चांगजुराई गांव में हुई । और संभवतः क्षेत्र में भारी कोहरे के कारण यह हादसा हुआ।

घने कोहरे की चादर में लिपटा उत्तर प्रदेश, 50 जिलों में रेड अलर्ट

लखनऊ (एसएनबी)। उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य जिलों में शनिवार की सुबह घने कोहरे और बर्फीली हवाओं के साथ हुई। कोहरे का असर पूर्वी उत्तर प्रदेश के बलिया से पश्चिम के गाजियाबाद तक देखा गया और इसका प्रतिकूल प्रभाव सामान्य जनजीवन पर पड़ा है। मौसम विभाग ने प्रदेश के 50 जिलों में रेड अलर्ट, 17 जिलों में ऑरेंज अलर्ट और आठ जिलों में येलो अलर्ट घोषित किया गया है। वहीं 40 जिलों में कोहरे की चेतावनी जारी की गई है। राहत आयुक्त कार्यालय ने रेड अलर्ट वाले जिलों में 12 करोड़ से अधिक मोबाइल उपभोक्ताओं को एसएमएस के जरिए मौसम की चेतावनी जारी की है।

राहत आयुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर ने आम जनता से अपील की है कि वे मौसम संबधित चेतावनी को ध्यान में रखते हुए ही यात्रा की योजना बनाएं। ठंड और कोहरे के मद्देनजर कई जिला प्रशासन ने स्कूल के समय में परिवर्तन के निर्देश जारी किये है जबकि कुछ एक जिलों में पांचवीं तक के स्कूलों में इंटरनेट के जरिये कक्षायें शुरु करने की योजना है। मौसम के तल्ख तेवर के मद्देनजर चिकित्सकों ने मार्निंग वाकर्स को एहतियात बरतने की सलाह दी है और सूर्य निकलने के बाद ही गर्म कपड़ों में बाहर निकलने को कहा है। हृदय और श्वांस रोग समेत अन्य असाध्य रोगों के मरीजों को डाक्टर के निर्देशानुसार समय से दवा लेने और गर्म कपड़ों में रहने की सलाह दी गयी है।

- ■ तीसरे दिन भी नहीं निकली धूप
- ■ यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित

कोहरे का असर सड़क,रेल और हवाई यातायात पर साफ देखा जा रहा है। लंबी दूरी की कई ट्रेने अपने निर्धारित समय से घंटों की देरी से चल रही है वहीं सड़कों पर भी वाहन रेंग रेंग कर चल रहे है। कोहरे के कारण हवाई सेवा बुरी तरह प्रभावित हुयी है। लखनऊ,वाराणसी समेत कई शहरों में पिछले दिनों कोहरे के चलते उड़ानों को रद्द करना पड़ा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौसम के कारण उपजी प्रतिकूल परिस्थितियों पर पैनी नजर बनाये हुये हैं। उन्होने पिछले दो दिनो में समीक्षा बैठक कर यातायात और जिला प्रशासन से जुड़े अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये है। सरकार की ओर से कंबल वितरण, रैन बसेरों और अलाव की व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की जा रही है। किसी भी आपात स्थिति में सहायता के लिए 1070 हेल्पलाइन को सक्रिय रखा गया है। नियंत्रण कक्ष से सभी जिलों में व्यवस्थाओं पर नजर रखी जा रही है। मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार उत्तर भारत से गुजर रही पश्चिमी हवाओं के प्रभाव से बीते 72 घंटों में अधिकतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है, जबकि न्यूनतम तापमान में खास बदलाव नहीं हुआ है। लखनऊ में अधिकतम तापमान गिरकर 15.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 7.5 डिग्री कम है। बहराइच में दिन का तापमान 13.4 डिग्री, अयोध्या और बरेली में 14 डिग्री, शाहजहांपुर में 14.4, नजीबाबाद में 14.5, हरदोई में 14.6 और सुल्तानपुर में 14.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

अत्यंत घने कोहरे के कारण आगरा, बरेली, कुशीनगर और गोरखपुर एयरफोर्स स्टेशनों पर दृश्यता शून्य दर्ज की गई। बहराइच में दृश्यता 20 मीटर, फतेहगढ़ और अलीगढ़ में 30 मीटर रही, जबकि लखनऊ एयरपोर्ट पर दृश्यता 100 मीटर तक सिमट गई। मौसम विभाग ने अगले 24 से 48 घंटे तक ऐसे ही हालात बने रहने की संभावना जताई है। इसके बाद पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी और कोहरे में कमी आने की उम्मीद है।

अटल की जयंती पर पीएम राष्ट्र को समर्पित करेंगे 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल : योगी

लखनऊ (एसएनबी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में आगामी 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन तथा नवनिर्मित 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' के लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा लखनऊ को प्रदान किया जा रहा यह उपहार राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक विरासत एवं गौरव का प्रतीक बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर स्थापित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं अटल की प्रतिमाएं आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रीय एकता, एकात्म मानववाद तथा आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को समझने और आत्मसात करने की प्रेरणा देंगी।

विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों पर हो सख्त कार्रवाई : योगी - पेज 3

- ■ राष्ट्र प्रेरणा स्थल लोकार्पण कार्यक्रम की मुख्यमंत्री ने की समीक्षा, कहा सुरक्षा के हों पुख्ता इंतजाम, ठंड के बीच न हो किसी को समस्या
- ■ दो लाख लोगों की उपस्थिति में होगा राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण

राष्ट्र प्रेरणास्थल प्रमुख विशेषताएं

- ■ लगभग 230 करोड़ रुपये की लागत से 65 एकड़ क्षेत्र में विकसित भव्य परियोजना।
- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की 65 फीट ऊंची भव्य कांस्य प्रतिमाएं।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री की उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, यातायात, प्रोटोकॉल, आतिथ्य एवं भीड़ प्रबंधन से संबंधित सभी व्यवस्था उच्चतम मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश न रहे। मुख्यमंत्री ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल की फाइनल टचिंग, लैंडस्केपिंग, उद्यान, संग्रहालय परिसर, एम्फीथिएटर एवं मार्गो के सुंदरीकरण कार्यो को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश भर से आने वाले दो लाख से अधिक जनता के लिए तैयार की गई व्यवस्था; परिवहन, पार्किंग लेआउट, बस रूट प्लान, नियंत्रण कक्ष एवं चिकित्सा इकाइयों की समीक्षा की और कहा कि प्रत्येक बस, पार्किंग ब्लॉक और प्रवेश द्वार हेतु जिम्मेदार नोडल अधिकारी नामित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने पुलिस एवं प्रशासन को वीवीआईपी रूट, हेलीपैड, कार्यक्रम स्थल एवं जनसभा क्षेत्र में बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू करने तथा यातायात डायवर्जन, पार्किंग व पैदल मार्ग हेतु स्पष्ट साइनेज लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने मीडिया प्रबंधन, स्वागत व्यवस्था, सांस्कृतिक प्रस्तुति और प्रोटोकॉल के सभी घटकों में समन्वय और समयबद्धता सुनिश्चित करने को कहा।

पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत हेल्थ सर्विस में सक्षम बन रहा

लखनऊ (एसएनबी)। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के 21 वें दीक्षांत समारोह में शनिवार को सम्बोधित करते हुए कहा कि केजीएमयू देश के प्रमुख अस्पतालों में से एक है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत हेल्थ सर्विस में सक्षम बन रहा है। इसे और आगे ले जाना है। उन्होंने कहा कि मेडिकल क्षेत्र में बड़े पैमाने पर परिवर्तन हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से 62 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिला है। साथ ही 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों को पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर दिया जा रहा है।

केजीएमयू के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि केजीएमयू का गौरवमय इतिहास रहा है और ऐसे संस्थान से जुड़ना अपने आप में सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के जीवन का स्वर्णिम अवसर होता है, क्योंकि इसके बाद उनके कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी आ जाती है। डॉक्टर की भूमिका केवल इलाज तक सीमित नहीं होती, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी निभाना भी उनका दायित्व है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि 20वीं सदी तक देश में केवल एक ही एम्स था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश में 23 एम्स स्थापित हो चुके हैं। अब भारत में ही विश्वस्तरीय संस्थान, इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाएं उपलब्ध हैं। समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि केजीएमयू को इंस्टीट्यूट आफ नेशनल इम्पॉर्टेंस बनाया जाना चाहिए। केजीएमयू के डाक्टरों ने ज्ञान और विलक्षण प्रतिभा के बल पर असंभव दिखने वाले कामों को भी संभव कर दिया है। नव चिकित्सकों से कहा कि आप से सभी को बहुत अपेक्षाएं है। आप ने मेहनत बहुत की है। अनुरोध है कि लर्निंग बंद नहीं होनी चाहिए।

इंडिया पोस्ट की न्यू फ्रेंचाइजी स्कीम शुरू

युवाओं व छोटे दुकानदारों को मिलेगा रोजगार

पटना (वार्ता)। भारत सरकार के डाक विभाग की ओर से शुरू की गई न्यू फ्रेंचाइजी स्कीम 2.0 बिहार के युवाओं, छोटे दुकानदारों और नवोदित उद्यमियों के लिये स्वरोजगार का नया अवसर लेकर आई है। इस योजना का उद्देश्य राज्य में रोजगार सृजन को बढ़ावा देना और शहरी, अर्द्ध शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में डाक और पार्सल सेवाओं को मजबूत करना है।

योजना के अंतर्गत इच्छुक अभ्यर्थी इंडिया पोस्ट जैसे विश्वसनीय सरकारी ब्रांड से जुड़कर अपने क्षेत्र में स्पीड पोस्ट, पार्सल बुकिंग, अंतरराष्ट्रीय डाक सेवाएं, पिक अप और डिलीवरी और कैश ऑन डिलीवरी जैसी सेवायें प्रदान कर सकते हैं। कम निवेश में शुरू होने वाली इस फ्रेंचाइजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर 25 से 30 प्रतिशत तक कमीशन और अतिरिक्त प्रोत्साहन का प्रावधान है।

फ्रेंचाइजी किराना, स्टेशनरी या मोबाइल दुकान जैसे छोटे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से भी संचालित की जा सकती है। चयनित फ्रेंचाइजी को डाक विभाग की ओर से प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता और ब्रांडिंग सहयोग प्रदान किया जायेगा। आवेदन के लिये अभ्यर्थी का भारतीय नागरिक होना, आयु 18 वर्ष से अधिक होना और न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं और डिलीवरी हेतु 10वीं निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी इंडिया पोस्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या अधिक जानकारी के लिये अपने नजदीकी डाक अधीक्षक कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

- ■ चयनित फ्रेंचाइजी को डाक विभाग प्रशिक्षण व तकनीकी सहायता प्रदान करेगा
- ■ इच्छुक अभ्यर्थी इंडिया पोस्ट की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं
- ■ योजना का उद्देश्य शहरी, अर्द्ध शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में डाक और पार्सल सेवाओं को मजबूत करना है

सक्षमता परीक्षा, 2025 का परिणाम जारी

पटना (एसएनबी)। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनन्द किशोर ने शनिवार को कक्षा 1-5, कक्षा 6-8, कक्षा 9-10 एवं कक्षा 11-12 में कार्यरत स्थानीय निकाय के शिक्षकों के लिए आयोजित सक्षमता परीक्षा, 2025 (चतुर्थ) का परीक्षाफल जारी किया गया। इस परीक्षा का परिणाम वेबसाइट पर उपलब्ध है, जिसे शिक्षक अभ्यर्थी अपने लॉग-इन आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से देख सकते हैं।

समिति द्वारा 24 सितंबर 2025 से 2 सितंबर 2025 तक एवं 12 अक्टूबर 2025 तथा 22 अक्टूबर 2025 को आयोजित सक्षमता परीक्षा, 2025 (चतुर्थ) में कुल 14,936 शिक्षक अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे, जिनमें 4,932 शिक्षक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। वर्गवार कक्षा 1-5 के 13,726 शिक्षक अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे, जिसमें 4,182 शिक्षक (30.47 प्रतिशत) उत्तीर्ण हुए हैं। वर्ग 6-8 के 387 शिक्षक इस परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें 266 शिक्षक (68.73 प्रतिशत) सफल हुए हैं। कक्षा 9-10 के 592 शिक्षक इस परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें 354 शिक्षक (5980 प्रतिशत) उत्तीर्ण हुए हैं। वर्ग 11-12 के 231 शिक्षक परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें 130 शिक्षक (56.28 प्रतिशत) सफल हुए हैं। इस प्रकार इस परीक्षा में शिक्षक अभ्यर्थियों का उत्तीर्णता प्रतिशत कुल का 33.02 प्रतिशत है। समिति द्वारा आयोजित इस परीक्षा में सम्मिलित 14,936 शिक्षक अभ्यर्थियों में 8,501 महिला शिक्षिका हैं तथा 6,435 पुरुष शिक्षक हैं, जिनमें 2,725 महिला शिक्षिका एवं 2,207 पुरुष शिक्षक उत्तीर्ण हुए हैं। उल्लेखनीय है कि सक्षमता परीक्षा, 2025 (चतुर्थ) का आयोजन पटना के बापू परीक्षा परिसर स्थित ऑनलाइन परीक्षा केन्द्र में किया गया था, जिसके लिए प्रति पाली अवधि 2 घंटा 30 मिनट निर्धारित थी। समिति द्वारा जारी उक्त परीक्षाफल पूरी तरह से औपबंधिक है, क्योंकि परीक्षाफल प्रकाशन के बाद शिक्षा विभाग द्वारा सभी सफल शिक्षक अभ्यर्थियों की कॉउंसिलिंग कराई जायेगी, जिसके लिए शिक्षा विभाग द्वारा इन शिक्षकों को अलग से सूचना दी जायेगी।

- ■ बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की वेबसाइट पर देखें रिजल्ट
- ■ कक्षा 1-5 के लिए 4,182 शिक्षक अभ्यर्थी उत्तीर्ण

सपा मुखिया अखिलेश यादव का तथाकथित पीडीए न जमीन पर है और न ही जनमानस में। मगध में कमल खिल चुका है, अब अवध में भी कमल खिलेगा और 2027 में यह और अधिक प्रचंड होगा। पंचर साइकिल के साथ सपा का सैफई लौटना तय है। —— केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री

किसानों की आय दोगुनी करने में सहायक है मसालों की खेती

■ रवीन्द्र प्रताप सिंह

लखनऊ। एसएनबी

भारत प्राचीन काल से ही मसालों की भूमि के नाम से जाना जाता है। मसाला एक लो वॉल्यूम एवं हाई वैल्यू वाली फसल है। अंतरराष्ट्रीय मानक संगठन के अनुसार विश्व के विभिन्न भागों में 109 मसाला प्रजातियों की खेती की जाती है। भारत में भी विभिन्न प्रकार की मृदा एवं जलवायु होने के कारण 20 बीजीय मसालों सहित कुल 63 मसाला प्रजातियां उगाई जाती हैं। भारत विश्व में मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक, उपभोक्ता एवं निर्यातक देश है।

भारत के कुल मसाला उत्पादन का 90 प्रतिशत घरेलू मांग की पूर्ति में उपयोग होता है तथा उत्पादन का लगभग 10 प्रतिशत भाग विश्व के करीब 130 देशों में निर्यात होता है। वर्तमान में भारत में मसालों का उपभोग 3.25 किलोग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष है, जिसमें परिवार के कुल खाद्य का 4.4 प्रतिशत खर्च होता है। कुल कृषि निर्यात में मसालों की हिस्सेदारी 06 प्रतिशत है। कुल विभिन्न मसालों के निर्यात में मिर्च की हिस्सेदारी 42 प्रतिशत, बीजीय मसालों की 25 प्रतिशत, हल्दी 05 प्रतिशत, अदरक 04 प्रतिशत व अन्य मसालों की 07 प्रतिशत है। विश्व में मसालों की अनुमानित मांग वृद्धि 3.19 प्रतिशत है जो कि जनसंख्या वृद्धि दर से ठीक ऊपर है। उत्तर प्रदेश में किसानों को उत्पादकता बढ़ाने के लिए उन्नतशील बीज, उन्नत कृषि तकनीक के साथ-साथ मसालों पर शोध एवं किसानों को प्रशिक्षण देते हुए मसाला उत्पादन में बढ़ोत्तरी की जा रही है।

■ भारत में उगायी जाती है कुल 63 मसाला प्रजातियां

■ कुल मसाले का 90 प्रतिशत घरेलू मांग में होता है उपयोग

उत्तर प्रदेश के कृषक खरीफ में हल्दी, अदरक, मिर्च एवं प्याज आदि की खेती करते हैं तथा रबी मौसम में धनिया, सौंफ, मेथी, लहसुन, अजवाइन, कलौंजी एवं मंगरैल आदि की खेती करते हैं।

प्रदेश में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा अब तक विभिन्न मसाला फसलों की 11 प्रजातियों का विकास किया गया है, जिनमें हल्दी की 05, धनियां की दो व मेथी की 03 प्रजातियां विकसित की गई हैं। हल्दी का कृमिनाशक गुण एवं पीलापन इसमें उपस्थित तत्व करक्यूमिन के कारण होती है। अदरक उत्पादन में भारत विश्व में सबसे आगे है। अदरक का प्रयोग मसाले, औषधीय तथा सामग्री के रूप में हमारे दैनिक जीवन में वैदिक काल से चला आ रहा है। अदरक का सोंठ के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है। अदरक को सुखाकर 15 से 20 प्रतिशत सोंठ प्राप्त की जा सकती है। लहसुन भी किसानों को एक अधिक आय देने वाली महत्वपूर्ण मसाले की फसल है।

मिर्च एक सर्वाधिक निर्यात की जाने वाली मसाला की फसल है, जिसका उपयोग प्रत्येक घरों में हरी एवं सूखी दोनों रूप में किया जाता है। सभी बीजू मसालों की खेती रबी मौसम में (शरद ऋतु) में की जाती है। जीरा भी हमारी रसोई का एक अभिन्न घटक है। मसाला गुणों के साथ-साथ इसमें अनेक औषधीय गुण भी पाये जाते हैं, जिसके कारण इसका उपयोग पाचन वृद्धि, अतिसार में सुधार के लिए किया जाता है। सौंफ का उपयोग मसाला, खाद्य एवं पेय पदार्थों में किया जाता है। औषधि गुणों के कारण इसका उपयोग खांसी में लाभ के लिए एवं बच्चों की पाचन विकार एवं अन्य रोग उपचार में किया जाता है। अजवाइन भी भारतीय रसोई घर की एक प्रमुख मसाला फसल है। औषधि गुणों के कारण इसका उपयोग पाचन, दुग्धवर्धक, कफ निष्कारक के रूप में किया जाता है।

मसालों की फसलें अन्य परम्परागत कृषि फसलों की अपेक्षा अधिक आय देने वाली होती हैं। प्रदेश में इनका मूल वर्धित उत्पाद बनाकर स्वरोजगार के साथ-साथ ग्रामीण एवं शहरी श्रमिकों को भी मसाला उद्योग में रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। मसाला फसलें शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार एवं अधिक आय के सुअवसर प्रदान करने के कारण अत्याधिक आर्थिक समृद्धि का एक प्रमुख माध्यम हैं जिससे मसालों की खेती भारतीय अर्थव्यवस्था में अधिक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। वर्तमान में चल रहे भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रम किसानों की आय दोगुनी करने में मसालों की फसलें काफी लाभप्रद एवं सहायक सिद्ध हो रही है।

युवक की पीटकर हत्या अज्ञात पर मुकदमा

गौर (एसएनबी)। बदमाशों ने शुक्रवार की रात लाठी डंडा से पीटकर एक युवक की हत्या कर दी गई। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध हत्या सहित बलवा की धारा में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

स्थानीय थाना क्षेत्र के बेलवरिया जंगल के प्रधान पुरवा निवासी 40 वर्षीय धर्मेंद्र वर्मा पुत्र राम अचल वर्मा शुक्रवार की रात घर से खाना खाकर गांव में ही खेत में लगे अपने आटा चक्की पर चले गए। इसी बीच अज्ञात बदमाश लाठी डंडा लेकर उनके आटा चक्की पर पंहुच गये और उन्हें मारने पीटने लगे। शोरगुल सुन जब तक स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तब तक बदमाश वहां से फरार हो गए थे जबकि धर्मेंद्र वर्मा चक्की से 10 मीटर दूर खून से लथपथ गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़े थे। हमलावरों ने इस कदर उनकी पिटाई की थी कि घटनास्थल की भूमि खून के धब्बों से लाल हो गया था।

स्थानीय लोगों की मदद से परिजन इन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौर ले गए जहां गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद एक पल्सर मोटरसाइकिल से बैठे तीन लोग गांव से तेजी से निकले। आशंका जताई जा रही है उन्हीं लोगों ने घटना को अंजाम दिया। फिलहाल मामले में दिवंगत की पत्नी मंजू वर्मा की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है।

गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादों के अमर बलिदान की प्रेरक गाथा को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें : नड्डा

लखनऊ (एसएनबी)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्यालय में शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को कहा कि गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादों के अमर बलिदान की प्रेरक गाथा को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें।

नड्डा ने प्रदेश मुख्यालय पर पदाधिकारियों की बैठक को सम्बोधित किया। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में आयोजित बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चो के प्रदेश अध्यक्ष तथा प्रदेश मीडिया विभाग के प्रभारी, सहप्रभारी, सोशल मीडिया व आई.टी. के प्रदेश संयोजक व सहसंयोजक सम्मिलित रहे। नड्डा ने सभी से परिचय के बाद संगठनात्मक अभियानों तथा कार्यक्रमों पर चर्चा की।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस पर गुरु गोविन्द सिंह जी के पुत्रों के बलिदान की अमर गाथा को लोकव्यापी बनाना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र, संस्कृति और धर्म की रक्षा के लिए चारों साहिबजादों ने अन्याय, अत्याचार के सामने झुकने से मना करते हुए धर्म परिवर्तन नहीं किया। छोटी सी आयु में भी धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के लिए बलिदान दिया। यह अडिग आस्था, वीरता और साहस की मिसाल है। उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस हमें साहस, सत्य, आत्मसम्मान और देश व धर्म की रक्षा के लिए बलिदान की प्रेरणा देता है। हम चारों साहिबजादों के अमर बलिदान की प्रेरक गाथा को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 25 दिसम्बर भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जयन्ती पर राजधानी लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रेरणा स्थल में स्थापित डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की 65 फीट ऊंची प्रतिमायें एक देश, एक विधान, एक निशान के लिए किए गए संघर्ष, एकात्ममानववाद से साकार होता अन्त्योदय का स्वप्न और जय जवान, जय किसान से जय विज्ञान तक विकास व उन्नति के संकल्प का संदेश देगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लोकार्पण के साथ ही देशवासियों को डिजिटल म्यूजियम के माध्यम से राष्ट्र नवनिर्माण के लिए किये गए संघर्षो की गाथा को देखने और समझने का अवसर मिलेगा।

प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि केन्द्रीय नेतृत्व की अपेक्षा के अनुरूप प्रदेश भाजपा संगठन सभी कार्यक्रमों, अभियानों को सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी व सर्वसमावेशी बनाने के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि 25 दिसम्बर अटल बिहारी बाजपेयी की जयन्ती को पार्टी बूथ स्तर पर मनाएगी। अटल के व्यक्तित्व को जिला स्तर पर प्रदर्शनियों के माध्यम से भी जनमानस के बीच पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर संगोष्ठियां आयोजित करके अंत्योदय के संवाहक अटल के ऐतिहासिक निर्णयों, नेतृत्व क्षमता और संघर्ष में अडिग अटल के कालजयी व्यक्तित्व पर चर्चा की जाएगी। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने किया।

एक-दूसरे के बिना रह ही नहीं सकते माफिया व सपा

लखनऊ (एसएनबी)। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव और सपा के खिलाफ करारा प्रहार किया। शनिवार को उन्होंने कहा कि माफिया और सपा एक-दूसरे के बिना रह ही नहीं सकते है। केशव मौर्य के अनुसार, कोडीन युक्त कफ सिरप मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा, चाहे वह कोई भी हो, उसे उल्टा लटकाकर सीधा किया जाएगा और उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। मौर्य के अनुसार इस मामले में पुलिस और प्रवर्तन निदेशालय की जांच चल रही है। जो भी इस अपराध का हिस्सा होगा, उसे अखिलेश यादव एंड कंपनी नहीं बचा पाएगी।

■ उप मुख्यमंत्री बोले, कोडीन कफ सिरप मामले से जुड़े दोषियों के खिलाफ होगी कठोर कार्रवाई, दोषियों को उल्टा लटकाकर करेंगे सीधा

■ जो भी अपराध का हिस्सा होगा उसे बचा नहीं पाएगी अखिलेश यादव एंड कंपनी

■ उप मुख्यमंत्री मौर्य के अनुसार, 'चोरी और सीनाजोरी' के रास्ते पर चल रहे हैं अखिलेश

एक-एक दोषी को खोज निकाला जाएगा : उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के अनुसार, सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव चोरी और सीनाजोरी के रास्ते पर चल रहे है। उन्होंने कहा कि मैं केवल इतना कहना चाहता हूं कि मामले का जो भी दोषी है, चाहे वे हों जिनका नाम अखिलेश यादव ले रहे है या फिर जिनका नाम जांच में सामने आ रहा है, एक-एक दोषी को खोज निकाला जाएगा। उन सभी को पकड़कर कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

समाज के साथ द्रोह है अपराध : उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि इस प्रकार का अपराध समाज के साथ द्रोह है। ऐसे समाज-द्रोहियों, सिरप के नाम पर जहर पिलाने वालों को बख्शा नहीं जा सकता है।

मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर अखिलेश यादव पर प्रहार : मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर अखिलेश यादव पर प्रहार करते हुए मौर्य ने कहा कि बिहार चुनाव में उन्होंने सोचा था कि उनके रिश्तेदार तेजस्वी यादव जीत जाएंगे व सीएम बन जाएंगे, फिर उनका भी नंबर लग जाएगा। जब से बिहार का चुनाव हारकर आए है, तब से उनका मानसिक संतुलन गड़बड़ाया हुआ है। मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर यदि अखिलेश यादव के पुराने ट्वीट उठा लिए जाएं तो वे हर दिन किसी न किसी नए शब्द का प्रयोग करते है।

मतदाता सूची के शुद्धिकरण का काम है बहुत जरूरी : उप मुख्यमंत्री के अनुसार, मतदाता सूची के शुद्धिकरण का काम बहुत आवश्यक था। चुनाव आयोग को हम इसके लिए आभार प्रकट करते है कि एक बहुत बड़ा काम हो रहा है। यह प्रक्रिया पहले भी नियमित अंतराल पर होती रही है। उन्होंने कहा कि इस समय जो कार्य हो रहा है, वह आने वाले समय के लिए, मतदाताओं की सत्यता के लिए और विदेशी घुसपैठियों से मुक्त मतदाता सूची के लिए बहुत आवश्यक है। जो स्वर्गीय हो चुके हैं, जिनका नाम एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत है उनके नामों को हटाने और 18 वर्ष से अधिक आयु के नए मतदाताओं का नाम सूची में जोड़ने के लिए यह अभियान चल रहा है। मौर्य ने कहा कि फॉर्म-6 को लेकर भाजपा का कार्यकर्ता बूथ स्तर पर मेहनत कर रहा है। समाजवादी पार्टी के पास कार्यकर्ता नहीं है, इनके पास तो गुंडे, माफिया और अपराधी है। इनकी यही दशा होगी। कार्यकर्ताओं के कारण ही हमारा बूथ सबसे मजबूत है।

आरक्षण के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं : उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आरक्षण के मुद्दे पर कहा कि किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं होगा। ओबीसी, एससी, एसटी और सामान्य वर्ग के गरीबों का जितना भी आरक्षण है, वह निश्चित तौर पर उन्हें दिया जाएगा। लेखपाल भर्ती को लेकर उन्होंने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी और यदि कोई भी अधिकारी गड़बड़ी करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

समूहों की ताकत से बदलेगा ग्रामीण भारत का भविष्य : उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक मजबूती से ही विकसित भारत का संकल्प साकार होगा। महिला सशक्तिकरण के माध्यम से आत्मनिर्भर ग्राम और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव है। स्वयं सहायता समूहों की ताकत से ग्रामीण भारत का भविष्य बदलेगा। वह शनिवार को विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह में उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्यरत अधिकारियों की राज्य स्तरीय कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने कार्यशाला के दौरान ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, जमीनी स्तर पर आ रही चुनौतियों पर चर्चा तथा मिशन के लक्ष्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से प्राप्त करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कार्यशाला के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली दो विद्युत सखियों, दो लखपति दीदियों व दो बैंक सखियों को उप मुख्यमंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। 400 करोड़ रुपये के बैंक क्रेडिट लिंकेज का प्रतीकात्मक चेक वितरण किया गया।

वर्गीकृत सूचना

मेरा पालिसी बाण्ड संख्या PLI POL NO - APS -1116007-L तथा पालिसी बाण्ड संख्या PLI POL NO - APS 1408885-Lवास्तव में खो गया है। **-अवधेश यादव पुत्र श्री इन्द्रदेव यादव ग्राम-बेलवा, पोस्ट-तेलियां कला, थाना-मईल, जनपद-देवरिया।** PR-2532

मेरी शास्त्री परीक्षा तृतीय वर्ष 1993 अनुक्रमांक 68047 का निष्क्रमण प्रमाणपत्र (माइग्रेशन सर्टिफिकेट) वास्तव में खो गया है। **-चंद्रावती देवी पत्नी स्व. गोविंद यादव ग्राम-पूनापार (बड़ागांव) पोस्ट-जमीन हरखोरी तहसील सगड़ी जनपद-आजमगढ़।** PR-3529

मेरा इन्टर परीक्षा वर्ष 2013 अनुक्रमांक 1823297 का मूल प्रमाणपत्र व अंकपत्र कहीं खो गया है। **-नरेंद्र बहादुर पुत्र राम प्रताप यादव ग्राम-बनवारपार, पोस्ट-डेईडीह गोरखपुर।** PR-2508

मेरे आधारकार्ड में मेरा नाम अनिल हो गया जो गलत है। मेरा नाम दुष्यंत कुमार हाईस्कूल की मार्कशीट में भी दर्ज है इसी नाम से जाना जाय। **-दुष्यंत कुमार पुत्र राजमंगल निवासी देवारीबारी (भैंसही) पोस्ट-विशुनपुरराजा जनपद-गोरखपुर। 273409** PR-2511

मेरा परीक्षा वर्ष 2024 अनुक्रमांक 1242734358 का मूल प्रमाणपत्र व अंकपत्र कहीं खो गया है। **-आदित्य गुप्ता पुत्र प्रदीप कुमार गुप्ता ग्राम पोस्ट-कोहरा बुजुर्ग गोरखपुर।** PR-2510

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2006 अनुक्रमांक 2133071 का मूल प्रमाणपत्र कहीं खो गया है। **-राजमणि पुत्र श्रीनिवास ग्राम-रानीपुर, पोस्ट-गोला, गोरखपुर।** PR-2509

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उप निबंधक कार्यालय घोसी, मऊ से रजिस्टर्ड बैनामा दस्तावेज संख्या-274 दिनांक : 07.02.2014 खण्ड संख्या-1860 पेज संख्या-393/410 का मूल प्रति रास्ते में कही गिर गया है। **-श्रीमती बिंदु यादव पत्नी श्री रामसोच यादव ग्राम-पकड़ी बुजुर्ग, थाना-घोसी, जिला-मऊ (उ.प्र.)।** PR-3528

कोडीन मामले में तमाम महत्वपूर्ण बातें छिपा रही सरकार : अखिलेश

लखनऊ (एसएनबी)। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि कोडीन कफ सिरप मामले में आरोपियों और माफियाओं को मुख्यमंत्री और सरकार का संरक्षण मिला हुआ है। कोडीन मामले में सरकार तमाम महत्वपूर्ण बाते छिपा रही है। यह अन्तरराष्ट्रीय रैकेट है। इसमें 700 कम्पनियां शामिल होने की बात सामने आ रही है। उन्होंने मांग की कि कोडीन मामले में शामिल सभी माफियाओं और आरोपियों के घरों पर सरकार बुलडोजर चलाये।

सपा मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेस में उन्होंने शेर के जरिए मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि 'अपना चेहरा न पोछा गया आपसे, आईना बेवजह तोड़कर रख दिया'। उन्होंने कहा कि अखबारों की खबरों के जरिए सच्चाई सामने आयी। खबरें छपी कि उत्तर प्रदेश में ट्रक पकड़े जाने से कफ सिरप के अन्तरराष्ट्रीय रैकेट का पता चला। चूने के बोरे के आड़ में चार ट्रकों में बांग्लादेश जा रहा 3.5 करोड़ रुपये का कफ सिरप पकड़ा गया। 36 जिलों में 128 से अधिक एफआईआर दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि कुछ तस्वीरों को दिखाकर भाजपा सरकार सच्चाई छिपाना चाहती है। अगर तस्वीरों को माने और अगर मेरे साथ खड़ा होने वाला माफिया है तो मेरी तस्वीर तो मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम के साथ भी है। उन्होंने मुख्यमंत्री को सम्बोधित करते हुए कहा कि 'यही कसूर रहा इनका, दिखाने को औरों के बच्चे गोद में खिलाते रहे। पर पैसों की लालच में बच्चों की जान दांव पर लगाते रहे। यही कसूर रहा इनका अपनों को हर हाल में बचाते रहे। उनके गुनाह छुपाते रहे, जब खुलने लगा राज इनका तो औरों पर इल्जाम लगाते रहे। यही कसूर रहा इनका पहनकर लिबास शराफत का लोगों के एतबार में सेंध लगाते रहे। उन्होंने कहा कि अगर किसी प्रदेश का मुख्यमंत्री और उसके साथ खड़े लोग, जो सीएम को पसंद नहीं करते हैं वे सब मिलकर झूठ बोले तो कल्पना कर सकते है कि प्रधानमंत्री के क्षेत्र में कितना बड़ा रैकेट चल रहा होगा। यह हजारों करोड़ का अन्तरराष्ट्रीय मामला है। जब ये खुद फंसने लगे तो एक तस्वीर दिखाकर समाजवादी पार्टी पर आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरी मांग है कि इसमें जो-जो माफिया शामिल हैं और जिन्होंने हजारों करोड़ रुपये का खेल किया है उनके घरों पर बुलडोजर चलाएं। मुख्यमंत्री ने जिसकी तस्वीर दिखाई है उसका कई हजार वर्ग फिट में घर है। घर का वैल्यूयेशन करने गये अधिकारी डर से भाग गये। यह माफियाओं और अधिकारियों का गठजोड़ है। सरकार और मुख्यमंत्री जिन्हें समाजवादी पार्टी का बता रहे है वे चाहे कोडीन भैया हो या कालीन भैया सब पर बुलडोजर चलना चाहिए।

संविधान व कानून को नहीं मानती भाजपा : सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा संविधान और कानून नहीं मानती है। यदि कोई भाजपा से आरक्षण की उम्मीद करता है तो वह खुद के साथ बेईमानी कर रहा है। भाजपा सरकार में तमाम नौकरियों में आरक्षण का घोटाला हुआ है। शिक्षक भर्ती से लेकर अन्य नौकरियां इसके उदाहरण है। भाजपा सरकार ने एनएफएस (नाट फाउण्ड सुटेबल) करके पिछड़ों, दलितों को बड़ी संख्या में नौकरियों और सेवाओं से वंचित कर दिया। भाजपा राजनीतिक दल नहीं गैंग है। गैंग में किसी के विचार नहीं होते हैं। भाजपा पर्यावरण को लेकर लापरवाह है। पर्यावरण बहुत बड़ा मुद्दा है लेकिन भाजपा सरकार उद्योगपतियों को लाभ दिलाने के लिए नियमों को बदल रही है। पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर कुछ बात रखना चाहते थे लेकिन पुलिस उनकी आवाज दबाने के लिए सीटी बजाती दिखी है। पूर्व विधायक दीपक यादव को कुछ फर्जी चीजें दिखाकर जेल भेज दिया। इसी तरह विधायक रमाकांत यादव पर पुराना केस निकाल कर जेल भेजा। मोहम्मद आजम खां पर झूठे मुकदमे लगाकर जेल भेजा। उप्र में अन्याय चरम पर है। किसी को न्याय नहीं मिल रहा है।

इलाहाबाद के संदीप यादव ने अखिलेश को भेंट किये अमरूद : सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को शनिवार को सपा मुख्यालय में इलाहाबाद के संदीप यादव ने मशहूर इलाहाबादी अमरूद भेंट किये। अखिलेश यादव ने संदीप यादव और उनके साथियों को धन्यवाद देते हुए सभी के बीच अमरूद वितरित करने के लिए कहा।

अखिलेश ने पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया

लखनऊ (एसएनबी)। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को सपा मुख्यालय में सन 1962 की जंग में रेजांग ला पोस्ट पर चीन से लड़ने वाले कैप्टन रामचन्द्र यादव, हवलदार नेहाल सिंह तथा गजेन्द्र सिंह सहित 13 कुमायूं रेजीमेंट के एक्स सर्विस मैन रमेश कुमार, प्रमोद कुमार, राम किशोर यादव, नौमी लाल यादव, अभिमन्यु, इन्दजीत यादव, रहीश पाल, पंकज यादव, संतोष कुमार, राम विजय, विपिन कुमार तथा शरद यादव को सम्मानित किया। अखिलेश यादव ने इस अवसर पर अहीर रेजीमेंट बनाने की मांग करते हुए कहा कि और भी कोई मांग करे तो उसकी भी रेजीमेंट बननी चाहिए। देश में पांच मिलिट्री स्कूल है, यूपी में एक भी नहीं है।

लखनऊ, कन्नौज, इटावा और वाराणसी में मिलिट्री स्कूल बने, यह हमारी मांग है। उन्होंने 1962 की जंग में अभूतपूर्व वीरता दिखाने वाले सेना के जवानों का स्वागत करते हुए कहा कि इनकी वजह से हमारे देश की सुरक्षा हुई। इन बहादुरों ने देश की धरती बचाने का काम किया है। समाजवादी पार्टी के डा. राममनोहर लोहिया सभागार में '120 बहादुर' फिल्म का प्रोमो भी दिखाया गया। इसमें रेजांग ला पर चीनी सैनिकों के साथ हुई भिडंत का जीवंत प्रदर्शन किया गया है। चीनी सैनिकों की भारी संख्या की जानकारी होते हुए भी हमारे जवानों ने अपनी पोस्ट आखिरी सांस रहने तक न छोड़ने के प्रण के साथ चीनी सैनिकों को पीछे ढकेलने का अभूतपूर्व जज्बा दिखाया। फिल्म के प्रदर्शन के बाद 1962 की जंग में बचे रामचन्द्र यादव भावुक हो गए। रामचन्द्र यादव ने बताया कि उनका पूरा परिवार सेना में है। बेटा और पोता ही नहीं बहू भी सेना से जुड़ी है। उन्होंने मुलायम सिंह यादव को याद करते हुए कहा कि रक्षामंत्री के कार्यकाल में उन्होंने शहीद सैनिक का शव घर लाने की व्यवस्था के साथ सैनिकों का वेतनमान भी बढ़ाया था वर्ना वह अपने वेतन में एक बकरी भी नहीं खरीद सकते थे।

पीएम से समय मिलते ही दिल्ली-देहरादून वाया सहारनपुर 6-लेन एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन होगा : गडकरी

सहारनपुर। केंद्रीय परिवहन और राजमार्ग मंी नितिन गड़करी ने बताया कि नयी दिल्ली के अक्षरधाम से देहरादून का 6-लेन 210 किलोमीटर लंबा एक्सप्रेस-वे (एनएच -72ए) बनकर तैयार है। इसके उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से समय मांगा जा रहा है। उनकी स्वीकृति मिलने के बाद इस महत्वकांक्षी और पर्यावरण के अनुकूल सड़क मार्ग को वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया जाएगा। इस हाइवे के निर्माण पर 12 हजार करोड़ रूपए की लागत आई है। पहले महीने इस मार्ग पर कोई टोल नहीं लगेगा और टोल शुल्क कितना होगा यह बिंदु अभी विचाराधीन है। यह सड़क मार्ग छह लेन है। लेकिन खास बात यह है कि इसको आठ लेन का आसानी से किया जा सकेगा। इसकी इसमें गुंजाईश रखी गई है। इस मार्ग को चार चरणों में बांटा गया है। पहले चरण में शामिल अक्षरधाम से बागपत के 32 किलोमीटर लंबे मार्ग को परीक्षण के लिए खोल दिया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के एक अधिकारी ने आज बताया कि इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर अगले वर्ष फरवरी में वाहन फर्राटें भरने लगेंगे। इसकी प्रबल संभावना है।

SIR की समय सीमा खत्म होने से पहले राजनीतिक दलों ने झोंकी ताकत

लखनऊ (एसएनबी)। उप्र में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया खत्म होने को है, ऐसे में पात्र मतदाताओं को सूची में शामिल कराने के लिये सभी राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

एसआईआर का यह चरण 26 दिसंबर को समाप्त होना है, ऐसे में भाजपा, सपा, बसपा और कांग्रेस ने अपने-अपने बूथ स्तर के एजेंटों (बीएलए) और कार्यकर्ताओं को पूरी तरह मैदान में उतार दिया है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से बाहर न रह जाए। इस प्रक्रिया में लगभग 2.96 करोड़ ऐसे मतदाता दांव पर हैं, जिनके नाम 'अनकलेक्टेबल' की श्रेणी में आने के कारण मतदाता सूची से हटाए जा सकते हैं।

■ सीएम योगी ने कहा कि विस का शीतकालीन (19 से 24 दिसंबर) छोटा इसलिए रखा गया है क्योंकि अधिकांश विधायक एसआईआर कार्य में व्यस्त हैं

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, 26 दिसंबर को गणना चरण पूरा होगा, 31 दिसंबर को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी और 31 दिसंबर से 30 जनवरी तक दावे व आपत्तियों की अवधि रहेगी।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारियों को मृत, स्थानांतरित और अनुपस्थित मतदाताओं के सत्यापन के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही बूथ लेवल ऑफिसरों (बीएलओ) से कहा गया है कि वे इस काम में बीएलए की मदद लें और लापता मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करें।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी शुक्रवार को स्पष्ट किया कि विधानसभा का शीतकालीन (19 से 24 दिसंबर) छोटा इसलिए रखा गया है क्योंकि अधिकांश विधायक एसआईआर कार्य में व्यस्त हैं और निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई समय-सीमा के विस्तार का पूरा उपयोग करना चाहते हैं। इससे पहले 14 दिसंबर को सीएम ने कहा था कि करीब चार करोड़ मतदाता सूची से गायब हैं, जिनमें से 85 से 90 प्रतिशत हमारे मतदाता हैं। भाजपा ने रविवार को लखनऊ में प्रदेश के सभी सांसदों और विधायकों की संगठनात्मक बैठक बुलाई है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाली इस बैठक में मुख्यमंत्री मौजूद रहेंगे।

प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने इस मुद्दे को पार्टी के राज्य और केंद्रीय नेतृत्व के सामने भी उठाया है। वहीं, सपा ने एसआईआर के लिए अपने 'पीडीए प्रहरियों' पर भरोसा कर रही है। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव स्वयं पूरी प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं और कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए हैं कि कहीं भी गड़बड़ी दिखे तो उसका विरोध करें और उसे उजागर करें।

सपा के राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र चौधरी ने कहा कि पार्टी अनियमितताओं का दस्तावेजीकरण कर निर्वाचन आयोग को भेज रही है यह सुनिश्चित कर रही है कि किसी भी वैध मतदाता का नाम न कटे।

बसपा की मुखिया मायावती ने पार्टी कार्यकर्ताओं से एसआईआर को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा है और कुछ दिनों के लिए संगठनात्मक गतिविधियां स्थगित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों, मजदूरों, शोषितों और बहुजन समाज के लोगों को उनके संवैधानिक मताधिकार से वंचित नहीं होने दिया जाना चाहिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि पार्टी ने एसआईआर कार्य तेज कर दिया है और वरिष्ठ नेताओं व पूर्व विधायकों को जिलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

यूपी शिया सेंट्रल वक़्फ़ बोर्ड ने मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी का जताया आभार

लखनऊ (एसएनबी)। यूपी शिया सेंट्रल वक़्फ़ बोर्ड ने औक़ाफ़ के पंजीकरण हेतु उम्मीद पोर्टल पर समय-सीमा बढ़वाने के लिए राज्य मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक़्फ़ एवं हज, दानिश आज़ाद अंसारी के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया है। बोर्ड ने इसे वक़्फ़ संस्थाओं के हित में एक अहम और व्यावहारिक क़दम बताया है।यूपी शिया सेंट्रल वक़्फ़ बोर्ड के अध्यक्ष अली ज़ैदी ने पत्रकारों को बताया कि उम्मीद पोर्टल पर पंजीकरण की समय-सीमा बढ़ाने के लिए मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी ने जिस संजीदगी, नीयत और तत्परता के साथ प्रयास किए, वह क़ाबिले-तारीफ़ है। उन्होंने ज़मीनी हक़ीक़तों को समझते हुए वक़्फ़ संस्थाओं और मुतवल्लियों की व्यावहारिक दिक़्क़तों पर ध्यान दिया, जिससे बड़ी संख्या में वक़्फ़ संस्थाओं को राहत मिलने की उम्मीद मज़बूत हुई है। बोर्ड के अनुसार, समय-सीमा में वृद्धि से पंजीकरण प्रक्रिया अधिक सुगम होगी और वक़्फ़ संपत्तियों के रिकॉर्ड को व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी।

कार्यालय गोरखपुर विकास प्राधिकरण, गोरखपुर

(अल्प कालीन निविदा सूचना)

उपाध्यक्ष, गोरखपुर विकास प्राधिकरण की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा कुल 10 कार्यों हेतु ऑफ लाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य के निविदाओं की बिक्री दिनांक 29.12.2025 से 30.12.2025 को अपरान्ह 2.30 बजे तक की जायेगी, एवं दिनांक 31.12.2025 के अपरान्ह 2.30 बजे तक प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन 3.30 बजे प्री-क्वालिफिकेशन / प्राइज बिड खोली जायेगी। कार्यों से सम्बन्धित निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत विवरण / जानकारी प्राधिकरण कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है।

पत्रांक : 1010/अभि०अनु०/ गो०वि०प्रा०/2025-26 दिनांक : 20/12/2025 अधिशासी अभियन्ता

गोरखनाथ मदिर के जनता दर्शन मे लोगो की समस्या सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। फोटो : एसएनबी

विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों पर हो सख्त कार्रवाई : मुख्यमंत्री

गोरखपुर (एसएनबी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि लोगों को विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एजेंटों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाय। ऐसे एजेंटों से पीड़ितों का पूरा पैसा भी वापस कराया जाय। उन्होंने विदेश भेजने के नाम पर फ्रॉड करने वालों को चिन्हित करने और उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लेने के निर्देश दिए।

- जनता दर्शन में आई शिकायत पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को दिए निर्देश
- कड़ाके की ठंड में भी सीएम योगी ने 250 लोगों की सुनीं समस्याएं
- घबराएं मत, हर समस्या का कराएंगे प्रभावी निराकरण : सीएम योगी

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश शनिवार सुबह कड़ाके की ठंड में आयोजित जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने करीब 250 लोगों से मुलाकात की। सीएम योगी ने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का प्रभावी निराकरण कराया जाएगा। जनता दर्शन में आई एक महिला ने परिवार के एक सदस्य को विदेश भेजने के नाम पर एजेंट द्वारा ठगी किए जाने का मामला मुख्यमंत्री को बताया। इस पर मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को एजेंट के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और पीड़ित का पैसा दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला को भी समझाते हुए कहा, विदेश जाने के नाम पर एजेंटों के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। गलत तरीके से जाने पर लोगों को वहां जेल में रहना पड़ जाता है। जनता दर्शन में आए पुलिस से जुड़े मामलों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि पीड़ितों की मदद में विलंब और लापरवाही कतई नहीं होनी चाहिए। जनता की समस्याओं के समाधान में किसी तरह की लापरवाही हुई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी तय है। मुख्यमंत्री ने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। हर पीड़ित की त्वरित मदद की जाए। उन्होंने जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधिसम्मत कठोर कदम उठाने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कुछ लोग इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। इस पर सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध करा दें। इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त मदद की जाएगी। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को प्यार-दुलारकर सीएम योगी ने उन्हें स्कूल जाने के लिए प्रेरित करते हुए चकलेट दिया।

दिल्ली से चली बैशाली गोरखपुर पहुंची 8 घंटे लेट

गोरखपुर (एसएनबी)। कपकपाती सर्दी और शीतलहर का दौर चल रहा है। शाम होते ही घना कोहरे से सड़क पर चलने वाली गाड़ियों की रफ्तार धीमी हो गयी है। कोहरे की वजह से वाहन दुर्घटनाओं में तेजी से इजाफा हुआ है। ऐसे में यात्री ट्रेन से सफर करना सुरक्षित मान रहे है। सर्दी के समय में गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ लगी है, जिस ट्रेन से सफर करना है वह ट्रेन घंटो लेट पहुंच रही है। शुक्रवार को दिल्ली से बैशाली एक्सप्रेस गोरखपुर स्टेशन के लिए चली। शनिवार की सुबह बैशाली एक्सप्रेस गोरखपुर स्टेशन पर पहुंचना था, लेकिन वह 8 घंटे लेट यानि आज शाम करीब 5.20 बजे स्टेशन पहुंची हैं। इस प्रकार देखा जाए तो आधा दर्जन महत्वपूर्ण ट्रेने घंटो लेट पहुंच रही हैं।

- बैशाली को पहुंचना था शनिवार की सुबह गोरखपुर पहुंची शाम को
- गोरखधाम एक्सप्रेस 11 घंटे लेट, यात्रियों में कोहराम
- अवध बरौनी से दो घंटे लेट, आगे का सफर भगवान भरोंसे

घने कोहरे की मार वाहनों के आलावा ट्रेनों के संचालन को भी प्रभावित कर रही है। इसका जीता जागता उदाहरण गोरखपुर स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों के लिए ट्रेन का सफर मुसीबत बन गई हैं। शुक्रवार को दिल्ली से 15566 बैशाली एक्सप्रेस गोरखपुर स्टेशन के लिए चली। शनिवार की सुबह करीब पांच बजे उसे पहुंचना था। बैशाली ट्रेन से पहुंचने वाले यात्रियों के परिजन सुबह से ही ट्रेन का इंतजार करते रहे और उसका लोकेशन जानने में जुटे रहे। शनिवार की शाम करीब 5.20 बजे बैशाली एक्सप्रेस गोरखपुर पहुंची है। इसी प्रकार 12556 गोरखधाम एक्सप्रेस भटीड़ा से बाया नई दिल्ली होकर गोरखपुर पहुंचना था। नई दिल्ली से गोरखपुर स्टेशन पर करीब 13 घंटे विलम्ब से पहुंची है। गोरखधाम एक्सप्रेस में यात्रा करने वाले सर्दी के समय में मुसाफिरों को पसीना छुट गया।

बताया जाता है कि बरौनी से बान्द्रा से चलने वाली अवध एक्सप्रेस 19038 शनिवार को बरौनी से चली है। गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर उसे निर्धारित समय पर पहुंचना था लेकिन वह पिपराइच, कैंट स्टेशन होकर गोरखपुर स्टेशन पर पहुंचने में करीब दो घंटे की देरी हुई है। अवध एक्सप्रेस से यात्रा करने वाले अधिकांश यात्री लम्बी दूरी और परीक्षा की तैयारी करने वाले कोटा(राजस्थान) भी आते-जाते है। क्यों की अवध एक्सप्रेस आगरा होकर गुजरती है, यह ट्रेन लम्बी दूरी की ट्रेन मानी जाती है जिससे अधिकांश यात्री सफर करते है। इसी प्रकार बाघ एक्सप्रेस(3019) का हाल तो मत पूछिए हाबड़ा से काठगोदाम तक बाघ एक्सप्रेस चलती है। कोलकत्ता से व्यापार करने वाले अधिकांश व्यापारी इसी ट्रेन से सफर करते है। उनका मानना है कि करीब पांच घंटे देरी से आज गोरखपुर पहुंची है। काठगोदाम पहुंचने वाले यात्रियों को कोहरे की मार झेलने के लिए तैयार रहने को मजबूर है।

ट्रेनों की रफ्तार में कोहरा बना आफत

यात्रियों का कहना है कि सर्दी के समय अधिकांश लोग अपने -अपने वाहनों से आने जाने की बजाए ट्रेन को सुरक्षित मान कर यात्रा करना चाहते है। लेकिन ट्रेनों को विलम्ब से पहुंचने की वजह से जिस काम के लिए सफर करते है उस स्थान पर घंटो लेट से बहुंचने के लिए मजबूर हैं। विभिन्न परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों को रविवार को विभिन्न जिले में कालेज के सेंटर पर पहुंचना है। अधिकांश परीक्षार्थी ट्रेन से ही सफर करते है, ऐसे में ट्रेन विलम्ब से चल रही है जिससे वह भी परेशान नजर आ रहे है। रोडवेज बस से यात्रा करने वाले यात्री भी कोहरे से बचने के लिए ट्रेन से सफर करने को बेताब हैं।

विष्णु मिश्रा को मिली आईसीएसआर फुल-टर्म डॉक्टोरल फेलोशिप

गोरखपुर(एसएनबी)। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में प्रो. अजय कुमार शुक्ला के निर्देशन में शोधरत शोधार्थी विष्णु मिश्रा का चयन भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसआर), नई दिल्ली की प्रतिष्ठित फुल-टर्म डॉक्टोरल फेलोशिप (2025-26) के लिए किया गया है। यह फेलोशिप मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में उच्चस्तरीय शोध को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदान की जाती है।

- डीडीयू के शोधार्थी हैं तथा रामचरितमानस पर कर रहे हैं शोध कार्य

विष्णु मिश्रा वर्तमान में रामचरितमानस के अध्ययन में वर्ग की अवधारणा को धुंधला (ब्लर) करने वाले सामाजिक-साहित्यिक प्रश्नों पर गहन शोध कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही वे अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शोध-पत्रिकाओं में अपने शोध-पत्र प्रकाशित कर चुके हैं। उन्होंने स्नातक स्तर के विद्यार्थियों के लिए लघुकथाओं पर आधारित एक पुस्तक भी अपने सुपरवाईजर प्रो. अजय कुमार शुक्ला के साथ प्रकाशित की है। उनके शोध-कार्य एवं अकादमिक उपलब्धियों ने विभाग और विश्वविद्यालय दोनों को शोध-क्षेत्र में नई पहचान प्रदान की है। चयन प्रक्रिया पूर्णतः शोध-प्रस्ताव, शैक्षणिक उपलब्धियों तथा आईसीएसआर के निर्धारित मानदंडों पर आधारित रही। इस अवसर पर कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। विष्णु मिश्रा ने शोध के क्षेत्र में निरंतर परिश्रम और समर्पण के माध्यम से विश्वविद्यालय एवं अंग्रेजी विभाग का नाम रोशन किया है। सुपरवाईजर प्रो. अजय कुमार शुक्ला ने कहा कि विष्णु मिश्रा की शोध-दृष्टि और अकादमिक प्रतिबद्धता उन्हें एक उत्कृष्ट शोधार्थी के रूप में स्थापित करती है। वहीं शोधार्थी विष्णु मिश्रा ने कहा कि यह उपलब्धि उनके लिए अत्यंत गर्व और प्रसन्नता का विषय है।

पुरातन छात्र मिलन समारोह आज

गोरखपुर। डीएवी पीजी कलेज के पुरातन छात्रों का मिलन एवं सांस्कृतिक समारोह का आयोजन 21 दिसम्बर, रविवार को पुरातन छात्र परिषद के तत्वावधान में किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए आयोजक, पुरातन छात्र परिषद के अध्यक्ष व भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि यह समारोह क्लाउड 7 इन मैरेज हाल, खजांची बाजार निकट फातिमा हास्पिटल में दिन में 3 बजे से रात्रि 8 बजे तक आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि मिलन समारोह में डीएवी पीजी कालेज में पढ़े हुए सभी छात्र-छात्राएं सादर आमंत्रित हैं।

राज्य हज कमेटी के सदस्य ने दी सीएम को बधाई

गोरखपुर। नवनिर्मित गोरखनाथ ओवरब्रिज के बन जाने से क्षेत्र की जनता के लिए यातायात व्यवस्था सुगम हो गयी है। इस ओवरब्रिज का उद्घाटन कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी को एक बहुत बड़ा तोहफा देकर क्षेत्र की जनता का मान बढ़ाया है। यह बातें उत्तर प्रदेश राज्य हज कमेटी के सदस्य जुनैद अहमद ने उद्घाटन के मौके पर गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मुबारकबाद देते कही।

भाषा और साहित्य संवाद का माध्यम है : पद्मश्री प्रो. विश्वनाथ तिवारी

गोरखपुर (एसएनबी)। गोरखपुर लिटरेरी फेस्टिवल शब्द संवाद का शुभारंभ शनिवार को बैंक रोड स्थित एक होटल में हुआ। उद्घाटन सत्र में पद्मश्री प्रो. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी ने कहा कि भाषा और साहित्य संवाद का माध्यम है। भाषा तो साहित्य और संवाद दोनों का आधार है।

प्रो. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी ने कहा कि कल्हण, आनंद वर्धन, अभिनव गुप्ता आदि अनेक लेखक व साहित्यकार कश्मीर से हैं। कश्मीर में संस्कृत साहित्य और संवाद की बहुत प्राचीन परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि भाषा, साहित्य और इसमें उपस्थित संवाद मानव के इतिहास, वर्तमान और भविष्य के आधार हैं। सुप्रसिद्ध साहित्यकार चंद्रकांता ने कहा कि लेखक अपने अनुभवों को ही अपने साहित्य में साझा करते हैं। संवेदना का विस्तार उसकी लेखनी में भाव और स्वरूप जोड़ती चली जाती है। कश्मीर से मेरा नाता छूटता नहीं, वहां मेरी आत्मा है। स्त्री विद्रोह जो मैने लिखा है वह साहित्य का एक महत्वपूर्ण और अविभाज्य अंग हैं। वक्ताओं का स्वागत अनुपम श्रीवास्तव, शैवाल शंकर श्रीवास्तव ने किया। संचालन डा. श्रीभगवान सिंह व आभार ज्ञापन अनुपम सहाय ने किया। साहित्य सत्र में गगन गिल ने कहा कि कवि अपने से ही बात करता है। प्रतिकार करने के लिए शब्द तो नही देती लेकिन वह सम्बल देती है। बद्री नारायण ने कहा कि मन ही आपको बचाता है। मेरे लिए कविता लिखना सबसे कठिन है। जहां पावर है वहा प्रतिरोध है। कविता का नेचर प्रतिरोध की जगह संवाद है और होना चाहिए। जितेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि कविता कुछ लिख देने का नाम नही है,वह समय की गवाही है। देवेंद्र आर्य जी ने कहा कि प्रतीक और विम्ब न हो कविता में तो वह सूखे हुए गद्य की तरह हो जाता है।

- गोरखपुर लिटरेरी फेस्टिवल 'शब्द संवाद' का शुभारंभ

गोरखपुर लिटरेरी फेस्टिवल का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते पद्मश्री प्रो. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी। फोटो : एसएनबी

शब्द संवाद के चौथे सत्र में ओटीटी बनाम सिनेमा, मनोरंजन का भविष्य कौन सा, पर विनीत कुमार व पुनीत बिसारिया ने चर्चा की। संचालन किया मृत्युशंय शंकर सिन्हा ने। पांचवें सत्र मीडिया विमर्श अखिलेश शर्मा, दयाशंकर शुक्ल सागर, मुकेश माथुर शामिल रहे।

लोगों की दृष्टि में रहस्य सा लगता है कबीर का जीवन

गोरखपुर (एसएनबी)। गोरखपुर लिटरेरी फेस्टिवल के पहले दिन शनिवार को कबीर-क्रांति का शंखनाद का मंचन किया गया। परिकल्पना एवं निर्देशन मानवेन्द्र त्रिपाठी का था।

- गोरखपुर लिटरेरी फेस्टिवल शब्द संवाद में मानवेन्द्र त्रिपाठी ने निर्देशन में हुआ कबीर-क्रांति का शंखनाद का नाट्य मंचन

मंचन में दिखाया गया कि कबीर (क्रांति का शंखनाद), सम्पूर्ण मानव जाति को एकता की माला में पिरोने वाला वह धागा है जो सदैव समसामयिक और प्रासंगिक है। कबीर का शाब्दिक अर्थ महान है और कबीर अपने नाम से ही नहीं बल्कि अपने विचारों एवं कर्मो से भी सदैव सम्पूर्ण विश्व को जाति एवं धर्म के नाम पर फैले आडम्बर से लोगों को मुक्त करते हुए अपनी महानता का परिचय देते हैं। पाठकों, आलोचकों एवं अनुयाइयों के लिए कबीर सबके अलग-अलग कबीर हैं। अतः कबीर एवं उनका जीवन लोगों की दृष्टि में एक रहस्य सा लगता है।

कबीर की मुख्य भूमिका मानवेन्द्र त्रिपाठी ने की। अन्य कलाकारों में शिवा श्रीवास्तव, रवीन्द्र रंगधर, रितिका सिंह, संजय मिश्रा, नंदाराम चौधरी, उमाशंकर मिश्रा, चन्द्र प्रकाश शर्मा, संजय मिश्रा, प्रियांशु, हर्षित, अभिषेक, अरुण, मोनी, पल्लवी, दिव्या, सागर, अनिल, पंकज, उत्तम, अविनाश, अतुल शामिल थे। मंच परे राधेश्याम, अखिलेश कुमार, पंकज कुमार, सागर, ऋषभ दास, पिंटू प्रीतम व साथी, दुर्गेश कुमार, प्रमोद सिंह, आकांक्षा विक्ट्री का सहयोग रहा। प्रस्तुति रवि शंकर खरे की थी।

धंधेबाज नेपाल में खपा रहे डुप्लीकेट सामान

■ दिलीप सिंह/एसएनबी।
■ गोरखपुर।

डूप्लीकेट सामानों को धंधेबाज पड़ोसी देश नेपाल में भी खपा रहे हैं। भारी मुनाफे के चक्कर में यह धंधा तेजी से फलफूल रहा है और जिम्मेदार हैं कि अपनी आखों को पता नहीं क्यों बंद किये पड़े हैं? कंपनी वाले अपने तईं पता करते हैं और धर-पकड़ कराते हैं क्योंकि उनके सामानों की बिक्री इधर के दिनों में बहुत ही कम जो होने लगी है। राजघानी लखनऊ में कई धंधेबाज बैठे हैं जो सिर्फ आर्डर पर माल इधर-उधर डिमांड के मुताबिक भिजवाते हैं लेकिन वे माल रखते नहीं हैं। यही कारण है कि उन तक कंपनी के जिम्मेदार पहुंच नहीं पा रहे हैं।

दिल्ली में बैठे कुछ शातिर सिर्फ ब्रांडेड कंपनियों के सामानों की डूप्लीकेटी ही करते हैं। सामानों की पैकिंग इस कदर की जाती है कि सामान्य आदमी पकड़ ही नहीं पाएगा कि उसने डूप्लीकेट सामान खरीदा है। यही कारण है कि उनका धंधा जोर पकड़ रहा है और कंपनी वाले परेशान हैं कि उनका सामान आखिर बिक क्यों नहीं पा रहा है? डिमांड जिस सामानों की अधिक होती है उसी का डूप्लीकेसी अधिक होती है। मुनाफे के चक्कर में धंधेबाज पूर्वांचल को डूप्लीकेट सामानों से पाट रखे हैं। सूत्रों की मानें तो पड़ोसी देश नेपाल तक में इन्होंने अपना जाल फैला रखा है और वहां भी इनके द्वारा भेजे गये डूप्लीकेट सामान बिक रहे हैं। चायपत्ती, नमक, हार्पिक, टूथपेस्ट ही नहीं कास्मिेटिक सामान जिसकी अधिक मांग है उसकी हुबहू नकल करके डूप्लीकेट माल तैयार करके शातिर पूर्वांचल ही नहीं नेपाल तक भेजवा रहे हैं। यहां यह भी बता दें कि भारतीय सामानों की नेपाल में ठीक-ठाक मांग है जिसका बेजा लाभ डूप्लीकेटी का धंधा करने वाले उठा रहे हैं। नेपाल के दुकानदार भी चाहते हैं कि उनको भारतीय सामानों की बिक्री में अच्छा लाभ मिले और डूप्लीकेट सामान बेचने पर उनको भी लाभ मिल रहा है। नेपाल की जनता इन डूप्लीकेट सामानों को बेहतर जान प्रयोग कर रही है। सूत्रों की मानें तो गोरखपुर शहर में इस तरह का माल देर रात आटो व पिकअप आदि वाहनों से उतरता है। संबंधित कारोबारी उसे अपने गोदाम, दुकान व पैकिंग वाली जगह पर उतरवाकर धीरे-धीरे खपाता है।

दिल्ली में बिकते हैं रैपर : डूप्लीकेट सामान बेचने वालों को रैपर आसानी से वह भी कम कीमत में दिल्ली में मिल जाती है। वे पैकिंग का रैपर लाते हैं और नकली सामानों को पैक करके बेचते हैं। कंपनी के रैपर पैकिंग में लोकल चाय-पत्ती व नमक आदि पैक करते हैं और असली से थोड़ा कम कीमत पर बेच देते हैं। उपभोक्ता तो कंपनी का रैपर देखता है और खरीद लेता है लेकिन उसको क्या पता कि इस कदर का गोरखधंधा चल रहा है।

गंदा-धंधा

- दिल्ली से बड़े पैमाने पर पूर्वांचल में आ रहा है डूप्लीकेट सामान और यहां के धंधेबाज उन सामानों को बगैर कागजात के रहे हैं बेच
- रोडवेज व प्राइवेट बसों के अलावा अन्य साधनों से आता है सामान और कई तो सामानों की तो भी होती है पैकिंग
- राजधानी लखनऊ में बैठे कारोबारी तो सिर्फ आर्डर पर भिजवाते हैं सामान

फिल्ममेकिंग में फिल्म के क्राफ्ट पर काम करना सबसे जरूरी है : मधुर भंडारकर

गोरखपुर (एसएनबी)। गोरखपुर लिटरेरी फेस्टिवल शब्द संवाद के पहले दिन के दूसरे सत्र में गुफ्तगू करते हुए मशहूर फिल्म निर्माता निर्देशक मधुर भंडारकर ने कहा कि मध्यमवर्गीय परिवार से निकलने वाले लोग फिल्मों में अपने शौक के दम पर ही आगे बढ़ते हैं। फिल्ममेकिंग में फिल्म के क्राफ्ट पर काम करना सबसे जरूरी है और उसके उद्देश्य पर ध्यान देना जरूरी है।

- गोरखपुर लिटरेरी फेस्टिवल शब्द संवाद के गुफ्तगू सत्र में बोले मशहूर फिल्म निर्माता-निर्देशक

मधुर भंडारकर ने कहा कि मैंने संघर्ष के दिनों में तेरह चौदह वर्ष की उम्र में घर घर वीडियो कैसेट का व्यवसाय किया। मैं हर किस्म की सिनेमा देखता था और उसका विश्लेषण किया करता था। यहीं से मुझे फिल्ममेकर बनने की प्रेरणा मिली। आर्थिक समस्याओं के कारण और पारिवारिक अपेक्षाओं के कारण मुझे मस्कट भी जाना पड़ा। फिल्म लाइन में काफी अनिश्चितता है। मैने लगभग साढ़े तीन से चार साल राम गोपाल वर्मा जी को असिस्ट किया। रंगीला बनने के बाद मेरे करियर में गति आई। मेरी अपनी पहली मूवी त्रिशक्ति फ्लाप रही और मुझे बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मुझे अलग अलग लोगों ने सलाह दिया पर मैने हिम्मत नहीं हारी। चांदनी बार में जमाने के लिहाज से थोड़े बहुत बदलाव शामिल किया। चांदनी बार ने समाज की लीक से हटकर कहानी दिखलाई। मुझे अपेक्षा नहीं थी पर लोगों ने शानदार रिस्पांस दिया और लोगों ने मुझे सर आंखों पर बिठाया। बार बालाओं के प्रति लोगों की संवेदना को इस फिल्म ने झकझोर दिया।

उन्होंने कहा कि मनोरंजन के साथ कंटेट अगर न हो तो फिर फिल्म कैसी सच दिखाना आसान नहीं होता। सत्ता, पेज थ्री, करपोरेट और ट्रैफिक सिगल, फैशन पर तो फिल्म इंडस्ट्री ने कुछ खास नहीं कहा पर जब हीरोइन बनाई तो उन्हें हजम नहीं हुआ और मेरी आलोचना होने लगी। मैं शुगर कोटिंग करके कुछ भी दिखलाने के खिलाफ था। सच दिखाने के लिए डार्क साइड को यथावत दिखाना बड़ी चुनौती थी। आज भी सिनेमा में हीरो और हीरोइन के बीच बड़ा बुनियादी अंतर है जो हीरोसेंट्रिक मानसिकता से ग्रस्त है। मेरी फिल्में सत्तर प्रतिशत रियलिटी और तीस फीसदी ड्रैमेटिक होती हैं। मैं रिस्क लेने में विश्वास करता हूं। बड़ा नाम या बड़ा स्टारडम मुझे बहुत प्रभावित नहीं करता। मधुर जी ने दर्शकों से संवाद भी किया और उनके सवालों के जवाब भी दिए। अतिथि सम्मान डा. त्रिलोक रंजन, अर्चना श्रीवास्तव एवं अंजली मातनहेलिया ने किया। सत्र संचालक आशीष श्रीवास्तव, सत्र सूत्रधार प्रकृति त्रिपाठी रहे।

भोजपुरी एसोसिएशन आफ इंडिया के तत्वावधान डा. वर्षारानी बिशेसर को सम्मानित करती कुलपति प्रो पूनम टंडन , महापौर डा. मंगलेश श्रीवास्तव, राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. राकेश श्रीवास्तव व डा. रूपकुमार बर्नर्जी।

महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास

■ कैम्पियरगंज तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर पेट्रोल अपने ऊपर गिरा ली महिला

कैम्पियरगंज (एसएनबी)। संपूर्ण समाधान दिवस पर जमीन कब्जा को लेकर नाराज महिला ने अपने ऊपर पेट्रोल गिरा लिया और आत्मदाह की कोशिश की। वहां मौजूद रहे लोगों ने उसे बचाया हालांकि इस घटना को लेकर तहसील परिसर में खलबली मच गई।

महिला ने राजस्व निरीक्षक और पुलिस पर जमीन जबरन कब्जा करवाने का आरोप लगाया। संपूर्ण सामाधान दिवस पर कुल 38 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से एक का भी मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। कैंम्पियरगंज थाना क्षेत्र के रामनगर केवटलिया गांव की गुजराती देवी ने तहसील सभागार में अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगाने की कोशिश की। महिला का आरोप था कि राजस्व निरीक्षक और कैम्पियरगंज पुलिस उनकी जमीन पर जबरदस्ती कब्जा करवा रही है। समाधान दिवस पर मौजूद अन्य फरियादियों ने किसी तरह महिला को बचाया। घटना के बाद, मामले की जांच के लिए एक राजस्व टीम का गठन किया गया। उपजिलाधिकारी सिद्धार्थ पाठक ने तहसील सभागार में कार्यक्रम की अध्यक्षता की और लोगों की समस्याएं सुनीं। प्राप्त सभी 38 शिकायतें संबंधित विभागों को आगे की कार्रवाई और निस्तारण के लिए भेज दी गई हैं, लेकिन मौके पर किसी का भी समाधान नहीं हो पाया।

भोजपुरी संगोष्ठी में संस्कृति, परंपरा और समकाल पर हुआ मंथन

■ भोजपुरी एसोसिएशन आफ इंडिया के कार्यक्रम में मारीशस की लोकगायिका डा. वर्षारानी बिसेसर का हुआ सम्मान

गोरखपुर (एसएनबी)। भोजपुरी एसोसिएशन आफ इंडिया भाई के तत्वावधान में शनिवार को स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर, आर्य नगर में एक दिवसीय भोजपुरी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रो. पूनम टंडन, कुलपति, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने की।

उन्होंने लोक कलाओं को बचाने व उन्हें संवर्धित करने के लिए आग्रह किया। अतिथियों का स्वागत डा. रूप कुमार बनर्जी ने भाई का पटका ओढ़ा कर किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मारीशस की लोकगायिका एवं भोजपुरी स्पीकिंग यूनियन की अध्यक्ष डा. वर्षारानी बिसेसर रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. मंगलेश श्रीवास्तव, महापौर, उपस्थित रहे। डा वर्षा रानी बिसेसर ने कहा कि भारत व मरीशस की सांस्कृतिक परम्परायें एक हैं। हम एक ही लोक संस्कृति को धारण करने वाले लोग हैं। डा मंगलेश श्रीवास्तव ने भोजपुरी को आगे बढ़ती भाषा बताया जिसका गहरा भविष्य है। संगोष्ठी के प्रथम सत्र में भोजपुरी संस्कृति, परंपरा और समकाल विषय पर विचारविमर्श हुआ। मुख्य वक्ता प्रो. रवीन्द्र नाथ श्रीवास्तव परिचय दास, नालंदा विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रोफेसर एवं पूर्व अध्यक्ष ने अपने संबोधन में भोजपुरी संस्कृति की ऐतिहासिक परंपरा और उसके समकालीन संदर्भों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विशेष आमंत्रित वक्ता प्रो दीपक त्यागी, प्रो प्रभाकर सिंह तथा श्रीमती वंदना श्रीवास्तव थे। इस अवसर पर भोजपुरी लोकसंस्कृति के संरक्षण एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसके प्रचार प्रसार में विशिष्ट योगदान के लिए डा. वर्षारानी बिसेसर को मैनावती देवी लोक गायिका राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान के अंतर्गत उन्हें ₹ 11,000 की नगद राशि एवं ट्राफी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन शिवेन्द्र पांडेय एवं संयोजन भोजपुरी एसोसिएशन आफ इंडिया भाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. राकेश श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में पुष्प दन्त जैन, डा संजयन त्रिपाठी, डा सुरेश, त्रिभुवन मणि त्रिपाठी, हरि प्रसाद सिंह, श्रीनारायण पांडेय, दिनेश गोरखपुरी, कीर्ति रमन दास, चन्द्रेश्वर शर्मा परवाना, शिव जी सिंह सहित तमाम दर्शक उपस्थित रहे।

लग्जरी बस कर्मचारियों ने युवक को किया लहूलुहान

टीपीनगर (एसएनबी)। गीडा थाना के नौसड़ पुलिस चौकी क्षेत्र में शनिवार की शाम कमला कंपनी की बस गोरखपुर से सवारी लेकर मुंबई के लिए जा रही थी। लग्जरी बस ज्यों हरैया के शेरगढ़ गांव के सामने पहुंची थी कि बस चालक ने एक राहगीर को अनायास हार्न बजाते हुए काफी नजदीक से गुजरा तो राहगीर ने टोका ।

इसके बाद बस चालक ने बस को रोका और बस के कई कर्मचारियों ने युवक को गालियां बकी। युवक ने विरोध किया तो सभी कर्मचारियों ने ललकारते हुए लात-घूसों से मारना-पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान एक बस कर्मचारी ने किसी नुकिले सामान से युवक के सिर में मार दिया जिससे युवक का सिर में फट गया और वह लहुलुहान हो गया। मारपीट की घटना और युवक की हालत देख काफी लोग इकट्ठा हो गए और तत्काल 112 पुलिस को सूचना दी। इधर सूचना पाकर नौसड़ चौकी इंचार्ज कमलेश प्रताप सिंह मय फोर्स पहुंचे और बस को कर्मचारियों समेत कब्जे में ले लिया। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। घायल युवक ने अपना नाम राकेश निषाद पुत्र सीता निवासी ग्राम शेरगढ़ बताया। स्थानीय लोगों ने बताया लग्जरी बसों के कर्मचारियों का काफी तांडव है जो अक्सर राहगीरों से कहासुनी करते रहते हैं। नौसड़ मे तो जब चाहे वहीं सड़क पर ही बस खड़ी कर सवारी बिना रोक टोक के सवारी भरते हैं, जिससे अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। अक्सर इनकी बस में सीट देने को लेकर भी यात्रियों से नोकझोंक हो जाती है और बस कर्मचारी धमकाते हैं कि आगे देख लेंगे।

दीपेश को विहिप गोरक्ष प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री का दायित्व

गोरखपुर (एसएनबी)। हस्तिनापुर में आयोजित विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय प्रन्यासी मंडल बैठक में संघ के प्रचारक दीपेश कुमार को विश्व हिंदू परिषद गोरक्ष प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री का दायित्व दिया गया।

2010 से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक बने दीपेश कानपुर, महोबा, बांदा में विस्तारक और नगर प्रचारक रहे। हमीरपुर,फरुखाबाद में जिला प्रचारक रहे। इटावा और गोंडा (अवध प्रांत) में विभाग प्रचारक के दायित्व का भी निर्वहन किया। वर्ष 2024 के अंत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की योजना से विश्व हिंदू परिषद गोरक्ष प्रांत के सह प्रांत संगठन मंत्री बने। हस्तिनापुर में आयोजित बैठक में पूर्व प्रांत संगठन मंत्री राजेश के अवध और कानपुर प्रांत के संयुक्त प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख बनाए जाने के बाद इन्हें गोरक्ष प्रांत का प्रांत संगठन मंत्री नियुक्त किया गया। प्रांत प्रचार-प्रसार प्रमुख दुर्गेश त्रिपाठी ने कहा कि प्रांत संगठन मंत्री बनने पर कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त किया और आशा की कि आपके नेतृत्व में गोरक्ष प्रांत का सर्वांगीण विकास होगा।

गोरखपुर से रिकार्ड हुई पहली वर्चुअल गवाही

■ वीडियो कांफ्रेंसिंग सेल से जिले से हाथरस में दर्ज की गई पहली गवाही

■ एम्स गोरखपुर की टीम ने खजनी पीएचसी पर की महिलाओं की जांच

गोरखपुर (एसएनबी)। स्वास्थ्य विभाग की अभिनव पहल रंग लाने लगी है। गोरखपुर के स्वास्थ्य विभाग में स्थापित वीडियो कान्फ्रेंसिंग सेल से शनिवार को पहली वर्चुअल गवाही दर्ज की गई। यह गवाही हाथरस जिले के न्यायालय में गोरखपुर से आनलाइन रिकर्ड कराई गई। वहीं पिंक कार्ड अभियान के तहत एम्स गोरखपुर की टीम ने खजनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शिविर लगा कर महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की और 277 पिंक कार्ड वितरित किए। कैम्प में सीएमओ डा. राजेश झा ने हिस्सा लिया।

सीएमओ ने बताया कि हाथरस में तैनात चिकित्सक डा. राजीव शर्मा को न्यायालय की अनुमति से गोरखपुर के वीडियो कान्फ्रेंसिंग सेल से गवाही का अवसर दिया गया। इस सेल का शुक्रवार को गोरखपुर के जिला जज ने शुभारंभ किया था। इसके जरिए स्थानीय न्यायालय के साथ-साथ दूसरे जिलों के न्यायालय में भी यथासंभव वर्चुअल गवाही दर्ज कराई जा सकती है। डा. झा ने बताया कि महिलाओं में गैर संचारी बीमारियों जैसे कैंसर, मधुमेह, रक्तचाप आदि की शीघ्र पहचान कर यथाशीघ्र उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खजनी में आयोजित शिविर में वहां के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. प्रदीप त्रिपाठी सहित उनकी टीम ने सहयोग किया। वीडियो कान्फ्रेंसिंग सेल से हाथरस जिले में गवाही रिकर्ड कराने में जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी केएन बरनवाल ने विशेष सहयोग किया।

मौलाना आजाद हायर सेकेंडरी स्कूल पहुंची बुद्ध से कबीर तक यात्रा

गोरखपुर (एसएनबी)। शहर के विभिन्न हिस्सों में हो रही बुद्ध से कबीर तक यात्रा के दूसरे दिन शनिवार का कार्यक्रम नथमलपुर, गोरखनाथ स्थित मौलाना आजाद हायर सेकेंडरी स्कूल में हुआ जहां बच्चों को संस्था और इस यात्रा के उद्देश्यों से अवगत कराया गया। वाराणसी से आए प्रेरणा कला मंच की टीम ने भूख बनाम धर्म नामक नाटक के माध्यम से समाज में फैल रही वैमनस्यता और धार्मिक उन्माद पर चोट किया। संस्था के संरक्षक डा. विनोद मल्ल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश एकता और शांति के लिए जाना जाता है, यहां हजारों वर्षों से कई तरह की संस्कृतियां एक साथ मिल जुल कर रहती आई हैं, लेकिन वर्तमान में कुछ स्वार्थी लोगों ने अपने मतलब के लिए समाज को तोड़ने की कोशिशें की हैं। उनसे सावधान रहना होगा और अपने मुल्क की गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखना होगा। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान बच्चों की करियर काउंसिलिंग भी की जिसमें छात्र छात्राओं के सवालों और जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। इसके बाद यात्रा का अगला पड़ाव गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब में था, जहां संस्था की ओर से संगोष्ठी और कविता पाठ का आयोजन हुआ। सामाजिक विचारक और लेखक अलख निरंजन ने अपने वक्तव्य में बुद्ध के धम्म और अंबेडकर के प्रयासों की ओर इंगित करते हुए भारत की सामाजिक संरचना और उस परिप्रेक्ष्य में इस तरह के आंदोलनों की भूमिका से अवगत कराया। अध्यक्षता डा. अनिल राय पूर्व विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग गोरखपुर विश्वविद्यालय ने की। संचालन वरिष्ठ पत्रकार मनोज सिंह ने किया।

बच्चियों संग नदी में कूदने गई महिला नाविक ने बचाया

कैम्पियरगंज (एसएनबी)। कैम्पियरगंज क्षेत्र के राप्ती नदी में शनिवार को फिर एक महिला अपनी दो बेटियों के साथ नदी में कूदकर जान देने पहुंची। संयोग से नाविक संदीप की नजर उस महिला और बच्चों पर पड़ गयी और दौड़ाकर उसे कूदने से रोक लिया गया । संदीप ने फौरन करमैनी चौकी इंचार्ज आदर्श त्रिवेदी को सूचित कर उन्हें बुलाकर पीड़ित महिला और बच्चों को सौंप दिया। महिला ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम नीलम पत्नी श्यामसुंदर भारती और क्षेत्र के रिगौली ग्राम सभा के बहबोलिया टोले की निवासिनी बताया। उसने अपने पति पर मारने -पीटने और खाना पीने की व्यवस्था नहीं करने से अजीज होकर वह अपने छह महीने की दुधमुंही बच्ची और एक चार वर्ष की बच्ची के साथ जान देने की बात बताई। महिला ने बताया कि उसका पति शराबी है और गोरखपुर शहर में एक होटल पर कार्य करता है। जो पैसा कमाता है वह शराब में उड़ा देता है। घर पर पैसे नहीं देता जिस वजह से बच्चों के दूध इत्यादि की व्यवस्था नहीं कर पाती हूं। मुझे भी भरपेट भोजन नहीं मिलता जिस वजह से मेरे अंदर भी दूध नहीं बनता है। भूख से घुट -घुटकर मरने से बेहतर राप्ती नदी में कूदकर जान देना मुझे आसान लगा। इसलिए बच्चियों के साथ नदी में कूदकर जान देने आई थी लेकिन लोगों ने जबरन मुझे बचाकर पुलिस के हवाले कर दिया। चौकी इंचार्ज श्री त्रिवेदी ने बताया कि महिला गृह कलह से अजीज होकर नदी में जान देने के उद्देश्य से आई थी । उसे बचाकर उसके परिजनों को बुलाकर समझा-बुझा कर घर भेज दिया गया ।

आठ दिन में तीन घटनाएं : दिसंबर माह में आठ दिनों में तीन घटनाएं सामने आई जिसमें 12 और 14 दिसंबर को कूदे गए लोगों को और 20 दिसम्बर को कूदने जा रही महिला और उसके बच्चों को नाविक संदीप ने अपने साहस और सूझबुझ से बचा लिया। नाविक के इस कार्य का सराहना पूरे क्षेत्र में हो रही है। क्षेत्र के वीरेंद साहनी, विकास कुमार,अजय अग्रहरि ने बताया कि संदीप को शासन और प्रशासन द्वारा सम्मानित कर पुरस्कृत करना चाहिए ताकि संदीप का मनोबल और बढ़ें और ऐसे ही लोगों की जान बचाते रहे। संदीप साहनी को दस लोगों की जान बचाने जैसे नेक कार्य पर संतकबीरनगर के पुलिस अधीक्षक बीते सोमवार को प्रशस्ति- पत्र और नकद देकर सम्मानित किए थे।

रेल मंत्रालय ने वाराणसी को किया चयनित

गोरखपुर (एसएनबी)। पूर्वोत्तर रेलवे को वर्ष 2024 के दौरान हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु रेल मंत्रालय द्वारा द्वितीय पुरस्कार 'रेल मंत्री राजभाषा ट्रफी' तथा वाराणसी मंडल को वर्ष-2024 हेतु आदर्श मंडल के रूप में चयनित किया गया है। अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालकअधिकारी, रेलवे बोर्ड द्वारा 26 दिसम्बर, 2025 को रेल भवन, नई दिल्ली के कन्फ्रेंस हाल में होने वाली रेलवे बोर्ड कार्यान्वयन समिति की बैठक में यह पुरस्कार पूर्वोत्तर रेलवे को प्रदान किया जायेगा।महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर ने इस उपलब्धि के लिए अधिकारियों एवंकर्मचारियों को बधाई दी है। रेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यालयों उत्पादन इकाइयों मंडलो स्टेशनों कारखानों उपक्रमों तथा केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थानों को रेल मंत्री राजभाषा शील्डध्ट्रफी तथा चल वैजयंती पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

किशोरियों का बेहतर पोषण सशक्त अगली पीढ़ी का आधार

नंदानगर (एसएनबी)। बच्चों और महिलाओं में कुपोषण और एनीमिया की रोकथाम तथा स्तनपान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को आडिटोरियम हाल में पोषण कांक्लेव का आयोजन किया गया था। सत्रों के दौरान सामुदायिक एवं स्कूल पोषण मडल, किशोरियों में एनीमिया नियंत्रण हेतु प्रभावी हस्तक्षेप, स्तनपान, खाद्य सुद्रीकरण की वैज्ञानिक भूमिका तथा डिजिटल टूल्स और एआई आधारित पोषण निगरानी प्रणालियों पर गहन चर्चा की गई। मुख्य अतिथि मेजर जनरल (डा.) विभा दत्ता, एसएम (सेवानिवृत्त), कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि पोषण केवल चिकित्सा हस्तक्षेप तक सीमित विषय नहीं है। अपितु यह शिक्षा, सामाजिक विकास और आर्थिक प्रगति से सीधे जुड़ा हुआ है। बच्चों और किशोरियों में बेहतर पोषण सुनिश्चित करना भविष्य की पीढ़ी को सशक्त बनाने का आधार है। कार्यक्रम के प्रारंभिक सत्र में डा. महिमा मित्तल, डीन (अकादमिक्स) एवं प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, बाल रोग विभाग, प्रिंसिपल इंवेस्टिगेटर - स्टेट रिसोर्स सेंटर फर न्यूट्रिशन एम्स ने बताया कि एसआरसीएन बच्चों और किशोरियों में कुपोषण, एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी से निपटने के लिए अकादमिक, प्रशासनिक और कार्यक्रमीय तंत्र को एक साझा मंच पर लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हैं गर्भवती महिलाओं में आयरन सुक्रोस इंजेक्शन लेने की दर पिछले एक साल में लगभग चार गुना बढ़ गयी हे (10-37 प्रतिशत)। सम्मेलन का उद्देश्य सामुदायिक एवं स्कूल पोषण, किशोरियों में एनीमिया नियंत्रण, माइक्रोन्यूट्रिएंट्स एवं फूड फोर्टिफिकेशन, डिजिटल एवं एआई आधारित नवाचार, तथा पोषण अर्थशास्त्र जैसे विषयों पर साक्ष्य-आधारित रणनीतियों पर विचार-विमर्श कर ठोस सिफारिशें विकसित करना था।

सेंट जांस चर्च में हुआ क्रिसमस ट्री का आयोजन, सेंट थामस में कैंडिल लाइट

गोरखपुर (एसएनबी)। क्रिसमस के नजदीक आने के साथ ही मसीही समाज में उत्साह बढ़ता जा रहा है और कार्यक्रमों का सिलसिला तेज हो गया है। सेंट जांस चर्च बशारतपुर में शनिवार शाम को सभी ने मिलकर क्रिसमस ट्री सजाया और प्रेम, शांति और मेल-मिलाप के उस संदेश को भी पुनः स्वीकार किया जो प्रभु यीशु मसीह ने संसार को दिया। इस अवसर पर चर्च के पुरोहित रेव्ह. रोशन लाल समेत संडे स्कूल की समस्त टीचर्स और पास्ट्रेट कमेटी के सदस्य एवं अभिभावक मौजूद रहे। सेंट थामस चर्च धरमपुर में पुरोहित संजय विंसेंट के नेतृत्व में कैंडिल लाइट सर्विस का आयोजन किया गया। पुरोहित द्वारा जलाई गई मोमबत्ती से कलसिया के सभी लोगों ने अपनी मोमबत्तियां जलाई। गीत ओहो मसीह आया जमीन पर खुशी होती है, हो हो खुशी होती सारे आसमान गा कर सभी ने माहौल को भक्तिमय बनाया। रेव्ह. संजय विंसेंट ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह ने जगत की ज्योति के रूप में जन्म लिया ताकि पाप रूपी अंधकार को संसार से मिटा सकें।

सेंट जोसेफ स्कूल ने बांटी क्रिसमस की खुशियां : सेंट जोसेफ स्कूल, सिविल लाइंस में शनिवार को क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन कर क्रिसमस की खुशियां बांटी गई। विभिन्न वर्गों के लिए अलग-अलग आयोजित कार्यक्रमों में प्रधानाचार्य फादर जीजो एंटनी तथा कैथोलिक धर्मप्रांत गोरखपुर के सेक्रेटरी फादर सिबी जोसफ ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रभु यीशु के उस संदेश को सभी में प्रसारित करना है।

दक्षिणांचल में पासपोर्ट फर्जीवाड़ा की खुल रही पोल

■ डबल पासपोर्ट में अधिकांश लोगों ने नाम व जन्मतिथि में किया कूटरचना

■ गगहा में फर्जी पासपोर्ट धारक को दरोगा ने दिया क्लीनचिट

बड़हलगंज/मझगांवा (एसएनबी)। जिले के दक्षिणांचल में फर्जी पासपोर्ट धारकों की पोल धीरे-धीरे खुलती जा रही है। गगहा थाना क्षेत्र में फर्जी पासपोर्ट धारक को दारोगा ने क्लींन चिट दे दिया जिससे मैंने पासपोर्ट से वह विदेश की यात्रा कर रहा है जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

गगहा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परेशापार निवासी रवि प्रताप सिंह ने अपना पहला पासपोर्ट छ-6411932 बनवाया था जिसमें जन्मतिथि 15.11.1999 थी जो 31.12.2015 को जारी हुआ था जिसकी वैधता 30.12.2025 थी। उक्त पासपोर्ट के निरस्त होने की स्थिति में दूसरा पासपोर्ट च-1287133 जो 23.06.2016 को निर्गत हुआ जिसमें जन्मतिथि 01.01.1997 दर्शाया गया है जिसकी वैधता22.06.2026 तक है। दोनों पासपोर्ट में जन्मतिथि बदलकर नटवरलाल ने पासपोर्ट हासिल कर लिया। इधर गांव के एक व्यक्ति ने एसएसपी गोरखपुर सहित पासपोर्ट विभाग के अधिकारियों तक शिकायती पत्र देकर सोनू के पासपोर्ट की जांच की मांग उठाई जिस पर गगहा थाने पर तैनात एक दारोगा ने दोनों पासपोर्ट की जांच किया और आरोपी युवक को क्लीन चिट दे दिया। जो चर्चा का विषय बना हुआ है वैसे सोनू का एक और पासपोर्ट नम्बर ट-0160537 भी बना है जिसकी जांच चल रही है। इसी तरह बड़हलगंज क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर मठिया निवासी कन्हैया यादव पुत्र राजबहादुर यादव ने अपना पहला पासपोर्ट ट-0217915 बनवाया जो 24.02.2020 को जारी हुआ है जिसकी वैधता 23.02.2030 तक है जो थाना बड़हलगंज से बना है इस पासपोर्ट के निरस्त होने के बाद कन्हैया ने नाम बदलकर कृष्णा के नाम से दूसरा पासपोर्ट बनवा लिया। एक का पता कल्याणपुर तथा दूसरे का पता परिवर्तन कर पासपोर्ट सं.व 9905864 खोराबार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जंगल सिकरी से बनवाया है एक पासपोर्ट में जन्मतिथि 10.05.1990 है जबकि दूसरे पासपोर्ट में 13.05.1973 है। इतना ही नहीं उक्त कृष्णा के ऊ पर थाना बड़हलगंज में मु. अ. सं.241/2021 दर्ज है। बावजूद 2023 में पासपोर्ट निर्गत किया जाना पुलिस विभाग की रिपोर्ट पर सवाल खड़ा करता है।अब सवाल ये उठता है कि इतनी जच प्रक्रिया के बाद भी आखिर ये नटवर लाल अपने मिशन में कैसे पास हो रहे हैं।

फर्जी पासपोर्ट धारकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी : एसपी दक्षिणी

इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दिनेश पुरी ने कहा कि,फर्जी व कूटरचित दस्तावेज के सहारे पासपोर्ट बनवाने वालों के मंसूबे कामयाब नहीं होने दिया जाएगा पासपोर्ट विभाग के अधिकारियों से रिपोर्ट मंगाई जा रही है ऐसे लोगों को चिन्हित कर विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जायेगा।

संक्षिप्त समाचार

हत्या के प्रयास में युवती समेत दो गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। मामूली बात को लेकर युवती व उसके सहयोग द्वारा किये गये जानलेवा हमला के मामले में कैंट पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि इस मामले में कैंट थाने में धारा 109,191(2),351(3),352 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज था। कैंट पुलिस ने नामजद अभियुक्त मुकुल सिंह उर्फ सूर्यभान उर्फ शेर सिंह पुत्र मारकण्डेय सिंह निवासी उन्नौला खास थाना खजनी व विशाखा पाण्डेय उर्फ दुर्गा पुत्री अंगद पाण्डेय निवासी भड़कछा चितहरी को गिरफ्तार किया। यहां यह भी बता दें कि मुकुल के खिलाफ पहले से कई मुकदमें पंजीकृत हैं। दोनों की गिरफ्तार में एसआई पैडलेगंज अतुल वर्मा , सिपाही मनोज भारती, मनोज चौधरी व आशा वर्मा की भूमिका रही।

कई क्षेत्रों में आज बधित रहेगी बिजली

गोरखपुर (एसएनबी)। अधिशासी अभियंता सेकेंड्री वर्क्स ने बताया कि विद्युत आपूर्ति बेहतरी का काम होने से कल रविवार की सुबह 11 से अपराह्न 4 बजे तक महानगर के टाउहाल विद्युत उपकेंद्र के टाउनहाल फीडर, राप्तीनगर उपकेंद्र के रामजानकरीनगर फीडर, रूस्तमपुर उपकेंद्र के राजीवनगर फीडर व भटहट उपकेंद्र (ग्रामीण) के भटहट व तरकुलवा फीडर, विद्युत उपकेंद्र इंडस्ट्रीयल स्टेट व गोरखनाथ की विद्युत उपकेंद्र बाधित रहेगी।

पोखरे में डूबने से बालक की मौत

गोला (एसएनबी)। गोला थाना क्षेत्र के चंदौली गांव में शनिवार को सुबह एक तीन वर्षीय बालक की पोखरे में डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने बताया कि आरव पुत्र मोनू खेत में सिंचाई कर रहे अपने पिता के पास जा रहा था। खेत के बगल में ही एक पोखरा हैं, शायद पैर फिसलने से वह पोखरे में गिर गया। काफी देर बाद जब उसे खोजा गया। नहीं मिलने पर जब पोखरे में ढूंढा गया तो उसका शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। इसके बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। नौकरी दिलाने के नाम पर पैसा लेने वाले व्यक्ति के खिलाफ शाहपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने जांच के दौरान अभियुक्त सुधीर कुमार मिश्रा को दबोच लिया। आरोपी सुधीर कुमार मिश्रा पुत्र स्व. रामनगीना मिश्रा निवासी कीरतपुर कोलड़ा थाना कोतवाली रुद्रपुर जिला उधम सिंह नगर उत्तराखण्ड स्थाई पता ग्राम सोनकरा थाना असाव जिला सिवान बिहार के खिलाफ धारा 419, 420, 467, 468, 471, 504, 506,120 बी के तहत मुकदमा दर्ज था। पीड़ित की ओर से तहरीर दिया गया कि अभियुक्तों द्वारा नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर पैसा लिया गया तथा पैसा मांगने पर जान से मारने की धमकी दी गयी। मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष शाहपुर चन्द्रभान सिहं अपने सहयोगी एसआई साहब सिंह और सिपाही सुनील कुमार के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।

घर जा रही छात्राओं से छेड़छाड़, मुकदमा

हरपुर-बुदहट (एसएनबी)। हरपुरबुदहट थाना क्षेत्र के एक गांव की तीन छात्राओं की तहरीर पर पुलिस ने आलोक पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम भैंसहिया के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को तहरीर देकर छात्राओं ने बताया कि हम लोग रोजाना क्षेत्र के एक महाविद्यालय में पढ़ने आती जाती हैं। 20 दिसम्बर को हम लोग भाई के साथ वाइक से 10.50 मिनट के करीब महाविद्यालय से परीक्षा देकर घर जा रही थी कि आलोक पुत्र अज्ञात ने रास्ते में घेर कर कमेन्ट करते हुए हमारे भाई के वाइक में ठोकर मार दिया जिससे हम लोग वाइक से नीचे गिर गए और वाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद वह चलता बना। इसके पहले भी आलोक कई बार इस तरह की घटना हम लोगों के साथ कर चुका है। इस संदबं में थानाध्यक्ष विवेक कुमार मिश्र ने बताया कि तहरीर मिली है। आलोक पुत्र अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

बाइक सवार की मौत

गजपुर (एसएनबी)। गगहा थाना क्षेत्र के गजपुर-कौड़ीराम मार्ग पर शनिवार की सुबह अज्ञात वाहन की चपेट में बाइक सवार युवक आ गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौड़ीराम भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बाइक सवार की पहचान रामजी चौहान पुत्र रामदेनी चौहान निवासी छपरा-सरांव थाना एकौना जनपद देवरिया के रूप में हुई। पुलिस ने शव के कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

टेलर की ठोकर से बाइक सवार की मौत

जैतपुर (एसएनबी)। गीडा थाना क्षेत्र में शनिवार की शाम लगभग 5.30 बजे बाइक सवार टेलर की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। टेलर पकड़ ली गई है। जैतपुर थाना गीडा निवासी सुधांशु त्रिपाठी (24) पुत्र कमल कुमार त्रिपाठी टोल प्लाजा से जीरो प्वाइंट की ओर आ रहा था। यदुवंशी होटल एंड रेस्टोरेंट के बाएं साइड में टर्न होने पर टेलर गाड़ी से टक्कर लगने से युवक सुधांशु की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। मौके पर टेलर गाड़ी पकड़ ली गई है। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस इस मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने वाले पर केस

मझगांवा (एसएनबी)। गगहा थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिक छात्रा को भगाकर ले जाने वाले युवक के खिलाफ गगहा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक गगहा थाना क्षेत्र की सरीफून निशा ने तहरीर देकर गगहा पुलिस को बताया कि उसकी लड़की एक दिसंबर को स्कूल में पढ़ने के लिए गई थी। देर शाम तक वापस नहीं आई तो हम परिवार के लोग परेशान हो गए। उसका आरोप है कि नाबालिग से बीरेंद्र पुत्र अनिरुद्ध बातचीत करता था। वही मेरे लड़की को बहला- फुसलाकर ले गया है। उसका आरोप है कि लड़की की शादी की तैयारी के लिए उसने सोने -चांदी के लगभग दस लाख के गहने घर पर रखी थी जिसे लड़की अपने साथ ले गई है। पीड़िता की शिकायत पर गगहा पुलिस ने विरेंद्र पुत्र अनिरुद्ध पासवान के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस सम्बन्ध में थानाप्रभारी अंजुल चतुर्वेदी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। शीघ्र ही आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

धोखाधड़ी कर जमीन बैनामा कराने वाले दो गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। कूटरचित दस्तावेज दिखाकर जमीन बैनामा कराने के नाम पर धोखाधड़ी कर पैसा लिया गया। जमीन बैनामा नहीं किया और पैसा मांगने पर जानमाल की धमकी देने के मामले में गुलरिहा पुलिस ने धारा 318(4), 351(3), 61(2), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस के तहत नामजद मुकदमा दर्ज किया। पुलिस अभियुक्तों की तलाश में लगी थी। थानाप्रभारी विजय प्रताप सिंह के साथ एसआई आदर्श पाण्डेय, आयुष द्विवेदी व हितेश कुमार तथा सिपाही सनद जयसूर्या और सुचित संग मुखबिर की सूचना पर निकले तथा नामजद अभियुक्त मनोज कुमार यादव पुत्र मिठाईलाल यादव निवासी हरपुर सुखर थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर व अजय यादव पुत्र मानिक यादव निवासी तुलसी देई थाना पिपराईच को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से दो आधार कार्ड जिसमें एक कूटरचित है। मोबाईल फोन और चार पहिया वाहन बरामद किया। यही नहीं दो नंबर प्लेट भी बरामद किया जिसमें एक कूटरचित नम्बर प्लेट है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया।

परई ताल के किनारे मिला युवक का मिला शव

गोरखपुर (एसएनबी)। परई ताल थाना बेलीपार क्षेत्र में शनिवार को एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार किसान परई ताल के पास खेतों की सिंचाई कर रहे थे। इसी दौरान ताल के किनारे एक युवक का शव पड़ा दिखाई दिया। ग्रामीणों ने पास जाकर देखा तो युवक के शरीर का ऊपरी हिस्सा निर्वस्त्र था, जबकि नीचे पेंट पहना हुआ था। इसके बाद तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। बेलीपार एवं बांसगांव प्रतिनिधि के अनुसार इधर ग्रामीणों की सूचना पर बेलीपार थाना प्रभारी विशाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के थाना क्षेत्रों में पहचान कराने का प्रयास कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

भाषण एवं काव्य प्रतियोगिता आयोजित

गोरखपुर (एसएनबी)। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की उपलब्धियों के परिप्रेक्ष्य में 'सुशासन का महत्व' विषय पर भाषण प्रतियोगिता एवं काव्य पाठ का भव्य आयोजन किया गया। शनिवार को इस प्रतियोगिता में एनएसएस स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपने मौलिक विचारों को स्पष्टता से व्यक्त किया तथा कविता पाठ के जरिए अटल जी के विचारों को स्मरण किया। निर्णायक मंडल में डा. प्रज्ञा सिंह एवं अश्वनी कुमार रहे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के दर्शन का भी स्मरण कराया, कहा कि स्वामी विवेकानंद का उद्घोष 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो' प्रत्येक छात्र के जीवन का मंत्र बनना चाहिए।

शिक्षकों को मिला टीचर्स अवार्ड्स

गोरखपुर(एसएनबी)। सेंट पॉल स्कूल, गोरखपुर के सम्मानित संस्थापकों, रेव. जी़ चंद्र और श्रीमती निर्मला चंद्र द्वारा स्थापित और उत्तर प्रदेश राज्य में सतत विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए समर्पित मैरियन फाउंडेशन ने टीचर अवार्ड्स गोरखपुर के चौथे संस्करण का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में शिक्षण में उत्कृष्ता का जश्न मनाया गया और साथ ही मैरियन फाउंडेशन की समाज सेवा के 16 साल पूरे होने का भी स्मरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान रेव. जी़ चंद्र ने कहा, मैरियन फाउंडेशन समाज की सेवा के लिए, विशेष रूप से खेल, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्रों में, गहराई से प्रतिबद्ध है। हमारा काम युवा चौंपियनों को सशक्त बनाने, शिक्षण की विरासत को आगे

सेंटपॉल स्कूल

बढ़ाने वाले शिक्षकों को सम्मानित करने और समुदायों के स्वास्थ्य और कल्याण का समर्थन करने पर केंद्रित है।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर की कुलपति प्रो़ डा. पूनम टंडन उपस्थित रही। कार्यक्रम में सेंट मार्क सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, नई दिल्ली की प्रिंसिपल और राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2023 से सम्मानित सुश्री रितिका आनंद भी उपस्थित थीं, जिन्होंने राष्ट्रीय पाठ्यक्रम फ्रेमवर्क को समझना और शिक्षकों के लिए इसके निहितार्थ विषय पर मुख्य भाषण दिया, जिसमें कक्षा अभ्यास और शैक्षिक नेतृत्व के बारे में बहुमूल्य जानकारी दी गई। सभा को संबोधित करते हुए, मैरियन फाउंडेशन के ट्रस्टी और सेंट पॉल स्कूल, गोरखपुर के एग्जीक्यूटिव प्रिंसिपल डा. अमरीश चंद्र ने शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल के क्षेत्रों में फाउंडेशन के लगातार प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने मार्च 2026 में होने वाले आगामी मैरियन हेल्थ अवार्ड्स एडिशन 2 की योजनाओं के बारे में भी बताया, जिसका मकसद गोरखपुर के हेल्थकेयर समुदाय को सशक्त बनाना और उन्हें पहचान दिलाना है। **इनक्रेडिबल टीचर जूनियर (ग्रेड नर्सरी-2) :** पिंकी मद्धेशिया - सेंट पल्स स्कूल, पारसा मलिक, आईसीएवई विजेता, शिवम यादव - नेक्स्टजेन स्कलर्स एकेडमी, प्रथम उपविजेता, सुरुचि - स्टार हाइब्रिड स्कूल,- द्वितीय उपविजेता। **इनक्रेडिबल टीचर एलिमेंट्री (ग्रेड 3 8) :** शेष नाथ चौधरी - टिटू वर्ल्ड स्कूल - विजेता, सुप्रिया मिश्रा - वीरेंद्र नाथ गांगुली मेमोरियल स्कूल प्रथम उपविजेता, मुसर्रत जहां - स्प्रिंगर लोरेटो स्कूल, द्वितीय उपविजेता। **इनक्रेडिबल टीचर सीनियर (ग्रेड 9 -12) :** देबोस्मिता दास - स्प्रिंगर पब्लिक स्कूल,अभिमन्यु सिंह ,योगेश शुक्ला,मेकिंग ए डिफरेंस (खेल)'दुर्गेश नंदिनी प्रथम उपविजेता, मुकेश कुमार - शिव शक्ति ओडिशा पब्लिक स्कूल, बलिया - विजेता,शिवम बाथवाल - एचपी चिल्ड्रन्स एकेडमी, विजेता,नवीन मिश्रा - सेंट पल स्कूल गोरखपुर सहित अन्य शामिल थे।

यूरिया के गोलमाल में दो दुकानदारों पर ईसी एक्ट में केस

- भटहट व सहजनवां में जिला कृषि अधिकारी ने की छापेमारी
- डीएम के अनुमोदन पर दर्ज हुआ केस

गोरखपुर (एसएनबी)। जिला कृषि अधिकारी डीपी सिंह द्वारा छापेमारी के दौरान आईएफएमएस पोर्टल में प्रदर्शित उर्वरकों के सापेक्ष उर्वरक बिक्री केन्द्र पर भौतिक रूप से उपलब्ध उर्वरकों में अन्तर पाया जाना, उर्वरक व्यवसाय से संबंधित अभिलेख का अवलोकन न कराये जाने व यूरिया खाद की अधिक मूल्य लिये जाने संबंधी प्राप्त शिकायत के कारण दो व्यवसायियों के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के अर्न्तगत प्रथम सूचना रिर्पोट दर्ज करायी गयी।

18 दिसम्बर 2025 को विकास खण्ड भटहट में मेसर्स श्री माँ लक्ष्मी ट्रेडिंग कम्पनी स्थान जंगल डुमरी नं.-1, चम्बल घाटी के प्रोपराइटर दीपचंद जायसवाल के उर्वरक प्रतिष्ठान का आकस्मिक निरीक्षण/जांच किया गया। जांच के दौरान उक्त प्रतिष्ठान पर बब्लू जायसवाल पुत्र जवाहर लाल उपस्थित मिले तथा उनके द्वारा मौके पर उर्वरक व्यवसाय से संबंधित अभिलेख यथा उर्वरक विक्रय प्रमाण पत्र, स्टाक/बिक्री पंजिका, पीओएस मशीन का अवलोकन नहीं कराया गया, बल्कि यह कहा गया कि उक्त उर्वरक विक्रय प्रमाण पत्र (लाइसेन्स) मेरे बड़े भाई दीपचंद जायसवाल के नाम से निर्गत हुआ है। इस प्रकार उर्वरक व्यवसाय से संबंधित समस्त अभिलेख उन्हीं के पास है। इसी क्रम में मेसर्स श्री मा लक्ष्मी ट्रेडिंग कम्पनी के उर्वरक परिसर में यूरिया 56 बोरी तथा एसएसपी 10 बोरी पाया गया, परन्तु फर्म के आईएफएमएस पोर्टल पर आईडी संख्या-682037 पर यूरिया 304 बोरी, एसएसपी मात्रा 250 बोरी एवं एमओपी मात्रा 47 बोरी पाया गया। ऐसी दशा में जच के दौरान उर्वरक प्रतिष्ठान पर पीओएस मशीन में प्रदर्शित उर्वरक के स्टाक एवं बिक्री केन्द्र/गोदाम पर उपलब्ध भौतिक स्टाक का सत्यापन के दौरान आईएफएमएस पोर्टल में प्रदर्शित यूरिया उर्वरक के सापेक्ष उर्वरक बिक्री केन्द्र पर भौतिक रूप से उपलब्ध यूरिया उर्वरक में 248 बोरी, एसएसपी उर्वरक में 240 बोरी तथा एमओपी में 47 बोरी का अन्तर मिला तथा मौके पर उर्वरक प्रतिष्ठान पर रेट/स्टाक बोर्ड दीवाल पर बना हुआ था, पर उर्वरकों का प्रदर्शन जैसे उर्वरक का उपलब्ध मात्रा व बिक्री दर का अंकन न होना, उर्वरक व्यवसाय से संबंधित अभिलेख का अवलोकन न कराये जाने के साथ ही यूरिया, एसएसपी एवं एमओपी उर्वरक में काफी अन्तर पाये जाने के कारण कार्यवाही की गयी है।

मेसर्स निषाद खाद भण्डार स्थान जोगिया कोल विकास खण्ड सहजनवा के विरूद्ध यूरिया उर्वरक की बिक्री निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर बिक्री की शिकायत के संदर्भ में उक्त तिथि को ही अधोहस्ताक्षरी द्वारा आकस्मिक निरीक्षण/ जांच किया गया। जांच के दौरान प्रतिष्ठान पर दिनेश निषाद पुत्र भागीरथी उपस्थित मिले तथा उनके द्वारा मौके पर उर्वरक व्यवसाय से संबंधित अभिलेख यथा उर्वरक विक्रय प्रमाण पत्र, स्टाक/बिक्री पंजिका, पीओएस मशीन का अवलोकन कराया गया तथा यह कहा गया कि उक्त उर्वरक विक्रय प्रमाण पत्र (लाइसेन्स) मुरलीधर सिंह के नाम से निर्गत हुआ है, परन्तु उर्वरक का व्यवसाय मेरे (दिनेश निषाद) द्वारा ही किया जाता है। इसी क्रम में उक्त व्यवसायी के उर्वरक परिसर में मे. कोरोमंडल इण्टरनेशनल लि. निर्मित यूरिया 121 बोरी पाया गया। उक्त फर्म के आईएफएम एस पोर्टल पर आईडी संख्या-1342823 पर मे. कोरोमंडल इण्टरनेशनल लि. यूरिया 146 बोरी पाया गया। ऐसी दशा में जॉच के दौरान उर्वरक प्रतिष्ठान पर पीओएस मशीन में प्रदर्शित उर्वरक के स्टाक एवं बिक्री केन्द्र/गोदाम पर उपलब्ध भौतिक स्टाक का सत्यापन के दौरान यह पाया गया कि आईएफएमएस पोर्टल में प्रदर्शित यूरिया उर्वरक के सापेक्ष उर्वरक बिक्री केन्द्र पर भौतिक रूप से उपलब्ध यूरिया उर्वरक में 25 बोरी का अन्तर मिला तथा मौके पर उर्वरक प्रतिष्ठान पर रेट/स्टाक बोर्ड पर उर्वरकों का प्रदर्शन जैसे उर्वरक का उपलब्ध मात्रा व बिक्री दर का अंकन न होना, यूरिया उर्वरक की बिक्री निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर लिखित शिकायत तथा यूरिया उर्वरक स्टक में अन्तर पाया जाना, यह परिलक्षित होता है कि उपरोक्त दोनों उर्वरक व्यवसायियों द्वारा उर्वरकों की कालाबाजारी/जमाखोरी में संलिप्त हैं। उक्त कृत्य उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 का स्पष्ट उल्लंघन होने के कारण आवश्यक वस्तु अधिनियम् 1955 की धारा 3/7 के अधीन दण्डनीय अपराध है। इस प्रकार सम्पूर्ण प्रकरण को जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत करते हुए प्राप्त अनुमति के उपरान्त मेसर्स श्री मा लक्ष्मी ट्रेडिंग कम्पनी स्थान जंगल डुमरी नं-1, चम्बल घाटी के प्रोपराइटर दीपचंद जायसवाल एवं मेसर्स निषाद खाद भण्डार स्थान जोगिया कोल के प्रोपराइटर मुरलीधर सिंह व विक्रेता दिनेश निषाद के विरूद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के अर्न्तगत क्रमश संबंधित थाना क्षेत्र सहजनवा एवं गुलहरिया में प्रथम सूचना रिर्पोट दर्ज कराया गया है। इसके अतिरिक्त शासन द्वारा जारी शासनादेशों एवं समय-समय पर जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन के क्रम में अवैध रूप से उर्वरकों की कालाबाजारी/ टैगिंग करने वाले संलिप्त व्यक्तियों /विक्रेताओं के विरूद्ध यह अभियान निरन्तर चलता रहेगा तथा उर्वरक नियंत्रण आदेशों की अवहेलना करने पर संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध भी नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

जीवन में शिक्षा के साथ स्वास्थ्य भी जरूरी : रामनाथ

- एसवीएम इंटर कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता का समापन
- खिलाड़ी खेल के माध्यम से उच्च शिखर पर पहुंच कर अपना, अपने परिवार का व देश का नाम रोशन कर रहे हैं : सुरेन्द्र अग्रवाल

गोरखपुर (एसएनबी)। जिस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में शिक्षा का महत्व है उसी प्रकार स्वास्थ्य का भी महत्वपूर्ण स्थान है। क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है।

उक्त बातें पूर्व प्रधानाचार्य मारवाड़ इंटर कालेज मुख्य अतिथि रामनाथ गुप्ता ने सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आर्य नगर उतरी में आयोजित

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से विद्यार्थी अपने प्रतिभा को निखार सकते हैं। उन्हें जीवन में अपने लक्ष्य तय कर लेना चाहिए तथा उस लक्ष्य के प्रति समर्पित हो जाना चाहिए। खेल के माध्यम से छात्र अपना भविष्य बना सकते हैं।

कार्यक्रम अध्यक्ष व विद्यालय के मंत्री सुरेंद्र कुमार अग्रवाल ने कहा कि जो पूर्व धारणा थी कि खेलोगे कूदोगे तो होगे खराब, पढ़ोगे लिखोगे तो बनोगे नवाब। आज के परिपेक्ष्य में गलत साबित हो रही है। खिलाड़ी खेल के माध्यम से उच्च शिखर पर पहुंच रहे हैं तथा अपना, अपने परिवार का एवं देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

आभार ज्ञापन संस्थान प्रमुख शिव जी सिंह ने किया। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि बच्चे जिस भी क्षेत्र में लगे हैं उस क्षेत्र में सफल हो यही मेरी कामना है। विद्यालय के प्रधानाचार्य विष्णु प्रताप सिंह सभी अतिथियों का परिचय कराते हुए सभी खेलों में प्रतिभागी छात्रों का उत्साह वर्धन किया एवं उन्हें जीवन में निरंतर बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। वार्षिक खेलकूद समारोह में रस्साकशी, वालीबाल, कबड्डी , खो -खो, कैरम, शतरंज ,बैडमिंटन, शट पुट आदि खेल शामिल किए गए थे। इस अवसर पर मैच रेफरी प्रवीण कुमार पांडेय एवं ओमनाथ कश्यप तथा विद्यालय के आचार्य आचार्या अरविंद कुमार राय, विजय कुमार, उमेश राय, डॉक्टर वीरेंद्र तिवारी, डॉक्टर सरोज राय, राज किशोर सिंह, आदित्य पांडेय, दीप नारायण यादव, प्रदीप पाठक, अभय पटेल, सीमा गुप्ता, अशोक गुप्ता, महेंद्र गुप्ता एवं भारी संख्या में छात्र व अभिभावक मौजूद रहे।

सराहनीय भूमिका में रहते है वार्डेन : दीपक मीणा

गोरखपुर (एसएनबी)। नागरिक सुरक्षा के 63वें स्थापना दिवस का समापन शनिवार को रूट मार्च एवं वार्डेन सम्मान समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। रूट मार्च को उपनियंत्रक सत्य प्रकाश सिंह,चीफ वार्डेन डा. संजीव गुलाटी,डिप्टी चीफ वार्डेन ड.शरद श्रीवास्तव, डिवीजनल वार्डेन विकास जालान व अखिलेश ओझा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शनिवार की सुबह नौ बजे एमएसआई इंटर कालेज से रूट मार्च निकाला गया। रूट मार्च में नागरिक सुरक्षा के वार्डेनों के दस्ता के साथ होमगार्ड दस्ता, पीएसी दस्ता,पुलिस बैंड,एनसीसी

नागरिक सुरक्षा कोर के तत्वावधान प्रमाण पत्र प्रदान करते एसएसपी राजकरन नय्यर, जिलाधिकारी दीपक मीणा व चीफ वार्डेन डा संजीव गुलाटी। फोटो : एसएनबी

कैडेट, पूर्वोत्तर रेलवे नागरिक सुरक्षा सदस्य,अग्निशमन दल का दस्ता शामिल था। रूट मार्च इंटर कालेज से निकलकर बक्शीपुर,अग्रसेन तिराहा,टाउनहाल,कचहरी चौक पुनः टाउनहाल होते हुए इस्लामियां कालेज वापस पहुंचा। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि शहर में शांति व्यवस्था बनाये रखने में नागरिक सुरक्षा के वार्डेनों का बड़ा ही प्रशंसनीय योगदान रहा है। वार्डेनों की सामुदायिक सहभागिता एवं व्यवहार परिवर्तन में अग्रणी भूमिका रहती है। एसएसपी राजकरण नैय्यर ने कहाकि नागरिक सुरक्षा एक ऐसा प्लेटफार्म है जहां वार्डेन आत्म संतुष्टि की चाहत में तन,मन एवं धन से कार्य करते है। मैं सभी वार्डेनों के कार्यो की प्रशंसा करता हूं। उपनियंत्रक सत्य प्रकाश सिंह ने कहा किया गीता के सर्व भूत हिते रतः ध्येय के ही अनुरूप नागरिक सुरक्षा की स्थापना हुई है। चीफ वार्डेन डा. संजीव गुलाटी ने कहाकि हमारे वार्डेन सभी धार्मिक पर्वो, प्रशासनिक कार्यो में सराहनीय भूमिका में रहते है। कार्यक्रम को मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान सहायक उपनियंत्रक वेद प्रकाश यादव,नीरज श्रीवास्तव,सुरेश कुमार,संतोष श्रीवास्तव,डिवीजनल वार्डेन कोतवाली विकास जालान,अखिलेश ओझा,राजेश चंद्र चौधरी,डिप्टी डिवीजनल वार्डेन डा.उमेश चंद श्रीवास्तव, मुर्तजा आलम,ध्यान प्रकाश तिवारी,स्टाफ अफसर सौरभ सिंह, आशुतोष द्विवेदी,अमर नाथ जायसवाल, कुमार आदर्श आनन्द,कार्यालय स्टाफ अनूप सिंह,वेद प्रकाश मौर्या की उपस्थिति रही। **इनको किया गया पुरस्कृत :** श्रीमती सीमा छापड़िया, सिल्की अग्रवाल, डा. सुश्रेया त्रिपाठी, प्रीति चांदवासिया, खुशबू मोदी,दीप्ती जायसवाल साथ ही सर्वश्रेष्ठ प्रखण्ड का पुरस्कार देशराज गुलाटी की स्मृति में कोतवाली प्रखण्ड को,सर्वश्रेष्ठ वृक्षारोपण का पुरस्कार ठाकुर प्रसाद ओझा स्मृति पुरस्कार कोतवाली प्रखण्ड को, रक्तदान का पुरस्कार जानकी प्रसाद स्मृति पुरस्कार कोतवाली प्रखण्ड को, सर्वश्रेष्ठ संख्या बल का पुरस्कार साजिद अली स्मृति पुरस्कार गोरखनाथ प्रखण्ड को, स्व. सीताराम लाल श्रीवास्तव स्मृति पुरस्कार झांकी हेतु सिविल लाइन्स प्रखण्ड को, स्मृति शेष सत्य नारायण जालान स्मृति पुरस्कार सर्वश्रेष्ठ वार्डेन केशव मल्होत्रा को, स्व. जगदीश प्रसाद गुप्ता स्मृति पुरस्कार सर्वश्रेष्ठ वार्डेन आदित्य गुप्ता को, स्व.मुन्नालाल स्मृति पुरस्कार सर्वश्रेष्ठ वार्डेन घनश्याम सहानी के अलावा डा. संजीव गुलाटी, सत्य प्रकाश सिंह, वेद प्रकाश यादव,सन्तोष श्रीवास्तव,सुरेश कुमार,महबूब सईद,नैय्यर आलाम,विकास जालान, अखिलेश ओझा, राजेश चंद्र चौधरी,मूर्तजा आलम,मनौव्वर सुल्ताना,ध्यान प्रकाश तिवारी,सौरभ सिंह,डा.सिद्ध नाथ,तिवारी एवं डा.विजय श्रीवास्तव सहित 400 वार्डेनों को पुरस्कृत किया गया।

डा. विजय को महानिदेशक ब्रोंज डिस्क सम्मान

- जिलाधिकारी व एसएसपी ने लगाया ब्रोंज डिस्क,दिया प्रशंसा पत्र

गोरखपुर (एसएनबी) । डा. विजय कुमार श्रीवास्तव को महानिदेशक नगारिक सुरक्षा की ओर से प्रशंसा पत्र तथा ब्रोंज डिस्क प्रदान किया गया है। शनिवार को बक्शीपुर स्थित मियां साहब इस्लामिया इंटर कालेज में आयोजित समारोह में जिलाधिकारी दीपक मीणा तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करण नैय्यर ने डा. श्रीवास्तव को ब्रोंज डिस्क लगाकर सम्मानित किया। स्टाफ अफिसर टू डिविजनल वार्डन (फायर) के तौर पर पिछले 25 साल से डा. विजय कुमार श्रीवास्तव अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इन्होंने कई बार अपनी सेवा का सर्वोत्तम उदाहरण प्रस्तुत किया है। वर्ष 2024 में नागरिक सुरक्षा, उत्तर प्रदेश में सेवा करते हुए इन्होंने सर्वाधिक सार्थक कर्तव्यनिष्ठा एवं कार्य कुशलता का परिचय दिया था। इसको देखते हुए महानिदेशक अग्नि सेवा, नागरिक सुरक्षा, गृह रक्षा, गृह मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से प्रशंसा पत्र तथा ब्रोंज डिस्क प्रदान किया है।

मेडिकल लैबोरेटरी टेक्नोलाजिस्ट स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ : जीएन सिंह

- महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में मेडिकल लैबोरेटरी तकनीक में नवाचार, गुणवत्ता, अनुसंधान एवं राष्ट्रनिर्माण पर हुआ गहन विमर्श

गोरखपुर (एसएनबी)। आल इंडिया मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलाजिस्ट एसोसिएशन एवं महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 44वीं राष्ट्रीय संगोष्ठी (एमल्टाकॉन-2025) के पहले दिन देश के विभिन्न राज्यों से आए मेडिकल लैबोरेटरी टेक्नोलाजिस्ट, वरिष्ठ चिकित्सक, शिक्षाविद, वैज्ञानिक, शोधकर्ता एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

मुख्य अतिथि व मुख्यमंत्री के सलाहकार डा. जीएन सिंह ने कहा कि मेडिकल लैबोरेटरी टेक्नोलाजिस्ट संपूर्ण स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं। सटीक एवं समयबद्ध जांच के बिना प्रभावी उपचार की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने लैब प्रोफेशनल्स से सतत प्रशिक्षण एवं नवीन तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया। अध्यक्षता कर रहे मेजर जनरल (डा.) अतुल बाजपेयी ने कहा कि आज का युग तकनीक, अनुसंधान और नवाचार का है। मेडिकल लैबोरेटरी क्षेत्र में सतत कौशल उन्नयन, नैतिक मूल्यों और गुणवत्ता आधारित कार्य संस्कृति को अपनाकर ही बेहतर एवं विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकती हैं।

आल इंडिया मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलाजिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय कांफ्रेंस में उपस्थित अतिथिगण। फोटो : एसएनबी

विशिष्ट अतिथि व एम्स की कार्यकारी निदेशक डा. विभा दत्ता ने कहा कि मेडिकल लैब टेक्नोलाजिस्ट की भूमिका केवल जांच तक सीमित नहीं है, वे नैदानिक निर्णय प्रक्रिया के महत्वपूर्ण स्तंभ बन चुके हैं। आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं में उनकी भूमिका निरंतर बढ़ रही है। डा. हरि शंकर जोशी, निदेशक आईसीएमआ-आरएमआरसी गोरखपुर ने कहा कि अनुसंधान आधारित प्रयोगशाला सेवाएं ही भविष्य की स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत कर सकती हैं। बीआरडी मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. रामकुमार ने कहा कि मेडिकल शिक्षा और प्रयोगशाला सेवाओं के बीच बेहतर समन्वय समय की आवश्यकता है। महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति डा. के. राम चंद्र रेड्डी ने कहा कि आधुनिक चिकित्सा एवं आयुष पद्धतियों में वैज्ञानिक जांच की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। महापौर डा. मंगलेश कुमार ने कहा कि गोरखपुर जैसे शहर में राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन आयोजित होना गौरव का विषय है।

एआईएमएलटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनमोहन दास ने कहा कि एमल्टाकॉन-2025 का उद्देश्य मेडिकल लैबोरेटरी प्रोफेशनल्स को एक साझा मंच प्रदान कर उनके अधिकारों, सम्मान, मान्यता एवं कौशल विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। राष्ट्रीय सचिव देवेंद्र प्रसाद ने कहा यह सम्मेलन केवल ज्ञानवर्धन तक सीमित नहीं रहेगा। आर्गनाइजिंग चेयरमैन रणजीत गुप्ता ने सभी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि आगामी सत्रों में तकनीकी व्याख्यान, शोध पत्र प्रस्तुतियां, पैनल चर्चा एवं संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे। इससे प्रतिभागियों को व्यावहारिक, अकादमिक एवं पेशेवर लाभ मिलेगा।

सेहत से लेकर विकास तक डॉ. लाहिड़ी का रहा खास योगदान

- पांच दशक तक रोज दो घंटे गरीबों का किया मुफ्त इलाज
- 21 दिसम्बर को डा. लाहिड़ी ने ली थी अंतिम सांस
- नगरपालिका के चेयरमैन भी बने थे डा. लाहिड़ी

गोरखपुर (एसएनबी)। आधुनिक चिकित्सा पद्धति एलोपैथी में प्राइवेट प्रेक्टिस करने वाले महानगर के पहले चिकित्सक डा. केएन लाहिड़ी को धरती का भगवान कहा जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। डाक्टर बनने के बाद उन्होंने पांच दशक तक गरीब मरीजों के लिए रोजाना दो घंटे समर्पित किया। वह जहां भी रहे डाक्टर की भूमिका का निर्वहन करते रहे। वह अपने साथ दवाओं का बैग लेकर चलते थे। सामाजिक सरोकारों से भी उनका गहरा जुड़ाव रहा।

डा. लाहिड़ी लखनऊ स्थित केजीएमसी के टापर थे। आजादी के पहले वर्ष 1925 में उन्होंने सरकारी नौकरी शुरू की लेकिन रास नहीं आई। इस्तीफा देकर वह एलोपैथ पद्धति में प्रेक्टिस करने वाले गोरखपुर शहर के पहले प्राइवेट प्रैक्टिसनर बने। गोरखपुर में मेडिकल कालेज की स्थापना हुई तो डा. लाहिड़ी ने 1974 में सर्जरी विभाग में ज्वाइन किया। डा. लाहिड़ी तत्कालीन गोरखपुर विश्वविद्यालय से लेकर दर्जनभर प्रमुख संस्थाओं के संस्थापक सदस्य भी रहे। डा. केएन लाहिड़ी का जन्म 17 जुलाई 1900 में हुआ था। 1935 में डा. लाहिड़ी का विवाह कलकत्ता में माया देवी के साथ हुआ। 21 दिसम्बर 1976 को वह गोलोकवासी हो गए।

डा. लाहिड़ी ने कई संस्थानों की रखी बुनियाद

स्व. डा. केएन लाहिड़ी

वर्ष 1950 में एक कुष्ठ सेवा आश्रम की स्थापना में डा. लाहिड़ी का बड़ा योगदान रहा। 1948 में गोरखपुर नोटिफाइड एरिया होने के बाद वे चेयरमैन बने। उन्होंने गोरखपुर रेलवे स्टेशन से राजघाट तक शहर की पहली सीमेंटेड सड़क बनवाई। आज के गोलघर की बुनियाद भी डा. लाहिड़ी ने ही रखी थी। वर्ष 1965 में नगर पालिका का चेयरमैन निर्वाचित होने पर उन्होंने गणेश चौक से विजय चौक, बक्शीपुर होते हुए साहबगंज तक सीमेंट रोड का निर्माण कराया। डा. लाहिड़ी चारुचन्द्र दास के बहुत करीब थे। उन्होंने चारुचन्द्र दास ट्रस्ट का गठन किया।

चिकित्सकों के लिए सच्चे पथ प्रदर्शक रहेंगे डा. लाहिड़ी : डा. शाही

आईएमए गोरखपुर के मीडिया प्रभारी व हृदय रोग विशेषज्ञ डा. प्रकाश चंद्र शाही ने कहा कि स्वर्गीय डा. केएन लाहिड़ी चिकित्सा जगत के ऐसे जीवंत उदाहरण रहे जिससे कोई भी प्रेरणा ले सकता है। डा. लाहिड़ी ने लोगों की सेहत से लेकर शहर के विकास तक में बड़ा योगदान दिया। वह हम सभी चिकित्सकों के लिए ऐसे प्रकाशपुंज हैं, जो सदैव सच्चे पथ प्रदर्शक की तरह रास्ता दिखाते रहेंगे।

अनुशासन सिखाता है खेल : संजय

- विजेताओं को पुरस्कृत कर सृजन के खेल महोत्सव का हुआ समापन

गोरखपुर (एसएनबी)। गोरखपुर संस्कृति पब्लिक स्कूल 'सृजन' में 17 दिसम्बर से चल रहे वार्षिक खेल महोत्सव का समापन विजेता छात्रों को पुरस्कृत कर किया गया। खेल महोत्सव के समापन सत्र का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक संजय जायसवाल, राहुल जायसवाल एवं प्रधानाचार्य डा. ज्ञान्ति सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल को अनुशासन, टीम भावना एवं नेतृत्व क्षमता का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों, आयोजकों एवं प्रशिक्षकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करने की बात कही।

खेल महोत्सव में कबड्डी, खो-खो, एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित किया। अंत मे प्रधानाचार्य डा.ज्ञान्ति सिंह ने आभार व्यक्त कर महोत्सव का समापन किया। प्रबन्धकीय मण्डल के जुगुल किशोर, अनिल जायसवाल, अजय जायसवाल, कविता जायसवाल समेत विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक व सहायक की उपस्थिति रही।

अवैध मिट्टी खनन में डंपर व पोकलेन सीज

भरोहिया (एसएनबी)। पीपीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत नदी के गंगबरार इलाके में हो रहे अवैध मिट्टी खनन का मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है। शुक्रवार शाम एक डंपर की चपेट में आकर युवक के घायल होने के बाद ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। आक्रोशित लोगों ने जसवल चौराहे पर चक्का जाम कर दिया, जिससे आवागमन बाधित रहा। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम समाप्त कराया। इसके बाद शनिवार सुबह पीपीगंज पुलिस ने जांच के दौरान बिना नंबर प्लेट के खनन कार्य में लगे पांच डंपरों को जब्त कर थाने लाया।

■ बिना नम्बर प्लेट के चल रहे डंपरों को लाया गया थाने

■ थानाध्यक्ष ने उच्चाधिकारियों को दी जानकारी

अवैध खनन की सूचना पर पहुंचे प्रशासन की टीम।

बताया जा रहा है कि गोरखपुर में संचालित विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए पीपीगंज थाना क्षेत्र के जसवल, तुर्कवलिया एवं सिसई घाट के समीप नदी क्षेत्र से बड़े पैमाने पर मिट्टी खनन किया जा रहा है। इस कार्य में लगभग एक दर्जन पोकलेन मशीनें और करीब सौ डंपरों का उपयोग किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि खनन में लगे अधिकांश डंपर बिना नंबर प्लेट के दिन-रात सड़कों पर दौड़ रहे हैं। डंपरों की तेज रफ्तार और लापरवाही के चलते क्षेत्र में बार-बार जाम की स्थिति बन रही है। साथ ही उड़ती धूल-मिट्टी से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब तक कई लोग इन डंपरों की चपेट में आकर घायल हो चुके हैं। उल्लेखनीय है कि एक माह पूर्व मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देश पर हुई जांच के बाद खनन कार्य पूरी तरह बंद करा दिया गया था, लेकिन बीते एक सप्ताह से यह दोबारा शुरू हो गया था।

शनिवार को पीपीगंज थानाध्यक्ष अरुण सिंह ने जांच के दौरान पकड़े गए डंपरों की जानकारी खनन विभाग और उच्चाधिकारियों को दी। वहीं, मुख्यमंत्री कार्यालय में दर्ज शिकायत के बाद मौके पर पहुंचे खनन अधिकारी अमित सिंह ने जांच के उपरांत छह डंपरों को थाने भेजने तथा तीन पोकलेन मशीनों को मौके पर ही सीज करने के निर्देश दिए। प्रशासन की इस कार्रवाई से खनन माफिया में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं, क्षेत्र में उच्चाधिकारियों के संभावित दौरे को लेकर हलचल तेज हो गई है।

जनता के हर सुख दुःख पर योगी जी की नजर

बड़हलगंज (एसएनबी)। चिल्लूपार के विधायक राजेश त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ की नजर जनता के प्रत्येक सुख दुःख पर है। उन्होंने ठंड के मौसम में गरीबों को ठंड से बचाव के लिये कम्बल भेजा है।

श्री त्रिपाठी शनिवार को बड़हलगंज स्थित रामलीला बाग में शासन द्वारा कम्बल वितरण कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गर्मी, सर्दी या बरसात योगी सरकार हर मौसम में जनता को सहूलियत उपलब्ध कराने के लिये तत्पर रहती है, ठंड के मौसम में कम्बल वितरण सरकार की इस मंशा को दर्शाता है। इस अवसर पर चेयरमैन प्रीति उमर, चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर, एसडीएम गोला अमित कुमार जायसवाल, तहसील गोला सौरभ मौर्य, नायब तहसीलदार जयप्रकाश, सभासद राजीव मिश्र, राकेश राय, सुनील यादव, वीरेन्द्र गुप्त, दीपक शर्मा आदि मौजूद थे।

सिविल फाइलों को ग्राम न्यायालय में स्थानांतरण की मांग

गोला (एसएनबी)। कस्बा स्थित तहसील मुख्यालय पर अधिवक्ताओं ने शनिवार को प्रदर्शन किया और सिविल न्यायालय से 25 हजार रुपया मालियत की फाइलों को ग्राम न्यायालय में स्थानांतरित करने की मांग किया।

अधिवक्ताओं का कहना था कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के बाद 25 हजार रुपया मालियत के मुकदमों की सुनवाई ग्राम न्यायालय में होनी है। तहसील मुख्यालय पर स्थित ग्राम न्यायालय के न्यायाधिकार क्षेत्र की ऐसी फाइलें लगभग पांच हजार की संख्या में बांसगांव व गोरखपुर सिविल न्यायालय में लंबित हैं। अगर ये फाइलें समय पर ग्राम न्यायालय में आ जाती तो वादियों को तेजी से न्याय देने की प्रक्रिया शुरू हो जाती। इससे प्रशासनिक प्रक्रिया में पारदर्शिता आती और रुके हुए मामलों का जल्द निपटारा होता। आम जनता का प्रत्यक्ष फायदा होता लेकिन फाइलों के आने में बेवजह देरी की जा रही है। ऐसे में प्रशासन से मांग है कि सभी लंबित फाइलों की समीक्षा कर तत्काल ग्राम मंगाया जाए ताकि समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

■ तहसील में किया प्रदर्शन समाधान की मांग

इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रंगिदेव मिश्र, मंत्री अमोद गौड़, पूर्व अध्यक्ष गिरिजेश शाही, पूर्व मंत्री शंकरानन्द शुक्ल, गणेश शंकर भारती,रामलखन राय, शंभू प्रसाद मिश्र, ष्ण चंद मौर्य, श्रीनिवास पांडेय, वंशबहादुर गुप्ता, संजय श्रीवास्तव, सतीश उमर, सूर्यप्रकाश यादव आदि तमाम अधिवक्तागण मौजूद रहे।

पुल के पास पत्थर से अवरोध, लग रहा जाम

बड़हलगंज (एसएनबी)। कस्बे में सरयू नदी पर बने बड़हलगंज-दोहरीघाटपुल के पास दोनों तरफ बड़े बड़े पत्थर रख देने से भीषण जाम लग रहा है। शनिवार को दिन भर जाम के चलते लोग परेशान रहे और शासन प्रशासन के खिलाफ गुस्सा व्यक्त करते रहे।

■ सड़क पर पत्थर रख पुलिस रोक रही पशु तस्करी

बताते चलें कि सरयू नदी के पास पुल के दोनों तरफ बड़े बड़े पत्थर रखने से लगा कि शायद पीडब्ल्यूडी विभाग ने रखवाया होगा, मगर जब पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता जयशंकर प्रसाद ने पुल के पास किसी भी तरह के पत्थर रखवाने से इंकार कर दिया। तब वहां पर पुल के नीचे सरयू नदी के तट पर बोल्डर पिचिंग कर रहे सिंचाई विभाग द्वारा पत्थर रखने की बात समझ में आई मगर उनके सहायक अभियंता द्वारा भी इंकार करने से वहां जाम खुलवा रहे सिपाहियों ने बताया कि पुलिस ने इस पत्थर को रखवाया है। यात्रा कर रहे शैलेश शाही, नीरज पाठक, आशीष शाही, विनोद यादव, संजय त्रिपाठी, रोहित वर्मा, डा. रवि वर्मा, ओमप्रकाश सहित अन्य लोगों का कहना था की पुल के पास की सड़क वैसे भी पतली है वहां पर पत्थर रखकर प्रशासन ने लोगों को परेशान करने का काम किया है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी सुनील कुमार राय ने बताया कि पशु तस्करी रोकने के लिए पत्थर की बैरिकेडिंग की गई है। मगर जाम को देखते हुए उसे हटाया जाएगा।

मरीजों को मिली निःशुल्क दवा

जगदीशपुर (एसएनबी)। ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता को देखते हुए कुसम्ही बाजार स्थित अम्बे मेडिकल स्टोर पर शनिवार को आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर जनसेवा की एक अनुकरणीय मिसाल बनकर सामने आया। इस शिविर में वरिष्ठ फिजिशियन एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. ए. के. पाण्डेय द्वारा कुल 62 मरीजों का गहन स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में लाभ लेने वालों में अधिकांश बुजुर्ग महिलाएं रहीं, वहीं बच्चों भी लाभार्थी रहे।

कैंप में बच्चों का निशुल्क उपचार करते डा. एके पाण्डेय व टीम।

शिविर के दौरान मरीजों को न केवल निःशुल्क परामर्श दिया गया, बल्कि आवश्यकतानुसार दवाओं का निःशुल्क वितरण भी किया गया। स्वास्थ्य जांच को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से खून की जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ही श्वसन रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए पिक फ्लो मीटर के माध्यम से फेफड़ों की जांच की गई, जिससे अस्थमा एवं अन्य सांस संबंधी समस्याओं की सटीक पहचान संभव हो सकी। डॉ. ए. के. पाण्डेय ने शिविर में आए मरीजों के परीक्षण के बाद बताया कि बड़ी संख्या में थायराइड, मधुमेह (शुगर), उच्च व निम्न रक्तचाप तथा अस्थमा से ग्रसित मरीज सामने आए। उन्होंने रोगियों को दवाओं के साथ-साथ खान-पान में सावधानी, संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. पाण्डेय ने कहा कि जीवनशैली में छोटे-छोटे सुधार कर अनेक गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जागरूकता की कमी के कारण समय पर इलाज न करा पाने वाले लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है।

यूपीएल-3 का हुआ आगाज

उनवल (एसएनबी)। नगर पंचायत उनवल स्थित स्व. बृंदावन तिवारी स्टेडियम में शनिवार को उनवल प्रीमियम लीग (यूपीएल) सीजन-3 का भव्य उद्घाटन मैच राष्ट्रगान के साथ हुई शुरुआत हुआ।

मैच से पूर्व स्टेडियम में मौजूद खिलाड़ियों हरिओम ज्वेलर्स ने चार विकेट और 9 ओभर में मैच को अपने कब्जे में कर लिया मैन आफ दी मैंच जितेन्द्र यादव को मिला जिसने चार विकेट लिया और 6 रन बनया। एम्पायर के रुप में अमित विश्वकर्मा और सुजीत थे तथा कामनटेटर की भूमिका में मानूं दूबे ने भूमिका निभाई मैच में कुल आठ टीमों ने प्रतिभाग लिए है चेयर मैन महेश कुमार दूबे ने नगर पंचायत के क्रिकेट के खिलाड़ियों को बढ़ावा देने हेतु प्रतिवर्ष उनवल प्रिमियम लीग कराने का कार्य प्रारंभ किया है तथा बताया कि उनवल में शासन द्वारा खेल स्टेडियम का जल्द ही निर्माण कराया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य रुप से चेयरमैन एडवोकेट महेश कुमार दूबे, जनार्दन तिवारी भाजापा नेता, पूर्व प्रधान उनवल तैयब अहमद, जिला पंचायत सदस्य राम बुझारत पासवान, उमाशंकर निषाद पूर्व चेयरमैन, रामचंद्र साहनी, अवधेश शर्मा, परमात्मा तिवारी समाजसेवी एवं नगर पंचायत के सभी सभासद एवं हजारों की संख्या में क्रिकेट प्रेमी उपस्थित थे। आज ही के दिन उद्घाटन के बाद खेले गए दूसरे रोमांचक मुकाबले में दूबे वेल्डिंग मैटेरियल और डझै लायन्स की टीमें आमने-सामने थीं। एमकेएस लायन्स ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। दूबे बिल्डिंग मैटेरियल ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 83 रन बनाए। वही लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमकेएस लायन्स की टीम दबाव नहीं झेल सकी और मात्र 64 रनों पर सिमट गई। दूबे बिल्डिंग मैटेरियल के मोईन खान को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन आफ द मैच चुना गया।

गोरखपुर को 4-1 से पराजित कर खैराबाद सेमीफाइनल में

बड़हलगंज (एसएनबी)। नेशनल स्पोर्टिंग क्लब (ओल्ड) के तत्वावधान में आयोजित अल इंडिया फुटबल टूर्नमिंट के छठवें दिन ग्रुप 'बी' का पहला मुकाबला न्यू स्टार स्पोर्ट्स क्लब आसाम और सिटी फुटबाल क्लब उत्तराखंड के बीच हुआ। खेल दूसरे हाफ के 16 वें मिनट में आसाम के नवीन ने एक गोल दाग कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। वहीं दूसरे हाफ के 31 वें मिनट में उत्तराखण्ड के कमाल ने गोल दाग कर अपनी टीम को 1-1 की बराबरी पर ला दिया और निर्धारित समय तक दोनों टीमें बराबरी पर रही।

वहीं दूसरे मुकाबले में बीआरडी मेडिकल कलेज गोरखपुर और माडर्न स्पोर्टिंग क्लब खैराबाद के बीच खेला गया जिसमें खैराबाद के तालीम ने पहले हाफ के 18 वें मिनट में, दूसरे हाफ के 6 वें मिनट में दूसरा गोल कर के अपनी टीम को 2-0 से बढ़त दिला दिया। खैराबाद ने 4-1 से विजय हासिल करते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर लिया। पहले मैच के मुख्य अतिथि चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख राम आशीष राय, चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर, अंतरराष्ट्रीय कुश्ती कोच चंद्र विजय सिंह रहे। वहीं दूसरे मैच के मुख्य अतिथि डा मंजय सोनी, डा अनुज गुप्त, डा रमेश चंद्र ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

बांसगांव में एडीजे कोर्ट व पालीटेक्निक कालेज खोलने की मांग

बांसगांव (एसएनबी)। गोरक्षनाथ मंदिर में स्थित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कैम्प कार्यालय में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह ने मुख्यमंत्री से भेंटकर बांसगांव क्षेत्र के विकास सम्बंधी विभिन्न विषयों पर चर्चा करने के साथ ही उन्होने पांच मांग पत्र भी सौंपा।

■ भाजपा नेता संजय सिंह ने मुख्यमंत्री से की भेंट, सौंपा समस्याओं के समाधान हेतु पांच मांग पत्र

भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री मांग की कि बांसगांव में आजादी के पूर्व से ही स्थापित दिवानी कचहरी में एडीजे कोर्ट की स्थापना कराने के साथ ही जिले के दक्षिणांचल के सभी थानों को भी सम्बद्ध किया जाय। जिससे जनता को त्वरित और सस्ता न्याय उपलब्ध कराने की सरकार की मंशा साकार हो सके। उन्होने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतितों को तकनिकी शिक्षा हासिल करने के लिए प्रदेश विभिन्न संस्थानों में प्रवेश के लिए भटकना पड़ रहा है। जिससे अभिभावक भारी आर्थिक बोझ वहन करने को विवश हैं। ऐसी दशा में बांसगांव तहसील मुख्यालय एक राजकीय पालीटेक्क्नि कालेज खोला जाना उपयोगी और आवश्यक है। ताकि बच्चों को तकनिकी शिक्षा में दक्ष बनाकर उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाया जा सके।

इसी प्रकार नगर पंचायत बांसगांव का सीमा विस्तार कर आसपास के गांवों को नगर पंचायत में शामिल किया जाय। जिससे कि शामिल किये जाने वाले गावों की जनता को भी नगरीय सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा सके।

ऐसे ही भाजपा नेता ने तहसील मुख्यालय से जिला मुख्यालय सहित अन्य शहरों के लिए बंद पड़ी रोडवेज बस सेवा को पुनः शुरू कराने, यातायात को सुगम बनाने के लिए बांसगांव-कुसमौल मार्ग का चौड़ीकरण कराने तथा नगर पंचायत में वाहनों की बढ़ रही भीड़ के मद्देनजर बाईपास सड़क का निर्माण कराने की भी मांग की।

विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

हाटा बाजार (एसएनबी)। गगहा विकास खण्ड के हाटा बाजार उन्नति एकेडमी में बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी प्रस्तुत किया गया। जिसके मुख्य अतिथि डाक्टर मृदुल शर्मा साइंटिस्ट रहें व विशिष्ट अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रदीप शर्मा रहे बच्चों ने बिजली उत्पादन, हार्वेस्टिंग सिस्टम, एग्रीकल्चर वारमीग ,गृन सिटी , स्मार्ट सिटी,वेस्ट गार्वेज, चन्द्र यान , सहित तमाम कला तियां प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने बच्चों से एक एक कर सबके बिषय में जानकारी ली बच्चों द्वारा विज्ञान के विषय की जानकारी देख गदगद हो गये और उन्होंने ने कहा कि ऐसे आयोजन हर स्कूल में होने से बच्चों में प्रतिभा का निखार आता है। कला कौशल को देखकर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि काफी खुश रहे ।

मुख्य अतिथि ने एक बच्चे से चन्द्र यान के बारे में जानकारी ली बच्चे के जबाब से सन्तुष्ट होकर खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को ईनाम देने को कहा । इस अवसर पर स्कूल के प्रबन्धक डा धर्मेंद्र गुप्ता, प्रधानाचार्य राजेश्वर सिंह, हरीश शाही,राजन यादव, जितेंद्र यादव, सिंह सहित तमाम अभिवावक एवं शिक्षक मौजूद रहे।

संपूर्ण समाधान दिवस पर आए 45 मामले

बांसगांव (एसएनबी)। आज शनिवार को बांसगांव तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी प्रदीप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 45 शिकायती प्रार्थना पत्र आए जिसमें मौके पर सिर्फ 2 का निस्तारण हो सका।

भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष सुशील सिंह पट्टू ने अपने दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि कौड़ीराम बांसगांव मार्ग पर साईताल के पास सड़क काफी जर्जर हो चुका है तथा टूटकर गड्ढे में तब्दील हो चुका है जिससे आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।इसे पुनः निर्माण कराने की मांग किया।इस अवसर पर तहसील दार सुशील भारती,नायब जीवेंद्र तिवारी,बीडीओ अनिरुद्ध चौहान,राजस्व निरीक्षक,लेखपाल के अलावा पुलिस के लोग उपस्थित रहे।

नेता प्रतिपक्ष ने बांटा कंबल

झंगहा (एसएनबी)। विकासखंड खोराबार के ग्राम सभा झंगहा में ग्राम प्रधान रामबेलास यादव के आवास पर आज विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव का आगमन हुआ। इस दौरान ग्राम प्रधान के नेतृत्व में स्थानीय नागरिकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच शिष्टाचार मुलाकात एवं बैठक आयोजित की गई।

बैठक में क्षेत्र के विकास कार्यों, जनसमस्याओं तथा समाजवादी पार्टी द्वारा आगामी समय में किए जाने वाले कार्यक्रमों और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। नेता प्रतिपक्ष ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए उचित स्तर पर आवाज उठाने का आश्वासन दिया।

इसी क्रम में झंगहा ग्राम प्रधान रामबेलास यादव के आवास पर कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव द्वारा जरूरतमंद महिलाओं को कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम में मारकंडेय यादव, सागर यादव, राकेश, बबलू अंसारी, कपिल मुनि यादव, ब्रजनाथ मोर, रामप्रवेश यादव, रामजी गौंड,जितेंद्र यादव, मनोज गौतम, राम उग्रह यादव, मुन्नीलाल यादव एडवोकेट आदि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने झंगहा ग्राम प्रधान रामबेलास यादव द्वारा किए गए इस आयोजन की सराहना किया।

संक्षिप्त समाचार

भूमि अधिग्रहण के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन

सहजनवां (एसएनबी)। तहसील क्षेत्र के ग्राम मल्हीपुर के ग्रामीणों ने गीडा द्वारा जबरन किए जा रहे भूमि अधिग्रहण के खिलाफ तहसील में कई ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर एसडीएम केशरी नंदन तिवारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मल्हीपुर के किसानों की भूमि का गीडा द्वारा अधिग्रहण के लिए समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया है, जिसमें 200 के करीब मकान और विद्यालय शामिल है। ऐसा होने से ग्रामीणों को बेघर होना पड़ेगा। गीडा द्वारा इसके पूर्व तीन बार भूमि अधिग्रहण किया जा चुका है, जिसके संबंध में ग्रामीणों ने 155 गाटो पर आपत्ति की है। आपत्ति के बाद भी ग्रामीणों की सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसी दशा में ग्रामीणों को न्याय दिलाया जाय। प्रदर्शन में विजय चौधरी, संजय सिंह, सोनमति देवी, बृजेश सिंह, मृत्यंजय सिंह, अरविंद सिंह, सावित्री देवी, रामचंद, रामसिंह, मीरा देवी, रेनू देवी,जीवन, रमेश, विक्रम सिंह, कमली देवी मौजूद रहे।

किसान पाठशाला आयोजित

पाली (एसएनबी)। पाली क्षेत्र के मुजौली गांव में शनिवार को षि विभाग द्वारा किसान पाठशाला का आयोजन किया जा रहा था। उप कृषि निदेशक धनंजय सिंह ने पाठशाला का निरीक्षण कर किसानों को जागरूक किए। मुजौली में किसान पाठशाला में पहुचे उप कृषि निदेशक ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गयी। साथ ही उन्होंने किसानों को मिले लाभ के बारे में जानकारी ली। उन्होंने किसानों को एफपीओ, प्राकृतिक खेती, फसल बीमा, कृषि यंत्र पर अनुदान के संबंध में जानकारी दी गयी।इस दौरान एडीओ एजी ध्रुव कुशवाहा, प्रधान विजय प्रताप सिंह, एडीओ पीपी दुर्गेश मद्धेशिया, हरिनाथ निगम समेत अन्य किसान मौजूद रहे।

महाराजा बिजली पासी जन्मोत्सव मनेगा

नंदानगर (एसएनबी)। पासी शिरोमणि महाराजा बिजली पासी का जन्मोत्सव आगामी 25 दिसम्बर को सरदार नगर स्थित मजेठिया स्टेडियम में पूर्वाह्न 11 बजे से मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान होंगे। उक्त सूचना देते हुए अखिल भारतीय पासी समाज संघ के अध्यक्ष रामअवध प्रसाद मास्टर साहब ने समाज के जागरूक भाई बहनों, किसानों, मजदूरों, राजनेताओं, विद्यार्सथियों, कर्मचारियों , समाज सेवियों, बुद्धजीवियों से कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सफल बनाने का अनुनय किया है।

पंकज चौधरी को दी बधाई

पीपीगंज (एसएनबी)। भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष, महाराजगंज के सांसद, वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर नगर पँचायत पीपीगंज के भगवानपुर मे एक बैठक मे कार्यकर्ताओं ने एक हार्दिक शुभकामनाएं बधाई तथा केंद्र व प्रदेश नेतृत्व को भी कोटि-कोटि बधाई दिया है। इस अवसर पर भाजपा के प्राँन्तिय परिषद के सदस्य शेषमणि त्रिपाठी सुशासन विभाग के मंडल गोरखपुर के संयोजक, पूर्व मंडल अध्यक्ष बिंद्रासन चौधरी पीपीगंज के भाजपा के वरिष्ठ नेता जगदम्बा अग्रहरि किसान मोर्चा के जिला मंत्री अरविंद मौर्या मंडल महामंत्री वेद प्रकाश दुबे , अग्रहरि समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद अग्रहरि मंडल के शक्ति केंद्र संयोजक प्रदीप चौहान , डा. सूरेन्दर अग्रहरि रोहित मद्धेशिया अवधेश दुबे डा. दिनेश शर्मा कन्हैया तिवारी शिवानन्द श्रीवास्तव पिन्टू उर्फ अनुभव श्रीवास्तव राम शब्द मधेशिया गुड्डू जायसवाल रमाकांत शर्मा आदि लोग प्रदेश अध्यक्ष के बनने पर हर्षोल्लाह के साथ बधाई व खुशी जाहिर किया।

ओवरब्रिज निर्माण के लिए मुख्यमंत्री को सौंपा प्रार्थना पत्र

जसवल बाजार (एसएनबी)। पीपीगंज क्षेत्र के युवा भाजपा नेता एवं जिला कार्यसमिति सदस्य अजीत सिंह शशि ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महराज से गोरखनाथ मंदिर मे मुलाकात कर पीपीगंज रेलवे क्रासिंग आए दिन जाम की समस्या से जूझ रही क्षेत्रीय जनता को इस समस्या से निजात दिलाने की मांग सम्बन्धित प्रार्थना पत्र दिया। साथ ही पीपीगंज से गोरखपुर तक इलेक्ट्रिक बस में बसो की संख्या में वृद्धि करने की मांग की अजीत सिंह शशि ने माननीय मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया कि प्रति दिन हजारों छात्र छात्राएं उच्च शिक्षा के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से शिक्षा के लिए गोरखपुर आते जाते हैं।बसो का संचालन कम होने के कारण छात्र छात्राओं को प्राइवेट वाहनों का सहारा लेना पड़ता है। उन्होंने ने माननीय मुख्यमंत्री जी से बसों की संख्या बढ़ाने की मांग कर समस्याओं के समाधान के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करने की मांग की।

समाधान दिवस में 7 मामले का निस्तारण

फुटहवा ईनार (एसएनबी)। चौरी चौरा तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे एडीएम प्रशासन सहदेव मिश्रा ने फरियादियों की फरियाद सुनी। एडीएम के समक्ष कुल 73 मामले आए,मौके से मात्र 7 का ही निस्तारण हो सका।एडीएम ने शेष मामलों को संबंधित विभाग को जल्द कर जल्द से जल्द निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। चौरी चौरा में आयोजित समाधान दिवस में एडीएम के समक्ष ग्राम पंचायत गौनर निवासी संतोष कनौजिया बताया कि मेरा नाम राशन कार्ड से कट गया है, नाम जोड़ने के लिए कई बार अनलाइन करवाया,लेकिन मेरा नाम राशन कार्ड में नहीं जोड़ा गया। ग्राम पंचायत जोधपुर निवासिनी राधिका देवी ने रास्ता कब्जा करने का आरोप लगाते हुए,कार्यवाही की मांग किया।ग्राम पंचायत अवधपुर निवासिनी डूमौलिया देवी ने प्रार्थना पत्र देकर कुछ लोगों द्वारा जमीन जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया।इस दौरान एसडीएम कुंवर सचिन सिंह, सीओ चौरीचौरा मनीष कुमार शर्मा,नायब तहसीलदार संजय सिंह, कानूनगो अम्बरीष त्रिपाठी रामानंद यादव लेखपाल सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

अलाव की व्यवस्था का ईओ ने लिया जायजा

सहजनवा (एसएनबी)। कड़ाके की ठंड में जहां जनजीवन अस्त व्यवस्था है वहीं नगर के 16 वार्डो में नगरवासियों को ठंड से बचाने के लिए प्रयास तेज कर दिया गया है। नगर के 36 स्थानों पर अधिशासी अधिकारी ने अलाव जला कर लोगों को ठंड से राहत पहुंचाने का सराहनीय कार्य किए। शनिवार को सहजनवा नगर पंचायत में बढ़ती ठंड को देखते हुए अधिशासी अधिकारी सूर्यकांत ने अलाव की व्यवस्था की है। यह व्यवस्था नगर पंचायत के मुख्य-मुख्य स्थानों पर की गई है, ताकि आने-जाने वाले लोगों को ठंड से राहत मिल सके। अधिशासी अधिकारी ने स्वयं नगर पंचायत का भ्रमण कर यह सुनिश्चित किया कि सभी जगहों पर अलाव सुचारू रूप से जल रहे हैं। इस दौरान नगर पंचायत के कर्मचारी भी उनके साथ मौजूद रहे।

वार्षिकोत्सव में दिखी विविध संस्कृतियों की झलक

कौड़ीराम (एसएनबी)। पूर्वांचल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल कौड़ीराम के वार्षिकोत्सव में सांस्तिक कार्यक्रमों की धूम रही। विविध संसतियों से जुड़े गीत व नृत्यों ने उपस्थित लोगों का ध्यान खींचा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के बाद गणेश वंदना व सरस्वती वंदना के साथ हुआ। प्रबंधक रजनीश मिश्रा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा लक्ष्य तय करके ही विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई करनी चाहिए। जिसका लक्ष्य निर्धारित नहीं होता उसको मंजिल नहीं मिलती है। आर्किटेक्ट मनीष मिश्रा ने कहा शिक्षा एक इंसान के जीवन मे बहुत अहमियत रखती है शिक्षा से ही मनुष्य के जीवन का सर्वांगीण विकास होता है। प्रधानाचार्य जया मिश्रा ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। छठ गीत, पंजाबी गीत, कव्वाली, सूफी गीत, कत्थक, महाभारत अभिनय व पिरामिड पर छात्रों द्वारा किए प्रदर्शन पर लोग रोमांचित दिखे।

संक्षिप्त खबरें

संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की मौत

रुद्रपुर (एसएनबी)। एकौना थाना क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर निवासी एक व्यक्ति अपने खेत में पानी चलाने गया हुआ था, का शव शनिवार को दोपहर में नारायणपुर व बहोरा दलपतपुर सिवान में खेत में मिला। उसके शरीर पर कई जगह चोट के निशान हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु देवरिया भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को उक्त गांव निवासी हंसनाथ पुत्र राजकुमार (उम्र 45 वर्ष) का नारायणपुर व बहोरा दलपतपुर सिवान के बीच खेत में शव मिला। वह गेंहू के खेत की सिंचाई करने गये थे। इस घटना से मृतक की पत्नी व चार बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है।

नदौली के अस्थाई गौशाला में तीन पशुओं की मौत

मेहरौनाघाट (एसएनबी)। लार ब्लाक के नदौली गांव में स्थित अस्थायी गौशाला में ठंड और अपर्याप्त व्यवस्था के कारण तीन बछड़ों की मौत हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि गौशाला में सुविधाओं और डाक्टरों की कमी के चलते गोवंश कमजोर हो रहे हैं। वर्ष 2019-20 में सरकार ने गोवंश कल्याण के लिए विभिन्न मदों में 631.60 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया था, जिससे उत्तर प्रदेश गोवंश कल्याण के लिए सर्वाधिक बजट वाला राज्य बन गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, भूख, ठंड और अधिकारियों की लापरवाही के कारण बीते दिनों एक दर्जन से अधिक बछड़ों की मौत हो चुकी है। वर्तमान में गौशाला में लगभग 70 से 80 बछड़े रखे गए हैं। गौशाला के एक कर्मचारी ने बताया कि उन्होंने उच्च अधिकारियों से डाक्टरों की व्यवस्था करने और उनका नाम-पता बताने का अनुरोध किया था लेकिन कोई डाक्टर नहीं आया। नोडल अधिकारी ने स्वीकार किया कि इस गौशाला में 60 पशुओं को रखने की व्यवस्था है, जबकि इसमें 75 से 80 पशु मौजूद हैं।

उड़ीसा में क्रिकेट खेलेंगी आराध्य निगम

बरहज/लार(एसएनबी)। स्वामी देवानंद पीजी महाविद्यालय मठ लार के प्राचार्य प्रो. ब्रह्मानन्द सिंह एवं प्रोक्टर देवेन्द्र कुमार (असिस्टेंट प्रोफेसर, शारीरिक शिक्षा विभाग) के अनुसार महाविद्यालय की बीए प्रथम वर्ष, प्रथम सेमेस्टर छात्रा आराध्या निगम मिल्की पुत्री द्वारिका प्रसाद का चयन पूर्वी क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालयीय महिला क्रिकेट में चयन हुआ है। यह टीम अपना मैच खेलने कटक (उड़ीसा) 30 दिसम्बर को गोरखपुर से रवाना होगी। महाविद्यालय परिवार इनको अपनी शुभकामना देते हुए इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। आराध्या निगम मूल रूप से बरहज क्षेत्र की भड़सारा गाँव की मूल निवासी हैं, खेलों के प्रति उनकी रुचि बचपन से रही है। इनदिनों वह बीए प्रथम की छात्रा है।

फ्लाईंग आफिसर बने अभय

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय तहसील क्षेत्र के पकड़ीबाजार के बरडीहा अली निवासी अभय गुप्ता शुरूआती दौर से मेधावी छात्र है। उन्होंने गणित विषय में मास्टर डिग्री प्राप्त कर सेना में देश सेवा करने का इरादा बनाया, जो आज वर्तमान समय में फ्लाईंग आफिसर एयर फोर्स में भारत में 14 वां स्थान प्राप्त किया है। बताया जाता है कि उनकी छोटी बहन रूस में एमबीबीएस प्रथम वर्ष की छात्रा है। अभय गुप्ता को फ्लाईंग आफिसर बनाये जाने पर खुशी व्यक्त करने वालों में दुर्गा गुप्ता, मुन्ना गुप्ता, कमलेश सिंह, ऋषि सिंह, गिरीश सिंह, प्रेम पाल, नन्दू गुप्ता, विमलेश गुप्ता, शेषनाथ पाठक, सच्चिदानन्द राव आदि ने खुशी व्यक्त किया है।

बिजली संविदा कर्मियों ने किया विरोध प्रदर्शन

लार रोड(एसएनबी)। विद्युत निगम के संविदा कर्मचारियों ने उपकेंद्रों पर प्रदर्शन कर उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन प्रबंधन द्वारा अपने आदेश को अनुपालन न करने पर तेलिया कला उपकेंद्र पर संविदा कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया, कर्मचारियों का आरोप है कि बिजली आउट सोर्स छटनी करने के उपरांत मानक निर्धारित करने हेतु सहित आदि मांगों को लागू न करने पर कर्मचारियों ने ये धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया है, विरोध करने वालों में बृज बिहारी मिश्र, राम सुमेर चौहान,सुनील पांडेय, धर्मेंद्र, सुरेंद्र आदि रहे।

जापानी मशीनों द्वारा होगी आँखों की जाँच

लार रोड(एसएनबी)। भागलपुर ब्लक के देवसिया गाँव में रविवार को सुबह दस बजे से जापानी मशीनों द्वारा उत्तरी टोले पर अवधेश सिंह के यहाँ निःशुल्क नेत्र परिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है, जहाँ आँख के विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा आँखों को जाँच होगी व दवा व चश्मा फ्री दिया जायेगा, उपयुक्त जानकारी आयोजक अनुज सिंह ने दी।

डीसीएम की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

मदनपुर(एसएनबी)। मदनपुर थाना क्षेत्र के रुद्रपुर बरहज रोड पर शनिवार को सुबह नगर पंचायत मदनपुर वार्ड नंबर 2 के कामुपुर के पास डीसीएम और बाइक में भिड़ंत हो गयी। जिसमें सुनील भारतीय उम्र 26 वर्ष निवासी नवापार बरहज घायल हो गया।वह देवकली हेमराज अपने फूफा रामकेवल भारती से मिलने उनके घर जा रहा था। वह अभी कामुपुर के पास पहुँचा ही था कि अचानक रुद्रपुर से तेज रफ्तार से जा रही डीसीएम वाहन की चपेट में आ गया।इस घटना के बाद डीसीएम चालक मौके से फरार हो गया।इस दुर्घटना में सुनील बाल बल बचा,किन्तु उसके पैर में गम्भीर चोट लग गयी।मौके पर पहुंचे लोगों ने उसे इलाज के लिए रुद्रपुर ले गए। इसके पूर्व सपा नेता हरेंद्र सिंह त्यागी ने पहले सुनील भारती को इलाज हेतु मठिया लिया ले गए थे।

अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को मारा ठोकर

गौरीबाजार(एसएनबी)। गौरीबाजार थानाक्षेत्र के मठिया चौराहे के समीप शनिवार की देर शाम अज्ञात वाहन की ठोकर से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया , सीएचसी पर प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख चिकित्सक ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। क्षेत्र के भगुआ निवासी विट्ठु 22 वर्ष पुत्र जितेंद्र व अजय 23वर्ष पुत्र महेंद्र एक ही बाइक से राम लक्षन चौराहे पर गए थे,देर शाम को वे सब घर वापस जा रहे थे,अभी वे गौरीबाजार रुद्रपुर मार्ग पर मठिया चौराहे के समीप पहुंचे थे,की अज्ञात वाहन की ठोकर से गंभीर रूप से घायल हो गए ,जिनका उपचार मेडिकल कालेज देवरिया में चल रहा है।

चौकी प्रभारी की टोपी पहनना चर्चा में

सलेमपुर(एसएनबी)। कोतवाली थाना क्षेत्र के मझौली राज थाना चौकी में प्रभारी की टोपी लगाते हुए एक युवक की तस्वीर बीती रात से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।कोतवाली प्रभारी महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि फोटो पुरानी है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

ठंड में क्षेत्र के चौराहों व प्रमुख स्थानों पर नही जल रहे अलाव

भरथुआ(एसएनबी)। पूर्वांचल में ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है।इसका असर जनपद में भी दिखने लगा है।इस हफ्ते में चल रही सर्द हवाओं ने ठंड को और बढ़ा दिया है।जिसके चलते जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है।लोग समय से पहले ही घर जाकर रजाई में घुस जा रहे है।गावों में लोगअलाव ताप कर किसी तरह से समय व्यतीत कर रहे हैं। वही किसान पाला पड़ने के डर से परेशान हो रहे है।आलू,सरसों, व मटर के फसल पर ठंड का प्रभाव पड़ना शुरू हो गया है।धूप न होने के कारण गेहूं की फसल की पत्तियां पीली पड़ने लगी है।सबसे ज्यादा कठिनाई इस समय खेत की सिंचाई करने वाले किसानों को हो रही है। इस क्षेत्र में प्रशासन द्वारा कहीं भी अलाव जलते हुए नहीं दिख रहा है लगभग सभी चौराहों पर शासन द्वारा अलाव की व्यवस्था नही की गई है।जिसके कारण ठेले खोमचे चलाने वाले व मजदूरों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

नदी पार का गन्ना खड्डा मिल को आवंटित करने की मांग

खड्डा (एसएनबी)। खड्डा क्षेत्र के नारायणी नदी पार के गन्ना किसान गन्ना सप्लाई को लेकर काफी परेशान है। रमेश शुक्ला, इजहार अंसारी, नथुनी, मार्कण्डेय, जहरूल, सचिन्द्र सिंह, हृदया यादव, राजेश, रुदल आदि किसानों ने गड़ौरा चीनी मिल से आवंटन हटाकर खड्डा चीनी मिल को गन्ना सप्लाई की अनुमति देने की मांग की है।

न्याय दिलाना राजस्व व पुलिस का प्रथम दायित्व

रुद्रपुर (एसएनबी)। वर्ष 2025 के आखिरी सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को तहसील सभागार में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें डीएम ने लोगों की समस्याओं को सुना और त्वरित निस्तारण का आदेश दिया।

उन्होंने कहा कि लेखपाल व सिपाही गांव के प्रमुख व्यक्ति होते हैं। उनकी समस्याओं के समाधान में प्रमुख भूमिका होती है, यदि वे सक्रियता से कार्य करें, तो जमीनी स्तर पर अधिकांश समस्या का हल हो जायेगा। लोगों को त्वरित न्याय मिल जायेगा। लेखपाल व सिपाही गांवों में जाने जाते हैं, और लोगों को समझा बुझाकर न्याय संगत कार्यवाई कर सकते हैं।

इस दौरान तहसील समाधान दिवस में कुल 63 मामले आये, जिसमें राजस्व के (32), पुलिस के (12), खाद एवं रसद विभाग के (03), विद्युत विभाग के (02), विकास के (04) और अन्य के 10 मामले सामने आये। जिसमें राजस्व के (16) मामले का मौके पर निस्तारण किया गया। बाकी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

समस्या सुनतीं डीएम। फोटो : एसएनबी

इस मौके पर एसडीएम हरिशंकर लाल, सीएओ अनिल गुप्ता, समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय, जिलापूर्ति अधिकारी, वन अधिकारी सहित सीओ हरिराम यादव, तहसीलदार चन्द्रशेखर वर्मा, नायब तहसीलदार अनिल तिवारी, ईओ नितेश गौरव, डॉ. एसके राव, एसडीओ चन्दन जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

38 शिकायतों में मात्र दो का निस्तारण

सलेमपुर कार्यालय के अनुसार तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मुख्य राजस्व अधिकारी जल राजन चौधरी ने किया। इस दौरान सीआरओ व एसडीएम के समक्ष कुल 38 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 2 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

समाधान दिवस में राजस्व के 22, पुलिस से 1, विकास से 4 व अन्य 11 शिकायतें प्रस्तुत की गईं। जिसमें राजस्व के 2 मामलों का त्वरित निस्तारण कर दिया गया। शेष सभी प्रकरणों पर आवश्यक विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

एसडीएम दिशा श्रीवास्तव ने बताया कि प्रशासन द्वारा समाधान दिवस का आयोजन जनता की समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य तहसीलों में लंबित मामलों की संख्या को कम करना और जनता को समय पर न्याय सुनिश्चित करना है।

इस अवसर पर तहसील दार अलका सिंह, नायब तहसीलदार गोपाल जी व हरि प्रसाद, धर्म प्रकाश सिंह, कृष्ण मोहन कांत, कृष्ण मुरारी पांडे, रजनीश मिश्र, ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, अतुल कुमार, हरीश भारती, अजय चौधरी, आकाश, संदीप यादव, लखमुद्दीन, अनुज वर्मा, अंजली सिंह और प्रियंका विश्वकर्मा आदि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

गौ-रक्षकों ने प्रसाद वितरण कर गो वंश रक्षा का लिया दृढ़ संकल्प

सलेमपुर (देवरिया)। शनिवार को नगर के रेलवे स्टेशन परिसर स्थित हनुमान जी के मन्दिर के प्रांगण गौरक्षकों ने गोवंश की रक्षा का संकल्प लेते हुये प्रसाद वितरण कर एक नई मुहिम की शुरुआत की। अध्यक्ष शशांक प्रताप सिंह ने प्रसाद चढ़ा कर हनुमान जी के आशीर्वाद से कार्यक्रम सफलतापूर्व सम्पन्न किया। हमारे संवाददाता से उन्होंने बताया कि इस सामाजिक कार्य का उद्देश्य है कि क्षेत्र में हो रही गौहत्या के खिलाफ आंदोलन चलाकर इसे बंद किया जाए। इस अवसर पर लगाए गए भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन में अंशुमान सिंह, सरदार तरनदीप सिंह, अनन्त तिवारी, सरदार सिमरजीत सिंह, वतन सिंह, आशीष सिंह, सर्वज्ञ उपाध्याय, रौनक पाण्डेय, मोनू पाण्डेय, पीयूष दूबे, अरुण दूबे, दुर्गेश यादव, अनमोल सिंह, विष्णु सिंह, ओमकार सिंह, शुभम कश्यप, अभिषेक यादव, श तिवारी, हिमांशु पाठक, कृष्णा सहित अनेक गौरक्षकों ने भाग लिया।

एडीजे ने राजकीय बाल गृह के बच्चों से किया आत्मीय संवाद

देवरिया (एसएनबी)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष धनेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तिवारी द्वारा राजकीय बाल गृह का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा बच्चों के साथ आत्मीय संवाद स्थापित किया गया। सचिव के द्वारा बच्चों की स्थिति, देखभाल व्यवस्था, पोषण, चिकित्सा सुविधा, शैक्षणिक गतिविधियों और सुरक्षा व्यवस्था हेतु विस्तार से जानकारी ली गयी।

जानकारी लेते सचिव मनोज कुमार तिवारी।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया द्वारा मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों हेतु विशेष देखभाल तथा बच्चों के लिए एक सुरक्षित, सम्मानजनक और प्रेमपूर्ण वातावरण के लिए निर्देशित किया गया। उनके द्वारा राजकीय बाल गृह के प्रपत्रों का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य के लिए उनकी नियमित जच व बच्चों को नियमित व्यायाम कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा राजकीय बाल गृह के परिसर, भण्डार कक्ष की साफ-सफाई तथा सुरक्षा हेतु विशेष दिशा निर्देश दिया गया।

भोजपुरी एक जीवंत और समृद्ध भाषा है : निशा

मगहरा(एसएनबी)। भोजपुरी गायिका निशा उपाध्याय, गायक धनन्जय शर्मा और उदघोषक अरशद राज सहित कई भोजपुरी कलाकारों का सम्मान बकुची मिश्र में समाजसेवी अमित मिश्र चंदन द्वारा किया गया। पत्रकारों से बात चीत में उन्होंने भोजपुरी की मिठास और लोकप्रियता पर चर्चा की। इसे आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग भी की। इस दौरान प्रदीप मिश्र, चुन्नू बाबा, सोनू तिवारी, मोनू तिवारी, संदीप गिरि, प्रदीप शर्मा समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

मनी अटल की जन्म शताब्दी

भाटपाररानी (एसएनबी)। स्थानीय मदन मोहन मालवीय पीजी कालेज भाटपार रानी में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म के शताब्दी वर्ष के समापन के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक/ स्वयंसेविकाओं द्वारासंपन्न हुआ। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर रामावतार वर्मा, प्रोफेसर सुधीर शुक्ला एवं डॉ. अभिमन्यु पांडेय ने उपस्थित रहकर सभी को सुना, सराहा और निर्णय दिया।

प्रतियोगिता में दीप्ति पांडेय, गुलफ्सा खातून, सुमन लता, आस्था श्रीवास्तव, अपराजिता गुप्ता, मुस्कान यादव, नंदिनी पांडेय, लवकुश सिंह, सृष्टि गुप्ता, हसीना खातून, दीपक कुमार, अनुष्का गुप्ता, इशिका ठाकुर, प्रिया कुमारी, संजना चौहान, श्वेता यति मधु भारती, साक्षी, खुशी दुबे, आदि ने भाग लेकर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। जिसमें प्रथम स्थान दीप्ति पांडेय, द्वितीय स्थान प्रिया कुमारी, और तृतीय स्थान दीपक कुमार ने प्राप्त किया।अतिथियों ने सभा को संबोधित करते हुए भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के राष्ट्र निर्माण में योगदान को रेखांकित करते हुए छात्र-छात्राओं का ज्ञानवर्धन किया, और उन्हें उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। संचालन डॉ. रणजीत सिंह ने किया।

जिले में कई स्थानों पर आवारा कुत्तों का आतंक

देवरिया(एसएनबी)। इन दिनों जिले में कई स्थानों पर आवारा कुत्तों का आतंक है। बीते एक पखवारे के भीतर जिले के विभिन्न स्थानों पर 200 से अधिक लोग आवारा कुत्तों के काटने से घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायल कई लोगों को महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज देवरिया से मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर किया गया है। शुक्रवार व शनिवार को भी अलग-अलग स्थानों पर दो दर्जन से अधिक लोगों को कुत्तों ने काटा, जिससे जिलेभर में दहशत का माहौल बना हुआ है।

एक पखवारे में 200 से अधिक लोग घायल

नगर पंचायत रामपुर कारखाना में आवारा कुत्तों का हमला इन दिनों सबसे अधिक है। नगर पंचायत रामपुर कारखाना के ठाकुर मंदिर वार्ड स्थित बौली मोहल्ले में आवारा कुत्ते ने अल बक्स(6 वर्ष), सलब अली (8 वर्ष), शरीफ आलम (16 वर्ष), रियाज अहमद (35 वर्ष) को बारी-बारी से काट लिया। एक दिन पहले इस कुत्ते ने जकाउल्ला के बकरे और दो-तीन लोगों के भैंस और गाय को भी काटा था।

शुक्रवार की देर शाम वही कुत्ता धुस मोहल्ले पर पहुंच गया। उसने कुशीनगर के पडरौना निवासी 48 वर्षीय पोलदार अनिल को काट लिया। इसके अलावा डुमरी पांडेय चक मार्ग से गुजर रहे साइकिल सवार पांच लोगों को भी इस कुत्ते ने काटा। कस्बा वासियों ने लाठी डंडे से दौड़ा कर उसे मझरटिया की ओर खदेड़ दिया। शनिवार की सुबह सभी लोग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरी पहुंचे और रेबीज का इंजेक्शन लगवाया। नगर पंचायत रामपुर कारखाना के नागरिकों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़वाकर जंगल में छुड़वाने की मांग की है।

उधर मदनपुर थाना क्षेत्र के भुलईपुर गांव में 350वर्षीय विवेक मिश्र और उनकी 9 वर्षीय पुत्री सिद्धि को भी कुत्ते ने काटा। पिड़ी गांव के 75 वर्षीय श्रीपाल, 60 वर्षीय भोजा प्रसाद और उनकी 55 वर्षीया पत्नी मंजू देवी भी कुत्तों के हमले में घायल हुए, जिनमें भोजा प्रसाद को गंभीर हालत में रेफर किया गया है।

उधर सुरौली थाना क्षेत्र के सरौरा पाण्डेय गांव निवासिनी 45 वर्षीया चंदा देवी भी कुत्ते के हमले में घायल हुई हैं। आवारा कुत्तों के हमले की लगातार हो रही घटनाओं से आमजन में भय व्याप्त है।

टीन शेड रखने को लेकर दो पक्ष में विवाद, दो का चालान

खुखुन्दू(एसएनबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के लखना गांव निवासी राकेश कुमार शाह पुत्र स्व. अंबिका प्रसाद शाह और जितेन्द्र कुमार शाह पुत्र राम सिंगार शाह के बीच शुक्रवार को दरवाजे के पास स्थित भूमि के बीच में रास्ता निकालने को लेकर विवाद शुरू हुआ। आरोप है कि इसी बीच एक पक्ष शौचालय के उपर टीन शेड रखने लगा। इसी को लेकर दोनों के बीच मारपीट हो गई। इसकी सूचना किसी ने पुलिस को दे दी। पुलिस मौके पर पहुंची इससे पहले सब लोग इधर-उधर भाग निकले। शनिवार को पुलिस फिर लखना गांव पहुंच राकेश कुमार शाह और जितेन्द्र कुमार शाह को हिरासत में ले ली। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मिश्र ने बताया कि दोनों का भारतीय न्याय संहिता के तहत शांतिभंग में चालान किया गया है।

गायब बुजुर्ग पर घरवालों ने जमीन बेचने की जताई आशंका

खुखुन्दू(एसएनबी)। खुखुन्दू क्षेत्र के पिपरा खेमकरण गांव निवासी रामहर्ष कुशवाहा का कहना है कि अभी तीन भाई-बहनों की शादी नहीं हुई है और मां भी अभी जिवित है। जबकि पिता अमरनाथ कुशवाहा इससे पहले कई दिनों से गायब थे और कुछ भूमि बेचने के बाद फिर घर लौट आए। फिर चार दिन पहले घर से क्षेत्र के बहोर चौराहे पर कहकर जाने के लिए निकले। लेकिन अबतक घर नहीं लौटे हैं। जबकि उनके खाते में तीस लाख रुपये पड़ा है। बेटे का कहना है कि इस बार भी पिता किसी के बहकावे में आकर भूमि बेच सकते हैं। वह नशे के आदि है, उन्हें कोई भी नशा कराकर बहला-फुसलाकर उनसे जमीन बैनामा करा सकता है। पुलिस तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच पड़ताल कर रही है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मिश्र ने बताया कि तहरीर मिली है। गुमसुी दर्ज कर बुजुर्ग की खोजबीन की जा रही है।

स्वेटर पाकर नौनिहालों के चेहरे खिले

सलेमपुर(एसएनबी)। शनिवार को यूपीएस मझवालिया नम्बर 4 में अध्यापक अभिभावक बैठक का आयोजन कराया गया। जिसमें सभी अभिभावकों ने समय से विद्यालय में बैठक में हिस्सा लेकर अपने-अपने बच्चों के शिक्षा प्रोग्रेस के बारे में जानकारी ली। विक्रम गुप्ता के द्वारा बच्चों को स्वेटर और टोपी अपने हाथों से दिया गया। प्रधानाध्यापक अभिषेक सिंह के द्वारा विज्ञान ओलंपियाड में सलेमपुर में टाप करने वाले विवेक पटेल को और अभिभावक ललन पटेल ने डायट रामपुर कारखाना में प्रतिभाग करने के लिए अपने बच्चों को ले गए। इसके लिए इनको भगवान बुद्ध का फोटो देकर सम्मानित किया गया। रोज समय से स्कूल आने वाले चांदनी, दिव्य प्रजापति, अंतश्वर्वर और बच्चो को मेडल देकर नंदकिशोर पटेल और विक्रम गुप्ता ने सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में बैठक को सफल बनाने के लिए किशन सिंह, नंदकिशोर पटेल, परमेश्वर गुप्ता और शर्मा सभी अभिभावक को विद्यालय के तरफ से आभार व्यक्त किया गया।

त्रि-दिवसीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ आज

खुखुन्दू(एसएनबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र में यूपी पब्लिक स्कूल नरौली भीखम, तेनुआ, खुखुन्दू के प्रांगण में 21 से 23 दिसम्बर तक तीन दिवसीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन कल प्रातः 9.00 बजे होना है , जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में बारीपुर मंदिर के उत्तराधिकारी गोपाल दास जी महाराज व उपजिलाधिकारी सलेमपुर सुश्री दिशा श्रीवास्तव होंगीं।

गोरखपुर-लखनऊ इण्टरसीटी एक्सप्रेस को भटनी से चलाने की माँग

भटनी(एसएनबी)। स्थानीय रेलवे परिसर में राष्ट्रीय समानता दल के तत्वावधान में राष्ट्रीय महिला बहुजन संगठन व क्षेत्रीय नागरिकों की एक संयुक्त बैठक हुई । बैठक में रेल सुविधाओं के विस्तार सुदृढीकरण व जनहित मे गोरखपुर-लखनऊ इण्टरसीटी एक्सप्रेस ट्रेन को भटनी से चलाने की माँग की गयी और स्टेशन अधीक्षक भटनी को एक माँग पत्र रेलमंत्री अपने स्तर से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए सौपा।

इसके अलावे प्रमुख माँगो में चौरीचौरा एक्सप्रेस ट्रेनके समय परिवर्तन करने बरहज सतरांव रेलवे स्टेशन सिसई गुलाब राय देवरहा बाबा हाल्ट स्टेशनो के प्लेटफार्म की उँचाई मानक के अनुरूप बढाने बरहज ट्रेन को प्रति फेरा भटनी से बरहज नियमित करने भटनी से कुशीनगर बरहज से दोहरीघाट को रेलमार्ग से जोडने शालीमार एक्सप्रेस ट्रेन को ओडिशा तक विस्तार देने की माँग शामिल है ।

बैठक को राष्ट्रीय समानता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजयदीप कुशवाहा, राष्ट्रीय महासचिव अगमस्वरुप कुशवाहा, सुरेन्द्र बौध्द, जिलाध्यक्ष विजय कुमार व संगठन सचिव विमलेश ने भी अपना विचार व्यक्त किया। बैठक के अन्त में स्टेशन अधीक्षक भटनी के माध्यम से रेलवे बोर्ड पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन को अपने माँगो का पत्रक सौपा गया ।

बैठक में रामज्ञानी आचार्य मोतीलाल रामविश्वास हरिनारायण सुरेश मौर्या श्रीष्ण कुशवाहा रामनयन कुशवाहा रमेश यादव ओंमप्रकाश चौधरी वीरेन्द्र यादव दिनेश मौर्या रामप्रवेश सूर्यभान प्रमुख रुप से उपस्थित रहे ।

बाल वैज्ञानिकों ने दिखाया हुनर

मईल (एसएनबी)। कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यालय के बाल वैज्ञानिकों ने तंबाकू सेवन से होने वाले बिमारियां, नेत्र रोग, जल संरक्षण टेक्नोलजी, भूकंप रोधी उपकरण, व आपदा से बचाव के तरीके, ज्वालामुखी के उद्गार ,कचरे से बिजली बनाने के तरीके, घरों में चोरी रोकने के लिए संयंत्र, सीसी कैमरे पर आधारित संयंत्र एवं सूक्ष्मदर्शी संयंत्र बनाकर अपने कला का प्रदर्शन किया। प्रभारी निरीक्षक मईल राकेश सिंह विद्यालय के निदेशक वीरेंद्र चौधरी अआगन्तुकों का स्वागत करते हुए विद्यालय के गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से एस एस आई महेंद्र यादव, सुषमा चौधरी आनंद यादव, भारत यादव रामजी चौधरी, मनीष उपाध्याय, संजना जायसवाल, दुर्गावती ,बृजेश यादव, आशुतोष पाठक, सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

खेल व खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दे रही मोदी सरकार : भूपेंद्र

देवरिया(एसएनबी)। शनिवार को स्थानीय स्व.रवीन्द्र किशोर शाही स्टेडियम में पांच दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा का शुभारंभ समारोह पूर्वक हुआ। पहले दिन देवरिया लोकसभा क्षेत्र के तमकुही,फाजिलनगर, रामपुर कारखाना, पथरदेवा और देवरिया विधानसभा क्षेत्र के प्रतिभागियों ने कबड्डी, खो-खो, हाकी, बालीबाल, ताइांडो के खिलाड़ियों ने दम-खम दिखाया।

सांसद खेल स्पर्धा में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी अनुराग श्रीवास्तव, सांसद खेल स्पर्धा के संयोजक पवन मिश्र एवं अन्य भाजपा पदाधिकारियों ने विभिन्न खेलो में प्रतिभाग कर रहे खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि खेल से शारीरिक, मानसिक और चारित्रिक विकास होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के अंदर खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए विभिन्न योजनाओं को चलाया जा रहा है। सांसद खेल स्पर्धा के अंतर्गत देवरिया सांसद शशांक मणि द्वारा पहली बार देवरिया के अंदर 10 किमी. के मिनी मैराथन का आयोजन कराकर ग्रामीण प्रतिभाओं के प्रोत्साहन का कार्य किया गया है।

बोलते मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह।

सांसद खेल स्पर्धा संयोजकधकिसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने बताया कि 25 दिसम्बर को सुबह 9 बजे से अटल पद यात्रा का आयोजन राजकीय इंटर कालेज देवरिया से जिलाधिकारी आवास होते हुए कचहरी चौराहा, महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज से स्व. रवीन्द्र किशोर शाही स्टेडियम तक जाएगी।

इसके पूर्व अतिथियों ने गुब्बारा छोड़कर सांसद खेल स्पर्धा का शुभारंभ किया। इसके बाद सामूहिक वंदे मातरम हुआ।

इस दौरान अजय शाही, प्रमोद शाही, श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, डा. हेमंत मिश्रा, प्रभाकर तिवारी, रमेश वर्मा, अंकुर राय, सुधीर श्रीवास्तव, भगवान यादव, अजय जायसवाल, संजय कानोडिया, अकरम सिद्दीकी उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्टेडियम के प्रशिक्षक गिरीश चन्द्र सिंह, शकील अहमद, लालू सिंह यादव, राज कुमार यादव, शालिनी शर्मा, पूजा सिंह दिवाकर मणि त्रिपाठी, अवधेश यादव, डा. डी. के. पाण्डेय, प्रवीन कुमार, विकास मिश्रा, अशोक कुमार, सहित विभिन्न खेल संघो के पदाधिकारी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

इस स्पर्धा में पहले दिन जो प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं उनमें वालीबाल जूनियर बालक वर्ग में तमकुहीराजविजेता व रामपुर कारखाना उपविजेता, वालीबाल सब जूनियर बालक वर्ग में पथरदेवा विजेता व देवरिया सदर उपविजेता,वालीबाल सीनियर बालक वर्ग में पथरदेवा विजेता व देवरिया सदर उपविजेता, वालीबाल सब जूनियर बालिकावर्ग में रामपुर कारखानाविजेता, कबड्डी बालिका जूनियर वर्ग में फाजिलनगर विजेता व रामपुर कारखाना उपविजेता, कबड्डी बालिका सब जूनियर वर्ग में पथरदेवा विजेता व देवरिया सदर विजेता, कबड्डी बालिका सीनियर वर्ग में रामपुर कारखाना विजेता, कबड्डी सब जूनियर बालक वर्ग में पथरदेवा विजेता व देवरिया सदर उपविजेता, कबड्डी जूनियर बालक वर्ग में पथरदेवा विजेता वदेवरिया सदर उपविजेता, कबड्डी सीनियर बालक वर्ग में पथरदेवा विजेताव फाजिलनगर उपविजेता, हॉकी बालक वर्ग में स्पोर्ट्स स्टेडियम रेड विजेता व एमक्रे. स्पोर्टिंग उपविजेता, हॉकी बालिका वर्ग में ज्ञान प्रकाश इण्टर कालेज विजेता व स्पोर्ट्स स्टेडियम ग्रीन उपविजेता, खो-खो बालक वर्ग में अशोक इण्टर कालेज विजेता एवं खो-खो बालिका वर्ग में स्पोर्ट्स स्टेडियम देवरिया की टीम विजेता एवं कम्पोजिट विद्यालय सूर्यपुरा की टीम उपविजेता रही।

सहमति से शिव मंदिर की भूमि से हटाया गया अतिक्रमण

तरकुलवा(एसएनबी)। स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड नंबर दो गांधी नगर में स्थित शिव मंदिर की भूमि पर से अतिक्रमण को भू स्वामी की सहमति से नगर पंचायत प्रशासन ने शनिवार को हटवा दिया। तरकुलवा नगर पंचायत के वार्ड दो गांधी नगर कनकपुरा में स्थित प्राचीन शिव मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य वंदन योजना के तहत कराया जाना है। इसके लिए नगर पंचायत अध्यक्ष जनार्दन कुशवाहा के प्रयास और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की पहल पर 1.26 करोड़ की धनराशि स्वीकृत हुआ है। लेकिन, मंदिर परिसर की सीमा क्षेत्र में नगर पंचायत वार्ड 6 देवीनगर निवासी जितेंद्र कुंवर ने टीन शेड डालकर अस्थाई अतिक्रमण कर रखा था। जिसे हटाने के लिए राजस्व विभाग की टीम से भूमि का सीमांकन कराकर नगर पंचायत प्रशासन ने नोटिस चस्पा कर तीन दिन के भीतर अतिक्रमण हटाने को कहा था। इस क्रम में आरोपी जितेंद्र ने शनिवार को स्वयं ही अतिक्रमण हटाने की इच्छा व्यक्त की। नगर पंचायत प्रशासन ने अपने सफाई कर्मचारियों को लगाकर अतिक्रमण हटवा दिया।

राष्ट्रीय सहारा

गोरखपुर। रविवार ● 21 दिसम्बर ● 2025

www.rashtriyasahara.com

अनमोल वचन

मनस्वी पुरुष पर्वत के समान ऊंचे और समुद्र के समान गंभीर होते हैं। उनका पार पाना कठिन है।

-माघ

शिक्षकों पर बढ़ता बोझ और शिक्षा की उपेक्षा

देश की प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था पहले ही अनेक चुनौतियों से जूझ रही है। ऐसे समय में यदि शिक्षक का अधिकांश समय पढ़ाने के बजाय गैर-शैक्षणिक कार्यों में व्यतीत हो, तो यह न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि देश के भविष्य के साथ गंभीर समझौता भी है। प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक आज जिस तरह से प्रशासनिक तंत्र के सर्वगुणसंपन्न कर्मचारी बना दिए गए हैं, वह स्थिति पर पुनर्विचार की मांग करती है। वर्तमान व्यवस्था में प्राथमिक शिक्षक चुनावों के समय मतगणना, जनगणना और बूथ लेवल अधिकारी के रूप में कार्य करते हैं। इसके अतिरिक्त मिड डे मील योजना के तहत बच्चों को भोजन उपलब्ध कराना, विद्यालय की साफ-सफाई और

देखरेख, भवन निर्माण से जुड़े कार्यों की निगरानी तथा समय-समय पर अन्य सरकारी अभियानों में उनकी ड्यूटी लगाई जाती है। अब अलीगढ़ में बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षकों से कुत्तों की गिनती कराए जाने का आदेश इस सूची में एक और उदाहरण जोड़ देता है। प्रश्न यह नहीं है कि कुत्तों की गणना जरूरी है या नहीं, प्रश्न यह है कि क्या इसके लिए शिक्षक ही सबसे उपयुक्त संसाधन है?

शिक्षक का मूल दायित्व बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना है। वही शिक्षक जब कभी चुनाव कर्मी, कभी सर्वेक्षक, कभी रसोइया, कभी निर्माण निरीक्षक और अब पशु गणनाकर्ता बना दिया जाता है, तो कक्षा में पढ़ाने के लिए उसके पास न समय बचता है और न मानसिक ऊर्जा। इसका सीधा असर बच्चों की सीखने की प्रक्रिया पर पड़ता है, जो पहले ही संसाधनों की कमी और सामाजिक चुनौतियों से प्रभावित है। यह भी एक सच्चाई है कि प्राथमिक स्तर पर पढ़ने वाले बच्चे देश का भविष्य हैं। उनकी बुनियाद जितनी मजबूत होगी, राष्ट्र उतना ही सशक्त बनेगा। लेकिन जब शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय से बाहर रहेंगे, कक्षाएं या तो खाली रहेंगी या औपचारिकता बनकर रह जाएंगी। इससे अभिभावकों का सरकारी स्कूलों से भरोसा उठता है और शिक्षा में असमानता और गहरी होती जाती है।

सरकारें अक्सर यह तर्क देती हैं कि शिक्षक सरकारी कर्मचारी हैं और आपात या आवश्यक कार्यों में उनकी सेवाएं ली जा सकती हैं। यह तर्क आंशिक रूप से सही हो सकता है, लेकिन जब अस्थायी व्यवस्था स्थायी बोझ बन जाए, तब नीति पर सवाल उठना स्वाभाविक है। प्रशासनिक कार्यों के लिए अलग तंत्र और कर्मियों की व्यवस्था करना सरकार की जिम्मेदारी है, न कि शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करके अन्य जरूरतें पूरी करना। अलीगढ़ का ताजा आदेश प्रतीक है उस सोच का, जिसमें शिक्षक को सबसे सुलभ और आज्ञाकारी श्रमशक्ति मान लिया गया है। यह सोच न केवल शिक्षक के पेशेवर सम्मान को ठेस पहुंचाती है, बल्कि शिक्षा को भी हाशिये पर धकेलती है। शिक्षक समाज में मार्गदर्शक और निर्माता की भूमिका निभाता है; उसे हर समस्या का सर्वेक्षक बना देना उसकी भूमिका को सीमित और अपमानित करता है। अब समय आ गया है कि नीति निर्धारक गंभीरता से यह तय करें कि प्राथमिक शिक्षक से आखिर क्या अपेक्षा की जाती है। यदि हम सचमुच नए भारत और शिक्षित भारत की बात करते है, तो शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त कर, उन्हें पूरी तरह बच्चों की पढ़ाई और व्यक्तित्व निर्माण पर केंद्रित करने देना होगा। अन्यथा यह सवाल बार-बार उठता रहेगा कि जब शिक्षक ही पढ़ाने से दूर रहेगा, तो देश का भविष्य कैसे संवरेगा?

उपेक्षित समाज के आत्म संघर्ष की गाथा

भारत में शुरुआती दौर का इतिहास लेखन आमतौर पर औपनिवेशिक स्रोतों पर आधारित रहा है और उसकी मूल भावना और दिशा राष्ट्रवाद से अनुप्राणित रही है। बाद में मार्क्सवाद से प्रभावित इतिहासकारों ने इतिहास को आर्थिक, सामाजिक विकास, उंसके अन्तर्विरोध और संघर्षों की पृष्ठभूमि में देखना परखना जरूर शुरू किया जिसमें एक वस्तुनिष्ठ नजरिया विकसित हुआ लेकिन इस धारा का इतिहास लेखन भी कुलीनतावाद की छाया से पूरी तरह मुक्त न हो सका। आधुनिक इतिहास लेखन की इस धारा में सामाजिक - राजनीतिक संघर्षों को इतिहास

लेखन के केंद्र में लाया गया पर स्वाधीनता आंदोलन के नेतृत्व में चूंकि कुलीन और मध्यवर्ग का प्रभुत्व रहा इसलिए राष्ट्रवाद की पारंपरिक और लोकप्रिय छाया इस पर भी किसी न किसी रूप में बनी रही और इतिहास से हाशिये का समाज एक तरह से अनुपस्थित ही रहा। सत्तर-अस्सी के दशक में रंजीत गुहा ने सब अल्टर्न दृष्टि से इतिहास को देखने-परखने और उसे सामने लाने की कोशिश की और बाद में ज्ञान पाण्डेय, रविंदर कुमार और कुछ अन्य इतिहासकारों ने इस ओर थोड़ा ध्यान देना शुरू किया। बावजूद इसके आज भी भारत के हाशिये के समाज का बहुत बड़ा हिस्सा है जो इतिहासकारों की नजरों से ओझल है और इस पर अभी काफी काम किये जाने की जरूरत है। कुछ नए शोधार्थियों ने जरूर अब काम करना शुरू किया है। और इस लिहाज से सुभाष चन्द्र कुशवाहा जी का काम ध्यान खींचने वाला है।

अभी 10-12 साल से ही सुभाषचंद्र कुशवाहा ने इस विषय पर अपना ध्यान केंद्रित किया है और चौरी-चौरा, अवध का किसान विद्रोह, भील विद्रोह पर आई उनकी किताबों ने इतिहास के अध्येताओं और पाठकों को हाशिये के समाज की दुनिया और इतिहास में उनके योगदान के बिलकुल नये पहलुओं से परिचय कराया है। भील विद्रोह के बाद गोंड आदिवासियों पर पिछले दिनों आई उनकी नई किताब ने खासा ध्यान खींचा है। सुभाषचंद्र कुशवाहा भले ही कोई अकादमिक मापदंडों वाले इतिहासकार न हों पर भील विद्रोह के बाद गोंड आदिवासियों पर केंद्रित इस नई किताब में जिस शोध वृत्ति के साथ वह प्राथमिक और द्वितीय स्रोतों के आधार पर गोंड आदिवासी समाज के सामाजिक ताने-बाने और उसकी सत्ता और संघर्ष के पहलुओं की पड़ताल करते है वह इस किताब को एक मौलिक इतिहास ग्रंथ की श्रेणी में खड़ा करती है। किताब में ब्रिटिश न्यूज पेपर आर्काइव, नेशनल आर्काइव ऑफ आस्ट्रेलिया, ब्रिटिश लाइब्रेरी, राष्ट्रीय अभिलेखागार, नई दिल्ली, मध्य प्रदेश शासकीय अभिलेखगार और पुस्तकालय भोपाल आदि को प्रथम स्रोत और तमाम ब्रिटिश लेखकों और कुछ भारतीय लेखकों की पुस्तकों को द्वितीय स्रोत के रूप में इस्तेमाल किया गया है। शायद इसीलिए वे कह पाते है कि...' अपने समय के बड़े हमले, जो मुगलों मराठों और अंग्रेजों की ओर से हुए; उनके विरूद्ध गोंड मुखियाओं ने भील मुखियाओं की तरह विद्रोही रूख क्यों नहीं अपनाया..? या गोंड आदिवासी समाज अपने राजाओं की आदिवासियों से विचलन के कारण उनके लिए कुर्बानी देने की स्थिति में उतना प्रतिबद्ध क्यों नहीं था जितना कि भील समाज.?' सुभाषचंद्र कुशवाहा की इतिहास दृष्टि ब्रह्मणवादी और कुलीनतावादी नजरिए से मुक्त होकर उस नजरिये को एक चुनौती भी देती है और तीन खंडों--समाज, सत्ता और संस्कृति--में विभाजित यह पुस्तक गोंड समाज की सांस्कृतिक अस्मिता, सत्ता सम्बन्धों और संघर्षों की बहुस्तरीय समझ की खिड़कियां खोलती है। इतिहास की कोई भी किताब अंतिम और पूरी नहीं होती। किसी भी इतिहास पुस्तक का महत्व और उसकी अर्थवत्ता इसी में है कि वह अपने पूर्ववर्ती लेखन में कुछ नया और महत्वपूर्ण जोड़े और उस विषय के शोधार्थियों और अध्येताओं के लिए आगे कुछ नया करने को बाध्य करे। चार साल पहले आई भील विद्रोह पर उनकी किताब और इस नई किताब को एक क्रम में आगे पीछे पढ़ा जाय तो हाशिये के समाज और उसके बहु विध संघर्षों को परखने और समझने की नई दृष्टि भी विकसित होती है। दोनों किताबें हिन्द युग्म प्रकाशन से छपी है।

दयाशंकर राय (वरिष्ठ पत्रकार)

परोपकारी संत सुन्दर सिंह

बरसी पर विशेष

डा. दलबीर सिंह

सिला पंण की गहान शरिसगत गुरु नानक देव जी की 11वीं पीढ़ी, परोपकारी संत बाबा सुन्दर सिंह जी महाराज का जन्म भाई जवाहर सिंह के तथा माता भागवन्ती की कोख से नवम्बर 1887 ई. में कोटली बाबा फकार चन्द जी (बेदी वंश) जिला स्यालकोट (अब पाकिस्तान हुआ था। पिता भाई जवाहर सिंह जन्म से 4 महीने पहले ही स्वर्गवास हो गया था। बालक सुन्दर सिंह जी की रूचि भी बचपन में ही प्रभु परमात्मा की तरफ हो गई थी। चूंकि घर में धार्मिक वातावरण था ही इसीलिए आप छोटी अवस्था में ही घंटो प्रभु भक्ति में लीन रहते, आए हुए अतिथि साधु संतों की सेवा बड़ी लगने तथा मेहनत से करते । सेवा करते करते मन में ऐसा बैराग उत्पन्न हुआ कि एक रात चुपचाप उठे घर के सभी सदस्य सो रहे थे। माता जी की परिक्रमा करके चरणों में नमस्कार करके घर से बाहर निकल आए।

चलते-चलते पढ़ाने को करने का दीदार सिंह भी हो पाया पर पहुँच गए जोकि जिला अखनूर रिभर जम्मू-कश्मीर झनां नदी के किनारे स्थित था। बाबा दीदार सिंह जी ने बालक से पूछा कि 'घर बार छोड़कर साधु के आश्रम में आने का क्या कारण है?' तब मासूम बालक ने उत्तर दिया कि 'घर में मन नहीं टिकता है। यहीं पर रहकर भजन बंदगी करूंगा। आपकी सेवा में रहूंगा'। बाबा जी की अपनी कोई औलाद नही थी। उन्होंने इस बालक को अपने आश्रम में अपनी छत्रछाया में रख लिया। बालक गुरुबाणी का पाठ बहुत करते थे। बाबा दीदार सिंह जी जहाँ भी धर्म प्रचार के लिए जाते आपको साथ ले जाते। लोग इस बालक के मुख से गुरुवाणी का पाठ सुनकर तथा उसकी लगन देखकर बहुत प्रसन्न होते तथा कई प्रकार की शुभ आशीचे देते। जहाँ पर महान आत्मा वाले संतों का वास होता है वहीं स्वर्गापुरी पर बन जाती है यथा-मीठी धुन से 'बैकुंठ नगर जहां संत वासा, प्रभु चरण कमल हृदय मांहि निवासा' । (अंक 742 श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी) सन 1901 ई. में बाबा दीदार सिंह जी के साथ बालक संत सुन्दर सिंह जी अलीबेग पहुँचे। गाँव अलीबेग जिला मीरपुर कश्मीर (अब पाकिस्तान) मै झेलम नदी के किनारे स्थित एक गरीब, पिछड़ा हुआ तथा पहाड़ी इलाका है । यहाँ पर रहते हुए सुन्दर गुरुद्वारा बनवाया लोगों की हर प्रकार से मदद करके उनको इस गांव में बसाया। कुछ समय यहाँ रहकर बालक सुन्दर सिंह को यहाँ पर छोड़कर बाबा दीदार सिंह वापस अखनूर लौट गए।

इस प्रकार इस पिछड़े हुए गरीब इलाके के भाग्य खुल गए। जिसको भी पता लगता कि बाल जी पी पिके दर्शन के लिए भेट लेकर पहुँच जाता तथा संत जी की कृपा दृष्टि प्राप्त कर खुद को गौरवान्वित महसूस करता। ऐसा प्रतीत होता था कि इस गरीब तथा पिछड़े हुए इलाके के उद्धार के लिए प्रभु परमात्मा ने ही आपकी विशेष डयूटी यहाँ लगा दी थी। जिसे कि बाल संत सुन्दर सिंह जी ने अपने आचार व्यवहार, नेक इरादों तथा लोक मलाई के अनेकानेक कार्य करते हुए अत्यन्त सूझबूझ के साथ निभाया। लोक सेवा के साथ-साथ बाल संत जी महाराज विद्वानों से विद्या ग्रहण भी करते रहे। काशी जाकर आपने अनेक ग्रंथों का अध्ययन किया तथा कई भाषाएं भी सीखी। सन 1905 ई. में कांगड़ा में बड़ा भयानक भूपाल जा गया । कर आप भी अपने साथियों समेत कांगड़ा पहुंच गए तथा दुखी व जख्मी लोगों की तन-मन-धन से अनथक सेवा की।

इस प्रकार दीन दुखियों की सेवा करते करते सन् 1909 ई. को पुनः अलीबग अपने स्थान पर जा पहुंचे। इसी प्रकार सन 1935 ई. में क्वेटा में आए भूचाल के समय भी आप जी ने वहाँ पहुंच कर दुखियों की सहायता की थी तथा कई धनाढ्य व्यक्तियों को उनकी सेवा करने के लिए प्रेरित किया। आस- पास के गांवों के सभी निवासी संत जी का आना सुनकर आपके दर्शनों के लिए पहुंचे जिसमें कि अधिक गिनती मुसलमान प्रेमियों की भी थी। जोकि संत जी महाराज पर बहुत श्रद्धा व विश्वास रखते थे। संत बाबा सुन्दर जी ने अपने आचार-व्यवहार से न केवल अलीग बल्कि आस-पास के इलाकों झेलम पिंड अज़ीज़, लालामूसा, मीरपुर खास, खाहरियां, मंगला, चेचियां, सराय आलमगीर, गुजरांवाला आदिक इलाकों में भी अपनी अच्छी छाप छोड़ी थी। लोग आपके ऊपर बहुत श्रद्धा तथा विश्वास रखते थे। कहते है कि जंगल नेकपा होता है आस पास के सभी पौधे चंदन की सुंगधी प्राप्त करके चंदन का ही रूप हो जाते हैं। यहीं पर रहते हुए आपने गरीब बच्चों के लिए मिडिल स्कूल तथा पाठशालाएं बनवाई, यतीम बच्चों की शिक्षा तथा पालन पोषण पर विशेष जोर दिया यहां तक कि पशुओं तक के लिए विशेष प्रबन्ध किए तथा गऊशालाएं बनवाई। एक विशेष बात यह थी कि कभी मजहबी ईर्ष्या को आड़े नही आने दिया।

आप जी के विद्यक आश्रमों में हिन्दू, सिख तथा मुसलमान विद्यार्थी बराबर शिक्षा तथा अन्य सहायता प्राप्त करते थे। भोजन - पानी सभी विद्यार्थियों को बराबर मिलता था। किसी से भी कोई हार्थो को पर के लिए आटा-दाल भी दिया जाता। जरूरत मंद लड़कियों तथा लड़कों को वजीफे दिए जाते। इसी प्रकार शीत ऋतु में कंबल, रजाईयां बांटी जातीं। हर सवाली की इच्छा पूरी की जाती 'गुरू नानक मोदीखाने से। मोदीखाने का मतलब होता है स्टोर रूम (Store Room) जोकि विभिन्न प्रकार के रोजमर्रा के सामानों तथा दवाइयों से हर वक्त भरपूर भरा रहता था। यहीं पर बस नहीं। आप जी ने अपने आश्रम (डेरें) के पास की जमीन खरीदकर उस पर अतिथि साधुओं के लिए कुटियाँ बनवाई, फलदार वृक्ष लगवाए, स्नान तथा स्वच्छ जल के लिए कुएं लगवाए। इस प्रकार यात्रियों तथा साधुओं की आवाजाही होने से गांव की रौनक बहुत गई तथा संत जी महाराज की कीर्ति तथा यश दूर-दूर तक फैल गया। एक बार एक साधु हरिद्वार से आ गए, आकर मांग की कि. पांच तोले कस्तूरी चाहिए, कम न हो' ।

संत जी ने कहा 'महात्मा जी। कस्तूरी बहुत महगी है कम से काम चला लें'। परन्तु मामा जी को जैसे परीक्षा करना चाहते थे सो न माने संत जी ने मोदी खाने से पूरे पांच तोले कस्तूरी गंगा के महात्मा जी को दे दी। वह खुशी-खुशी चले गए। महान परोपकारी, ब्रह्मज्ञानी, सत्यवादी, महापुरूष, संसार को प्रभु परमात्मा का पल्ला पकड़ने की सूझ देने वाले संत बाबा सुन्दर सिंह जी महाराज बेदी वंश 56 वर्ष की आयु में अपने अनन्य सेवक, प्रभु प्यारे, हर दिल अजीज़ श्रीमान संत बाबा मोहन सिंह जी को अपने स्थान पर विराजमान कर 26 दिसम्बर सन 1943 ई. को अपने निज स्वरूप में लीन हो गए। ऐसी महान आत्माएँ, जन्म मृत्यु के चक्कर से सर्वथा परे होती है। वह तो लोगों प्रभु परमात्मा का संदेश-प्रेम और भाईचारे का सन्देश, देने इस संसार में आती है और अपना कर्तव्य पूरा कर अपने निज स्वरूप में लीन हो जाती है।

(लेख में निजी विचार हैं)

बालक सुन्दर सिंह जी की रूचि भी बचपन में ही प्रभु परमात्मा की तरफ हो गई थी। चूंकि घर में धार्मिक वातावरण था ही इसीलिए आप छोटी अवस्था में ही घंटो प्रभु भक्ति में लीन रहते, आए हुए अतिथि साधु संतों की सेवा बड़ी लगने तथा मेहनत से करते । सेवा करते करते मन में ऐसा बैराग उत्पन्न हुआ कि एक रात चुपचाप उठे, घर के सभी सदस्य सो रहे थे। माता जी की परिक्रमा करके, चरणों में नमस्कार करके घर से बाहर निकल आए।

जल ब्राह्मी-दिमाग से दिल तक

- आयुर्वेद की दुनिया में जल ब्राह्मी को औषधीय गुणों से भरपूर पौधे के रूप में जाना जाता है। नम स्थानों और पानी के आसपास उगने वाली इस छोटी-सी बूटी को निरब्राह्मी या जल नेवरी भी कहते हैं
- जल ब्राह्मी को सबसे ज्यादा दिमागी शक्ति बढ़ाने के लिए जाना जाता है।

आयुष मंत्रालय के मुताबिक, ब्राह्मी एक एडोप्टोजेन है। एडोप्टोजेन्स ऐसे प्राकृतिक पदार्थ हैं, जो शरीर और दिमाग को चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से उबरने में मदद कर सकता है।

(मीडिया इनपुट्स)

दो दशकों से भी ज्यादा समय से हम देख रहे हैं कि रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मामलों पर सुनवाई को तब ही तेज कर दिया जाता है, जब उन्हें लगता है कि 1) गांधी परिवार को डराया-धमकाया जाए; और 2) टीवी बहसों की दिशा बदली जाए। यह भी गौर करें कि भारत के इतिहास में सबसे अमीर पार्टी कौन है?

सबा नकवी, लेखिका

@_sabanaqvi

ऐसो को उदार हिन्दी जग माहीं...



आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी

पुण्यतिथि

गौरव अवस्थी

बोलियों में बंटी हिंदी भाषा को परिमार्जित करके भारतेन्दु हरिश्चंद्र द्वारा प्रारंभ किए आधुनिक खड़ी बोली हिंदी आंदोलन को सफलता के शिखर पर स्थापित करने में आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी का महत्वपूर्ण योगदान माना जाता है। अपनी अथक मेहनत के बल पर उन्होंने हिंदी खड़ी बोली में कई संपादक लेखक कवि तैयार किए।आचार्य द्विवेदी को भाषा और व्याकरण में किसी भी तरह की भाषाई अशुद्धि और व्याकरण की अराजकता अस्वीकार थी। हिंदी की इस प्रतिष्ठा के लिए ही अपने समय के प्रतिष्ठित साहित्यकारों से आचार्य द्विवेदी का वाद-विवाद और प्रतिवाद होता रहा। कुछ विवाद तो आधुनिक हिंदी साहित्य में आज भी अमिट हैं। बालमुकुंद गुप्त से अस्थिरता और अनस्थिरता शब्द पर वर्षो चला विवाद हो या नागरी प्रचारिणी सभा की खोजपूर्ण रिपोर्ट को लेकर बाबू श्यामसुंदर दास से हुआ मतभेद या सरस्वती में लेख न छपने पर बीएन शर्मा से हुई लट्ठमलट्ठ। आमतौर पर उनकी छवि आमतौर पर कलहप्रिय, क्रोधी, घमंडी और तुनक मिजाज के तौर पर स्थापित करने की समय- समय पर कोशिशें की गई लेकिन इन विवादों के अंत सौहार्दपूर्ण एवं सौजन्यता के साथ ही हुए। बालमुकुंद गुप्त से चले विवाद का अंत आचार्य के चरणों में सिर रखने से हुआ। आचार्य द्विवेदी ने भी उन्हें गले लगा कर सह्रदयता दिखाई। 87वीं पुण्यतिथि (21 दिसंबर) पर हिन्दी के अप्रतिम पुरोधा को शत-शत नमन।

नागरी प्रचारिणी सभा के काम की आलोचना खोजपूर्ण रिपोर्ट छपने पर बाबू श्यामसुंदर दास से पैदा हुए मतभेद के बाद सभा ने सरस्वती से अपने संबंध समाप्त कर लिए। आचार्य द्विवेदी ने 'अनुमोदन का अंत' शीर्षक से लेख लिखा तो सभा के कार्य से बाहर गए पं. केदारनाथ पाठक बहुत नाराज हुए और लौटने पर सीधे कानपुर आचार्य द्विवेदी के पास पहुंचकर अपनी नाराजगी प्रकट की। कोमल ह्रदय आचार्य द्विवेदी ने उन्हें ससम्मान आसन दिया और घर के अंदर से मिठाई-जल लेकर आए और साथ में एक लाठी भी। शिष्टाचार के बाद उन्होंने पं. पाठक को प्रतिवाद पूरा करने के लिए लाठी देते हुए कहा-'आपकी लाठी और मेरा सर..'। इस पर पं. पाठक बहुत लज्जित हुए और वह हमेशा के लिए आचार्य जी के भक्त हो गए। इस विवाद का अंत भी श्यामसुंदर दास द्वारा 'भारत मित्र' में द्विवेदी जी की उदारता पर लिखे गए लेख के साथ हुआ। सौजन्यता का इससे बड़ा उदाहरण और क्या होगा कि बाबू श्याम सुंदर दास द्वारा स्थापित नागरी प्रचारिणी सभा ने आचार्य द्विवेदी के सम्मान में 1933 में 'अभिनंदन ग्रंथ' प्रस्तुत किया और आचार्य द्विवेदी ने अपने संपादन से जुड़ी महत्वपूर्ण सामग्री और लाइब्रेरी की हजारों पुस्तकें सभा को ही दान में दीं। अपना लेख सरस्वती में न छपने पर बीएन शर्मा ने अवश्य आलोचनापूर्ण लेख में आचार्य द्विवेदी पर व्यक्तिगत आक्षेप किए लेकिन क्षमा प्रार्थना के बाद आचार्य द्विवेदी ने इस विवाद का भी अंत सौजन्यता के साथ कर दिया। ऐसा ही एक प्रकरण महामना पं. मदन मोहन मालवीय के अनुज कृष्णकांत मालवीय के साथ भी हिंदी साहित्य में दर्ज है।

रेलवे की ₹200 प्रति माह की नौकरी छोड़कर ₹50 प्रति माह में 'सरस्वती' का संपादन स्वीकार करने वाले आचार्य द्विवेदी का इंडियन प्रेस के संस्थापक बाबू चिंतामणि घोष से प्रथम परिचय उनके ही प्रेस से प्रकाशित हिंदी रीडर की कड़ी आलोचना के साथ हुआ था लेकिन फिर भी घोष बाबू ने आचार्य द्विवेदी को सरस्वती का संपादक नियुक्त करना तय किया। उनके संपादक नियुक्त होने पर कुछ साहित्यकारों ने घोष बाबू से कहा कि यह मनुष्य बहुत घमंडी है। तुनक मिजाज है। इसे संपादक बनाकर बड़ी भूल कर रहे हो। उससे एक दिन भी नहीं पटेगी लेकिन उन्होंने किसी भी आलोचना को कान न देकर आचार्य द्विवेदी को संपादन का दायित्व सौंपा। 18 वर्षो तक सरस्वती के संपादन कार्यकाल में आचार्य द्विवेदी और घोष बाबू में घड़ी भर की अनबन नहीं हुई। सरस्वती के प्रकाशक और सेवक संपादक के बीच के सरस संबंध आज भी मुद्रक-प्रकाशक एवं संपादक के बीच सरस संबंधों का आदर्श उदाहरण है। बात नवंबर 1905 की है। छतरपुर के राजा ने आचार्य द्विवेदी जी से कहा कि आप प्रतिवर्ष एक अच्छे अंग्रेजी ग्रंथ का अनुवाद किया कीजिए। पारिश्रमिक के रूप में मै आपको ₹ 500 दिया करूंगा। उन्होंने 1907 में हर्बर्ट स्पेंसर की 'एजुकेशन' पुस्तक का अनुवाद 'शिक्षा' के नाम से किया और राजा को पत्र लिखा। अपनी बात से मुकरते हुए राजा ने पारिश्रमिक के रूप में केवल ₹25 ही देने की बात कही। इस पर नाराज हुए आचार्य द्विवेदी ने राजा को कड़ा पत्र लिखकर अपनी आपत्ति प्रकट करने से परहेज नहीं किया।

जन्म ग्राम दौलतपुर (रायबरेली) की पाठशाला के एक शिक्षक एक पद का गलत अर्थ बता रहे थे। बालक द्विवेदी ने शिक्षक को टोका और सही अर्थ बताया लेकिन शिक्षक अपनी गलती स्वीकार करने को तैयार नहीं थे। द्विवेदी जी के प्रतिवाद करने पर वह पंडितराज संजीवन के अर्थ को प्रमाणिक मानने को तैयार हुए। तब द्विवेदी जी पंडितराज के घर गए और सही अर्थ लिखाकर लाए। उन्होंने भी द्विवेदी जी के ही अर्थ का समर्थन किया। गलत को गलत कहने में तनिक भी हिचक न होने का यह स्वभाव आचार्य द्विवेदी में अंतिम समय तक विद्यमान रहा। किसी के आगे झुकना उन्होंने स्वीकार नहीं किया। सामने वाला कोई भी हो या कितना भी बड़ा हो। इसी स्वभाव के बल पर वह आधुनिक हिंदी खड़ी बोली को गद्य और पद्य दोनों की भाषा बनाने में सफल हो सके।

युद्धोन्माद

श्रीराम शर्मा आचार्य

युद्धोन्माद का वातावरण बनाने और सरंजाम जुटाने में किसी वर्ग विशेष को लाभ-ही-लाभ सूझा होगा अन्यथा उस आक्रमण-प्रत्याक्रमण के माहौल से असंख्य मनुष्यों की, परिवारों की भयंकर बरबादी सूझ ही न पड़ती, ऐसी बात नहीं है। अपने को सर्वसमर्थ, सर्वसंपन्न बनाने के लिए उभरे उन्माद ने शोषण से लेकर आक्रमण तक के अनेक कुचक्र रचे हैं। इतना दुस्साहस तभी बन पड़ा जब उसने अपनी चेतना को इतना निष्ठुर बना लिया। अन्यान्यों को इस त्रास से भारी कष्ट सहना पड़ सकता है, इसको दरगुजर करने के उपरांत ही अपराधी, आक्रामक एवं आतंकवादी बना जा सकता है। अपनी आर्थिक बरबादी और बच्चों की अनगढ़ जिंदगी के लिए भी अपने को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। दोष-घटनाओं को ही देख कर निश्चिंत नहीं हो जाना चाहिए। सोचना यह भी चाहिए कि अवांछनीयताओं का यह प्रवाह प्रचलन, जिस भावना क्षेत्र की विकृति के कारण उत्पन्न होता है, उस पर रोकथाम के लिए भी कुछ कारगर प्रयत्न किया जाए। संवेदनाओं में करुणा का समावेश होने पर दूसरे भी अपने जैसे दीखने लगते हैं। कोई समझदारी के रहते, अपनों पर आक्रमण नहीं करता, अपनी हानि सहन नहीं करता। इसी प्रकार यदि वह आत्मभाव समूचे समाज तक विस्तृत हो सके तो किसी को भी हानि पहुंचाने, सताने की बात सोचते ही हाथ-पैर कांपने लगेंगे। अपने आपे को दैत्य स्तर का निष्ठुर बनाने के लिए ऐसा कोई व्यक्ति तैयार न होगा, जिसकी छाती में हृदय नाम की कोई चीज है। जिसने अपनी क्रिया को, विचारणा को मात्र मशीन नहीं बनाया होता, वरन उनके साथ उस आत्मसत्ता का भी समावेश किया होता; तो आत्मीयता करुणा, सहकारिता और सेवा-साधना के लिए निरंतर आकुल-व्याकुल रहती। समस्याओं का तात्कालिक समाधान तो नशा पीकर बेसुध हो जाने पर भी हो सकता है। जब होश-हवास ही दुरुस्त नहीं, तो समस्या क्या? और उसका समाधान खोजने का क्या मतलब? पर जब मानवी गरिमा की गहराई तक उतरने की स्थिति बन पड़े तो फिर माता जैसा वात्सल्य हर आत्मा में उभर सकता है, और हित साधना के अतिरिक्त और कुछ सोचते बन ही नहीं पड़ता। तब उन उलझनों में से एक भी बच नहीं सकेंगी, जो आज हर किसी को उद्विग्न-आतंकित किए हुए हैं।

रीडर्स मेल

जागरूकता अभियान चले

दिल्ली में चाइनीज मांझा की खरीद, बिक्री, निर्माण, भंडारण और पतंग उड़ाना एक दंडनीय अपराध है। दिल्ली पुलिस इस संदर्भ में विज्ञापन के माध्यम से जनता को जागरूक करती रही है और इस कार्य में लिप्त लोगों की धर-पकड़ भी करती है। प्रत्येक वर्ष चाइनीज मांझा की लपेट में आने से युवाओं की जान चली जाती है और बड़ी संख्या में लोग और पक्षी घायल होते हैं। कानूनी रूप से चाइनीज मांझे पर लगे प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले पर 5 साल की कैद और ₹100000 जुर्माने का प्रावधान है। अकेले दिल्ली में ही 2017 से लेकर 2025 तक करीब 10 लोगों की जान जा चुकी है। स्वतंत्रता दिवस पर पतंगबाजी का जोश होता है। इसलिए जरूरी है कि दिल्ली के स्कूल, कॉलेज एवं आरडब्लूए को साथ जोड़कर दिल्ली सरकार जागरूकता अभियान चलाया जाए।

रमेश सिंह तोमर- ईमेल से

पहले बताते तो अच्छा होता

यह पत्र 'देर से जागे एयर चीफ' से संबंधित है। हालांकि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में काफी कुछ देशवासियों को मालूम है, लेकिन जो बातें एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने बताई उनमे से कुछ अभी तक लोगों के साथ साझा नहीं हुई थी। भारत ने जिस तरह से सतह से हवा में पाकिस्तानी लड़ाकू विमान को 300 किमी की दूरी से मार गिराया है वह निसंदेह उल्लेखनीय है और भारत की बढ़ती हुई सैन्य क्षमता के बारे में बताता है। जिस तरह से भारत और अमेरिका के रिश्ते में ट्रंप के रवैये के कारण खटास आई है उसके चलते हमारे एयर चीफ मार्शल ने अमेरिका द्वारा निर्मित एफ 16 को गिराए जाने की बात को छुपा लिया है। अगर यह सारी बातें सिंह पहले बता देते तो अच्छा होता, लेकिन अब विपक्ष और राहुल गांधी को अपने सवालों का जवाब मिल गया होगा। इसके साथ ही हमारी सरकार को सिंह के कुछ समय पहले दिए गए बयानों पर भी गौर करना चाहिए जहां उन्होंने सेना को देर से मिलने वाले लड़ाकू विमानों और हथियारों की उपलब्धता के विषय में गंभीर सवाल उठाए थे।

प्रदीप द्विवेदी, ग्वालियर मप्र

मजबूत बने सामाजिक सुरक्षा तंत्र

देश में जन्म दर और कुल प्रजनन दर में लगातार गिरावट ने स्पष्ट किया है कि आने वाले वर्षो में भारत का सामाजिक-आर्थिक ढांचा बदलेगा। औसत महिला अब प्रतिस्थापन स्तर से कम बच्चे को जन्म दे रही है, जिससे कार्यशील आबादी घटेगी और वृद्धजन का अनुपात बढ़ेगा। आर्थिक दृष्टि से यह परिवर्तन गंभीर है। श्रम शक्ति घटने से उत्पादन और विकास पर दबाव आएगा। वृद्धजन की बढ़ती संख्या स्वास्थ्य और पेंशन व्यवस्था पर सरकारी व्यय भी बढ़ाएगी। समाधान के रूप में स्वचालन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता से उत्पादकता बढ़ाई जाए और जेरियाट्रिक सेवाओं को सुदृढ़ किया जाए। राजनीतिक स्तर पर उत्तर भारत की उच्च प्रजनन दर और दक्षिण भारत की वृद्धावस्था स्थिति के बीच भारी असमानता है। भविष्य की रणनीति यह होनी चाहिए कि शिक्षा और कौशल नीति जीवन पर्यंत सीखने पर आधारित हो जिससे वृद्धजन भी योगदान दे सकें। जनसांख्यिकीय लाभांश समाप्त होने से पहले सामाजिक सुरक्षा तंत्र भी इतना मजबूत बने कि भारत संतुलित और समर्थ राष्ट्र के रूप में उभरे।

प्रियांशी, दिल्ली

letter.editorsahara@gmail.com

हमें गर्व है हम भारतीय हैं

राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता कर्तव्य समर्पण

वर्ष-26 , अंक 323

सहारा इण्डिया मास कम्युनिकेशन के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **जिया कादरी** द्वारा राष्ट्रीय सहारा काम्पलेक्स, पार्क रोड, गोरखपुर में मुद्रित तथा प्रकाशित।
। वरिष्ठ स्थानीय संपादक -पीयूष बंका। स्थानीय संपादक-दीप्त भानु डे *।
गोरखपुर कार्यालय- पी.बी.एक्स- 0551-2202362, 63, 64, फैक्स- 0551-2202365

आर.एन.आई.सं.यू.पी.ए.आई.एन./2000/1707

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन तथा कानूनी मामलों के लिए उत्तरदायी

संक्षिप्त खबरें

दस हजार के इनामियां समेत तीन गैंगस्टर गिरफ्तार

संतकबीरनगर। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने शनिवार को गैंगेस्टर एक्ट के तीन गैंगेस्टरों को मेहदावल बाईपास खलीलाबाद के पास से गिरफ्तार किया है। इनमें गिरफ्तार गैंगेस्टर सुनील विश्वकर्मा पुत्र राधेश्याम 10 हजार ₹ का ईनामी है। पुलिस ने तीनों गैंगेस्टरों को न्यायालय रवाना किया। क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार ने बताया कि थाना प्रभारी कोतवाली खलीलाबाद पंकज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में गठित टीम ने उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर से संबंधित तीन अभियुक्तों अभियुक्तों 10 हजार ₹ का ईनामियां सुनील विश्वकर्मा पुत्र राधेश्याम निवासी जंगलखुर्द गोडवा थाना कोतवाली खलीलाबाद, मुकेश गुप्ता पुत्र प्रेमचन्द्र गुप्ता निवासी करैली थाना बखिरा और सत्येन्द्र यादव पुत्र विद्याधर यादव निवासी करैली थाना बखिरा को मेहदावल बाइपास बस स्टैण्ड के पास से नियमानुसार गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

साढ़े तेरह करोड़ की लागत से बनेगा सरौवा घाट का पुल

बेलहर(एसएनबी)। विकास खण्ड बेलहर कलां के आमी नदी के सरौवा घाट पर ₹13 करोड़ 41 लाख 49 हजार की लागत से पुल का निर्माण होने जा रहा है। इसके लिए ₹6 करोड़ 70 लाख 75 हजार अवमुक्त भी कर दिया गया है। वर्षों से प्रतीक्षित इस सेतु को मूर्तरूप देने के लिए मेंहदावल विधायक अनिल त्रिपाठी सहित क्षेत्र वासियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। विधायक मेंहदावल श्री त्रिपाठी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस पुल निर्माण की वित्तीय स्वीकृति तथा धन अवमुक्त होने से वर्षों से जनता-जनार्दन के आकांक्षाओं के अनुरूप,बहुप्रतीक्षित सेतु निर्माण हेतु मार्ग प्रशस्त हो गया। इस पल के बन जाने से दर्जनों गांव के लोग लाभांवित होंगे।

डीएम ने भगौसा गोशाला का किया निरीक्षण

बेलहर । जिलाधिकारी आलोक कुमार ने शुक्रवार को देर शाम भगौसा गौशाला के निरीक्षण में गौशाला में चारा, पानी और ठंड से बचाव की तैयारियां परखी। पशुओं के लिए अलाव हेतु सूखी लकड़ी, हरा चारा, भूसा, दलिया तथा साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त पाई गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। खंड विकास अधिकारी बीडीओ उमेश प्रसाद ओझा ने बताया कि गौशाला प्रंबधन को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं कि पशुओं की सुविधा ठीक प्रकार से रहनी चाहिए ताकि व्यवस्था सही रहे। ठंड से बचाव के लिए सभी तैयारियां पूरी है। निरीक्षण के दौरान सभी गायों का हेल्थ चेकअप किया जा रहा है। आवश्कतानुसार दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस दौरान एडीओ पंचायत पंकज सिंह, सचिव सौरभ चौधरी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि चुनीलाल यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

मारपीट में तीन के विरूद्ध केस

धनघटा। धनघटा थाना क्षेत्र के चपरापूर्वी गांव में पूर्व में जलनिकासी के लिए बनाई गई नाली में लगे पाइप को तोड़ देने का विरोध करने पर कुछ लोगों द्वारा घर में घुसकर परिवार पर हमला कर मारपीट कर घायल करने के आरोप में कोर्ट के आदेश पर धनघटा पुलिस ने शनिवार को तीन हमलावरों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोर्ट ने मुकदमा दर्ज कर जांच करने का आदेश पारित किया जिसके अनुपालन में शनिवार को पुलिस ने मन्जू देवी, डोली और ईशू के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2), 324 (2), 333, 351 (3), 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ससुराल पक्ष पर ब्लैकमेलिंग का आरोप

धनघटा । महुली थाना क्षेत्र के प्यारेजोत-कलुआपुर गांव निवासी प्रेम यादव पुत्र बृजलाल ने अपनी पत्नी की विदाई न होने और ससुराल पक्ष द्वारा कथित रूप से ब्लैकमेल किए जाने को लेकर न्यायालय की शरण ली है। महुली पुलिस ने बताया कि इस तरह का मामला उनके सामने अभी तक प्रस्तुत नहीं हुआ है जब तक मामला न्यायालय में है पुलिस कुछ नहीं कर सकती न्यायालय के आदेश के बाद जांच-पड़ताल शुरू कर की जाएगी।

दो परिषदीय स्कूलों के बच्चों में बैग आदि वितरित

संतकबीरनगर। शनिवार को नगर पालिका परिषद खलीलाबाद अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय नौहट एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय आजमपुर के कुल 225 बच्चों में बैग, पेंसिल, रबर आदि वितरित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्वांचल व्यापार मंडल के पूर्वांचल अध्यक्ष सर्वदानंद पाण्डेय, अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता, पूर्व प्रधान प्रदीप मौर्य सहित अन्य व्यापारी नेताओं, संभ्रांत नागरिकों ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम खलीलाबाद शहर गोला बाजार के प्रतिष्ठित व्यापारी स्व. शिव नरायन की दसवीं पुण्यतिथि पर उनके पुत्र महेश कुमार गुप्ता द्वारा जनसेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष महेश गुप्ता, व्यापारी नेता बैजनाथ जायसवाल, अजीत कसौधन, अयोध्या प्रसाद, कमलेश, वीरेन्द्र गुप्ता, राजेश वर्मा, घनश्याम दास, रितेश वर्मा, मूलचंद मौर्य, अरविन्द चौरसिया, अनूप मद्धेशिया, विनोद गुप्ता, प्राथमिक विद्यालय खलीलाबाद नौहट की शिक्षिका श्रीमती अमृता यादव, विन्दी रानी, विनीता, उमाकांत मौर्य, राम प्रकाश यादव, उच्च प्राथमिक विद्यालय आजमपुर के शिक्षिक शरदेन्दु पाण्डेय, श्रीमती ऋचा कौशिक, श्रीमती पूनम, शबाना साबिर उपस्थित रहीं।

विधायक खेल स्पर्धा का हुआ समापन

संतकबीरनगर। मां. कांशीराम जी स्पोर्ट्स स्टेडियम, खलीलाबाद में शनिवार को दो दिवसीय विधायक खेल स्पर्धा-2025 का समापन हुआ। दूसरे दिन एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, वलीबल, फुटबल एवं बैडमिंटन की शेष प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक संपन्न कराई गईं। मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता उदय राज तिवारी ने विभिन्न खेल विधाओं में विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण-पत्र, मेडल एवं ट्रैकसूट प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि उदय राज तिवारी ने कहा कि सरकार और प्रशासन का उद्देश्य है कि ग्रामीण एवं शहरीहर क्षेत्र के युवाओं को खेल का समान अवसर मिले। इस मौके पर जिला युवा कल्याण अधिकारी राम प्रताप सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष सतविंदर पाल सिंह, कन्हैया वर्मा, मुरली जायसवाल, कमलेश जायसवाल क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी खलीलाबाद आराधना द्विवेदी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी बघौली रितेश कुमार वर्मा, राघवेंद्र बहादुर पाल, मुकेश गुप्ता तथा निर्णायक की भूमिका में रमेश प्रसाद, इंद्रमणि पटेल, राम शंकर चौधरी, संजय मौर्य, लाल बिहारी यादव, ओम नारायण शुक्ला, गणेश कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार चौरसिया, सुनील कुमार, शशिकांत त्रिपाठी, शैलेंद्र त्रिपाठी, संजय यादव, प्रांतीय रक्षक दल के जवान गोरख प्रसाद, प्रदीप यादव, रमाकांत यादव, भालचंद यादव, शिव शंकर तिवारी सहित अन्य जवान उपस्थित रहे।

अधिकारीगण विभागों के प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें : डीएम

संतकबीरनगर/धनघटा(एसएनबी)। जिले के तीनों तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। तीनों तहसीलों में कुल 191 फरियादियों के विभिन्न मामलों से संबंधित प्रार्थना पत्रों की सुनवाई हुई। जिसमें कुल 36 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण गया। साथ ही 23 मामलों में मौके का स्थलीय निरीक्षण कर नियमानुसार निस्तारण हेतु टीम भेजी गई।

■ डीएम ने ठंड व शीतलहर के दृष्टिगत जरूरतमंद फरियादियों को वितरित किया कंबल

खलीलाबाद में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनते डीएम।

खलीलाबाद तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी आलोक कुमार ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए राजस्व विभाग सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। संपूर्ण समाधान में ही जिलाधिकारी ने ठंड व शीतलहर को देखते हुए जरूरतमंद व गरीब फरियादियों को कंबल वितरित किया। कानून एवं व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने की। इस मौके पर सीएमओ डॉ. रामानुज कनौजिया, डीसी मनरेगा प्रभात द्विवेदी, उप जिलाधिकारी खलीलाबाद अरूण कुमार, तहसीलदार आनन्द कुमार ओझा, नायब तहसीलदार प्रियंका तिवारी सहित तहसील से सम्बंधित अधिकारी, राजस्व कर्मचारी, लेखपाल आदि उपस्थित रहे। इसी क्रम में मेंहदावल प्रतिनिधि के अनुसार तहसील मेंहदावल में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 26 प्रार्थना पत्र आये। जिसमें से मुख्य विकास अधिकारी ने मौके पर 04 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करवाया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मेंहदावल संजीव राय, पुलिस क्षेत्राधिकारी सर्वदमन सिंह सहित तहसील से संबंधित अधिकारी, राजस्व कर्मचारी, लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

धनघटा कार्यालय के अनुसार शनिवार को धनघटा तहसील के सभागार में आयोजित संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में फरियाद सुनने पहुंचे जिले के अपर जिलाधिकारी जयप्रकाश ने फरियादियों के प्रार्थनापत्रों पर सुनवाई किया। इस दौरान पेश हुए कुल 50 प्रार्थनापत्रों पर सुनवाई करते हुए अपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों के जिम्मेदार अधिकारियों को जरूरी आदेश करते हुए निर्धारित समयावधि के भीतर निस्तारण करने का निर्देश दिया है। मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के सहयोग से अपर जिलाधिकारी ने 10 मामलों का तत्काल मौके पर ही समाधान करा दिया।

उद्यान विभाग की भूमि पर दो दर्जन से अधिक लोगों का अवैध कब्जा हटाने के निर्देश

धनघटा (एसएनबी)। विकास खंड नाथनगर अन्तर्गत राजकीय बाग घोरहट-भैंसही उर्फ भैंसवरिया में स्थित उद्यान विभाग के करोड़ों रूपए की कीमती जमीन पर दो दर्जन से अधिक दबंगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। जनता की शिकायत पर डीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए धनघटा तहसील के राजस्व टीम को भेजकर अवैध कब्जा हटाने का निर्देश दिया है। डीएम के निर्देश पर गुरूवार को राजस्व विभाग की दो टीम में शामिल दर्जनों राजस्वकर्मी भूमि की पैमाइश किया जिसमें दो दर्जन से अधिक लोगों द्वारा अवैध कब्जा होने की पुष्टि हुई है जिन्हें कब्जा खाली करने का निर्देश दिया गया है जिसको लेकर हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। क्षेत्र के कुछ लोगों ने जिलाधिकारी को एक शिकायतीपत्र देकर आरोप लगाया था कि उद्यान विभाग की भूमि पर कुछ दबंग लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर उस पर अतिक्रमण कर लिया है। तीस एकड़ की सरकारी भूमि पर हुए अवैध कब्जे को तत्काल नहीं हटाया गया तो उद्यान विभाग की भूमि का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। गुरूवार को राजस्व टीम द्वारा उद्यान विभाग के अधिकारी की मौजूदगी में पैमाइश किया गया तो पूरे दिन सीमांकन होता रहा। राजस्वकर्मियों ने बताया कि इस दौरान दो दर्जन से अधिक लोगों द्वारा अवैध कब्जा करने की पुष्टि हुई है जिन्हें खाली करने को कहा गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि उद्यान विभाग के कुछ कर्मचारी अवैध कब्जाधारी से मिले हुए हैं जिसके चलते कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। लोग आते है और जांच के नाम पर खानापूर्ति करके चले जाते हैं जिससे अवैध कब्जेदारों कर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो पाती जिससे उनके हौसले बुलन्द हैं। तहसीलदार धनघटा रामजी ने बताया कि जिन लोगों को अवैध कब्जा खाली कराने का निर्देश दिया गया है समय सीमा के भीतर खाली नहीं करते है तो नोटिस देने के बाद मजबूरन राजस्व विभाग बुलडोजर की कार्रवाई करने पर बाध्य होगा जिससे इसकी सारी जिम्मेदारी अतिक्रमणकारियों की होगी।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–सर्विस निविदा सूचना संख्या 08-TMC-OS-MA-2025-26 दिनाक 19–12–2025

उप मुख्य इन्जी०/टीएमसी, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित ई–सर्विस निविदा आमंत्रित करते हैं– ट्रैक मशीन के रखरखाव के लिए आरडीएसओ/आईआरटीएमएम/ओईएम के मानक के अनुरूप 40 मशीन सहायक /अर्थ कार्यकुशल कामगार जो कि मशीनों के रखरखाव और टूट फूट के मरम्मत आदि सेड्यूल के अनुसार के लिए जैसा कि मशीन प्रभारी आदेशित करें के लिए 2 साल की अवधि हेतु आउटसोर्सिंग करना। **क्रं.सं.:–1., खुली निविदा संख्या तथा खुलने की तिथि:–** 08-TMC-OS-MA-2025-26 खोलने की तिथि 12.01.2026, **संक्षिप्त विवरण:–** शेड्यूल–ए ट्रैक मशीन के रखारखाव के लिए आरडीएसओ/आईआरटीएमएम/ओईएम के मानक के अनुरूप 40 मशीन सहायक/अर्द्ध कार्यकुशल कामगार जो कि मशीनों के रखरखाय और टूट फूट के मरम्मत आदि के लिए जैसा कि मशीन प्रभारी आदेशित करें के लिए 2 साल की अवधि हेतु आउटसोर्सिंग करना।, विवरण पूरवोतर रेलवे में ट्रैक मशीनों पर फिल्ड आपरेशन के लिए मैन पावर मशीन सहायक/अर्द्ध कुशल कामगार की 24 माह की आवधि के लिए आउटसोर्सिंग (मैन डेज की संख्या = आवश्यक मशीन सहायक की सख्या x 365 = 40 x 365 x 2 = 29200), **आवश्यक मात्रा:–** संलग्न शिडयूल के अनुसार, **कार्यस्थल:–** एनइआर के ट्रैक मशीनो पर कार्य करना।, **कार्य समापन अवधि:–** 24 माह, **अनुमानित निविदा मूल्य (रु0):–** रु० 3,22,53,911.20, **बयाना राशि (रु0):–**रु० 3,11,300.00, **नोट:–1.**उपरोक्त ई–खुली सर्विस निविदा से सम्बन्धित सम्पूर्ण सूचना एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट https://ireps.gov.in/ पर निविदा बन्द होने की तिथि को 15:00 बजे तक रहेगी।, 2. उपरोक्त सभी निविदाओं में ई–बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नही की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु पेन्डरों को चाहिये की अपना I.T. Act–2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class-III, डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IRPES की वेबसाईट पर पजीकृत कराये।, 3. दर फाइनेन्शियल दर के पेज पर डिजिटल हस्ताक्षर के साथ ही विचार किया जायेगा। इससे इतर, वेन्डरों द्वारा अन्य वित्तीय इन्ट्री किसी अन्य रूप/लेटर हेड के साथ संलग्न करने पर विचार नहीं किया जायेगा।, 4. संलग्न किये जा रहे प्रपत्र पर निविदाकर्ता का हस्ताक्षर आवश्यक है।, 5. बयाना राशि ऑनलाईन जमा किया जायेगा।, 6. जो निविदाकार अपना आफर देते रामय ऐसी शर्ते जो टेण्डर डाक्यूमेन्ट में निहित शर्तों से अलग हो एवं जिनका फाइनेन्शियल इम्पलीकेशन बनता हो, यदि देना चाहें तो, उन शर्तों का फाइनेन्शियल इम्पलीकेशन बताना होगा, इसके लिये प्रमाणित दस्तावेज के साथ गणना शीट अपने आफर के साथ संलग्न करना होगा ताकि उस दशा में फाइनेन्शियल शर्त का प्रभाव निकाल कर निविदाओं को इन्टर–से–पोजिशन ज्ञात किया जा सके। यदि कोई निविदाकार बिना फाइनेन्शियल इम्पलीकेशन की गणना शीट दिये बिना ऐसी शर्ते देता है तो, ऐसे आफर/निविदा को Summarily Reject कर दिया जायेगा, जिसके लिये रेलवे प्रशासन कोई भी पत्राचार स्वीकार नहीं करेगा। 7. निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि पूरी निविदा प्रपत्र को सावधानी पूर्वक पढ़ें। 8. यदि कोई कठिनाई आती है तो हेल्प डेस्क IRPES की वेबसाईट पर उपलब्ध है जिससे सम्पर्क किया जा सकता है।

1. उप मुख्य इन्द्री०/टीएमसी 9794840218
2. सीसेई/ (टीएमसी) 9794840293

सहा० अधि०अभि०/टीएमसी/II
मुजाधि/डब्लू–380 गोरखपुर
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

गन्ना तौल न होने से नाराज किसानों का प्रदर्शन

धनघटा (एसएनबी)। मुंडेरवा चीनी मिल द्वारा संचालित गन्ना तौल केन्द्र कुशहवा बाजार में वाहन के अभाव में पिछले पांच दिनों से किसानों का गन्ना तौल न होने से आक्रोशित किसानों ने शनिवार को कुशहवा केन्द्र पर प्रदर्शन किया तथा तत्काल उनके गन्ना को मिल पर भेजने की मांग किया है।

■ ठिठुरती ठंडक में बिना अलाव के गन्ना लेकर रात-गुजारने की किसानों की मजबूरी

प्रदर्शन कर रहे गन्ना किसान ग्राम झिंगुरापार निवासी चन्द्रभान चौधरी, मिठाईलाल चौधरी, चन्द्रशेखर, विजय चौधरी, पिन्टू यादव, धायपोखर निवासी बशिष्ठ पांडेय, प्रभुनाथ,यमुना प्रसाद, सिंघापुर निवासी ब्रह्मदेव चौधरी, राजाराम, महुलिया निवासी अनवर अली आदि किसानों का कहना है कि गन्ना तौल केन्द्र पर वाहन लेबर की भारी कमी है जिसको मिल प्रबंधन द्वारा जनता की मांग के बाद भी पूरा नहीं किया जा रहा है जिससे केन्द्र पर भारी अव्यवस्था पैदा हो गई है इस लिए 5-6 दिनों से वह गन्ना लेकर पड़ रही इस भयानक ठंडक में पूरी रात परेशान है साथ ही केन्द्र पर अलाव की भी व्यवस्था नहीं की गई है जिससे किसानों के साथ आए परिजन बीमारी का शिकार हो रहे हैं जिसकी बार-बार किसानों द्वारा शिकायत करने के बाद मिल प्रबंधन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। प्रदर्शनकारी किसानों ने बताया कि इस केन्द्र पर मात्र तीन मजदूर ही तैनात किए गए हैं जबकि 6 लेबर होना चाहिए तथा दिन में कम से कम चार वाहन होना चाहिए लेकिन कोई व्यवस्था नहीं हो पा रही है। प्रति दिन दो कुन्तल के लगभग किसानों का गन्ना सूख रहा है जिससे उनकी भारी नुकसान हो रहा है जिसकी भरपाई होना मुश्किल है। आक्रोशित किसानों ने कहा कि अगर 24 घंटे के भीतर उनके गन्ना की तौल कर मिल पर नहीं भेजा गया तो वह तौल केन्द्र पर धरना-प्रदर्शन तेज कर देंगे। इस संबंध में मिल प्रबंधन के जीएम आर.एस. पांडेय से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी मिल पिछले 24 घंटे से सफाई के कारण बन्द थी रविवार से पर्याप्त मात्रा में केन्द्र पर वाहन उपलब्ध कराकर सभी किसानों का गन्ना तौल करा लिया जाएगा और समस्या का समाधान हो जाएगा। कांटे पर कल से अलाव की भी व्यवस्था करा दी जाएगी।

पूर्वोत्तर रेलवे

शुद्धि पत्र

Website-www.ner.indianrailways.gov.in
दिनांक: 18-12-2025

निविदा संख्या-28250976, खुलने की तिथि 25-12-2025 एवं निविदा सूचना संख्या-45 दिनांक 01-12-2025 के अन्तर्गत मद सं० 12 में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है:–

मद सं: 12, मद विवरण: निविदा खुलने की तिथि एवं समय, वर्तमान प्रविष्टि: 25-12-2025, 11:30 am., **अब पढ़ा जाय:** 19-01-2026, 11:30 am. मद विवरण डिस्क्रिप्शन, वर्तमान प्रविष्टि: सॉफ्ट ब्लैंकेट ग्रे शेड आफ सुपिरियर क्वालटी इत्यादि। **अब पढ़ा जाय:** सॉफ्ट ब्लैंकेट ग्रे शेड आफ सुपिरियर क्वालटी इत्यादि। **नोट:** ए पीस आफ वाइट क्लाथ शुड बी अटैच्ड एट एनी वन कार्नर आफ साईज 6.5 x 9.5 ईंच एस पर ड्राईंग अटैच एट फार एंडोर्समेंट आफ डेट एण्ड मंथ आफ वॉशिंग आफ ब्लैंकेट। डिस्क्रिप्शन IREPS वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

अन्य सभी नियम एवं शर्ते यथावत रहेगी।

नोट: उपरोक्त निविदा सूचना को पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाईट *www.ner.indianrailways.gov.in* एवं भारत सरकार की वेबसाइट *www.tenders.gov.in.* पर देखा जा सकता है।

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक,
मुजाधि/एस-67 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

सेंट थॉमस स्कूल में मना क्रिसमस समारोह

संतकबीरनगर (एसएनबी)। सेंट थॉमस स्कूल खलीलाबाद में शनिवार को क्रिसमस समारोह बड़े हर्षोल्लास एवं धार्मिक वातावरण में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रेम, शांति, सेवा एवं भाईचारे की भावना को विकसित करना था। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने प्रार्थना नृत्य (प्रेयर डांस) प्रस्तुत किया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्किट विशेष आकर्षण का केंद्र रही। विद्यार्थियों ने शेफर्ड (चरवाहा) नृत्य एवं एंजल (देवदूत) नृत्य के माध्यम से प्रभु यीशु मसीह के जन्म

क्रिसमस समारोह में कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी।

से जुड़ा संदेश प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फादर रोजर, प्रधानाचार्य सेंट जोसेफ विमेन्स कालेज सिविल लाइंस गोरखपुर का औपचारिक स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर जाइमन ने किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक जिनु मोन जोसेफ, श्रीमती पूजा तिवारी तथा विद्यार्थी अक्षिता एवं अनुपम ने किया। इसके पश्चात जूनियर वर्ग ने क्रिसमस कैरोल गीत प्रस्तुत किया गया। तदुपरांत फादर रोजर ने अपने संबोधन में क्रिसमस पर्व के महत्व, उद्देश्य तथा समाज में प्रेम, सेवा और करुणा के संदेश पर प्रकाश डाला। इसके बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में कक्षा 10 (आईसीएसई) एवं कक्षा 12 (आईएससी) के विषयवार एवं अकादमिक टापर्स को मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सम्मानित किया।

कार्यालय-जिलाधिकारी/नियन्त्रक, ना०सु०कोर, महराजगंज

पत्रांक -879/जे०ए०-बीस-विज्ञापन-एक/ना०सु०को/ 2025-26 दिनांक 18.12.2025

-: विज्ञप्ति :-

जनपद महराजगंज के नगरीय क्षेत्र में नागरिक सुरक्षा कोर में वार्डन पद पर सेवा देने वाले इच्छुक नागरिक हेतु आवेदन ।

नागरिक सुरक्षा विभाग की स्थापना 1962 में भारत-चीन युद्ध के पश्चात संवेदनशील क्षेत्रों एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर बाह्य आक्रमणो के दृष्टिगत की गयी थी भारत सरकार द्वारा वर्ष 1968 में नागरिक सुरक्षा अधिनियम लागू किया गया, तब से नागरिक सुरक्षा विभाग कोर के रूप में कार्यरत है। कालान्तर में इसके कार्यक्षेत्र में वृद्धि करते हुए आपदा सहित अन्य जनकल्याणकारी एवं सामजिक जनहित के कार्यो को भी सम्मिलित किया गया है। नागरिक सुरक्षा की सेवाओं में वार्डन सेवा जनपद में प्रभावी रूप से कार्य करती है, जिसका मुख्य उद्देश्य जीवन की रक्षा सम्पति की हानि को कम करना उत्पादन की निरन्तरता को बनाते रखना, जनता के मनोबल को बनाये रखना।

नागरिक सुरक्षा के मूल कार्यो एवं दायित्वों के रूप में प्रशिक्षण अभ्यास / प्रदर्शन हवाई से जन-धन की सुरक्षा करना होता है। महराजगंज जनपद में नागरिक सुरक्षा कोर का गठन किया गया है, जिसके अंतर्गत नागरिक सुरक्षा वार्डन सेवा में विभिन्न अवैतनिक स्वयं सेवकों / सदस्यों के निम्नांकित पदों के अधीन आने वाले नागरिक अपनी सेवाएं देने के लिये आवेदन कर सकते है। उक्त नियुक्तियां नागरिक सुरक्षा अधिनियम 1966 के अधीन होगी।

पदो का विवरण

जनपद महराजगंज	चीफ वार्डेन	डिप्टी चीफ वार्डेन	डिवीजन वार्डेन	डिप्टी डिवीजन वार्डेन	घटना नियंत्रण अधिकारी	पोस्ट वार्डेन	डिप्टी पोस्ट वार्डेन	सेक्टर वार्डेन	संदेश वाहक
01	02	03	04	05	06	07	08	09	10
जनपद महराजगंज कें अंतर्गत सुरक्षा हेतु	1	1	1	1	4	19	19	104	21

उपरोक्त अर्हताओं को पूर्ण करने वाले नागरिक निर्धारित प्रारूप फार्म -ए आवेदन पत्र पर आवेदन कर सकते है। आवेदन हेतु प्रपत्र नियंत्रक जिलाधिकारी / नागरिक सुरक्षा कोर कार्यालय, महराजगंज से नियत तिथि में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे अपरान्ह 05:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। आवेदन पत्र कार्यालय में दिनांक 31 दिसम्बर 2025 को सायं 05:00 बजे तक पंजीकृत डाक के माध्यम से अथवा व्यक्तिगत रूप से जमा कर सकते है। नागरिक सुरक्षा पदों के लिये किसी भी प्रकार का कोई वेतन, भता देय नही होगा, जो एक अवैतनिक पद है।

आवेदन की अर्हताएं निम्नलिखित है :-

1. नागरिक सुरक्षा कोर में सदस्यता हेतु अभ्यर्थी का भारतीय नागरिक होना आवश्यक है।
2. नगर पंचायत क्षेत्र का मूल निवासी होना चाहिये,
3. आवेदन कर्ता स्वच्छ छवि का होना चाहिये तथा उसके विरुद्ध कोई पुलिस केस दर्ज न हो तथा किसी न्यायालय में कोई वाद लम्बित नहीं होना चाहिये ।
4. शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिये ।
5. आवेदक 18 वर्ष या अधिक 60 वर्ष से कम आयु होना चाहिए ।
6. आवेदक हाईस्कूल या उच्च शिक्षित होना चाहिये
7. आवेदक किसी भी राजनैतिक पार्टी का सक्रिय सदस्य नहीं होना चाहिये ।
8. नागरिक सुरक्षा कोर में स्वयं सेवकों / सदस्यों हेतु महिला एवं पुरुष दोनों आवेदन कर सकते है

जिलाधिकारी / नियंत्रक
नागरिक सुरक्षा विभाग
महराजगंज

सूर्या एकेडमी में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आगाज

संतकबीरनगर (एसएनबी)। बच्चों के सर्वागीण विकास और उनके शारीरिक एवं बौद्धिक विकास के लिए खेल को महत्वपूर्ण है। ये बातें शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर स्थित सूर्या इंटरनेशनल सीनियर सेकेंड्री स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रामानुज कनौजिया ने कहीं।

बच्चों के सर्वागीण विकास के लिए आउट डोर गेम बेहद आवश्यक है : सीएमओ

शिक्षा के साथ ही खेलकूद में भी चमक रहे संस्थान के बच्चे : डॉ. उदय प्रताप चतुर्वेदी

मशाल जलाकर खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ करते अतिथिगण तथा खेल में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं का माला पहनाकर किया गया उत्साहवर्धन।

इस खेल कूद प्रतियोगिता में सीनियर्स और जूनियर्स की हीट रेस, वालीबाल, नन्हें मुन्ने बच्चों की जलेबी व बोरा दौड़, खो खो, दौड़, बालीवाल, बास्केट बाल, शतरंज, क्रिकेट और जलेबी दौड़ जैसी प्रतिस्पर्धाओं में विद्यार्थियों ने अपनी पूरी क्षमता के साथ प्रतिभाग किया। स्कूल की छात्राओं ने स्वागत गान, पंजाबी नृत्य के साथ ही क्रिकेट विश्व विजेता महिला टीम का प्रतिबिंब प्रस्तुत करके मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं प्रबंधक डॉ. उदय प्रताप चतुर्वेदी ने कहा कि हार जीत के मनोवृति से निकल कर छात्र-छात्राओं को खेल की हर विधा में हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने नौनिहालों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते हुए उन्हे भरोसा दिलाया की संसाधनों की किसी भी तरह की कमी कभी भी आड़े नहीं आने देंगे। प्रबंध निदेशिका श्रीमती सविता चतुर्वेदी ने कहा कि शिक्षा के साथ ही स्पोर्ट्स भी कैरियर संवारने का बेहतर विकल्प है। ऐसे में अपने पूरे मनोयोग के साथ दोनों क्षेत्रों की बुलंदी पर खुद को स्थापित करें। इससे पहले अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन, संस्थापक स्व. पंडित सूर्य नारायण चतुर्वेदी को श्रद्धांजलि अर्पित करके खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। साथ ही शांति के प्रतीक कबूतर को छोड़कर और मार्च पास्ट की सलामी लेकर प्रतियोगिता के विधिवत शुभारंभ की संयुक्त रूप से घोषणा की गई। इस मौके पर पूर्व प्रमुख राकेश चतुर्वेदी, सूर्या एकेडमी के उप प्रबंधक अखंड प्रताप चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव, प्रधानाचार्य रविनेश श्रीवास्तव, उप प्रधानाचार्य शरद त्रिपाठी, आशुतोष पाण्डेय सहित अन्य शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

एसपी से लगाया दोषियों की गिरफ्तारी,रक्षा की गुहार

बस्ती (एसएनबी)। नगर थाना क्षेत्र के भैरोपुर निवासी अनुसूचित जाति के रामसबरे पुत्र हरदयाल ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्यायालय के आदेश पर दर्ज मुकदमे में दोषियों की गिरफ्तारी और अपने जान माल के रक्षा की गुहार लगाया है। उसे आशंका है कि दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई न हुई तो उसकी हत्या करायी जा सकती है या उत्पीड़न से त्रस्त होकर वह आत्महत्या करने को मजबूर होगा।

डीएम-एसपी ने सुनी फरियाद ,रैन बसेरा का किया निरीक्षण

रुधौली (एसएनबी)। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस रुधौली जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना व एसपी अभिनन्दन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिस दौरान कुल 51 मामले आये जिसमें मौके पर केवल आठ मामला का निस्तारण हो सका। डीएम ने आये हुए फरियादियों की क्रमवार समस्या को सुनी और मौजूद अधिकारियों को मौके पर जाकर दोनों पक्षो की बात सुनकर गुण दोष के आधार पर मामले का सीघ्र निस्तारण करने को निर्देशित किया। तहसील दिवस से निकलकर डीएम ने नगर पंचायत रुधौली बाजार में स्थित अस्थाई रैन बसेरा का भी निरीक्षण किया वहाँ पर मौजूद रैन बसेरा प्रभारी संजीव द्विवेदी से यात्रियों के ठहरने की बिस्तर , लाइट, अलाव , शौचालय , पानी सहित व्यवस्था के बारे में निरीक्षण किया जो ठीक पाया गया । डीएम ने बताया कि सभी व्यवस्था ठीक पाया गया और लाइट का व्यवस्था सुधारने के लिए कहा गया है । इस अवसर एसडीएम मनोज प्रकाश, तहसीलदार रवि यादव , नायब तहसीलदार नीरज सिंह , बीडीओ साऊंघाट मनोज कुमार श्रीवास्तव , बीडीओ रुधौली योगेन्द्र राम त्रिपाठी , इओ कीर्ति सिंह सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे ।

आपरेशन कन्विक्शन के तहत 20 साल की सजा

बस्ती (एसएनबी)। आपरेशन कन्विक्शन के तहत पैरवी सेल व थाना कलवारी द्वारा की गयी प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को 20 वर्ष के कठोर कारावास व कुल 25,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गयी। दिनांक 8/7/2024 को वादी द्वारा दिये गये तहरीर के आधार पर थाना कलवारी पर धारा 5/6 पाक्सो एक्ट बनाम प्रकाश चंद्र वर्मा पुत्र रामहीत निवासी ग्राम रैयाल थाना दुबौलिया जनपद बस्ती उम्र 42 वर्ष के विरुद्ध पंजीत कर विवेचक द्वारा विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस अधीक्षक बस्ती के निर्देशन में पैरवी सेल बस्ती एवं थाना कलवारी पुलिस की प्रभावी पैरवी से अभियुक्त प्रकाश चंद्र वर्मा पुत्र रामहीत उपर्युक्त को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश अनन्य न्यायालय (पाक्सो एक्ट) बस्ती द्वारा दोष सिद्ध पर 20 वर्ष के कठोर कारावास व कुल 25,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

गाली व धमकी देने के मामले में दर्ज हुआ मुकदमा

बस्ती (एसएनबी)। कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देकर पीड़ित मनोज कुमार उपाध्याय पुत्र विनोद कुमार उपाध्याय निवासी मोहल्ला पिकौरा बक्श ,बाटा गली गांधीनगर ने बताया कि संतोष कुमार शुक्ला द्वारा उसकी पत्नी को अपने वश में कर लिया तथा पत्नी के साथ मिलकर उसे गालियां व जान से मारने की धमकी दिया गया। मामले में पुलिस ने आरोपी संतोष कुमार शुक्ला पुत्र राम नरायन शुक्ला ग्राम मोहल्ला बभनगांवा गांधीनगर, थाना कोतवालीके विरुद्ध धारा 352,351(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

भौतिक सत्यापन में कम मिला खाद्यान, कोटेदार पर मुकदमा

बस्ती (एसएनबी)। क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक द्वारा किये गये भौतिक सत्यापन में उचित दर विक्रेता की दुकान पर खाद्यान में अनियमितता करते हुए काला बाजारी पाया गया। इस सम्बन्ध में कोतवाली पुलिस ने आरोपी कोटेदार पर मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बरसांव गांव में क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक अशोक कुमार द्वारा भौतिक सत्याप किया गया। जहां पर उचित दर विक्रेता अंगद प्रसाद द्वारा विगत 2 माह अर्थात् माह सितम्बर व अक्टूबर 2025 में कार्डधारकों से ई-पास मशीन पर आधार प्रमाणीकरण कराने के पश्चात् उन्हें खाद्यान्न का वितरण नहीं किया गया, जांच में कुल 19 कार्डधारकों से उनका लिखित बयान प्राप्त किया, जिसमें पाया गया कि विक्रेता अंगद प्रसाद द्वारा 2 माहों से कार्डधारकों का आधार प्रमाणीकरण कराकर तत्समय खाद्यान्न नहीं दिया गया बल्कि माह नवम्बर, 2025 में उक्त दोनो माहों का खाद्यान्न का वितरण किया गया, जिसमें कार्डधारकों को अनुमन्य मात्रा से 2 से 3 किग्रा कम खाद्यान्न का वितरण किया गया। अंगद प्रसाद की दुकान का भौतिक सत्यापन किया, इस प्रकार विक्रेता के गोदाम में 3411 कु0 गेहूँ, 6103 कु0 चावल एवं 0.42 कु0 चीनी कम पाया गया। जिससे प्रतीत हुआ कि विक्रेता अंगद प्रसाद उक्त स्कन्ध में कालाबाजारी किया है। मामले में अशोक कुमार पुत्र रामवृक्ष निवासी 17ए इन्द्रानगर निकट पैडलेगंज थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर पूर्ति निरीक्षक बस्ती की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी अंगद प्रसाद उचित दर विक्रेता ग्राम पंचायत बरसांव, विकास खण्ड बस्ती के विरुद्ध धारा आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

रास्ता रोकने के विवाद में मारपीट, पांच नामजद

बस्ती (एसएनबी)। रास्ता रोकने के विवाद को लेकर एक महिला को विपक्षीगणो द्वारा गालियां देते हुए मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दिया गया। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत व न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने अभियुक्तों पर मुकदमा दर्ज किया है। न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर पीड़िता नूरजहां पत्नी हैदर अली निवासिनी कुसौरा थाना कलवारी ने बताया कि रास्ता रोकने के विवाद को लेकर विपक्षी नजीरुन्निशा व उसके परिवार वालों द्वारा एक राय होकर गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी नजीरुन्निशा पत्नी हफीजुल्लाह, , शाहीन पुत्री हफीजुल्लाह, अलमा पुत्री हफीजुल्लाह, सलमा पुत्री हफीजुल्लाह, इरफान पुत्र हासिम, निवासीगण कुसौरा थाना कलवारी के विरुद्ध धारा 191(2)/115(2)/351(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

गाड़ी तेज चलाने के विवाद में युवक की पिटाई, केस

बस्ती (एसएनबी)। वाहन तेज चलाने के विवाद को लेकर एक युवक को विपक्षीगणो द्वारा गालियां देते हुए मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दिया गया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्तो पर मुकदमा दर्ज किया है। न्यायालय में अर्जी लगाते हुए पीड़ित अरुन कुमार पुत्र अज्ञाराम निवासी भगवानपुर थाना सोनहा ने बताया कि वह अपने भाई सचिन का मित्र संदीप वर्मा पुत्र राजू वर्मा निवासी अकडेंगवा थाना सोनहा को घर छोड़कर अपने घर जा रहा था कि रास्ते मे गाव के रहने वाले प्रमोद चौधरी व अन्य लोगो द्वारा रोककर गाड़ी तेज चलाने के बाते कहकर गाली देने लगे। विरोध करने पर उसे मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दिया गया। तथा चाभी व जेब में रखा 2000 रुपया छीन लिया। मामले में न्यायालय के आदेश पर सोनहा पुलिस ने आरोपी प्रमोद चौधरी पुत्र घनश्याम चौधरी , रतनलाल पुत्र चन्द्रिका प्रसाद, राहुल पुत्र महेश निवासीगण भगवानपुर थाना सोनहा के विरुद्ध धारा 115(2),352,351(3),309(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

किसानों ने की अधिक दाम पर यूरिया बेचने की शिकायत

विक्रमजोत(एसएनबी)। स्थानीय विकास खंड के साधन सहकारी समिति कलवपुर पर यूरिया खरीदने गये कुछ किसानों ने यूरिया की ब्लैक मार्केटिंग करने व अधिक दाम पर बेचने की शिकायत कृषि विभाग के टोल-फ्री नम्बर और जिला पि अधिकारी से किया। नेतवरपट्टी निवासी मुनीश तिवारी, अनूप, छोटू आदि किसान शनिवार को अपनी आधार और खतौनी लेकर साधन सहकारी समिति कलवपुर पर यूरिया खरीदने पहुंचे। लाइन में लगने के बाद उनका नम्बर आया तो मेम्बर शिप न हो से सचिव राजकुमार दूबे ने यूरिया देने मना कर दिया गया। किसान द्वारा काफी सिफारिश के बाद 267 रुपये के स्थान पर तीन सौ रूपए मांगा जाने लगा। निराश होकर किसान मुनीश तिवारी ने जिला कृषि अधिकारी और टोल-फ्री नम्बर पर शिकायत दर्ज कराई। समिति पर जुटे तमाम किसानों ने सचिव के खिलाफ नाराजगी जताते हुए उच्चाधिकारियों को अपनी शिकायत दर्ज कराई है। इस संबंध में एडीसीओ बिजेंद्र यादव ने बताया कि कलवपुर समिति से कुछ किसानों ने अधिक मूल्य पर यूरिया बेचने की शिकायत फोन पर किया था। तत्पश्चात लिखित शिकायत आईजीआरएस पर किया है। समिति सदस्य को हि यूरिया देने की शासन की प्राथमिकता में है लेकिन तीन सौ में यूरिया बेचना गैरकानूनी है जिसकी जांच कर कड़ी कार्रवाई कि जाएगी।

दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस

नाथनगर एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला की तहरीर पर पुलिस ने रेलवे से रिटायर कर्मी के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओ में प्राथमिकी दर्ज किया है। महुली थानाध्यक्ष रजनीश राय ने मामले को जानकारी देते हुए बताया है कि क्षेत्र के एक गांव की महिला ने थाने पर तहरीर दिया है। आरोप लगाया कि उसकी 13 वर्षीया बेटी को यदुलाल नामक व्यक्ति 16 दिसम्बर की शाम को गन्ने खेत मे ले जाकर दुष्कर्म किया है। तहरीर के आधार पर पुलिस यदुलाल पुत्र अज्ञात निवासी झिंगुरापुर के खिलाफ दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज किया है। पुलिस मामले को छानबीन में जुट गई है।

करोड़ों की कार्ययोजना का अनुमोदन

जिला पंचायत की बैठक में नयी कार्ययोजना पर चर्चा

बस्ती (एसएनबी)। जिला पंचायत बोर्ड की बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 2026-26-2027 के मूल बजट व वित्तीय वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित बजट पर चर्चा के बाद सदन के सामने आये प्रस्तावों पर ध्वनिमत से सदस्यों ने मोहर लगायी। बैठक के दौरान अलग-अलग जगहों पर महापुरुषो की मूर्तियां लगाने पर भी सहमति बनी।

जिला पंचायत की बैठक निर्धारित समय पर शुरु हुई जिसमें सबसे पहले पूर्व के बैठक की कार्यवाही को सदस्यों को पढ़कर सुनाया गया। जिसका सदस्यों ने पुष्टि की। फिर भी जिला पंचायत के मूल बजट वित्तीय वर्ष 2026-2027 व पुनरीक्षित बजट वित्तीय वर्ष 2025-26 को अनुमोदन के लिए सदन के पटल पर रखा गया। जिसमें सर्वसम्मति से वित्तीय वर्ष 2026-2027 के जिला पंचायत के मूल बजट 53 करोड़ 16 लाख 26502 रुपये व पुनरीक्षित बजट वित्तीय वर्ष 2025-26 का 87 करोड़ 96 लाख 61 हजार 502 रुपये को अनुमोदित किया गया। कार्ययोजना के अनुमोदन के बाद वित्तीय वर्ष 2026-27 में गड्ढामुक्त योजना के कार्य का अनुमोदन हुआ। वसूली कर्मचारियों के माध्यम से सर्वे के उपरान्त संपत्ति व वैभवकर निर्धारण सूची व 2025-26 को यथावत ही अनुमोदित की गयी। साथ ही भदेश्वरनाथ में लगने वाले कांवर मेले, महाशिवरात्रि में शिवभक्तों के आवागमन के लिए प्रकाश व्यवस्था व बैरिकेटिंग व्यवस्था पर व्यय होने वाले धनराशि को भी अनुमोदित किया गया। 15वें वित्त आयोग योजना के तहत प्राप्त धनराशि से एक प्रतिशत तकनीकी व प्रशासनिक मद की धनराशि शासन को वापस किये जाने हेतु प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया। बैठक के दौरान नवनिर्मित जिला पंचायत के सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, डा.भीमराव अम्बेडकर, सरदार बल्लभ भाई पटेल व अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा स्थापित किये जाने पर चर्चा की गयी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी,अपर मुख्य विकास अधिकारी विजय प्रकाश वर्मा समेत तमाम लोग जिला पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

समाधान दिवस में आए 42 मामले, पांच निस्तारित

हर्रैया(एसएनबी)। तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 42 मामले आए जिसमें से पांच को मौके पर निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने किया।

एसडीएम ने कहा कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का अविलंब निस्तारण किया जाए। किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी समाधान दिवस तक सभी मामलों का निस्तारण हो जाना चाहिए। आज के समाधान दिवस में सर्वाधिक राजस्व विभाग 16 मामले आए। इसके अलावा पुलिस विभाग की 11, विकास विभाग आठ, विद्युत विभाग चार व अन्य विभागों से संबंधित तीन मामले आए जिसमें से पांच मामलों का मौके पर निस्तारण कर शेष मामलों को संबंधित विभाग को सौंप दिया गया। समाधान दिवस में थानाध्यक्ष गौर, पैकोलिया तथा वाल्टरगंज अनुपस्थित पाए गए। तीनों के खिलाफ कार्रवाई के लिए एसडीएम ने जिलाधिकारी को पत्र भेजा है। इस मौके पर तहसीलदार अभय राज सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

शिक्षा, सफाई और स्वास्थ्य का संदेश देते थे संत गाडगे

बस्ती (एसएनबी)। स्वच्छता के जनक महा मानव राष्ट्रीय संत गाडगे एवं संत रविदास कल्याण मिशन बस्ती के तत्वाधान में राष्ट्रीय संत गाडगे के 69वें महा पर निर्वाण दिवस के अवसर पर कटरा पानी टंकी के पास स्थित सन्त गाडगे की मूर्ति पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद वक्ताओं ने अपने सम्बोधन में गाडगे को शिक्षा, सफाई और स्वास्थ्य का संदेश देने वाला राष्ट्रीय संत बताये। संत गाडगे का दिया हुआ स्वच्छता का सन्देश देश में बड़े अभियान के रूप में चलाया जा रहा है। साथ ही साथ यह भी कहा कि संत गाड़गे जी एवं बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर के जीवन संघर्षों पर प्रकाश डाला और कहा कि इन महापुरुषों के बताये हुए रास्ते पर चलकर ही समाज प्रगति कर सकता है। माल्यार्पण कार्यक्रम में शिवपूजन, जयहिन्द गौतम, कल्पनाथ बाबू, उदयभान, डा. विजय कुमार गौतम, शिवराम कनौजिया, हीरा लाल वरुण, विश्राम राव, बनवारी लाल, कनौजिया, रामसुमिरन कनौजिया, सन्तराम, सूर्य लाल वरूण, गुरु प्रसाद, हरीराम, रामनरेन्द्र, आरके आनन्द, प्रवीणस कुमार, रविशंकर, राधेश्याम, मुकेश कनौजिया, जवाहर लाल कनौजिया, शिव प्रकाश कनौजिया, अशोक लाल, धर्मेन्द्र, रतन, राजेन्द्र प्रसाद कनौजिया, तिलकराम गौतम, अशोक लाल, विजय कुमार भारती, आकाश कनौजिया, अनिल कुमार कनौजिया, पारसनाथ, सीताराम भाष्कर, महेन्द्र कुमार एडवोकेट, अशोक बौद्ध, आशीष, आदित्य, अनुराग एडवोकेट, रमेशचन्द्रा, रामचन्दर, रामपियारे, लक्ष्मण लाल, सनोज कुमार, प्रशान्त कुमार, आनन्द कुमार, अक्षय कुमार, राजू कनौजिया, राकेश कनौजिया, जगदीश शर्मा, रविशंकर, अजय कुमार, रामनिरंजन राना, परमात्मा प्रसाद, प्रोफेसर ड राजेन्द्र बौद्ध, लाल जी कनौजिया, दुर्गेश कुमार, ड जके भारगव, ड रामजियावन, विनय कुमार गौतम आजाद कुमार, अशोक सम्राट, अनिल कुमार, दीपक कुमार, प्रमोद कुमार, केदारनाथ, सत्येन्द्र कुमार, दिलीप कुमार, सदानन्द शर्मा, अमित कुमार, भोपन्द्र चौधरी एडवोकेट, आदि उपस्थित रहे।

पिस्टल लहराने वाले दो गिरफ्तार

बस्ती (एसएनबी)। थाना लालगंज पुलिस टीम द्वारा पिस्टल लहराने से संबंधित 2 अभियुक्तों को अन्तर्गत धारा 170/126/135 भानासुसं के तहत पुलिस हिरासत में लिया गया उ0 प्रभारी निरीक्षक थाना लालगंज संजय कुमार के नेतृत्व में थाना स्थानीय पुलिस टीम द्वारा पिस्टल लहराकर शांति व्यवस्था भंग किए जाने के दृष्टिगत 2 अभियुक्तगणों को पुलिस हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय बस्ती रवाना किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त गण का विवरण में अंकुर कनौजिया पुत्र रंजीत कनौजिया निवासी गोनरे थाना लालगंज जनपद बस्ती ,कुलदीप चौधरी पुत्र शिवनाथ चौधरी साकिन तेनुआ थाना लालगंज जनपद बस्ती है।

बाल मेला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

दुबौलिया(एसएनबी)। आदर्श बाल शिक्षा निकेतन एवं श्री एसबी सिंह पीडी मेमोरियल बालिका इंटर कालेज दुबौलिया बाजार में बच्चों द्वारा बाल मेला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा मेले में विभिन्न पकवानों की दुकान लगा कर अभिभावकों एवं बच्चों द्वारा खूब खरीदारी किया। विज्ञान प्रदर्शनी और मेले का मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक लाखन सिंह एवं दुबौलिया थाने के वरिष्ठ एसआई अरून पांडेय द्वारा निरीक्षण कर बच्चों की सराहना किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य रचना सिंह, आलोक सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

कोई छेड़े तो डरें नहीं पुलिस से मांगें मदद

गौर(एसएनबी)। बेटियों की सुरक्षा व महिलाओं में जागरूकता लाने को लेकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत गौर थाने की महिला कांस्टेबल मीरा यादव के नेतृत्व में गठित मिशन शक्ति टीम ने बेटियों को जागरुक करते हुए कहा कि कोई छेड़े तो डरे नहीं, पुलिस से मांगे मदद। साइबर अपराधियों से बेटियों को हमेशा सावधान रहने की जरूरत है।

स्थानीय थाना क्षेत्र के केसरई शिव मंदिर पर आयोजित पुलिस की पाठशाला में बेटियों को जागरुक करते हुए मिशन शक्ति टीम ने बताया कि थाना क्षेत्र में अब तक क्षेत्र के 30 विद्यालयों सहित 74 गांव में चौपाल व बहू बेटी सम्मेलन के माध्यम से जागरूक करने का कार्य किया गया है। मिशन शक्ति की महिला पुलिस टीम ने बेटियों को जागरुक करते हुए कहा कि समाज में कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस का दायित्व है। जिस तरह से सैनिक देश की सीमा की रक्षा करते हैं। उसी तरह पुलिस पर देश की आंतरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी है। पुलिस की जिम्मेदारी है कि समाज में किसी प्रकार का अपराध न हो सके। अगर कोई अपराध हो गया है तो उसके जल्द अपराधियों को गिरफ्तार कर सजा दिलाई जाए। महिला कांस्टेबल मीरा यादव ने कहा कि बेटियां शिक्षा के माध्यम से आज हर क्षेत्र में नाम रोशन कर रही हैं। अपने आप को मजबूत बनाएं। हर स्थिति के लिए तैयार रहें। छात्राओं को किसी भी परिस्थिति में घबराने की जरूरत नहीं है। वह बेझिझक पुलिस की सहायता ले सकती हैं। आज के समय में सोशल मीडिया के इस्तेमाल को लेकर बेहद सतर्क और सजग रहने की जरूरत है। छात्राएं सोशल मीडिया प्लेटफार्म का इस्तेमाल सोच समझकर करें। किसी भी अनजान व्यक्ति की फ्रेंड रिस्ट स्वीकार न करें और वह हमेशा आत्मनिर्भर बनने की कोशिश करें। महिला कांस्टेबल पूजा वर्मा ने कहा कि छात्राओं और महिलाओं को खुद अपने आप को मजबूत बनने की जरूरत है और किसी भी समस्या व सुरक्षा के लिए खुद आवाज उठानी होगी। तभी आपको न्याय मिल पाएगा। बेटियों और महिलाओं की सुरक्षा के लिए 1090 व डायल 112 पर फोन करने पर पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए शीघ्र पहुंचेगी। पुलिस लोगों की मित्र है। हर परिस्थितियों में पुलिस मदद के लिए आगे रहती है। समाज का भी दायित्व है कि वह भी पुलिस की मदद करें। 24 घंटे पुलिस पीआरवी की सेवा उपलब्ध रहती है। महिला कांस्टेबल अर्चना कुशवाहा ने बताया की कभी भी व्हाट्सएप की सूचनाओं को प्राथमिकता न दें। रोजाना अखबार जरूर पढ़ें, अखबार पढ़ने से उन्हें देश और दुनिया में होने वाली घटनाओं के बारे में जानकारी मिलती है। जिससे सामान्य ज्ञान मजबूत होता है। बेटियों को हमेशा साइबर अपराधियों से सावधान रहने की जरूरत है। परिवार में महिला या किशोरी के साथ कोई घटना होती है तो तुरंत 1090 पर शिकायत जरूर दर्ज कराएं।

संक्षिप्त खबरें

छेड़खानी के साथ ही दी गालियां व धमकी, केस

बस्ती (एसएनबी)। एक महिला के साथ अभियुक्त द्वारा छेड़खानी किया गया विरोध पर गालियां व धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देकर पीड़िता ने बताया कि सेक्सेरिया इण्टर कालेज में लगी प्रदर्शनी को बच्चो को दिखाने गयी थी जहां से वापस लौटते समय गेट पर विष्णु प्रसाद दूबे ने उसका हाथ पकड़ा तो उसने विरोध किया। जिसके बाद उसके साथ अश्लील हरकत करने लगे। रोकने पर जाति सूचक गालियां व धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी विष्णु प्रसाद दूबे पुत्र उदयभान दूबे निवासी परसा कुकहुक थाना मुण्डेरवा के विरुद्ध धारा 74, 352, 351(2) बीएनएस व 3(1) द, 3(1) ध , 3(2) वीए एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

नाबालिक से किया दुष्कर्म, एफआईआर

बस्ती (एसएनबी)। एक नाबालिक लड़की के साथ आरोपी युवक द्वारा दुष्कर्म किया गाय। इस सम्बन्ध में पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। नगर थाने पर लिखित तहरीर देकर महिला द्वारा बताया गया कि उसकी 12 वर्षीय बेटी के साथ करीब 6- 7 माह पूर्व पिपरा गौतम गांव निवसी अजय द्वारा सीवान में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। जिससे उसकी बेटी गर्भवती हो गयी। मामले में पुलिस ने आरोपी अजय पुत्र जगदीश निवासी पिपरा गौतम थाना नगर के विरुद्ध धारा 65(2) बीएनएस व 5जे(2)/6 ,5एम/6 पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

बच्चों को बहिर्मुखी बनाना वार्षिकोत्सव का लक्ष्य

कलवारी (एसएनबी)। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य है बच्चो को अन्तर्मुखी से बहिर्मुखी बनाना। जिससे आने वाली पीढ़ी अपनी बात को उचित मंच पर

प्रभावी ढंग से रख सके। शिक्षा के क्षेत्र को रोचक और प्रभावी बनाना हमारी प्राथमिकता में शामिल है। यह बातें मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक संजय सिंह ने कहा। वे शनिवार को राजकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कलवारी के वार्षिकोत्सव में बच्चों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन से हुआ। प्रधानाचार्य ने छात्र छात्राओं को शानदार प्रस्तुति, अच्छे अभिनय हेतु पुरस्त किया। वार्षिकोत्सव को विशिष्ट अतिथि कलवारी के पूर्व प्रधान संतोष सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, ग्राम पंचायत वैष्णव पुर के प्रधान राम किशोर यादव के अलावा कई अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया।

छात्राओं ने सरस्वती बन्दना मैया जी की महिमा अपार गाकर सबको भावविभोर कर दिया। बसंती गीत खेतवा में फूलि गइले सरसो और बैठे हुए थे ये आशा लगाए गीत को सुनाकर मदमस्त कर दिया। वहीं ण्ण गीत सुनाकर माहौल भक्तिमय कर दिया। साथ ही सारी दुनिया सो जाती है रिकार्डिग डांस प्रस्तुत कर बच्चों ने सबको थिरकने पर मजबूत कर दिया।वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सफल संचालन हेतु निर्णायक मंडल में प्रधानाचार्य सन्तोष कुमार गौड, कृष्णगोपाल, चंद्रलाल, विनय कुमार वर्मा, सर्वेश पटेल, सुभाष चौरसिया, अतुल कुमार अग्रहरि एवं सीमा यादव सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ क्षेत्रीय बुद्धिजीवियों, अभिभावकों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

राम विलास को मिला भामाशाह पुरस्कार

नगर बाजार (एसएनबी)। नगर पंचायत नगर के पांचवे स्थापना दिवस पर भव्य समारोह आयोजित हुआ। नगर पंचायत कार्यालय पर अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने लगभग दस करोड़ की सैंतालिस परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इन्होंने उत्त योगदान के लिए क्षेत्र के पांच व्यापारियों गीता देवी , राधेश्याम सोनकर, बाबूराम गुप्ता, मंगल प्रसाद सोनी और राम विलास कसौधन को दानवीर भामाशाह सम्मान प्रदान किया।

नगर पंचायत के पांच स्वच्छता साथी कर्मियों योगेंद्र प्रसाद,अमित चौरसिया , राज कुमार वर्मा , शैलेश उपाध्याय और भरत राम को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया। इसके पूर्व अध्यक्ष ने अमर शहीद राजा उदय प्रताप नारायण सिंह और स्वाधीनता सेनानी सरजू भगत निषाद के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलन कर समारोह का विधिवत शुभारम्भ किया।उत्तर प्रदेश राज्य पंचायत परिषद के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख राना दिनेश प्रताप सिंह ने महापुरुषों और शहीदों की पावन भूमि को नमन करते हुए कहा कि नगर के विकास के बिना विकसित भारत की कल्पना साकार नहीं हो सकेगी। भाजपा की सरकार में तत्कालीन सांसद हरीश द्विवेदी और तत्कालीन विधायक रवि सोनकर के प्रयासों से नगर पंचायत की स्थापना हुई थी।

अधिशासी अधिकारी सृष्टि सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि शासन की मंशा और जनहित के अनुरूप योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम में पूर्व मेजर चंद्र शेखर शुक्ला, सूर्य नारायण उपाध्याय, सभासद राजेश पाण्डेय, राम सजन यादव, संजय सोनकर, वीरेन्द्र कुमार, दिनेश चौरसिया, राजकुमार चौधरी, तुलसी राम,अखिलेश यादव, विजय साहनी, विजय जायसवाल, यशराज के के, नियाज अहमद, सत्यराम निषाद, बिन्दू लाल, संदीप कुमार, जगदीश पांडेय, मोहंती दुबे, प्रेम प्रकाश चौधरी,राकेश पाण्डेय, श्रुति अग्रहरि, शशीश मिश्रा, मोनू पाण्डेय, देवेश श्री द्विवेदी, राधेश्याम पाण्डेय, चंद्र मणि मिश्र, पप्पू सिंह, मंटू सिंह राम नारायण यादव, बिपिन पाण्डेय सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

युवा नेतृत्व से और अधिक ऊर्जावान होगी भाजपा : जगदीश मित्तल

भाजपा नेता नितेश शर्मा के नेतृत्व में हरियाणा के पूर्व प्रदेश महामंत्री संगठन का हुआ स्वागत

बस्ती (एसएनबी)। शनिवार को भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के पूर्व संगठन महामंत्री एवं कवि संगम के राष्ट्रीय

अध्यक्ष जगदीश मित्तल का गोरखपुर प्रवास पर जाते हुए बस्ती बड़ेवन टोल प्लाजा पर भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य नितेश शर्मा की अगुवाई में स्वागत किया गया। पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री जगदीश मित्तल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में श्रेष्ठ भारत के निर्माण में अनवरत प्रयत्नशील है। भाजपा शासन में विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति को मिल रहा है। केंद्र व प्रदेश की सरकार प्रातिक संसाधनों का संरक्षण एवं संवर्धन कर रही है जो कि वास्तविक भारतीय विकास है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में युवाओं की भूमिका निरंतर बढ़ रही है। युवा नेतृत्व से और अधिक ऊर्जावान होगी भाजपा। जिससे आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी और अच्छा प्रदर्शन करेगी। कवि संगम के क्षेत्रीय अध्यक्ष ओज कवि शिव कुमार व्यास का भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजयुमो उपाध्यक्ष शिवम राय, साहित्यकार राजेश मिश्र, भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश उपाध्याय, विपिन कुमार, मनोज चौधरी, जितेंद्र चौधरी, रामभारत यादव, आकाश चौधरी मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत

तुर्कपट्टी (एसएनबी)। थाना क्षेत्र के जोकवा-छहूं मार्ग पर शुक्रवार की देर शाम महासोन गांव के सामने एक मोटरसाइकिल सवार 35 वर्षीय युवक अज्ञात वाहन से ठोकर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना पर स्वजन उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के लिए ले गए जहां युवक की स्थिति नाजुक देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। मेडिकल कालेज में उपचार के दौरान देर रात को मृत्यु हो गई। पुलिस शव को अंत्य परीक्षण हेतु भेजकर विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है। दुर्घटना की जानकारी होते ही मृतका की पत्नी बबिता व स्वजन का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।मृतक की एक 8 बर्ष की पुत्री शिप्रा,6 वर्ष का कान्हा व 6 माह का रुद्रांश सहित दो पुत्र हैं। थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह ने कहा कि दुर्घटना की जानकारी है। तहरीर मिलने पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जाएगी।

झोपड़ी में लगी आग, सामान व नगदी जलकर नष्ट

गुरवलिया बाजार(एसएनबी)। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरवाराजापाकड़ के अहिरौली टोला में शुक्रवार की सायं एक रिहायशी झोपड़ी में आग लग गई। घटना के समय खोभरी मेहता पुत्र खेदन मेहता का परिवार भोजन के बाद सोने गया था। इसी दौरान झोपड़ी में अचानक आग भड़क उठी। आग लगते ही परिवार के सभी सदस्य बाहर निकल आए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि झोपड़ी में रखा राशन, कपड़े, चौकी व लगभग दस हजार रुपये नगदी जलकर राख हो गए। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेखपाल ने हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

दहेज हत्या व गम्भीर अपराधों में वांछित तीन गिरफ्तार

हाटा(एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली पुलिस ने आज दो अलग-अलग मुकदमों में वांछित चल रहे तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दहेज हत्या में वांछित चल रहे मुकदमा अपराध संख्या 715/2025 धारा 85/80(2),238/61(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट में वांछित उमेश चन्द्र सिंह पुत्र स्व अम्बिका साकिन सिंहपुर थाना हाटा व विकास उर्फ भोला सिंह पुत्र स्व. दीनानाथ साकिन उभाव थाना गौरीबाजर जनपद देवरिया को महुआरी चौराह व मोती पाकड़ चौराहे के पास से, मुकदमा अपराध संख्या 717/2025 धारा 333/64(1),352,351(3) बीएनएस में वांछित चल रहे बालगोविंद पुत्र नर्वदेश्वर साकिन सिकटिया थाना हाटा जिसका अपराध इतिहास मुकदमा अपराध संख्या 250/2022 धारा 363,366 भादवि व मुकदमा अपराध संख्या 278/2025 धारा 115(2),351(3),352 बीएनएस थाना कोतवाली हाटा को आज तितला कट से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मार्ग दुर्घटना में तीन गंभीर रुप से घायल, रेफर

हाटा(एसएनबी)। देवरिया जनपद के बघौचघाट निवासी संदीप पुत्र जयप्रकाश उम्र 23 वर्ष,पडरौना निवासी शिवेंद्र पुत्र राजेश्वर उम्र 35 वर्ष,मलुडीह कसया निवासी शाहिद पुत्र मैनुद्दीन उम्र 24 वर्ष व दो अन्य युवक एक ही कार में सवार होकर कसया से गोरखपुर की तरफ जा रहें थे जैसे ही वह मुजहना हेतिम टोल टैक्स के आगे पहुंचे की उसी लेने में विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से आमने-सामने टक्कर हो गयी जिसमें संदीप, शिवेंद्र व शाहिद गम्भीर रुप से घायल हो गये। स्थानीय पुलिस द्वारा तीनों घायलों को सीएचसी हाटा लाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों से स्थिति गम्भीर देख तीनों घायलों को गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक व कार को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई कर रही है। एक अन्य समाचार के अनुसार फाजिलनगर के गांव पाण्डे पट्टी निवासी पवन तिवारी अपने कार से गोरखपुर से अपने घर जा रहे थे जैसे ही पगरा स्थित पेट्रोल के पास पहुंचे की आगे चल रहे ट्रक से ओवरटेक करते समय कार अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गयी जिससे कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। गनिमत रही की कोई हताहत नहीं हुआ।

खड्डा थाने का सीओ ने किया निरीक्षण

खड्डा(एसएनबी)। पुलिस क्षेत्राधिकारी वीरेन्द्र कुमार सिंह ने शनिवार को खड्डा थाने का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने मातहतों को दिशा निर्देश दिए।

देवरिया की टीम ने ट्राफी पर किया कब्जा

पिपरा कनक (एसएनबी)। जोगियां के यूथ क्लब द्वारा कराए जा रहे स्व. शिवसागर सिंह फुटबल ग्राउंड में अखिल भारतीय फुटबाल प्रतियोगिता का फाइनल मैच शनिवार को मदनी क्लब देवरिया व यूनाइटेड क्लब सिवान के बीच हुआ।जिसमें सिवान को 9-8 से हराकर देवरिया प्रतियोगिता की विजेता बन गई। आयोजन समिति के अध्यक्ष नितांत सिंह व संयोजक इसराइल अंसारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार जताया। संजय कुशवाहा, विभूति पाठक,कौशल किशोर सिंह, भुनेश्वर राय,हरेंद्र गुप्ता, अनुभव राय, रेफरी मकसूद आलम व लाइनमैन प्रभात मिश्रा तथा अशोक यादव मौजूद रहे।

32 में मात्र चार का हुआ निस्तारण

तमकुहीराज(एसएनबी)। संपूर्ण समाधान दिवस तमकुहीराज तहसील सभागार में आयोजित हुआ जिसमें कुल 32 मामले आए थे जिसमें मात्र 04 मामले को गंभीरता से लेते हुए निस्तारण कर दिया गया। जिसकी अध्यक्षता एसडीएम आकांक्षा मिश्रा व सीओ राकेश प्रताप सिंह की देखरेख में सम्पन्न हुआ।

20 शिकायतों में महज दो का निस्तारण

हाटा(एसएनबी)। स्थानीय तहसील सभागार में आज तहसीलदार जया सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिसमें कुल 20 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 2 शिकायती पत्रों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया।

बोलेरो की चपेट में आने से मासूम की मौत, पांच घायल

टेकुआटार (एसएनबी)। टेकुआटार पकड़ी टोला सोहसा मार्ग पर पकड़ी टोला के समीप उस समय अफरातफरी मच गई, जब एक अनियंत्रित बोलेरो सड़क से उतरकर घर के सामने पहुंच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बोलेरो इतनी तेज और बेकाबू थी कि दरवाजे पर खेल रहे तीन वर्षीय कान्हा को रौंदते हुए आगे बढ़ गई। हादसे में मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में बोलेरो चालक समेत वाहन में सवार एक महिला और एक पुरुष सहित कुल पांच लोग घायल हो गए। घायलों में कुमारी गुंजन उर्फ संस्ति (20), निप्पू (28) निवासी पकड़ी टोला टेकुआटार और करौंदी बाजार बरियारपुर देवरिया से परीक्षा देकर लौट रहे बोलेरो सवार मधु गुप्ता (26), अंकित गुप्ता (30), चालक समीर खान (28) घायल हुए हैं। मासूम की मौत की खबर मिलते ही गांव में मातम पसर गया।

डीएम व एसपी ने सुनीं फरियाद

खड्डा (कुशीनगर) (एसएनबी)। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार की मौजूदगी में शनिवार को खड्डा तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में कुल 94 मामले आए जिसमें से महज 11 मामलों का मौके से निस्तारण कराया गया।

डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपूर्ण समाधान दिवस पर आए हुए शिकायतों को प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने पुलिस विभाग से जुड़े मामलों की सुनवाई की और पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को प्राप्त सभी सन्दर्भो का निस्तारण राजस्व विभाग की सहायता से टीम बनाकर प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ शत प्रतिशत सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिये। समाधान

दिवस में कुल 94 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 38 में से 6 मामलों को तत्काल निस्तारित किया गया। पुलिस विभाग से संबंधित 16, पुलिस व राजस्व के संयुक्त 7, अन्य विभाग के 24 प्रकरण प्राप्त हुए। जिसमें से 11 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण तत्काल एवं अवशेष 83 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समयांतर्गत निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया। तहसील के अधिवक्ताओं ने डीएम से ग्राम न्यायालय शुरू करने की मांग की। अधिवक्ता अवधेश यादव ने डीएम से मौखिक रूप से एसडीएम के रीडर की शिकायत दर्ज कराते हुए स्थानांतरण की मांग की। डीएम, एसपी व एसडीएम ने बसडीला के जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया।

पडरौना में किया निरीक्षण

पडरौना(एसएनबी)। जिलाधिकारी नेपादरौण नगर के रेलवे स्टेशन, सुभाष चौक, तिलक चौक पहुँचकर अलाव की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने ठंड से प्रभावित असहाय, गरीब एवं श्रमिक वर्ग के लोगों को कंबल प्रदान कर राहत पहुँचाई।

महारानी के आगमन को लेकर थाई उच्च अधिकारियों ने किया दौरा

कसया (एसएनबी)। थाइलैंड की महारानी के जनवरी माह में सम्भावित बुद्ध स्थली कुशीनगर में दर्शन पूजन के कार्यक्रम को देखते हुए थाइलैंड स्थित रायल पैलेस और दिल्ली स्थित द रायल दूतावास की 12 सदस्यीय टीम ने कुशीनगर में सुरक्षा को लेकर निरीक्षण किया।

शुक्रवार को थाई लैंड के मिनिस्टर/डिप्टी चीफ आफ मिशन किरान मोना जिन के नेतृत्व में एम्बेसडर कोलकाता मिस सीरी पोर्न, सोम शक, लेफ्टिनेंट कर्नल टोंग छाई, कर्नल सिरा फत, फेस्ट लेफ्टिनेंट अपी नुज, कैप्टन नाथा फोग, ग्रुप कैप्टन सुपा छाई, मिश नोक पोर्न, मिस्टर जक रिन, मिस्टर शोक थोप ने मुख्य महा परिनिर्वाण मंदिर में बुद्ध की प्रतिमा का दर्शन पूजन कर चीवर चढ़ाया और मुकुट बंधन चैत्य पहुंचकर पूजन अर्चन किया तथा महारानी के कुशीनगर आगमन को देखते हुए सुरक्षा आदि के बारे में जानकारी जुटाई। सहायक पुरातत्व अधिकारी शादाब खान और थाई भंते पी सोम पोंग ने दल का स्वागत किया।

ओंकारनाथ अध्यक्ष व अम्बरीष बने महामंत्री

कसया (एसएनबी)। दीवानी न्यायालय कसया में कुशीनगर सिविल कोर्ट बार

कुशीनगर सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन कसया के पदाधिकारियों का हुआ चुनाव

एसोसिएशन का चुनाव शनिवार को संपन्न हुआ। वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर ओंकारनाथ पांडेय, महामंत्री पद पर अंबरिश कुमार चौबे व वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर संजय कुमार सिंह निर्वाचित घोषित किए गए। चुनाव अधिकारी एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष प्रेमशंकर लाल श्रीवास्तव व सहायक चुनाव अधिकारी महामंत्री अश्वनी कुमार शुक्ला द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार कुल 359 मतदाताओं में से 346 मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया। इसमें अध्यक्ष पद के लिए राजेश्वर सिंह एडवोकेट को 125 वोट, रमेश प्रसाद वर्मा को 89 वोट तथा ओंकारनाथ पांडे को 131 मत प्राप्त हुए एक वोट अवैध रहा। इस प्रकार ओंकारनाथ पांडेय 6 वोट से निर्वाचित घोषित किए गए। वही महामंत्री पद पर अंबरीश कुमार चौबे 174 वोट व सोहराब अंसारी 171 वोट पाए, जिसमे एक मत अवैध रहा। इस प्रकार अम्बरीश चौबे तीन वोट से निर्वाचित घोषित किए गए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर संजय कुमार सिंह 225 वोट व गोपाल तिवारी को 120 वोट प्राप्त हुआ। एक मत अवैध रहा। इस प्रकार संजय सिंह 105 वोट से निर्वाचित घोषित किए गए। इसके पूर्व कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर महेश मिश्रा संयुक्त मंत्री पुस्तकालय पर सौरभ कुमार संयुक्त मंत्री सूचना पर अभय पांडेय व संयुक्त मंत्री प्रदीप कुमार व कनिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी के लिए असजद व कुमारी बबिता पहले ही निर्वाचित घोषित किया जा चुके हैं।शेष पदों पर नामांकन न होने के कारण पद रिक्तहै, जिसे बाद में पूरा किया जाएगा। शनिवार को सुबह 9 बजे से ही मतदान आरंभ हुआ तथा प्रत्याशियों के बीच गहमा गहमी रहा। 3 बजे चुनाव संपन्न होने के बाद मतगणना प्रारंभ हुई और परिणाम घोषित किया गया। सकुशल चुनाव संपन्न कराने में पूर्व अध्यक्ष रविंद्र मणि, राकेश तिवारी, अशोक राय, ओमप्रकाश पांडेय, सुमित नाथ त्रिपाठी, अजीत रावत, ज्ञान प्रकाश द्विवेदी, विनोद कुमार श्रीवास्तव, सुरेंद्र शर्मा ने भरपूर सहयोग किया। विजई प्रत्याशियों को पूर्व अध्यक्ष अवधेश पांडेय, राजेंद्र लाल श्रीवास्तव ,आलोक कुमार श्रीवास्तव, पंचानन मिश्रा, रविंद्र मणि, मनोज कुमार पांडेय, ओमप्रकाश सिंह आदि ने बधाई दिया।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियंत्रण विभाग प्रखण्ड-महराजगंज

पत्रांक 1014 /ग्रा0अ0वि0/निविदा/2025–26 दिनांक 12.12.2025

मैनुअल निविदा सूचना 2025–26

महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड–महराजगंज द्वारा ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में विभिन्न श्रेणियों 'ए', 'बी'सी' एवं 'डी' में पंजीकृत एवं अर्ह ठेकेदारों से मैनुअल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर पर मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है।

क0 सं0	ब्लाक	योजना का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण होनें की अवधि	अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	जिलाधिकारी का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	सदर	आबकारी विभाग	कार्यालय आबकारी सहायक आयुक्त महराजगंज में कार्यालय भवन का निर्माण	9.970	0.20	856.00	03 माह	विकास भवन महराजगंज	नहर रोड दाउदपुर गोरखपुर	कलेक्ट्रेट महराजगंज

1 निविदा सूचना में अंकित कार्यालयों (कालम सं0– 9, 10 व 11) में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता/विक्रय की तिथि :– दिनांक 23.12.2025 से 02.01.2026 तक प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक।

2 निविदा डालने की तिथि, समय व स्थान – दिनांक 03.01.2026 को अपरान्ह 1.00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, जनपद–महराजगंज।

3 निविदा खोलने की तिथि समय व स्थान – दिनांक 03.01.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, जनपद–महराजगंज।

4 निविदा से संबंधित अधिक जानकारी के लिए कृपया नियोक्ता कार्यालय अर्थात अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड–महराजगंज से सम्पर्क करें।

उ.प्र.-242754 दिनांक : 19.12.2025
वेबसाइट : www.up.gov.in

प्रवीण कुमार भारती
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियंत्रण विभाग,
प्रखण्ड-महराजगंज

मेजर अमिय त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

फाजिलनगर (एसएनबी)। 20वीं अखिल भारतीय शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को पावानगर स्थित महावीर इंटर कालेज के राज मालती स्टेडियम में अत्यंत भव्य और गरिमामय वातावरण में हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ अर्जुन पुरस्कार विजेता एवं ओलंपियन ललित उपाध्याय तथा भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विकेट कीपर-बल्लेबाज नुजहत परवीन ने पूर्व सांसद राजेश उर्फ गुड्डू पाण्डेय की उपस्थिति में अमर जवान ज्योति प्रज्वलित कर किया। इसके पूर्व शहीद चौक कसया से 51 धावक एवं धाविकाओं द्वारा मशाल दौड़ प्रारंभ की गई, जो तुर्कपट्टी होते हुए शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी के पैतृक गांव भेलेया पहुंची। ओलंपियन ललित उपाध्याय ने कहा कि यह आयोजन फाजिलनगर कस्बे का सबसे बड़ा पर्व बन चुका है। विशिष्ट अतिथि क्रिकेटर नुजहत परवीन ने कहा कि अनुशासन और समर्पण से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। आयोजन की अध्यक्षता करते हुए पूर्व सांसद राजेश उर्फ गुड्डू पाण्डेय ने की। नगर पंचायत अध्यक्ष रहे तथा आयोजन समिति के शुरुआती दिनों से निरंतर अध्यक्ष रहे स्वर्गीय शत्रुमर्दन शाही के चित्र पर अतिथियों ने माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उद्घाटन समारोह में सेंट जोसेफ स्कूल, फाजिलनगर के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, श्रद्धांजलि गीत, गणेश वंदना, मराठी गीत, राधा-कृष्ण नृत्य, पंजाबी नृत्य, राजस्थानी नृत्य, बेटी है तो कल है विषयक प्रस्तुति, मां काली की भव्य झांकी तथा आर्मी नृत्य जैसी मनोहारी और संदेशात्मक प्रस्तुतियां दीं।

अमिय त्रिपाठी के बड़े भाई सेवानिवृत्त आरटीओ अजय त्रिपाठी ने अतिथियों को भगवान बुद्ध की प्रतिमा एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। संचालन मनंजय तिवारी 'निर्मल' एवं मजीबुल्लाह राही ने किया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष लल्लन मिश्र, अवकाश प्राप्त न्यायाधीश यूबी मिश्र, इंजीनियर चंद्रशेखर मिश्र, इंजीनियर अजय कुमार पाण्डेय, अधिवक्ता अमित दूबे, अधिवक्ता अभय त्रिपाठी, सेंट जोसेफ स्कूल के डायरेक्टर सीओ जोश, प्रधानाचार्या जेसी जोश, पूर्व प्रमुख अष्टभुजा शाही, एसबीएम पीजी कालेज के प्रबंधक शक्ति प्रकाश दीक्षित, नगरपालिका परिषद कुशीनगर के अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, सत्यप्रकाश पाण्डेय, सुरेंद्र सिंह, मनोज चौबे, प्रियेश पाठक, अशोक मिश्र, स्वर्गीय शत्रुमर्दन शाही की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता शाही, श्रेयसी, सूर्याश,कुंवर शाही,चुनचुन शाही, अजय उपाध्याय, शिवम त्रिपाठी, शुभम त्रिपाठी, राजन शुक्ला, विनीत कुमार बंटी, सभासद कमलेश वर्मा, आजाद अंसारी, मनीष ओझा, गुड्डू चौहान, सतेन्द्र सिंह, प्रदीप सिंह, यूबी मिश्रा, मोहम्मद आलम, भास्कर राय, मीडिया प्रभारी दिनेश सिंह, रामनरेश मिश्र, प्रधानाचार्य विश्राम यादव, स्मिता त्रिपाठी, कंचन त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

लड़ने की क्षमता प्रदान करता है खेल

कसया (एसएनबी)। सेंट जेवियर्स हाईस्कूल कसया द्वारा आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता एक्सएवी-स्पोर्ट्स फिस्टा-2025-26 में बाल खिलाड़ियों ने विविध खेलों में शानदार प्रदर्शन कर शील्ड, मेडल और पुरस्कार प्राप्त किए।

400 मीटर दौड़ में सुमित मद्धेशिया प्रथम, युवराज प्रताप सिंह द्वितीय, नीरज सिंह तृतीय स्थान, जबकि 200 मीटर दौड़ में नम्रता प्रथम, सोनाली यादव द्वितीय, आकांक्षा सिंह तीसरे स्थान पर रही। खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि कमांडिंग अफसर कर्नल हरीश चंद ने कहा कि खेल जीवन की कठिन परिस्थितियों से लड़ने की क्षमता प्रदान करता है। विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट वेद प्रकाश मिश्रा ने कहा कि खेल से बच्चों में परिश्रम और लक्ष्य प्राप्ति की क्षमता विकसित होती है।स्वागत करते हुए विद्यालय की प्रबंधक मेघा गुप्ता ने खेल भावना को बताया। प्रधानाचार्या साहिला बानो ने अतिथियों को मोमेंटो देकर स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। कोच दीपक मद्धेशिया की देखरेख में खेल संपन्न हुआ। संचालन सना जबीन, कल्पना द्विवेदी, संजया शुक्ला ने किया। इस दौरान सूबेदार संतोष, किशन वर्मा, प्रज्वल जायसवाल, जयश्री पांडेय, अनन्या जायसवाल, संजय शुक्ला, विनय श्रीवास्तव, आशीष यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

नपाप कुशीनगर बोर्ड की बैठक में विकास पर हुई चर्चा

कसया (एसएनबी)। नगरपालिका परिषद कुशीनगर बोर्ड की बैठक नगर पालिका अध्यक्ष किरन जायसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नगर में सड़क की पटरियों पर हुए अतिक्रमण को हटाए जाने का प्रस्ताव हुआ। इसी के साथ समेकित और सामुदायिक विकास को लेकर स्वच्छता, प्रकाश, सुंदरी करण को लेकर कुल सात प्रस्ताव पारित किए गए।

बैठक में सभासदों ने अपने वार्डो की जन समस्याओं को रखा और विकास संबंधी प्रस्ताव रखे। नगर अध्यक्ष श्रीमती जायसवाल ने कहा कि नगर के सभी वार्डो को सरकार की मंशा और जन भावनाओं का ख्याल करते हुए विकास का खांका खींचा गया है। जिसमें जन हित का विकास सर्वोपरी रखा गया। जन भागीदारी और सभी सभासद गण के सहयोग से नगर और सभी वार्डो को बुनियादी सुविधाओं से परिपूर्ण किया जाएगा। अधिशासी अधिकारी अंकिता शुक्ला ने नगर के विकास को लेकर चल रहे कार्यो, पूरी हो रही योजनाओं और प्रस्तावित योजनाओं पर चर्चा की। नगर के समस्त पटरियों पर हुए अतिक्रमण को हटाने, वार्ड नंबर 6 नगर पालिका की सीमा पकवाइनार से मल्लुडीह वार्ड नंबर 7 सिद्धार्थ नगर तक डिवाइडर पर स्ट्रीट लाइट लगवाने, गांधी चौक से चारो दिशा में विक्टोरियन लाइट 200 मीटर तक लगवाने, नगर की पटरियों का सुंदरीकरण, जमा से निजात हेतु डिवाइडर फ्लासिक रेडीमेड का क्रय, गृहकर, जलकर में एक मुस्त टेक्स जमा करने पर 10 प्रतिशत तक छूट, डोर टू डोर कूड़ा क्लेशन हेतु एक रुपए प्रतिदिन यूजर चार्ज प्रतिदिन के हिसाब से लगवाए जाने पर विचार करते हुए कुल सात प्रस्ताव पारित किए गए।

इस दौरान सभासद राजेश मद्धेशिया, केशव सिंह, शैल देवी, गुड्डू कुशवाहा, अमरावती देवी, सूर्यनाथ यादव, विनय प्रताप राव, प्रभुनाथ सिंह, विजेंद्र कुमार सिंह उर्फ भगत सिंह, अमेरिकन सिंह, अमरनाथ जायसवाल, शबनम खातून, यशोदा देवी, दुर्गेश विश्वकर्मा, कमलावती देवी, ताजबून निशा, राजेश जायसवाल, मीरा, शमशाद अंसारी आदि सभासद सहित नपा प्रधान लिपिक राजेश कुमार श्रीवास्तव, स्वच्छता प्रभारी श्रवण तिवारी, उग्रसेन कुमार, समरजीत, अभिजीत सिंह उपस्थित रहे।

एडीएम ने सुनी फरियाद दिया न्याय का भरोसा

कसया (एसएनबी)। तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा और उप जिलाधिकारी कसया डा. संतराज सिंह बघेल ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के निर्देश मातहतों को दिया।

संपूर्ण समाधान दिवस में आए 48 मामलों में दो निस्तारित

शनिवार को तहसील दिवस की अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा ने तहसील क्षेत्र से आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना और उन्हें न्याय का भरोसा दिया। इस अवसर पर राजस्व के 3, पुलिस के 5, विकास के 6, अन्य 3 कुल 48 मामले आए जिनमें से राजस्व के दो मामलों का निस्तारण अधिकारियों ने मौके पर कर दिया। उप जिलाधिकारी श्री बघेल ने समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर जिला अधिकारी द्वारा प्रदत्त निर्देश के अनुरूप आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान राजस्वकर्मी, पुलिस, विकास और अन्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

पूर्वोत्तर रेलवे — सूचना सं. 230/2025

रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जा रहा है कि यात्रियों की सुविधा के लिए माघ मेला–2026 विशेष गाड़ी निम्नलिखित समय पर चलाई जाएगी।

05002/05001 गोरखपुर–झुसी–गोरखपुर माघ मेला आरक्षित विशेष गाड़ी

05002 गोरखपुर 01.01.26, 03.01.26, 13.01.26, 15.01.26, 16.01.26, 18.01.26, 21.01.26, 23.01.26, 30.01.26, 01.02.26, 13.02.26, 15.02.26
05001 झूसी 02.01.26, 04.01.26, 14.01.26, 16.01.26, 17.01.26, 19.01.26, 22.01.26, 24.01.26, 31.01.26, 02.02.26, 14.02.26, 16.02.26

05002 गोरखपुर–झुसी आ	प्र0	स्टेशन	05001 झुसी–गोरखपुर आ	प्रा
–	21.30	गोरखपुर जं0	06.40	–
22.08	22.10	चौरी चौरा	05.43	05.45
22.24	22.26	गौरीबाजार	05.30	05.32
22.55	23.00	देवरिया सदर	05.05	05.10
23.26	23.28	भटनी जं	04.40	04.42
23.48	23.50	सलेमपुर जं	04.20	04.22
00.13	00.15	बेल्थरा रोड	03.50	03.52
00.55	01.05	मऊ जंक्शन	03.05	03.10
02.04	02.06	औड़िहार जंक्शन	02.05	02.07
03.00	03.10	वाराणसी सिटी	01.25	01.30
03.25	03.30	वाराणसी	01.05	01.10
03.45	03.50	बनारस	00.45	00.50
04.33	04.35	माधोसिंह	23.43	23.45
04.55	04.57	ज्ञानपुर रोड	23.23	23.25
05.25	05.27	हंडिया खास	23.03	23.05
06.00	–	झूसी	–	22.30

संरचनाः जनरेटर सह लगेज यान–01, एलएसएलआरडी–01, शयनयान–06, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी–07 कुल 15 कोच

05004/05003 गोरखपुर–झुसी–गोरखपुर माघ मेला आरक्षित विशेष गाड़ी

05004 गोरखपुर 02.01.26, 14.01.26, 17.01.26, 22.01.26, 31.01.26, 14.02.26
05003 झुसी 03.01.26, 15.01.26, 18.01.26, 23.01.26, 01.02.26, 15.02.26

05004 गोरखपुर–झुसी आ	प्र0	स्टेशन	05003 झुसी–गोरखपुर आ	प्र0
–	21.30	गोरखपुर जं0	16.25	–
22.08	22.10	चौरी चौरा	15.44	15.46
22.24	22.26	गौरीबाजार	15.28	15.30
22.55	23.00	देवरिया सदर	14.50	14.55
23.26	23.28	भटनी जं	14.20	14.22
23.48	23.50	सलेमपुर जं	13.50	13.52
00.13	00.15	बेल्थरा रोड	13.29	13.31
00.55	01.05	मऊ जंक्शन	12.40	12.50
02.04	02.06	औड़िहार जंक्शन	11.38	11.40
03.00	03.10	वाराणसी सिटी	10.50	11.00
03.25	03.30	वाराणसी जं0	10.10	10.15
03.45	03.50	बनारस	09.50	09.55
04.33	04.35	माधोसिंह	09.03	09.05
04.55	04.57	ज्ञानपुर रोड	08.49	08.51
05.25	05.27	हंडिया खास	08.26	08.28
06.00	–	झूसी	–	07.45

संरचनाः जनरेटर सह लगेज यान–01, एलएसएलआरडी–01, साधारण श्रेणी–04, शयनयान–06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी–08, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी–02 कुल 22 कोच

05101 झूसी–गाजीपुर सिटी–छपरा–थावे–सीवान –भटनी – मऊ–वाराणसी सिटी–झूसी के बीच रिंग रेल (अनारक्षित) गाड़ी

झूसी से 01.01.2026 से 17.02.2026

स्टेशन	अ0	प्र0
झूसी	–	09.00
ज्ञानपुर रोड	10.00	10.02
माधोसिंह	10.20	10.22
बनारस	11.15	11.20
वाराणसी जं.	11.35	11.40
वाराणसी सिटी	11.55	12.05
सारनाथ	12.15	12.17
औड़िहार	12.45	12.50
गाजीपुर सिटी	13.30	13.35
यूसुफपुर	13.53	13.55
चित बड़ागांव	14.22	14.24
बलिया	14.50	14.55
सुरेमनपुर	15.28	15.30
छपरा	16.15	16.30
छपरा कचहरी	16.41	16.43
मढ़ौरा	17.07	17.09
मसरख	17.28	17.30
दिघवा दुबौली	17.56	17.58
सिधवलिया	18.18	18.20
रतनसराय	18.39	18.41
गोपालगंज	19.08	19.10
थावे	19.30	19.40
हटिया	19.52	19.54
सिवान	20.25	20.35
मैरवा	20.52	20.54
भाटपार रानी	21.10	21.12
भटनी	21.29	21.39
सलेमपुर	21.58	22.00
बेल्थरा रोड	22.21	22.23
इंदारा	22.48	22.50
मऊ	23.10	23.15
दुल्लहपुर	23.36	23.38
जखनिया	23.51	23.53
औड़िहार	00.20	00.25
सारनाथ	00.52	00.54
वाराणसी सिटी	01.10	01.20
वाराणसी जं.	01.35	01.40
बनारस	01.55	02.00
माधोसिंह	02.33	02.35
ज्ञानपुर रोड	03.01	03.03
झूसी	04.15	–

संरचनाः साधारण श्रेणी/शयनयान–14, एसएलआरडी–02 कुल 16

05102 झूसी–बनारस–मऊ–भटनी– सीवान –थावे –छपरा–बलिया–गाजीपुर सिटी–वाराणसी सिटी–झूसी के बीच रिंग रेल (अनारक्षित) गाड़ी

झूसी से 01.01.2026 से 17.02.2026

स्टेशन	अ0	प्र0
झूसी	–	14.30
ज्ञानपुर रोड	15.25	15.27
माधोसिंह	15.39	15.41
बनारस	16.30	16.35
वाराणसी जं.	16.50	16.55
वाराणसी सिटी	17.10	17.20
सारनाथ	17.30	17.32
औड़िहार	17.55	18.00
जखनियां	18.27	18.29
दुल्लहपुर	18.39	18.41
मऊ	19.10	19.15
इंदारा	19.23	19.25
बेल्थरा रोड	19.50	19.52
सलेमपुर	20.11	20.13
भटनी	20.40	20.50
भाटपार रानी	21.04	21.06
मैरवा	21.19	21.21
सिवान	21.45	21.55
हथुआ	22.15	22.17
थावे	22.40	22.50
गोपालगंज	23.03	23.05
रतनसराय	23.27	23.29
सिधवलिया	23.43	23.45
दिघवा दुबौली	23.59	00.01
मसरख	00.25	00.27
मढ़ौरा	00.43	00.45
छपरा कचहरी	01.26	01.28
छपरा	01.45	02.00
सुरेमनपुर	02.23	02.25
बलिया	03.00	03.05
चित बड़ागांव	03.21	03.23
यूसुफपुर	03.47	03.49
गाजीपुर शहर	04.15	04.20
औड़िहार	05.00	05.05
सारनाथ	05.28	05.30
वाराणसी सिटी	05.50	06.00
वाराणसी जं.	06.15	06.20
बनारस	06.35	06.40
माधोसिंह	07.12	07.14
ज्ञानपुर रोड	07.26	07.28
झूसी	09.00	–

संरचनाः साधारण श्रेणी/शयनयान–14, एसएलआरडी–02 कुल 16

मुजाधि/टी–86बी मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

संक्षिप्त खबरें

वार्षिकोत्सव खेल प्रतियोगिता सम्पन्न

गांगी बाजार। पनियरा क्षेत्र के हरिश्याम इंटर कालेज, अटकहवा (डोमरा) में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य समापन समारोह उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। समापन अवसर पर प्रतिभागी छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला। मुख्य अतिथि भाजपा नेता निर्भय सिंह द्वारा विजेता प्रतिभागियों को मेडल प्रदान किए जाने पर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। मुख्य अतिथि निर्भय सिंह ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं बच्चों में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास करती हैं। खेल के माध्यम से विद्यार्थी जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राप्त करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि खेलकूद शिक्षा का अभिन्न अंग है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र गिरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुन्नू सिंह, रुपेश शर्मा, पूर्व प्रधान अर्जुन सिंह, कौशल श्रीवास्तव, अरविंद यादव, गौतम जायसवाल, श्रीनाथ गुप्ता व श्रीकेश निषाद सहित विद्यालय के शिक्षक धीरेंद्र शुक्ला, सुनील श्रीवास्तव, ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव, सुमित्रानंदन मिश्रा,अवधेश यादव, पूजा यादव,पूजा श्रीवास्तव,रविंद्र निषाद,जेपी साहनी, सर्वेश सहित अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। समारोह का समापन विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण और उत्साहवर्धन के साथ किया गया।

एसएसबी का 62वां स्थापना दिवस मना

महराजगंज। स्थानीय 22वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के प्रांगण में सशस्त्र सीमा बल का 62वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कमांडेंट शक्ति सिंह ठाकुर रहे। स्थापना दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। इसमेंएसएसबी के जवानों सहित संविक्षा सदस्याओंनेभी कार्यक्रम प्रतिभाग किया। कार्यक्रम केदौरान डाग स्क्वाड व वेपन का शानदार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि श्री ठाकुर महानिदेशक का संदेश पढ़कर सुनाया गया। साथ ही 81 एमएम मोटार, एमएमजी तथा ड्रोन का प्रदर्शन किया गया। इसके अतिरिक्त बच्चों के लिए म्यूजिकल चेयर, स्पून रेस एवं अन्य खेलों का भी आयोजन किया गया। साथ ही जवानोनेरस्सा कस्सी का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी नरेश कुमार जांगिड़, डिप्टी कमांडेंट अमरनाथ गुप्ता, महावीर भामु, जितेन्द्र कुमार , विवेक , एल ओवेद प्रकाश पाण्डेय सहित संवीक्षा सदस्य तथा बल के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

बाल वैज्ञानिकों ने विज्ञान प्रदर्शनी में दिखाई प्रतिभा

सिसवा बाजार। स्थानीय चोखराज तुलस्यान सरस्वती विद्या मंदिर इंटरमीडिएट कालेज में शनिवार को विज्ञान और रंगोली प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 70 से अधिक विज्ञान केमाडल और 28 रंगोली डिजाइन प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के इस प्रदर्शनी का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। साथ ही बच्चों द्वारा लगाए गए माडलों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में रचनात्मक गतिविधियों के प्रति रुचि बढ़ाते हैं। उन्होंने छात्रों को नई खोजें करने और मौलिक कल्पनाओं को साकार करने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय केप्रधानाचार्य निरंकार सिंह ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं के बौद्धिक कौशल और रचनात्मक ऊर्जा का संचार करना है। उन्होंने सभी उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। प्रदर्शनी में प्रस्तुत किए गए 75 प्रोजेक्ट्स में स्मार्ट हेलमेट, वाटर प्यूरीफायर, वाटर लेवल इंडिकेटर, रिमोट चालित मिसाइल लन्चर गन, चंद्रयान 3, वेस्ट टू एनर्जी एंड एयर प्यूरीफायर, अर्थक अलार्म, आटोमैटिक स्ट्रीट लाइट, अर्थक अलर्ट सिक्योरिटी, द स्टन ग्लव्स और नेचर अफ सिक्योरिटी जैसे विभिन्न माडल शामिल रहे। इस अवसर पर बृजेश पांडेय, मृगेंद्र सिंह, हरिराम भालोटिया, प्रदीप तुलस्यान, वेदप्रकाश अग्रवाल, महेंद्र त्रिपाठी, मनोष पांडेय, बालमुकुंद यादव, राजेश यादव, रजनीश पांडेय, रामनिलन गोंड, परमानंद पांडेय, मार्कंडेय दुबे सहित क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

दुबई से ताबूत में शव घर पहुंचा, गांव में मचा कोहराम

बागापार। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा बागापार टोला बरईठवा निवासी मुराली वर्मा के पुत्र कन्हैया वर्मा का शव शनिवार को सुबह दुबई से ताबूत में उनके पैतृक आवास पहुंचा। जैसे ही शव गांव पहुंचा परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया। कन्हैया वर्मा रोजगार के सिलसिले में दुबई में रहकर काम कर रहे थे। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले उनकी मौत हो गई थी जिसकी सूचना मिलने के बाद से ही परिवार गहरे सदमे में था। शनिवार कोजब उनका पार्थिव शरीर ताबूत में बंद होकर गांव पहुंचा तो पिता मुराली, पत्नीअनिता, बच्चा आर एन और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। शव के घर पहुंचते ही ग्राम प्रधान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और रिश्तेदार एकत्र हो गए। हर आंख नम थी और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

वर्ष 2027-28 के लिए डा. रश्मि श्रीवास्तव बनी अध्यक्ष

महराजगंज। शुक्रवार की देर शाम को नगर के एक होल में रोटरी क्लब की मासिक बैठक हुई। बैठक में रोटरी क्लब के चार्टर्ड प्रेसिडेंट विंध्यवासिनी सिंह ने कहा कि वर्ष2027 -28 केलिए डा. रश्मि श्रीवास्तव व वर्ष2028-29 केलिए डा. एबी त्रिपाठी कोअध्यक्ष नामित किया गया। सचिव विनोद गुप्ता ने बताया कि रोटरी क्लब में दिसंबर और जनवरी माह में होने वाले 6 बिंदुओं पर चर्चा की गई। रोटरी क्लब के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने कहा कि मंथली मीटिंग में वर्ष 2026-27 के लिए पहले से अध्यक्ष पद के लिए हमीदुल्लाह खान एवं सचिव आत्माराम गुप्त को चयनित किया जा चुका है। उसी क्रम में वर्ष 2027-28 के लिए रोटरी क्लब की प्रथम लेडी डाक्टर रश्मि श्रीवास्तव को एवं वर्ष 2028-29 के लिए सीनियर रोटेरियन डाक्टर एबी त्रिपाठी जी को सर्व सम्मति से अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। उपाध्यक्ष पद के लिए डाक्टर राजीव मद्धेशिया एवं डाक्टर हेमंत श्रीवास्तव को सर्वसम्मत से नामित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष ठाकुर भरत श्रीवास्तव, आगामी अध्यक्ष हमीदुल्लाह खान, आगामी सचिव आत्माराम गुप्त, उपाध्यक्ष डा डीके साहनी, डा. सलीम, सैफुल्लाह खान, डा जैनुल आवेदीन, धनंजय सिंह सद्दाम हुसैन सहित तमाम रोटेरियन मौजूद रहे।

बेटे की हत्या का आरोप, परिजनों को धमकी देने का मामला

सोनौली (एसएनबी)। कोतवाली सोनौली क्षेत्र के ग्राम शेखफरेन्दा टोला करमहिया निवासी एक महिला ने बेटे की हत्या कर शव पेड़ से लटकाने और परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता राजमती पत्नी जोगिंदर ने थानाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता के अनुसार 17 दिसंबर की सुबह गांव के ही कुछ लोगो पर निराधार आरोप लगाते हुए गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी। दोपहर व शाम को अन्य लोगों के साथ घर पर चढ़कर लाठी-डंडा व धारदार हथियार लेकर धमकाया गया। आरोप है कि 18 दिसंबर को उसके बेटे की हत्या कर करमहिया नदी के पास पेड़ से शव लटका दिया गया। पीड़िता का कहना है कि 20 दिसंबर को आरोपितों ने फिर घर आकर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस से परिवार की सुरक्षा व सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

दहेज प्रताड़ना के मामले में मुकदमा

सिन्दुरिया। स्थानीय पुलिस ने एक पीड़िता की तहरीर पर मारपीट करने एवं दहेज के लिए प्रताड़ित करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता पूनम गौड़ ने सिन्दुरिया पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगायी है कि हाल मुकाम जगदौर निवासी बृजेश के साथ उनकी शादी 11 मई 2022 को हुई थी जिससे एक बच्ची शिक्षा नाम की 8 मई 2024 को हुई। तभी से दहेज की मांग 3 लाख रुपए को लेकर मारपीट रहे हैं। 7 नवंबर 25 को पेट्रोल छिड़कर जलाने की कोशिश की है। चिल्लाते शोर करते घर के बाहर निकल कर अपनी जान बचाई और अपने भाई कमलेश को बुलाई तथा किसी तरह मायके आयी।

नेपाल : भारी मात्रा में टेम्पर्ड ग्लास व मोबाइल कवर बरामद

ठूठीबारी। पश्चिम नवलपरासी अंतर्गत सशस्त्र प्रहरी बल, बटालियन 26 द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र में गस्त के दौरान पाल्हीनन्दन गांवपालिका5 सिसवा के समीप भारतीय क्षेत्र से तस्करी के जरिए नेपाल में मंगाई गई भारी मात्रा में मोबाइल टेम्पर्ड ग्लास व मोबाइल कवर बरामद किया जिसे अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु भंसार कार्यालय महेशपुर सुपुर्द कर दिया। बरामद मोबाइल कवर व टेम्पर्ड ग्लास की अनुमानित कीमत करीब 17 लाख 70 हजार रुपये नेपाली करेंसी बताई जा रही है। सूचना अधिकारी एवं डीएसपी गोविंद बहादुर के.सी. ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध तस्करी रोकने के लिए निगरानी और सख्त की गई है।

धर्मान्तरण के आरोप में चार गिरफ्तार

पनियरा (महराजगंज) (एसएनबी)। क्षेत्र के ग्राम पंचायत महुअवां शुक्ल के पाण्डेय टोले के दलित बस्ती में शुक्रवार की रात धर्मांतरण की शिकायत पर पुलिस ने छापा मारा। मामले में एस आई गणेश कुमार सिंह की तहरीर पर जानबूझकर झूठी जानकारी, अफवाहें या भड़काऊ बयान प्रसारित करने के मामले में नामजद चार लोगों व कुछ अन्य अज्ञात महिलाओं पर केस दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

> जन्मदिन के बहाने हरिजन बस्ती में जुटे थे लोग , शुक्रवार की रात्रि में पुलिस ने की थी छापेमारी

तहरीर के अनुसार उप निरीक्षक गणेश कुमार सिंह, कांस्टेबल मंगलेश कुमार क्यूआरटी डियूटी पर थे कि सूचना मिली कि उक्त गांव में अंगद के घर में कुछ व्यक्तियों द्वारा धार्मिक विद्वेष फैलाया जा रहा है। इस सूचना पर ब्वथानीये पिकेट पर मौजूद हेड कांस्टेबल आनंद मिश्रा, जितेन्द्र प्रजापति व उप निरीक्षक मुन्ना प्रसाद को साथ लेकर मौके पर पहुंचा। वहां अंगद के घर पर गोरखपुर जनपद के शाहपुर थाना क्षेत्र के राजीवनगर बसारतपुर निवासी अमित माइकल, मऊजनपद के थाना कोतवाली क्षेत्र के मुंशीपुरा निवासी मनोज कुमार, महुअवां शुक्ल निवासी अंगद व घुघुली थाना क्षेत्र के नंदना शिवपुर निवासी अर्जुन कुछ अज्ञात महिलाओं के द्वारा पिछले कुछ दिनों से आसपास के अनपढ़ गंवार महिलाओं को जन्म दिन मनाने के बहाने इक्ठ्ठा कर अंधविश्वास फैलाया जा रहा है कि ईशा मसीह की प्रार्थना करने पर सभी सहाय असहाय रोग, जादू टोने से परेशानी दूर हो जाएगी। इससे गांव में तनाव व आक्रोश पैदा हो रहा था और द्वेष की भावना फैल रही थी। तलाशी के दौरान वहां कुछ संदिग्ध सामग्री भी मिली है। इस बावत थानाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

विद्युत लाइन से सरिया टकराया, मजदूर की मौत

चिउटहां (एसएनबी)। थाना क्षेत्र सिंदुरिया के चिउटहां गांव में शनिवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। भवन निर्माण के दौरान सरिया सीधा करते समय 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से 30 वर्षीय मजदूर शिवेंद्र पाण्डेय की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

चिउटहां निवासी शंभू प्रसाद उर्फ बंगाली दादा के मकान का निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान मजदूर शिवेंद्र पाण्डेय सरिया को सीधा कर रहा था। अचानक सरिया ऊपर से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन से जा टकराई। तेज धमाके के साथ करंट दौड़ा और शिवेंद्र वहीं गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले ही उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो चुकी थी। घटना दोपहर करीब 12 बजे की बताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि शिवेंद्र पाण्डेय की आर्थिक स्थिति बेहद खराब थी। वह मजदूरी कर किसी तरह जीवन यापन कर रहा था। उसके परिवार में केवल पत्नी ही है। घटना की खबर मिलते ही पत्नी मौके पर पहुंची और पति का शव देखकर बेसुध हो गई। उसकी चीत्कार से हर आंख नम हो उठी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

5416मीटर ऊंचे थोरोंग ला पास पर शिवम ने फहराया तिरंगा, हर्ष

> 9 दिन मे 130किमी दूरी तय कर लक्ष्य तक पहुचे शिवम

महराजगंज (एसएनबी)। जनपद के युवा पर्वतारोही शिवम ने एक बार फिर हिमालय के माथे पर देश का झंडा लहरा कर तिरंगे का मान बढ़ाया है। काला पत्थर और एवरेस्ट बेस कैम्प पर साइकिल से पहुच कर शिवम ने विश्व रिकार्ड बनाया। पहाड़ो से लगाव और एडवेंचर के शौकीन शिवम पटेल - 20डिग्री सेल्सियस तापमान मे 49 किलोग्राम वजन का सामान पीठ पर लादे9 दिनो मे 170 किमी पैदल यात्रा कर अपने सफर के मंजिल थोरोंग ला पास पहुचे और तिरंगा लहराकर राष्ट्रगान गाया।

उल्लेखनीय है कि जनपद के युवा पर्वतारोही शिवम पटेल वर्ष2024 मे मात्र अठ्ठारह साल दस माह की उम्र में साइकिल से एवरेस्ट बेस कैम्प व काला पत्थर पर पहुचने का विश्व रिकार्ड कायम किया। मिठौरा ब्लाक के करोता निवासी शिवम इसके पूर्व अठ्ठाइस हजार की साइकिल यात्रा कर रिकार्ड बनाया। शिवम ने नेपाल के थोरोंग ला पास के लिए11दिसम्बर को शिवम थोरोंग ला पास के लिए चढाई शुरु किए और ऊबड़ खाबड़ रास्ते और खराब मौसम के बीच 49किग्रा का सामान लिए ट्रैकिंग कर 19दिसम्बर को 170किमी पैदल यात्रा कर अपना सपना पूरा किया। 19दिसम्बर को 11.30बजे शिवम ने थोरोंग ला पास पर तिरंगा फहराया और राष्ट्गान गाकर देश का मस्तक ऊंचा कर दिया। शिवम थोरोंग ला पास के अलावा रास्ते में यात्रा के सातवे दिन 130 किमी दूरी तय कर 4600मीटर ऊंचाई पर याक खारका पास और हाई कैम्प पर तिरंगा लहराया। शिवम यात्रा के दौरान कई मुश्किलो का सामने भी किए लिए हिम्मत नही हारे। शिवम बताते है कि हाई कैम्प के लिए एक अन्य जत्थे मे सोलह लोग शामिल रहे जिनमे से छह लोगो का तबियत काफी खराब हो रया था और उन्हे एयर लिफ्ट से इलाज के लिए नीचे पहुचाया गया। शिवम माइनस 16-20 डिग्री तापमान से जूझते हुए लक्ष्य को हासिल किया। एडवेंचर के शौकीन शिवम तिरंगे का साथ फोटो शेयर कर खुशी का इजहार किया। शिवम के उपलब्धि पर जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया संजीव शुक्ला बैजनाथ पटेल रमेन्द्र पटेल वीरेन्द्र लोहिया अजय पटेल आशुतोष पटेल प्रमोद पटेल सुनील पटेल अविनाश चौधरी आदि लोगो हर्ष व्यक्त किया।

विज्ञान क्विज में अमित वर्मा ने हासिल किया प्रथम स्थान

महराजगंज (एसएनबी)। विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और तार्किक क्षमता के विकास के उद्देश्य से राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विकास खंड मिठौरा में विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पी एम श्री पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरवां राजा, ब्लाक मिठौरा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में पीएम श्री स्कूल बरवा राजा के मेधावी छात्र अमित वर्मा ने अपने गहन ज्ञान और त्वरित उत्तर क्षमता के दम पर प्रथम स्थान हासिल किया। साथ ही अमरेंद्र ने द्वितीय स्थान और छात्रा अनामिका ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय की गौरवशाली उपलब्धियों में नाम जोड़ दिया। इस सफलता से विद्यालय में उत्साह और गर्व का माहौल बन गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार मिश्र ने विजेता विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं न केवल विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करती हैं, बल्कि

आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को भी मजबूत करती हैं।साथ ही विज्ञान के एआरपी जितेंद्र कुमार सिंह ने भी छात्रों के शानदार प्रदर्शन की प्रशंसा की और शिक्षकों के मार्गदर्शन को सफलता का आधार बताया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक लक्ष्मी प्रसाद ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण का प्रतिफल है। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी विद्यालय के छात्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक और रचनात्मक गतिविधियों में इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे।

सम्मेलन आज

सिसवा बाजार। स्थानीय नगर के चौधरी चरण सिंह वार्ड (खैसरारी के टोला मंसाछापर) में भाजपा जनता पार्टी द्वारा पिछड़ा वर्ग सम्मेलन का आयोजन 21 दिसंबर को किया गया है। इसमें मुख्य अतिथि होंगे उत्तर प्रदेश सरकार में केंद्रीय श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर एवं सभापति उत्तर प्रदेश पंचायती राज्य व क्षेत्रीय विधायक प्रेम सागर पटेल विशिष्ट अतिथि होंगे। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक मदन राजभर ने दी।

> स्थानीय तहसील न्यायालयों में वादकारी हितों का सच

वर्ष भर में महज डेढ़ माह ही चले न्यायालय

जगदीश गुप्त

नौतनवा। कहते हैं कि देर से न्याय मिला न्याय ,अन्याय से किसी मामले में कम नहीं होता। यही कारण है कि केन्द्र व राज्य सरकारों के अलावा बड़े न्यायालयों में बैठे जिम्मेदारों द्वारा किसी भी मामले का त्वरित व न्यायोचित निस्तारण किये जाने पर अधिक जोर रहा करता है। बावजूद इसके स्थानीय तहसील की बात करें तो हालात बिल्कुल इसके विपरीत नजर आते हैं। परिणाम तहसील के विभिन्न न्यायालयों में हजारों मुकदमे लंबित पड़े हैं।

> ■ लंबित हैं हजारों मुकदमें

राष्ट्रीय सहारा द्वारा इस बावत की गई पड़ताल में जो जानकारियां निकल कर आई हैं, वह बेहद चिंताजनक व चौंकाने वाली हैं। जहां वर्ष 2025 को समाप्त होने में करीब एक पखवाड़े का समय रह गया है, तो ऐसे में उपजिलाधिकारी न्यायालय में मुकदमों की सुनवाई और उस पर किए जाने वाले आदेशों की हालत बेहद दयनीय नजर आ रही। पूरे वर्ष भर में मात्र डेढ़ माह ही न्यायालय में कामकाज हो सका है। बाकी साढ़े दस माह का समय वैसे ही गुजरा है। दूसरी ओर यदि हम तहसीलदार न्यायालय की बात करें तो इसकी भी अवधि में ही न्यायालय का संचालन हुआ है। और तो और नायब तहसीलदार न्यायालय की बात करें तो करीब 42 दिन ही काम काज पूरे वर्ष में संभव हो सका है। जहां तक उपरोक्त न्यायालयों में दाखिल मुकदमों की संख्या का सवाल है तो एसडीएम न्यायालय में करीब 750, तहसीलदार न्यायालय में करीब 500 व नायब तहसीलदार न्यायालय में लगभग 150 मुकदमे विचाराधीन हैं। इस तरह चाहे स्थानीय तहसील क्षेत्र के वादकारी जितने परेशान हो, उनके द्वारा दाखिल मुकदमों और उन पर होने वाले आदेशों व निर्णयों की प्रक्रिया बेहद सुस्त नजर आती है। पड़ताल के दौरान यह भी जानकारी निकलकर आ रही कि सुनवाई के अलावा बाकी बचे दिनों में सामान्य तिथिजीडी घोषित कर लगातार सुनवाई व कार्रवाई को टाला गया है। इस तरह तीनों न्यायालयों में जारी वादकारियों के मुकदमों की सुनवाई में सामान्य से कहीं अधिक समय बिताया गया प्रतीत होता है। इस तरह चाहे उच्चाधिकारियों व सिस्टम के उच्च पदों पर बैठे जिम्मेदार व उनके आदेशों व प्राथमिकताओं की अवहेलना कि या जाना साफ नजर आ रहा। इस तरह किसी भी न्यायालय द्वारा न्याय प्रदान करने के लिए ,यह लिखा जाना कि वादकारी सर्वोच्च है कि भावना की खुलेआम धज्जियां उड़ती दिख रही हैं।

जांच कर उठाये जायेंगे आवश्यक कदम : एडीएम

इस सिलसिले में अपर जिलाधिकारी डा. प्रशांत कुमार ने कहा कि इस तरह की स्थिति की जानकारी उन्हें नहीं है। इसके बारे में तहसील से संबंधित अधिकारी ही कुछ बता सकते हैं। उनका कहना था कि अब जबकि मामला उनके संज्ञान में आया है, तो इस पर गंभीरतापूर्वक जांच कर आवश्यक कदम उठाये जायेंगे।

डीएम ने किया महिला अस्पताल का निरीक्षण

महराजगंज (एसएनबी)। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा जिला महिला अस्पताल का बीती देर रात औचक निरीक्षण कर अलाव सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने सबसे पहले अस्पताल परिसर में अलाव व्यवस्था को देखा। अस्पताल परिसर में अलाव जलता हुआ पाया गया।

मरीजों के परिजनों से वार्ता कर अलाव के विषय में जानकारी ली। सभी ने अलाव व्यवस्था को लेकर संतोष व्यक्त किया। इसके उपरांत उन्होंने महिला चिकित्सालय को देखा।

निरीक्षण के दौरान ईएमओ डा अभिषेक त्रिपाठी और आन काल चिकित्सक डा. शालिनी वर्मा बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित मिले। इस पर जिलाधिकारी ने सख्त नाराजगी जताते हुए कार्यवाही का निर्देश दिया। जिलाधिकारी के निर्देश पर सीएमएस ड एके. द्विवेदी द्वारा दोनों चिकित्सकों का वेतन बाधित कर दिया गया। जिलाधिकारी ने अस्पताल में मरीजों के लिए आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित करें। चिकित्सक अपने ड्यूटी स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। जो लोग भी दायित्व निर्वहन में शिथिलता बरतेंगे उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

रैन बसेरो का किया निरीक्षण

महराजगंज (एसएनबी)। जनपद में बढ़ती ठंड को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा बीती रात रैन बसेरों एवं अलाव व्यवस्था का व्यापक निरीक्षण किया गया। गूगल मीट के माध्यम से मौके से जुड़कर व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों, अधिशासी अधिकारियों सहित तहसीलों एवं नगर निकायों के कर्मचारियों को मौके पर भेजकर रैन बसेरों और अलाव की स्थिति का आकलन करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद के सभी गांवों में न्यूनतम एक स्थान पर अलाव अनिवार्य रूप से जलाया जाए। सभी अस्पतालों, बस एवं रेलवे स्टेशनों, रैन बसेरों, टैक्सी स्टैंडों तथा अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर 24 घंटे अलाव जलाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि समस्त उपजिलाधिकारी स्वयं क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का पर्यवेक्षण करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद महराजगंज के रैन बसेरे में आवासित यात्रियों से संवाद भी किया। जिलाधिकारी ने कहा कि आवश्यकता अनुसार संसाधनों में वृद्धि की जाए।

संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनी समस्या

आनंदनगर (एसएनबी)। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा तहसील फरेंदा में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जन शिकायतों की सुनवाई की गयी। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी के समक्ष कुल 136 मामले आये, जिनमें मौके पर ही 10 प्रकरणोंशिकायतों को ही निस्तारित किया गया। अवशेष जनशिकायतों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित करते हुए जिलाधिकारी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए समयांतर्गत और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने भूमि सम्बन्धी प्रकरणों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर स्थलीय निरीक्षण के उपरांत ही प्रकरणों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया । उन्होंने शिकायतों के निस्तारण के संदर्भ में अधिकारियों को स्थलीय भ्रमण करने और स्पष्ट मेमो बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतों के निस्तारण की व्यवस्था को पारदर्शी बनाएं तथा शिकायतों के निस्तारण की निगरानी स्वयं करें। संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना, उपजिलाधिकारी फरेंदा शैलेन्द्र गौतम, डीडीओ बी.एन. कन्नौजिया, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कन्हैया यादव, डीपीआरओ श्रेया मिश्रा सहित अन्य जिलास्तरीय एवं तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

अलग ग्राम सभा बनाए जाने के लिए सौंपा ज्ञापन

आनंदनगर(एसएनबी)। जिलाधिकारी महाराजगंज संतोष कुमार शर्मा द्वारा शनिवार को फरेंदा ब्लक के ग्राम सभा मथुरा नगर के टोला भारी वैसी में चौपाल लगाकर ग्राम वासियों के समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।जिलाधिकारी ने चौपाल में बन टांगिया मजदूरों के बातों को सुना जिसमें विकास संबंधित सड़क, नाली, बिजली, शौचालय मकान, पानी एवं पेंशन योजना सहित तमाम जनहित योजनाओं को प्राप्त करने की बात रखी गई। जिसके निस्तारण करने का आदेश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। जिलाधिकारी ने बनटांगिया मजदूरों के बीच प्रधानमंत्री आवास एवं अन्य जनहित योजनाओं का प्रमाण पत्र लाभार्थियों को दिया। बन टांगिया निवासियों द्वारा अलग ग्राम सभा बनाए जाने हेतु जिलाधिकारी महराजगंज संतोष कुमार शर्मा को एक ज्ञापन सौपा गया जिसमें कहा गया कि एक हजार की आबादी के मानक को भारी वैसी ग्राम सभा सहित अन्य तमाम बन टांगिया ग्राम सभाये मानक को पूर्ण करते हैं। सभी लोगों ने बताया कि अन्य ग्राम सभाओं से अटैच होने के कारण शासन की मंशा के अनुरूप पूर्ण रूप से ग्राम में विकास नहीं हो पा रहा है। जिसको देखते हुए बनग्रामों को अलग से ग्राम का दर्जा देकर चुनाव कराया जाय।जिसमें भारी वैसी को भी स्वतंत्र रूप से ग्राम सभा का दर्जा मिले और विकास हो सके। ज्ञापन देने वालों में भाजपा नेता मनोज निषाद, प्रमोद ,मोहन निशाद सहित तमाम लोग शामिल रहे।

नियमित खेल गतिविधियाँ जीवन में लाती हैं सकारात्मक ऊर्जा : एसपी

महराजगंज (एसएनबी)। खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। ये शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ-साथ अनुशासन, टीम वर्क और आत्मविश्वास सिखाते हैं। उक्त बातें नगर के पं दीनदयाल इण्टर कालेज में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने कही।

> खेल लक्ष्य निर्धारण तथा प्रयास के लिए प्रेरित करते हैं : विजयबहादुर

एसपी श्री मीना ने कार्यक्रम का शुभारंभ कर कहा कहा कि ऐसे कार्यक्रम तनाव कम कर मनोरंजन प्रदान करते हैं तथा स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने के लिए प्रेरित करते हैं। इस दौरान गुरु गोरखनाथ महाविद्यालय जोगियां के संस्थापक वीरेंद्र सिंह बतौर अध्यक्ष तथा संस्था के संस्थापक विजयबहादुर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संस्था के डायरेक्टर दुर्गेश सिंह ने अतिथियों को अंग-वस्त्र, स्मृति-चिह्न एवं पुष्प-गुच्छ से स्वागत किया। क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन वालीबाल व कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मैच आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। वालीबल मैच के फाइनल में गामा हाउस ने बीटा हाउस को हराकर विजेता बना। कबड्डी जूनियर वर्ग का फाइनल गामा हाउस व बीटा हाउस के बीच खेला गया, जिसमें जूनियर वर्ग में गामा हाउस ने खुशबुद्दीन, आदित्य प्रताप, प्रिंस रौनियार, कुलदीप यादव के उत्कृष्ट प्रदर्शन की बदौलत बीटा हाउस को हरा दिया। कबड्डी प्रतियोगिता के ही सीनियर ग्रुप में बीटा हाउस ने थीटा हाउस को हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए आयोजित सुई-धागा, बुक बैलेंसिंग, तिन पैरी, रिंग रेस, बल कलेक्टिंग प्रतियोगिता में शालिनी, नुरेशमा, श्वेता चौहान, ऋषिकेश, अनन्या, आस्था, श्रेयांश, सिद्धार्थ, हर्षित, अभि, जाह्नवी यादव, अनामिका, अंशिका, आराध्या गोंड, शुभम प्रजापति, मांडवी वर्मा, आराध्या यादव, उज्ज्वल पाण्डेय, देवांशी गुप्ता, आशुतोष का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। बैडमिंटन प्रतियोगिता के फाइनल मैच में गामा हाउस के आदित्य पटेल तथा अनुराग पटेल पहले एवं अल्फा हाउस के आदर्श जायसवाल तथा समीर सिद्धिकी दूसरे स्थान पर रहे। खो-खो प्रतियोगिता में ही जूनियर वर्ग से बीटा हाउस की टीम विजेता तथा अल्फा हाउस की टीम उपविजेता रही जिसमें जागृति पटेल, राजनंदिनी सिंह, ज्योति पटेल, रिद्धि पटेल, आशमा चौधरी, लक्ष्मी शर्मा, मंतशा का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं द्वारा प्रस्तुत राजस्थानी लोक नृत्य आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए विशिष्ट अतिथि विजयबहादुर सिंह ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं बल्कि एक संपूर्ण व्यक्तित्व का निर्माण करना है और खेल इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान सिटीजन फोरम के विमल पाण्डेय, शमशुल हुदा खान, चतुर्भजा सिंह, ग्राम प्रधान खडेसर एवं इंजीनियर विवेक सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक आयुष जन ने किया। आभार ज्ञापन डा. सलीम प्रताप सिंह प्रधानाचार्य दीनदयाल इंटरमीडिएट कालेज ने किया।

डा. स्मृति त्रिपाठी को लोक संस्कृति सम्मान

आनन्दनगर। जनपद की फरेंदा नगर पंचायत वार्ड नं. 6 सिलि लाइंस निवासिनी श्रीमती डा. स्मृति त्रिपाठी कोप्रदेश की राजधानी लखनऊ केउत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान परिसर स्थित निराला सभागार मेंउनकेविशिष्ट सांस्कृति योगदान केलिए प्रतिष्ठित आरती पाण्डेय स्मृति लोक संस्कृत सम्मान 2025 सेनवाजा गया। वर्तमान मेंडा. स्मृति दिल्ली विश्व विद्यालय मेंसंस्कृत विभाग मेंअसिस्टेंट प्रो. केपद पर कार्यरत हैं। कटनी (मध्य प्रदेश) मेंगजलोंकी राष्ट्रीय प्रतियोगिता मेंस्वर्ण श्री 2011 का पुरस्कार , वर्ष2022 में नेशनल वुमन एक्सीलेंस एवार्ड भी शामिल है। पूर्व में डा त्रिपाठी स्थानीय एलबीएस एस पीजी कालेज मेंनियमित कला केप्रवक्ता पद पर कार्यरत थी।

संक्षिप्त खबरें

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

डुमरियागंज। डुमरियागंज में शनिवार को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। जिसमें दिव्यांग बच्चों की पहचान और उन्हें तमाम विभागीय योजनाओं से लाभ के संबंध में जानकारी दी गई। स्पेशल एजुकेटर डुमरियागंज के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण का उद्देश्य बाल विकास विभाग व शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से दिव्यांग बच्चों को योजनाओं का लाभ दिलाना है।प्रशिक्षण में जानकारी देते हुए अंजनी कुमार सिंह व शिवम शुक्ला ने बताया कि दिव्यांग बच्चों की पहचान कर आंगनबाड़ी केंद्रों को भी अधिक समावेशी बनाया जा सकता है। इस अभियान में आशा की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।अंशिका श्रीवास्तव व अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि दिव्यांग बच्चों की पहचान के तमाम चरण हैं जिसके जिसकी जानकारी करने के बाद ही बच्चों की पहचान की जा सकती है। इस मौके पर ब्लक एमआईएस प्रेम प्रकाश चौबे, कार्यालय सहायक अमित मिश्रा, शिवेश पांडे, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आरती सिंह, आयशा खातून, अंजु कुमारी, आराधना , बेबी नसरीन, दुर्गावती, गुड़िया, गुंजा, मंजू आदि लोग मौजूद रहे।

मानव जीवन का परम लक्ष्य भगवत भक्ति-प्रेम शरण जी महाराज

डुमरियागंज । तहसील क्षेत्र के ग्राम चौखड़ा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथा व्यास

प्रेम शरण जी महाराज ने भगवत भक्ति की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि मानव जीवन का मुख्य उद्देश्य केवल भौतिक सुखों की प्राप्ति नहीं, बल्कि भगवत भक्ति है। श्रीमद्भागवत महापुराण के श्रवण मात्र से मनुष्य के जन्म-जन्मांतर के पाप कट जाते हैं और वह मृत्यु लोक के आवागमन के बंधन से मुक्ति प्राप्त कर लेता है। इस अवसर पर अनिल कुमार सिंह, हरि सिंह, अरुण कुमार सिंह, संजीव कुमार सिंह, संजय सिंह, शिव मुकुंद सिंह, संजीव सिंह, ठाकुर प्रसाद मिश्रा, इंद्रप्रकाश सिंह, प्रकाश सिंह, रमेश कुमार, सुनील सिंह और अमरेश सिंह सहित भारी संख्या में भक्तों ने कथा का रसपान किया। कथा के समापन पर आरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया।

करो योग रहो निरोग

औराताल। डुमरियागंज विकासखंड के ग्राम पंचायत महोखवा के सुकरौली में ओपन जिम में सुबह लोग व्यायाम के उद्देश्य से आते हैं और व्यायाम करने की विभिन्न मशीनों का उपयोग करते हुए लोग योग करके निरोगी रहने के लिए मेहनत कर रहे हैं सुकरौली जिम पर अमित यादव सीताराम ध्रुव यादव सुनील आदि लोग इकट्ठे होकर नित्य सुबह व्यायाम करते हैं। नव युवकों में इसका खासा उत्साह देखा जा रहा है योग करने के लिए इकट्ठे हुए सुनील यादव ने कहा आधुनिक जीवन की तेज रफ्तार ने इंसान को आगे तो बढ़ाया, लेकिन मानसिक शांति, शारीरिक स्वास्थ्य और भावनात्मक संतुलन कहीं पीछे छूट गया।

क्षेत्र पंचायत की बैठक में 3करोड़25 लाख का बजट पास

बर्डपुर । विकास खंड बर्डपुर में क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लक सभागार में संपन्न

हुई।बैठक में विकास क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यो को गति देने के लिए सवा तीन करोड़ रुपये (तीन करोड़ 25 लाख) के बजट को सर्वसम्मति से पास किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लक प्रमुख वंदना सिंह ने की,मुख्य अतिथि सदर विधायक श्यामधनी राही रहे।क्षेत्र पंचायत की बैठक को संबोधित करते हुए सदर विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि आप सभी लोग मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए जीजान से लगकर खूब विकास कार्य कराए।क्षेत्र पंचायत सदस्य जनता के विश्वास से चुनकर आए हैं।सभी ने मिलकर ब्लक प्रमुख का चयन किया है,जो आपसी एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार के नेतृत्व में विकास कार्यो को तेजी से कराया जा रहा है। पूर्व की सरकारों में विकास की गति धीमी थी,लेकिन वर्तमान सरकार में गांव-गांव घर घर तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। पीएम आवास, दिव्यांग आवास,निश्शुल्क राशन और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएं ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर बना रही हैं। उन्होंने यूरिया खाद वितरण के समय विशेष निगरानी करने का निर्देश बीडीओ को दिए और सभी किसानों को खाद मिले।इस अवसर पर ब्लक प्रमुख वंदना सिंह ने कहा कि क्षेत्र पंचायत सदस्यों के सभी लंबित व छूटे हुए विकास कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा।

आदेश की अनदेखी, खुले रहे निजी विद्यालय

- जिलाधिकारी के सख्त आदेशों को ठेंगा दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी
- बच्चों की सेहत से खिलवाड़

डुमरियागंज (एसएनबी)। जनपद में बढ़ते ठंड के प्रकोप और शीतलहर को देखते हुए जिलाधिकारी शिव शरणप्पा द्वारा शनिवार, 20 दिसंबर को विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया था। शासन के इस निर्णय का जहाँ तहसील क्षेत्र के अभिभावकों ने स्वागत किया, वहीं डुमरियागंज नगर पंचायत क्षेत्र का एक निजी विद्यालय के संचालक ने जिलाधिकारी के सख्त आदेशों को ठेंगा दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

शनिवार सुबह से बर्फीली हार्ड कपाने वाली ठंड के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। बच्चों के स्वास्थ्य सुरक्षा के ष्टिगत डीएम द्वारा लिए गए अवकाश के फैसले को अभिभावकों ने समयोचित और सराहनीय बताया। अभिभावकों का कहना है कि भीषण ठंड में बच्चों को विद्यालय भेजना बीमारियों को न्योता देने जैसा है, ऐसे में प्रशासन का यह कदम राहत भरा है। वही नगर पंचायत का एक निजी स्कूल की मनमानी जारी रही। हैरानी की बात यह रही कि यह विद्यालय डुमरियागंज बीआरसी से लगभग तीन सौ मीटर की दूरी पर स्थित है।ऐसे निजी शिक्षण संस्थान शासन और प्रशासन के आदेशों का खुला उल्लंघन करते दिखे। जिलाधिकारी की घोषणा के बावजूद इस विद्यालय का संचालन सामान्य दिनों की तरह जारी रहा। कड़ाके की ठंड में ठिठुरते हुए बच्चे स्कूल जाने को मजबूर दिखे, जो सीधे तौर पर शासन की मंशा और बच्चों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। प्रशासनिक आदेशों को दरकिनार कर स्कूल खोलने वाले इन संस्थानों के प्रति स्थानीय लोगों और अभिभावकों में भारी आक्रोश है। लोगों ने शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि ऐसे बेलगाम विद्यालयों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में सरकारी आदेशों की अवहेलना न हो सके।

मौसम ने ओढ़ी घने कोहरे की चादर पारा 13 डिग्री सेल्सियस तक गिरा

सिद्धार्थनगर(एसएनबी)। हाड़ कंपाने वाली ठंड से सभी लोग हिल गए हैं।बच्चे,बूढ़े,नौजवान सभी ने अधिकाधिक गर्म कपड़े पहन लिए हैं,फिर भी ठंड जाने का नाम नहीं ले रहा है।लोगों ने हीटर,ब्लोअर,गीजर आदि का प्रयोग शुरू कर दिया है।मौसम का पारा लुढ़क कर तेरह डिग्री तक पहुंच गया है।रास्तों पर अलाव जल रहे हैं।सड़कों पर घने कोहरे के चलते कम दिखाई दे रहा है,वाहनों की गति धीमी हो गयी है।

भीषण कड़ाके की ठंड से लोग थर थर काँप रहे हैं।मौसम ने घने कोहरे की चादर ओढ़ ली है।बड़े बूढ़े,बच्चे,नौजवान,महिलाएं सभी लोग ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े पहनने पर विवश हो गए हैं।सभी लोग हीटर,गीजर,ब्लोअर आदि का प्रयोग कर रहे हैं,ताकि ठंड से राहत मिल सके।तमाम नगरीय क्षेत्रों में जगह जगह अलाव जल रहे हैं।राहगीर वहां बैठकर आग सेंकने में व्यस्त हैं।राहगीरों को भीषण ठंड का सामना करना पड़ रहा है।कोहरे के चलते रास्तों पर कम दिखाई पड़ रहा है,जिससे वाहनों की गति धीमी हो गई है।सुबह शीत लहर के चलते जमीन भीग जा रही है।शीत से गेहूं की फसल को फायदा बताया जा रहा है।जिससे खाद की मारामारी चल रही है।

ठंड ने जनजीवन अस्तव्यस्त कर दिया है।सरकारी कंबल वितरण अभी शुरू नहीं हो पाया है।आज विद्यालय बंद कर दिया गया है।वैसे भी विद्यालय दस से तीन बजे तक खोलने का आदेश है। शाम छह बजे से कोहरा छाने लगता है और रात आठ बजे घना कोहरा छा जा रहा है।रात में चलना खतरे से खाली नहीं है।शहर में रैन बसेरा बनाया गया है,ताकि राहगीर वहां शरण ले सकें।ठंड के और बढ़ने की उम्मीद है।

नपं की सराहनीय पहल, सफाई कर्मियों को बांटे जूता व जैकेट

डुमरियागंज (एसएनबी)। क्षेत्र में बढ़ती कड़ाके की ठंड और शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए नगर पंचायत डुमरियागंज प्रशासन ने कर्मचारियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता दिखाई है। अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार की अगुवाई में नगर पंचायत कार्यालय पर एक विशेष वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सभी सफाई कर्मियों को ठंड से बचाव हेतु जूते और जैकेट प्रदान किए गए।

इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार के साथ कार्यालय लिपिक सैय्यद हसन ताकीब रिजवी भी मौजूद रहे। वितरण के दौरान ईओ ने कहा कि सफाई कर्मी कड़ाके की ठंड में भी सुबह-सुबह नगर की स्वच्छता सुनिश्चित करते हैं, ऐसे में उनका स्वास्थ्य और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कर्मियों को ठंड के दौरान विशेष सावधानी बरतने के साथ-साथ नगर में नियमित व बेहतर साफ-सफाई बनाए रखने के कड़े निर्देश भी दिए।अधिशासी अधिकारी ने यह भी बताया कि केवल कर्मचारियों ही नहीं, बल्कि आमजन के लिए भी प्रशासन मुस्तैद है। नगर के प्रमुख चौराहों पर अलाव जलाने और बाहरी लोगों के रुकने के लिए रैन बसेरों की समुचित व्यवस्था की गई है। नगर पंचायत की इस मानवीय पहल से सफाई कर्मचारियों में भारी उत्साह देखा गया और उन्होंने इस सहयोग के लिए प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

शीतलहर का बढ़ा कहर, नपं ने एक दर्जन से अधिक स्थानों पर की अलाव की व्यवस्था

डुमरियागंज (एसएनबी)। उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों सहित डुमरियागंज क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से कड़ाके की ठंड और भीषण शीतलहर का प्रकोप जारी है। गिरते तापमान और बर्फीली हवाओं के कारण आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। इस हाड़ कपाने वाली ठंड का सबसे बुरा असर दिहाड़ी मजदूरों, निराश्रितों और गरीब तबके के लोगों पर पड़ रहा है। क्षेत्र में जहां डीएम के आदेश के बाद स्कूलों में अवकाश की घोषणा की गई है वही नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों पर कोल्ड कर्फ्यू की तरह माहौल बना हुआ है।

वहीं जनता को राहत पहुँचाने के लिए नगर पंचायत प्रशासन ने सक्रियता दिखाते हुए शुक्रवार शाम से बचाव कार्य तेज कर दिए हैं। प्रशासन द्वारा नगर क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने का पुख्ता प्रबंध किया गया है। इसके साथ ही, नगर पंचायत कार्यालय परिसर में एक अस्थाई रैन बसेरा भी स्थापित किया गया है। इस रैन बसेरे में मुसाफिरों और बेघर मजदूरों के ठहरने के लिए बिस्तर, ओढ़ने के लिए कंबल और रोशनी जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। ईओ सचिन कुमार पटेल ने जानकारी दी कि शुक्रवार शाम से डुमरियागंज तहसील परिसर, मंदिर चौराहा, जिला परिषद मार्केट, रोडवेज बस स्टैंड, जच्चा-बच्चा केंद्र अस्पताल, बेदौला चौराहा, खीरा मंडी, शाहपुर चौराहा, नगर पंचायत कार्यालय और एक अन्य चिन्हित सार्वजनिक स्थल पर अलाव जलवाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ठंड की गंभीरता को देखते हुए रैन बसेरे के पास विशेष रूप से अलाव की व्यवस्था की गई है ताकि किसी को भी रात बिताने में समस्या न हो।

भूमि संबंधी विवादों का मौके पर राजस्व तथा पुलिस की टीम जाकर करे निस्तारण-एडीएम

इटवा (एसएनबी)। भूमि से सम्बंधित विवादों का मौके पर जाकर निस्तारण करना अनिवार्य है। तहसील व थाना समाधान दिवस तथा आईजीआर एस पर प्राप्त शिकायतों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाना चाहिए।इसमें किसी प्रकार की उदासीनता मिलने पर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अवश्य की जाएगी।

उक्त जानकारी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गौरव श्रीवास्तव ने इटवा तहसील सभगार में आयोजित तहसील समाधान दिवस के अवसर पर दिया है। उन्होंने पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों की आख्या का अवलोकन किया। अवलोकन के पश्चात उन्होंने तत्काल टीम बनाकर मौके का जांच कराने को कहा । उन्होंने कहा कि भूमि से संबधित विवाद का मौके पर जाकर निरीक्षण कर निस्तारण किया जाना चाहिए। एडीएम ने कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिया कि भूमि संपत्ति रजिस्टर एवं भूमि विवाद रजिस्टर अवश्य बना लें। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए। किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित मिलने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही अवश्य की जायेगी। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में कुल 17 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें राजस्व के 9, पुलिस विभाग के 2, विकास के 1, विद्युत के 3, नगर पंचायत के 2 प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। एडीएम ने राजस्व के 3 प्रार्थना-पत्र का मौके पर निस्तारण कराया। शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण करने के लिए सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया । इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, एसडीएम कुणाल ,तहसीलदार ,बीडीओ व अन्य कई विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

यूरिया के लिए हाहाकार

बिस्कोहर (एसएनबी)। स्थानीय क्षेत्र में इस समय यूरिया का घोर अकाल पड़ा है।साधन सहकारी समितियों पर इसकी उपलब्धता उंट के मुंह मे जीरा के समान है। किसान यूरिया खरीदने के लिए दर दर भटक रहे हैं।

किसानों की जरूरत पड़ने पर बाजार से यूरिया तथा डीएपी गायब होना आम हो चुका है। इसका फायदा उठाकर कुछ दुकानदार उर्वरक की कालाबाजारी करके का जमकर इसका फायदा उठाते हैं। अधिकांश किसान अपनेखेतों में गेहूं कीबुआई कर चुके हैं। जबकि ज्यादा लोग गेहूं के फसलकी सिंचाई भी कर रहे हैं । जिसके कारण गेहूं के फसल में यूरिया डालना जरूरी हो गया है। किसान इसे खरीदने के लिए दर दर भटक रहे हैं। दो बोरी के हिसाब से किसानों को इसका वितरण किया जाता है। पर्याप्त मात्रा में इसकी उपलब्धता न होने के कारण तमाम लोगों को निराश होकर वापस अपने घर लौटना पड़ रहा है। उर्वरक के थोक विक्रेताओं का कहना है कि यूरिया की रैक नहीं लग रही है। ग्रामीण क्षेत्र के कुछ दुकानदार इसके अभाव का भरपूर फायदा उठाते हुए साढ़े तीन सौ रुपया व चार सौ रुपया बोरी यूरिया बेचकर किसानों की जेब पर डाका डाल रहे हैं।सुपर फस्फेट तथा पोटाश का मूल्य भी खुलेआम मानक से अधिक लिया जा रहा है। नकली पोटाश की भी बिक्री क्षेत्र में चरम पर है। जैसे बूढ़ी खास, करवानिया चौराहा मूसा, बड़हरा विशुनपुर, बभनी सोहना बुढऊं बलुआ सिगार जोत बिजोरा आदि चौराहों पर किसानों को उनके जरूरत के समय यूरिया तथा डीएपी उपलब्ध करा पाने में सरकार पूरी तरह से असफल दिखाई पड़ रही है।

नहरें हुई बेपानी,सिंचाई कार्य बाधित, किसान परेशान

खुनियांव (एसएनबी) । स्थानीय विकास क्षेत्र में गेहूं के फसल की सिचाई करने लायक हो गई है ।अभी तक नहरों में पानी ही नहीं आ पाया है ।जिससे किसान खासे परेशान हैं।नहरों की सफाई भी नाम मात्र की हुई है ।नहरों में अभी तक पानी नहीं आने से किसान चिंतित नजर आ रहे है ।किसानों द्वारा बार बार नहरों में पानी छोड़े जाने की मांग भी की जा रही है। लेकिन अभी तक नहरों में पानी न छोड़े जाने से किसानों में आक्रोश व्याप्त है।

गेहूं के फसलों का सिंचाई जरूरी हो गया है ।कई दर्जन गांव के हजारों किसान पानी को लेकर खासे परेशान है।क्षेत्रीय किसानों चंद्रभान तिवारी, प्रिंस मिश्रा, विनोद कुमार तिवारी, लाल जी तिवारी, भूपेश चन्द्र त्रिपाठी, ने उंन्नडीह खुनियांव तक नहरों में पानी अंतिम टेल तक पहुंचवाने की मांग जिलाधिकारी से किया है ।

पैरालीगल स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम

सिद्धार्थ नगर (एसएनबी) । बाल विवाह मुक्त भारत अभियान 100 दिवसीय विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशन में तथा नालसा आशा जागरूकता, समर्थन, सहायता एवं कार्यवाही योजना के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिद्धार्थनगर एवं मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान के संयुक्त सहयोग से पैरालीगल स्वयंसेवकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सभागार में किया गया।

शुभारंभ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर शैलेन्द्र नाथ द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने पैरालीगल स्वयंसेवकों को बाल संरक्षण के क्षेत्र में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि बाल विवाह मुक्त भारत तभी संभव है जब समाज का प्रत्येक वर्ग इस सामाजिक बुराई के विरुद्ध मिलकर प्रयास करे। प्रशिक्षण सत्र में चीफ डिफेंस काउंसिल अश्वनी मिश्रा सविता एवं अपर्णा विश्वास ने विभाग द्वारा बाल विवाह की रोकथाम हेतु संचालित विभिन्न अभियानोंध योजनाओ की जानकारी साझा की। प्रसून शुक्ल नेजन-जागरूकता गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से अर्जुन झा, मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान से रोहित दुबे, विजयशंकर, हृदय सिंह, मनीष, ज्योति, रूपा सहित पैरालीगल स्वयंसेवक प्रदीप कुमार, रेहाना खातून, मनीषा, प्रियंका आदि उपस्थित रहे।

एनएसीआईएनने छात्रों के बीच किया जागरूकता कार्यक्रम

बढ़नी (एसएनबी)। नशीली दवाओं की लत (सब्सटेंस यूज डिसअर्डर) एक बीमारी है जो प्रयोगकर्ता व्यक्ति के दिमाग, लीवर, हार्ट और व्यवहार को भी प्रभावित करती है।डक्टर द्वारा दी गई दवाएं तो सही होती है,लेकिन बिना सलाह ली गई दवा बेहद हानिकारक होती है।इसकी लत लग जाने पर वह बर्बादी का कारण भी बनती है।

उक्त विचार सीमा शुल्क,अप्रत्यक्ष कर और मादक पदार्थो की राष्ट्रीय अकादमी,लखनऊके असिस्टेंट डाइरेक्टर अरुण कुमार सिंह ने स्थानीय पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय (पश्चिम पोखरा) में नशा के विरुद्ध आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में व्यक्त किया।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शराब,मारिजुआना और निकोटीन जैसे पदार्थ भी ड्रग्स है।जब आपको इसकी लत लग जाती है,तो आप नुकसान जानने के बावजूद ड्रग्स का इस्तेमाल करते ही रहते हैं। असिस्टेंट डायरेक्टर सुशील कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि तम्बाकू, सिगरेट, गुटखा, शराब या सूंघने वाले पदार्थ व्हाइटनर, गोंद,गांजा,चरस अथवा बिना डक्टरी सलाह के ली गई दवा दिमाग,लीवर और हार्ट को बुरी तरह प्रभावित करती है।पैसा और शरीर दोनों का नुकसान होता है।परिवार उजड़ जाता है। ऐसे में नशीले पदार्थो से बेहद दूर रहे। लती हो गए हों तो परिजनों का सहयोग, नशा मुक्ति केंद्रों का सहयोग यथा शीघ्र लें।खेल,योग,संगीत का शौक करे, गलत संगत से दूरी बनाए और परिजनों से बातचीत करें तो निदान आसान होता है।

पक्की नाली तोड़ कर नाली पर मिट्टी पाटने से जलभराव, ग्रामीणों में आक्रोश

खुनुवा (एसएनबी)। शोहरतगढ़ विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत भादमुस्तहकम में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य में भारी लापरवाही का मामला प्रकाश में आया है। सड़क के दोनों ओर लगभग पांच-पांच फीट गहरे गड्ढे खोदकर छोड़ दिए गए हैं, जिससे राहगीरों, महिलाओं और बच्चों की जान का गंभीर खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसी लापरवाही के चलते गांव में रोष व्याप्त है और सड़क निर्माण कार्य भी फिलहाल बंद पड़ा है।

स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रभावी माध्यम है ओपेन जिम

कपिलवस्तु(एसएनबी)। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित दो अत्याधुनिक ओपन जिम, जिनका लोकार्पण विगत दिनों उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने किया था, शनिवार को विश्वविद्यालय समुदाय के लिए स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली का एक सशक्त केंद्र बनकर उभरा हैं। अल्प समय में ही ये ओपन जिम विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रभावी माध्यम सिद्ध हो रहा हैं।

वर्तमान में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी बड़ी संख्या में इन ओपन जिम में योग एवं विविध शारीरिक व्यायाम गतिविधियों में नियमित रूप से सहभागिता कर रहे हैं। विशेष रूप से आनंद छात्रावास एवं यशोधरा छात्रावास में निवास करने वाले छात्रछात्राएँ इस सुविधा का सक्रिय रूप से लाभ उठा रहे हैं। कुलपति प्रोफेसर कविता शाह ने अपने वक्तव्य में कहा कि योग एवं नियमित व्यायाम केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे मानसिक संतुलन, एकाग्रता, आत्मअनुशासन और सकारात्मक दष्टिकोण के निर्माण में भी निर्णायक भूमिका निभाते हैं।

उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित यह ओपन जिम भारतीय स्टेट बैंक, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय परिसर शाखा द्वारा करपोरेट सोशल रिस्पन्सिबिलिटी के अंतर्गत पूर्ण रूप से वित्तपोषित है।

मिली 48 शिकायतें, डीएम ने दिए जिला स्तरीय टीम से जांच के आदेश

बांसी (एसएनबी)। स्थानीय तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में कुल 48 जनशिकायतों की सुनवाई की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने की, जबकि पुलिस अधीक्षक डा. अभिषेक महाजन भी उपस्थित रहे।

डीएम व एसडीएम द्वारा राजस्व से संबंधित प्रकरण की सुनवाई की गई तथा पुलिस से संबंधित मामले की सुनवाई एसपी डा0 अभिषेक महाजन तथा सीओ रोहिणी यादव द्वारा की गई। डीएम ने पूर्व शिकायतों के असंतोषजनक निस्तारण पर नाराजगी जताते हुए जिला स्तरीय जांच टीम गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने भूमि विवादों का मौके पर निरीक्षण कर समयबद्ध निस्तारण करने पर जोर दिया और आईजीआरएस व समाधान दिवस की शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आदेश दिए।

समाधान दिवस में राजस्व के 30, पुलिस के 5, नगर पालिका के 10 सहित विभिन्न विभागों से शिकायतें आईं, जिनमें राजस्व विभाग के 5 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। डीएम ने वरासत प्रकरण में अवैध धन मांगने व अनुपस्थिति के आरोप में एक लेखपाल को निलंबित करने का भी निर्देश दिया। डीएम ने अनिस्तारित शिकायतों को तीन दिन में निस्तारित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया । इस अवसर पर डीएफओ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रजत कुमार चौरसिया, परियोजना निदेशक नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी सतीश सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह, उपषि निदेशक राजेश कुमार, तहसीलदार बांसी, क्षेत्र के समस्त थानाध्यक्ष, खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत, सीडीपीओ सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सवा लाख दादी परिवार उत्सव का बढ़नी में विशाल आयोजन कल

- प्रत्येक उत्सव में नृत्य नाटिकाओं की प्रस्तुति होगी आकर्षण का केंद्र
- होगा सवा लाख फूलों के जवा से श्रृंगार, लगेगा छप्पन भोग, बहेगी भजनों की गंगा

बढ़नी (एसएनबी)। स्थानीय श्री राणीसती मंदिर में आगामी 22 दिसंबर को 'सवा लाख दादी परिवार उत्सव'की का भव्य व विशाल आयोजन किया गया है।उक्त कार्यक्रम में दादी मां का अदभुत पुष्प अभिषेक, सवा मन सिंदूर उत्सव,गजरा उत्सव, चुनरी उत्सव आदि के साथ ही छप्पन भोग लगाया जाएगा।सायंकाल भजन गंगा कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायकों संजय शर्मा, पूनम सुरेका एवं अभिषेक सिंघल द्वारा दादीजी को रिझाया जाएगा।

उक्त जानकारी देते हुए आयोजन समिति के विष्णु मित्तल एवं जय प्रकाश बंसल ने बताया है कि 22 दिसंबर को प्रातः 9 बजे से साढ़े 12 बजे तक दादी जी का सवा लाख जवा फूलों से अदभुत अभिषेक किया जाएगा। अपरान्ह 3 से साढ़े 4 बजे तक सवामन सिंदूर उत्सव, सायं 5 से 6 बजे तक चूड़ा उत्सव, सायं 6 से 7 बजे तक दादीजी की महिमा तदुपरांत चुनड़ी उत्सव साढ़े 7 बजे तक,रात्रि 8 बजे तक गजरा उत्सव संपन्न होगा।

राधा केडिया ने बताया कि मंदिर प्रांगण में रात्रि 8 बजे से देर रात तक भजनों की गंगा ख्यातिलब्ध भजन गायकों संजय शर्मा, पूनम सुरेका एवं अभिषेक सिंघल द्वारा प्रवाहित कर दादी जी को रिझाया जाएगा।इस दौरान आकर्षक नृत्य नाटिकाओं की प्रस्तुति भी कोलकाता से आए कलाकारों द्वारा की जाएगी।उन्होंने बताया कि रात्रि साढ़े 8 बजे से दादी जी को छप्पन भोग लगाया जाएगा और दिन में होने वाले सभी उत्सवों में भी नृत्य नाटिकाओं का आकर्षक प्रदर्शन होगा।आयोजक मंडल ने दादी प्रेमियों से सपरिवार कार्यक्रमों में सहभागिता करने की अपील की है। उक्त कार्यक्रम के मद्देनजर दादी के दरबार समेत पूरे मंदिर परिसर व आसपास विशेष रूप से सजावट की जा रही है।आयोजन को सफल बनाने में मनोज कानोड़िया, गोकुल गोयल, रंजन कानोड़िया,माधव सिंघल, वत्सल गोयल,राघव मित्तल, तरुण गोयल तथा रश्मि बंसल, एकता कानोडिया,आभा मित्तल आदि भी सक्रिय हैं।

शोहरतगढ़ में विधायक विनय वर्मा ने खेल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

बानगंगा(एसएनबी) । आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ के रेलवे स्टेशन के सामने स्थित वीरेंद्र ग्रामीण स्टेडियम छतहरी शोहरतगढ़ में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय बालक एवं बालिका जूनियर व सीनियर वर्ग की विधायक खेल स्पर्धा प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक विनय वर्मा ने किया।प्रतियोगिता में जूनियर बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में सिमरन शर्मा ने प्रथम और नंदिनी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं 200 मीटर दौड़ में रागिनी प्रथम तथा नजमा दूसरे स्थान पर रहीं। बालिका वर्ग कबड्डी में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय परसिया शोहरतगढ़ की टीम ने प्रथम और बढ़नी की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। जूनियर बालिका वर्ग वलीबल में गांधी आदर्श विद्यालय इंटर कलेज बढ़नी विजेता, जबकि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय परसिया शोहरतगढ़ उपविजेता रहा।

जूनियर बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में सुलेमान प्रथम और काशिफ दूसरे स्थान पर रहे। सीनियर बालक वर्ग की 200 मीटर दौड़ में सप्तम यादव ने प्रथम तथा अनूपराज ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालक वर्ग वलीबल में गांधी आदर्श इंटर कलेज बढ़नी की टीम विजेता रही, जबकि एफएससी दुधवनिया बुजुर्ग की टीम उपविजेता रही। विधायक विनय वर्मा ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। समापन तहसीलदार प्रकाश सिंह यादव ने किया। खेल कार्यक्रम का संचालन ब्लक व्यायाम शिक्षक मुस्तन शेरुल्लाह एवं आशुतोष सिंह ने किया।

इस मौके पर उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ विवेकानंद मिश्रा, खंड विकास अधिकारी चंद्रभूषण तिवारी, खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार, युवा क्षेत्र कल्याण अधिकारी दीपक कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य विक्रम प्रसाद यादव सहित रत्नेश सोनी, प्रदीप कमलापुरी, रामदास मौर्य, हरिराम निषाद, सुनील कुमार, दधीचि, सुखबीर सिंह, हौसला प्रसाद, रवि ओझा, प्रीती जायसवाल, चंदा अग्रहरि, विजय बहादुर समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

हार्दिक ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने एक खिलाड़ी की छवि से आगे निकल कर एक सेलिब्रिटी का दर्जा हासिल कर लिया है। वह किसी एक फिल्म के सुपरहीरो की तरह मैदान में उतरे, जहां कोई भी उनकी रणनीति नहीं बदल सकता।

— डेल स्टेन, पूर्व तेज गेंदबाज, दक्षिण अफ्रीका

संक्षिप्त खबरें

शौर्य भट्टाचार्य एशियाई टूर क्यू-स्कूल में शीर्ष पर

हुआ हिन (थाईलैंड) (भाषा)। भारतीय गोल्फर शौर्य भट्टाचार्य ने शनिवार को यहां एशियाई टूर के क्वालीफाइंग स्कूल में पांच अंडर पार 66 का स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। उनका कुल स्कोर अब 16-अंडर हो गया है और उन्होंने एक शॉट की बढ़त हासिल कर ली है। वह अब अगले साल के सत्र के लिए दांव पर लगे 35 स्थान में से एक स्थान हासिल करने के लिए आदर्श स्थिति में हैं। जापान के टोमोहिरो इशिजाका (66) दूसरे, जबकि मैक्सिको के रॉबर्टो लेब्रिजा उनसे एक शॉट पीछे तीसरे स्थान पर हैं। शुभम जगलान ने तीन अंडर 68 का स्कोर बनाया और वह संयुक्त रूप से आठवें स्थान पर हैं। भारत के अन्य खिलाड़ियों में हनी बैसोया (68) संयुक्त 19वें, राशिद खान (68) और कार्तिक सिंह (70) संयुक्त 37वें स्थान पर हैं। खालिन जोशी (72), अजीतेश संधू (71) और एस चिक्करंगप्पा (71) सभी संयुक्त 56वें स्थान पर हैं। विराज मदप्पा, सचिन बैसोया, युवराज सिंह और पुखराज सिंह गिल क्वालीफाई करने से चूक गए।

दुबई कैपिटल्स ने शारजाह वॉरियर्स को 63 रन से हराया

दुबई। दुबई कैपिटल्स ने दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में शारजाह वॉरियर्स को 63 रन से हराकर आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के इतिहास में अपने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पहली बार जीत दर्ज की। सिद्दीकुल्लाह अटल (44 गेंदों में 66 रन) के अर्धशतक और मोहम्मद नबी (19 गेंदों में 38 रन नाबाद) की तूफानी पारी की मदद से कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 180 रन बनाए। वॉरियर्स की टीम इसके जवाब में 17 ओवर में 117 रन बनाकर आउट हो गई। उसकी तरफ से जेम्स रेव ने सर्वाधिक 47 रन बनाए। नबी ने गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते हुए 23 रन देकर तीन विकेट लिये। वकार सलामखेल ने 22 रन देकर तीन विकेट लिये, जबकि मुस्तफिजुर रहमान और हैदर अली ने दो-दो विकेट हासिल किए। इस जीत से दुबई कैपिटल्स की टीम छह अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

स्टेन वावरिंका ने कहा- 2026 एटीपी टूर में उनका अंतिम वर्ष होगा

लुसाने (एपी)। स्विट्जरलैंड के खिलाड़ी और तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्टेन वावरिंका ने कहा है कि 2026 एटीपी टूर पर उनका आखिरी साल होगा। वावरिंका 2002 में पेशेवर खिलाड़ी बने थे और उन्होंने 16 टूर एकल खिताब जीते हैं। उन्होंने 2014 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन (राफेल नडाल), 2015 में फ्रेंच ओपन (नोवाक जोकोविच) और 2016 में अमेरिकी ओपन (जोकोविच) के फाइनल में उस समय के नंबर एक रैंकिंग वाले खिलाड़ियों को हराया था। वावरिंका ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर लिखा, "आखिरी प्रयास। हर पुस्तक का अंत जरूरी होता है। अब पेशेवर टेनिस खिलाड़ी के रूप में मेरे करियर का अंतिम अध्याय लिखने का समय आ गया है। 2026 टूर पर मेरा आखिरी साल होगा।" वावरिंका और रोजर फेडरर ने 2008 के बीजिंग ओलंपिक में युगल का स्वर्ण पदक जीता और 2014 में स्विट्जरलैंड को उसका एकमात्र डेविस कप जीतने में मदद की। वह उन तीन खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में नडाल, जोकोविच, फेडरर और एंडी मरे को हराया है।

टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान ■ ऑलराउंडर अक्षर पटेल बने टीम के उप कप्तान

गिल बाहर, ईशान किशन-रिंकू सिंह की एंट्री

मुंबई (भाषा)।

राष्ट्रीय चयन समिति ने साहसिक कदम उठाते हुए खराब फॉर्म में चल रहे उप कप्तान शुभमन गिल को भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए शनिवार को चुनी गई 15 सदस्यीय भारतीय टीम में जगह नहीं दी। ऑलराउंडर अक्षर पटेल को टीम का उप कप्तान बनाया गया है। शानदार फॉर्म में चल रहे ईशान किशन की भी टीम में वापसी हुई है। उन्होंने संजू सैमसन के बाद दूसरे विकेटकीपर के रूप में जितेश शर्मा को पीछे छोड़ दिया। चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने स्वीकार किया कि अच्छी फॉर्म में नहीं होने के कारण गिल को टीम से बाहर कर दिया गया है। अगरकर ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, "गिल रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं और उन्हें टीम में नहीं चुना गया है, इसलिए हमें एक उप-कप्तान की जरूरत थी।' एशिया कप जीतने वाली टीम के सदस्य रहे रिंकू सिंह ने जितेश की जगह मुख्य फिनिशर के रूप में वापसी की है। ईशान दूसरे विकेटकीपर होने के साथ रिजर्व सलामी बल्लेबाज भी होंगे।

गिल अभी रन नहीं बना पा रहे हैं लेकिन वह बेहतरीन खिलाड़ी हैं : अगरकर

मुंबई (भाषा)। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने शनिवार को कहा कि हालिया मैचों में शुभमन गिल के रन नहीं बना पाने और संयोजन की मजबूरियों के कारण उन्हें टी20 विश्व कप की टीम में शामिल नहीं किया गया। भारतीय टी20 टीम के हाल में उपकप्तान नियुक्त किए गए गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर सके। उन्होंने इस श्रृंखला में चार, शून्य और 28 रन बनाए, पैर की चोट के कारण पांचवां मैच नहीं खेल पाए। अगरकर ने टीम की घोषणा के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, "हमें पता है कि वह कितने शानदार खिलाड़ी हैं, लेकिन इस समय शायद उनके बल्ले से उतने रन नहीं निकल पा रहे हैं।" उन्होंने कहा, "वह बदकिस्मती से पिछले विश्व कप से भी बाहर रह गए थे, क्योंकि हमने अलग संयोजन के साथ खेलने का फैसला किया था। टीम चयन में संयोजन का ध्यान रखना होता है। हम ऐसे विकेटकीपर चाहते हैं, जो शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी कर सके।" अगरकर ने कहा, "जब आप 15 खिलाड़ियों की टीम चुनते हैं तो किसी न किसी को बाहर रहना पड़ता है और इस बार दुर्भाग्य से गिल को बाहर होना पड़ा।"

अगरकर ने जोर देकर कहा कि टीम प्रबंधन शीर्ष क्रम में एक अतिरिक्त विकेटकीपर रखना चाहता था, जिसके चलते एक बल्लेबाज को बाहर करना पड़ा। ईशान किशन ने हाल में संपन्न सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया है और उन्हें जितेश शर्मा पर प्राथमिकता दी गई। जितेश का इस्तेमाल टीम आमतौर पर निचले क्रम में तेजी से रन बनाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में करती है। उन्होंने किशन के चयन पर कहा, "वह सीमित ओवर के क्रिकेट में शीर्ष क्रम पर बल्लेबाजी करते हैं। वह अच्छी फॉर्म में हैं। वह पहले भी भारत के लिए खेल चुके हैं। उनके नाम एक दिवसीय क्रिकेट में दोहरा शतक है।

भारतीय टीम पर एक नजर

सूर्यकुमार यादव
क्रिकेट के छोटे प्रारूप में खेलने वाले बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक भारतीय कप्तान अभी अपने करियर की सबसे खराब फॉर्म में हैं। पिछले 14 महीनों में सूर्यकुमार ने एक भी अर्धशतक नहीं जड़ा है और उनका स्ट्राइक रेट 125 से नीचे गिर गया है। टी20 विश्व कप में भारतीय टीम को अपने कप्तान से उम्मीद होगी कि वह अच्छा प्रदर्शन करें। जहां तक उनकी कप्तानी की बात है तो मुकाबलों में जीत दिलाने का उनका प्रतिशत 83 उनके नेतृत्व का सबूत है, लेकिन हर कप्तान उदाहरण पेश करके नेतृत्व करना चाहता है और सूर्यकुमार भी टी20 विश्व कप में ऐसा ही करना चाहेंगे।

अभिषेक शर्मा
वह खिलाड़ी, जिसने नई पीढ़ी के लिए टी20 बल्लेबाजी के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है। अभिषेक की शुरुआत भारत के पावरप्ले में नियंत्रण में अहम होगी। दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज ने सलामी बल्लेबाजों के लिए एक अलग ही मानक तय किया है।

तिलक वर्मा
अभिषेक शर्मा के बाद तिलक टी20 विश्व कप में सबसे अहम शीर्ष क्रम बल्लेबाज हैं। टी20 एक तेज-तर्रार प्रारूप है, लेकिन तिलक की बल्लेबाजी तकनीक और तनाव भरी परिस्थितियों में शांत रहने की स्वाभाविक क्षमता एक बेहतरीन मिश्रण है।

हार्दिक पंड्या
अगर पिछले नौ साल में भारतीय क्रिकेट में संतुलन का कोई पर्यायवाची होता तो वह पंड्या ही होते। जब भी वह टी20 या वनडे से बाहर रहे हैं, भारत को एक आदर्श संयोजन बनाने में मुश्किल हुई है। छोटे प्रारूप में उनके जबरदस्त हिट कपिल की याद दिलाते हैं।

शिवम दुबे
भारत की सपाट पिचों पर या थोड़ी मुश्किल पिचों पर दुबे इस भारतीय टीम के लिए काफी अहम हैं। लेग स्पिनरों को खेलने में उनकी महारत ऐसी है कि जब वह क्रीज पर होते हैं तो एडम जम्पा, अबरार अहमद या हसरंगा को उनके कप्तान गेंदबाजी से दूर रखने की कोशिश करते हैं।

संजू सैमसन
भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज अब शुभमन के टीम से बाहर होने से राहत की सांस ले सकते हैं, क्योंकि इससे बल्लेबाजी क्रम में एक जगह खाली हो गई है। केरल का यह स्टार 2024 में 12 पारियों में 436 रन बना भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाला खिलाड़ी था।

ईशान किशन
झारखंड के इस खिलाड़ी ने जबरदस्त वापसी की है। अपने राज्य को पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब दिलाने के बाद उन्होंने दो साल से ज्यादा समय बाद टीम में वापसी की है। किशन सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शीर्ष स्कोरर रहे।

कुलदीप यादव
यह चतुर चाइनामैन स्पिन विभाग में भारत का 'एक्स-फैक्टर' बना हुआ है। भारतीय पिचों पर कुलदीप की गेंदबाजी, खासकर उनकी 'रांग-उन' निर्णायक साबित हो सकती हैं क्योंकि भारत तीन स्पिनरों के साथ खेलने की सोच रहा है।

जसप्रीत बुमराह
किसी भी पिच पर किसी भी हालात में गेंद से मैच जिताने वाले खिलाड़ी बुमराह के प्रदर्शन का सीधा संबंध भारत के खिताब का बचाव करने से होगा। बुमराह के पास कटर, डिपर, स्लोअर बॉल, बाउंसर, यॉर्कर सब कुछ है, जिसका एक तेज गेंदबाज सपना देखता है।

अक्षर पटेल
टीम के उप कप्तान की अतिरिक्त जिम्मेदारी मिलने के बाद अक्षर को गेंद और बल्ले दोनों से असर डालना होगा। उनकी बाएं हाथ की स्पिन सटीक है, वहीं यह बाएं हाथ का बल्लेबाज बल्लेबाजी क्रम में कहीं भी बल्लेबाजी करने के लिए मानसिक और तकनीकी रूप से सक्षम है।

अर्शदीप सिंह
यह बाएं हाथ का गेंदबाज बुमराह के लिए एकदम सही जोड़ीदार है। हालांकि अर्शदीप में अपने सीनियर जैसा जादू नहीं है, लेकिन शांत स्वभाव और अपनी गेंद की गति बदलने की क्षमता उन्हें पावरप्ले के साथ अंतिम ओवरों में भी बल्लेबाजों के लिए एक बड़ा खतरा बनाती है।

वरुण चक्रवर्ती
उनकी गेंदबाजी को समझाना मुश्किल है। एक्शन में कोई खास बदलाव किए बिना यह स्पिनर कई तरह की गेंदें फेंक सकता है। उनके हाथों से गेंद को पढ़ना काफी मुश्किल है और उनकी स्वाभाविक तेजी उन्हें पिच पर भी खेलना मुश्किल बनाती है।

हर्षित राणा
सभी प्रारूप में नियमित रूप से खेलने वाले इस भारतीय तेज गेंदबाज पर लगातार नजर बनी हुई है। जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह के बाद रिजर्व तेज गेंदबाज के तौर पर चुने गए राणा को एक बार फिर अधिक अनुभवी मोहम्मद सिराज पर तरजीह दी गई है।

वाशिंगटन सुंदर
तमिलनाडु के इस ऑफ-स्पिनर ने द. अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की थी जो टीम में एक और ऑलराउंडर विकल्प प्रदान करता है। उन्होंने 58 मैचों के 24 टी20 अंतरराष्ट्रीय पारियों में एक अर्धशतक बनाया है और 51 विकेट लिये हैं।

रिंकू सिंह
अलीगढ़ के एक साधारण परिवार से भारत की टी20 विश्व कप टीम तक रिंकू सिंह का सफर निडर फिनिशिंग और दबाव में शानदार धैर्य की वजह से संभव हुआ है। रिंकू ने लगातार इंडियन प्रीमियर लीग में अच्छे प्रदर्शन से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई।

बंगाल के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे मोहम्मद शमी

विजय हजारे ट्रॉफी

कोलकाता (भाषा)। भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को आगामी विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय प्रतियोगिता के लिए बंगाल की टीम में शामिल किया गया है। शमी लंबे समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं, लेकिन उन्होंने चोट से उबरने के बाद बंगाल की तरफ से घरेलू क्रिकेट में शानदार वापसी की। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में वर्तमान सत्र में अभी तक सभी प्रारूप में 36 विकेट लिये हैं।

भारतीय घरेलू सत्र की शुरुआत रणजी ट्रॉफी से हुई, जिसमें शमी ने चार मैच में 18.60 के औसत से 20 विकेट लिये। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट में भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और सात मैचों में 14.93 के औसत से 16 विकेट हासिल किए। विजय हजारे ट्रॉफी में शमी बंगाल के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे। बंगाल की टीम में भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप और मुकेश कुमार भी शामिल हैं। बंगाल ने शुक्रवार को विजय हजारे ट्रॉफी के लिए अपनी टीम की घोषणा की, जिसमें शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को कप्तान बनाया गया है। बंगाल को एलीट ग्रुप बी में रखा गया है और वह 24 दिसंबर को राजकोट में विदर्भ के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। इस ग्रुप की अन्य टीमें असम, बड़ौदा, जम्मू कश्मीर, हैदराबाद, चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश हैं।

बंगाल की टीम : अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), अनुस्तुप मजूमदार, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), सुदीप घरामी, सुमंत गुप्ता, सुमित नाग (विकेटकीपर), चंद्रहास दाश, शाहबाज अहमद, करण लाल, मोहम्मद शमी, आकाश दीप, मुकेश कुमार, सायन घोष, रवि कुमार, आमिर गनी, विशाल भाटी, अंकित मिश्रा।

महाराष्ट्र की अगुवाई करेंगे रुतुराज गायकवाड़

पुणे (भाषा)। भारतीय बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ 24 दिसंबर से शुरू हो रही विजय हजारे ट्रॉफी के पहले तीन मुकाबलों में महाराष्ट्र की कप्तानी करेंगे। टीम में पृथ्वी साव और जलज सक्सेना दोनों शामिल हैं, जो इस सत्र की शुरुआत से पहले राज्य की टीम में शामिल हुए थे। महाराष्ट्र एलीट ग्रुप सी में है और टूर्नामेंट के पहले मैच में 24 दिसंबर को जयपुर में पंजाब से भिड़ेगा। ग्रुप की अन्य टीमें सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, मुंबई, छत्तीसगढ और गोवा हैं।

हॉज के शतक से वेस्टइंडीज ने फॉलोऑन बचाया

माउंट माउंगानुई (न्यूजीलैंड) (एपी)। कैवेम हॉज ने सूत्रधार की भूमिका अच्छी तरह से निभाते हुए अपना दूसरा टेस्ट शतक बनाया, जिससे वेस्टइंडीज की टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन शनिवार को यहां फॉलोऑन बचाने में सफल रही। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय हॉज 109 रन पर खेल रहे थे। उनके साथ दूसरे छोर पर एंडरसन फिलिप 12 रन बनाकर खेल रहे हैं। वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी में छह विकेट पर 381 रन बनाए हैं और वह न्यूजीलैंड से अभी 194 रन पीछे है। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 575 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी।

वेस्टइंडीज का फॉलोऑन बचाना इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि पहले टेस्ट मैच में शतक बनाने वाले शाई होप बल्लेबाजी करने के लिए नहीं उतर पाए। वह अज्ञात बीमारी के कारण मैदान से बाहर हैं। इन दोनों टीम के बीच पहला टेस्ट मैच ड्रॉ रहा था, जबकि न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट में नौ विकेट से जीत हासिल करके तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना रखी है। हॉज ने जुलाई 2024 में ट्रेंटब्रिज में इंग्लैंड के खिलाफ 120 रन बनाए थे, लेकिन उसके बाद वह शनिवार को बे ओवल में खेली गई पारी तक 16 पारियों में केवल एक बार 50 रन का आंकड़ा पार कर पाए थे। उन्होंने साढ़े तीन घंटे बल्लेबाजी की और माइकल रे की गेंद को पुल करके 224 गेंदों में शतक पूरा किया। उन्होंने अब तक अपनी पारी में 14 चौके लगाए हैं।

नाथन लियोन ने ऑस्ट्रेलिया को जीत के करीब पहुंचाया

एशेज टेस्ट

एडिलेड (एपी)। इंग्लैंड की एशेज में बने रहने की बेताब कोशिश को शनिवार को उस समय करारा झटका लगा, जब नाथन लियोन ने एक के बाद एक तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में जीत और श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने के करीब पहुंचा दिया।

इंग्लैंड की टीम जब 435 रन के रिकार्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए एशेज में अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने की कोशिश कर रही थी, तब लियोन ने उप कप्तान हैरी ब्रूक (30) को बोल्ड, कप्तान बेन स्टोक्स (05) को बोल्ड और सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली (85) को स्टंप आउट करके इंग्लैंड के खेमे में खलबली मचा दी। इंग्लैंड ने चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक छह विकेट पर 207 रन बनाए हैं और वह अभी लक्ष्य से 228 रन पीछे है। पहली पारी में 371 रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 349 रन बनाए। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 286 रन बनाए थे। क्रॉली और ब्रूक ने 68 रन की साझेदारी करके इंग्लैंड का स्कोर तीन विकेट पर 109 रन से 177 रन तक पहुंचाया। ऐसे में लियोन ने गेंद संभाली और अपनी दूसरी ही गेंद पर सफलता हासिल की। उन्होंने इस बीच केवल आठ रन देकर तीन विकेट लिये, जिससे इंग्लैंड का स्कोर छह विकेट पर 194 रन हो गया। आउट होने वाले बल्लेबाजों में स्टोक्स भी शामिल थे। वह टर्न लेती हुई गेंद को समझने में नाकाम रहे, जो उनके ऑफ स्टंप से जा लगी। पहले दोनों टेस्ट मैच जीतने वाले ऑस्ट्रेलिया को पांच मैच की श्रृंखला अपने नाम करने के लिए अब केवल चार विकेट की जरूरत है, जबकि अभी दो टेस्ट मैच खेले जाने बाकी हैं। इंग्लैंड की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और एक समय उसका स्कोर दो विकेट पर 31 रन था, लेकिन इसके बाद जो रूट (39) और क्रॉली ने तीसरे विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने लंच से पहले अपनी दूसरी ही गेंद पर बेन डकेट (04) का विकेट लिया और फिर लंच के बाद ओली पोप (17) को भी पवेलियन भेज दिया, जिनका मार्नस लाबुशेन ने दूसरी स्लिप से बायीं तरफ डाइव लगाते हुए शानदार कैच पकड़ा। कमिंस ने चाय के विश्राम के तुरंत बाद रूट को पवेलियन की राह दिखाई। टेस्ट क्रिकेट में यह 13वीं बार था, जब कमिंस ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान को आउट किया। कमिंस ने अभी तक 24 रन देकर तीन, जबकि लियोन ने 64 रन देकर तीन विकेट लिये हैं। स्टोक्स और इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण ने सुबह के सत्र में श्रृंखला को जीवित रखने के लिए हर संभव प्रयास किया। ऑस्ट्रेलिया ने सुबह अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 271 रन से आगे बढ़ाई, लेकिन उसने आखिरी छह विकेट 11 ओवरों में 38 रन पर गंवा दिए। सुबह ट्रैविस हेड ने 142 रन और एलेक्स कैरी ने 52 रन से आगे खेलना शुरू किया, लेकिन वह लंबे समय तक नहीं टिके रहे। हेड के 170 रन पर आउट होने से उसकी पारी का पतन शुरू हो गया।

पाकिस्तान के खिलाफ दबदबा कायम रखने पर भारत की नजर

अंडर-19 एशिया कप फाइनल आज | मैच सुबह 10.30 बजे शुरू होगा

दुबई (भाषा)। भारतीय टीम रविवार को आईसीसी अकादमी में होने वाले अंडर-19 एशिया कप फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए रिकॉर्ड 12वां खिताब अपनी झोली में डालना चाहेगी।

आयुष म्हात्रे की अगुवाई वाली भारतीय टीम ग्रुप ए के सभी मैच जीतकर पाकिस्तान से आगे शीर्ष पर रही। पाकिस्तान को ग्रुप चरण में एकमात्र हार भारत के खिलाफ मिली थी, जिसमें उसे पिछले रविवार को 90 रन से हार मिली। भारत ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में भी यही लय बरकरार रखी और श्रीलंका को आठ विकेट से हराया। दूसरी ओर पाकिस्तान ने गत चैंपियन बांग्लादेश को हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल तक भारत का सफर हरफनमौला प्रदर्शन पर आधारित रहा है, जिसमें बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने मिलकर एक मजबूत इकाई बनाई। बल्लेबाजी में भारत का प्रदर्शन शानदार रहा है और टीम ने दो बार 400 से ज्यादा का स्कोर बनाया है। इस 50 ओवर के टूर्नामेंट में युवा प्रतिभाओं का उदय हुआ है, जिसमें 17 साल के विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू शामिल हैं। युवा प्रतिभा वैभव सूर्यवंशी ने संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ पहले मैच में 95 गेंद में 171 रन बनाकर भारत को छह विकेट पर 433 रन के स्कोर तक पहुंचाया तो कुंडू ने मलेशिया के खिलाफ रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 125 गेंद में नाबाद 209 रन बनाए और युवा वनडे में दोहरा शतक बनाने वाले पहले भारतीय बन गए। यह जोड़ी पाकिस्तान के अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ एक और अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगी। जब भी भारत का शीर्ष क्रम लड़खड़ाया है, मध्यक्रम ने ऐसे मौके पर अच्छा प्रदर्शन किया है। हैदराबाद के आरोन जॉर्ज ने लगातार तीन अर्धशतक लगाकर टीम को संभाला है, उन्होंने महत्वपूर्ण मध्य ओवरों में बल्लेबाजी करते हुए 100 से ज्यादा का स्ट्राइक रेट बनाए रखा है। उन्हें बाएं हाथ के बल्लेबाज विहान मल्होत्रा का भी अच्छा साथ मिला है, जो श्रीलंका के खिलाफ 61 रन बनाकर नाबाद रहे थे। टीम में गहराई लाने वाले ऑलराउंडर कनिष्क चौहान हैं, जिन्होंने 127 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट के साथ फिनिशर की भूमिका को फिर से परिभाषित किया है और साथ ही गेंद से सही समय पर विकेट भी लिये हैं। चौहान ने चार मैचों में छह विकेट लिये हैं, जिसमें ग्रुप चरण में पाकिस्तान के खिलाफ 33 रन देकर तीन विकेट लेने का शानदार प्रदर्शन शामिल है। गेंदबाजी में भारत की अगुवाई तेज गेंदबाज दीपेश देवेंद्रन ने की, जो पाकिस्तान के अब्दुल सुभान के साथ टूर्नामेंट में 11 विकेट लेकर संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। दीपेश ने नई गेंद से 130 किमी प्रति घंटे से ज्यादा की रफ्तार से सटीक लाइन पर गेंदबाजी करके शानदार प्रदर्शन किया है।

मलेशिया के खिलाफ उनका 22 रन देकर पांच विकेट झटकने का शानदार स्पैल उनकी काबिलियत को दिखाता है, जबकि पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया और लगातार ओवरों में तीन बल्लेबाजों को आउट किया, जिसमें टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर समीर मिन्हास भी शामिल थे। मिन्हास ने मलेशिया के खिलाफ नाबाद 177 रन बनाए थे। उन्होंने फाइनल से पहले बांग्लादेश के खिलाफ अर्धशतक बनाया और वह अपनी पिछली गलतियों को सुधारने के लिए उत्सुक होंगे। पाकिस्तान की सबसे बड़ी ताकत उनकी तेज गेंदबाजी है जिसमें सुभान सबसे आगे हैं और उन्हें बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद सैयाम और अली रजा से अच्छा समर्थन मिल रहा है।

भारतीय टीम युवाओं को परखेगी

विशाखापत्तनम (भाषा)। भारतीय टीम रविवार से श्रीलंका के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टी20 श्रृंखला से अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए ऐसे युवा खिलाड़ियों की तलाश करना चाहेगी, जो टीम को लंबे समय तक स्थिरता प्रदान कर सकें। टीम में कप्तान हरमनप्रीत कौर, उपकप्तान स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा और रेणुका सिंह जैसे परिचित चेहरे मौजूद हैं, लेकिन यह सभी खिलाड़ी 30 की उम्र पार कर चुके हैं या उस ओर बढ़ रहे हैं। भारतीय टीम प्रबंधन की निगाहें ऐसे में युवा बल्लेबाज जी कमलिनी और उभरती हुई बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा के प्रदर्शन पर टिकी रहेंगी।

सत्रह साल की कमलिनी ने तमिलनाडु के लिए बीसीसीआई अंडर-23 टी20 ट्रॉफी, इस साल की शुरुआत में अंडर-19 विश्व कप और फिर महिला प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए अपनी परिपक्वता का परिचय दिया है। वैष्णवी शर्मा ने अंडर-19 विश्व कप में सर्वाधिक 17 विकेट लेकर चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया। राधा यादव की अनुपस्थिति में 19 वर्षीय वैष्णवी को साथी बाएं हाथ की स्पिनर एन श्री चरणी के साथ गेंदबाजी करने का मौका मिल सकता है, जिन्होंने हाल के महीनों में काफी प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। बायें हाथ की दोनों स्पिनर अगर इस श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन करती हैं तो यह भविष्य की योजनाओं के लिहाज से टीम प्रबंधन के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है।

स्मृति मंधाना पर भी सबकी निगाहें होंगी। हाल के दिनों में उनकी निजी जिंदगी में काफी उतार-चढ़ाव आये हैं। यह देखना होगा कि शादी रद्द होने की घटना के बाद वह बल्लेबाजी में किस तरह की प्रतिक्रिया देती हैं। इस खब्बू सलामी बल्लेबाज ने साफ कर दिया है कि उनके लिए क्रिकेट से बढ़कर कुछ नहीं है और यह दौरा उनके लिए सामान्य स्थिति में लौटने का एक अहम मौका साबित हो सकता है। कप्तान हरमनप्रीत कौर एकदिवसीय विश्व कप जीत के बाद शीर्ष स्तर के क्रिकेट से ब्रेक लेने के बाद टी20 प्रारूप में अपनी लय दोबारा हासिल करने की कोशिश करेंगी। एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में अपने प्रदर्शन से चमक बिखेरने वाली शेफाली वर्मा इस श्रृंखला में लगातार अच्छे प्रदर्शन के जरिए टीम में अपनी जगह पक्की करना चाहेंगी। अनुभवी चमारी अटापट्टू की अगुआई में श्रीलंका की टीम भी इस श्रृंखला के दौरान अपने युवा खिलाड़ियों के विकास पर करीबी नजर रखेगी। टीम को दोनों हाथों से गेंदबाजी करने की क्षमता वाली 17 वर्षीय शशिनि गिम्हानी, 23 वर्षीय तेज गेंदबाज काव्या कविंदी और 19 वर्षीय रश्मिका सेव्वांदी को भविष्य से काफी उम्मीदें है। इन खिलाड़ियों भविष्य के सितारों के रूप में देखा जा रहा है।

श्रीलंका के खिलाफ पांच टी20 मैचों की श्रृंखला आज से

टीमें

भारत : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, हरलीन देओल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा।

श्रीलंका : चमारी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, नीलाक्षिका डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, इमेशा दुलानी, कौशिनी नुथ्यांगना, मालशा शेहानी, इनोका रानावीरा, शशिनी गिम्हानी, निमेश मदुशानी, काव्या कविंदी, रश्मिका सेवंदी, मल्की मदारा।

मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे शुरू होगा